**NIOS PROJECT**
**DIRECTORATE OF EDUCATION, GNCT DELHI**
**ROOM No. 5, OLD SECRETARIAT, DELHI-110054**
**E-Mail: doe.niosproject@gmail.com**

Ref.No: NIOS/P/2026-27/1639 Dated: 23.07.2026

# Circular

**Subject: Guidelines for Effective Implementation of Bridge Course 'Prabodhan' for Addressing Learning Gaps and Strengthening Foundational Learning among Students.**

The NIOS Project of the Directorate of Education provides an alternative educational pathway to students who faced academic difficulties and require additional academic support to successfully pursue secondary education through the National Institute of Open Schooling (NIOS). It has been observed that some students enrolled under the NIOS Project of DoE may have learning gaps in language proficiency, reading comprehension, writing skills and conceptual understanding of core subjects, which affect their classroom participation and academic performance.

In order to address these learning gaps at the outset of the academic session and to ensure that students are adequately prepared to engage with the prescribed curriculum, Bridge Course 'Prabodhan' is being introduced with the approval of the Competent Authority. This programme aims at strengthening students' foundational understanding and facilitating their smooth transition to regular classroom teaching-learning process.

Presently, the Bridge Course is available on the website of the Directorate of Education at the link:- **www.edudel.nic.in → Home Page→ NIOS Project → Circulars → Bridge Course.**

The Bridge Course 'Prabodhan' shall be implemented during the first 24 working days from the commencement of the classes for the students of NIOS Project, starting from the Academic Session 2026-27.

During this period, the entire time comprising eight periods per day shall be devoted to the Bridge Course in the following suggested structure:- **English - 02 Periods, Hindi - 02 Periods, Sanskrit - 02 Periods and Social Science - 02 Periods.**

HoSs of all NIOS study Centres shall ensure that all the four subjects mentioned above get equal and focused attention to build strong foundational skills. They shall ensure effective implementation, supervision and monitoring of the programme in their respective schools.

Assessment in r/o the Bridge Course shall be conducted on the 25th working day of the course in the subjects- Hindi, English, Sanskrit and

Social Science. The assessment will be administered and evaluated by the concerned teachers.

Assessment worksheets for all four subjects for conducting the assessment have been provided in the Bridge Course Manual itself. The outcomes shall be analysed at the school level and will serve as the basis for planning further academic support and remedial interventions, wherever required in r/o individual students.

**The regular syllabus shall be taken up, thereafter, in accordance with the prescribed weekly syllabus.**

This issues with the prior approval of the Competent Authority.

23/7/2026

**VIKAS KALIA**
**Addl. DE (NIOS PROJECT)**

Ref.No: NIOS/P/2026-27/ 1639

Dated: 23.07.2026

**Copy to:**

1. PS to Secretary (Education).
2. PPS to Director (Education).
3. All RDEs, DDEs (District/Zone) through DEL E.
4. SO (IT) with request to upload on Website.
5. Guard File

**PRAVEEN SINGH DHAMA**
**DDE (NIOS PROJECT)**

शिक्षा निदेशालय
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

# प्रबोधन

## ब्रिज कोर्स

NIOS परियोजना, शिक्षा निदेशालय

कक्षा – 10

विषय – हिंदी (201)

सीख के सेतु – उज्ज्वल भविष्य की ओर



एक शैक्षिक सहयोग पहल :
NIOS परियोजना, शिक्षा निदेशालय,
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

# NIOS Project
# Directorate of Education
# Govt. of NCT, Delhi

## PRABHODHAN

**Bridge Course**

**Class-X**

**Subject- Hindi (201)**

Under the Guidance of


**Dr. Dilraj Kaur**

Secretary (Education)

**Smt. Veditha Reddy**

Director (Education)

**Shri Vikas Kalia**

Addl. Director (Patrachar/NIOS Project)


**Coordinators**


**Dr. Davindera**

DDE (North)

**Dr. Savita Yadav**

OSD (NIOS Project)

**LIST OF SUBJECT EXPERTS**
**FOR PREPARATION & REVIEW OF BRIDGE COURSE**

Class- X
Subject- Hindi

**Content Preparation Team**

| Sl. No. | Name & Emp. ID. | Designation | School Name & ID |
|---|---|---|---|
| 1 | Ms. Ruchi Wali (20131598) | TGT Hindi | Mentor Teacher |
| 2 | Ms. Punam Rani (2013070969) | TGT Hindi | GSKV, Burari (1207036) |
| 3 | Ms. Priyanka (21011223204) | TGT Hindi | SV, New Police Line (1309004) |
| 4 | Mr. Arvind (2014037289) | TGT Hindi | GBSSS, Mundka (1617018) |

**Content Review Team**

| Sl. No. | Name & Emp. ID. | Designation | Branch/School Name & ID |
|---|---|---|---|
| 1 | Mr. Kaifi Hashmi (20226230) | PGT Hindi | CAU, DoE |
| 2 | Ms. Baby (20227507) | TGT Hindi | CAU, DoE |

**Content Vetting Team**

| Sl. No. | Name & Emp. ID. | Designation | School Name & ID |
|---|---|---|---|
| 1 | Mr. Atit Saini (20073219) | Vice-Principal | GGSSS, No.-2, Tukhmirpur (1104419) |

**Supporting Team**

| Sl. No. | Name & Emp. ID. | Designation | Branch Name |
|---|---|---|---|
| 1 | Ms. Neha Chaudhary (20161480) **(Assistant Coordinator)** | TGT | NIOS Project, DoE |
| 2 | Mr. Ajeet Singh (20140185) **(Technical Assistant)** | Data Entry Operator | NIOS Project, DoE |

# विषयसूची


| क्रम सं. | विषय | उपविषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | **परिचय** | सेतु पाठ्यक्रम का उद्देश्य | 1-1 |
| 2. | **स्वर- व्यंजन से दोस्ती** | वर्णों का अनोखा मेला - पहचान और उच्चारण की मस्ती | 2-3 |
| 3. | **बारहखड़ी का खेल**<br>शब्दों की जादुई दुनिया - आइए खेलें बारहखड़ी का खेल! | ❖ 'अ' -'आ' की असरदार आवाज़ | 4-5 |
| | | ❖ 'इ' का इतराना | 6-7 |
| | | ❖ 'ई' की मस्ती | 8-9 |
| | | ❖ 'ई' की सीढ़ी | 10-11 |
| | | ❖ 'उ' की उलझन | 12-13 |
| | | ❖ 'उ' का उल्लास | 14-15 |
| | | ❖ 'ऊ' की पूँछ | 16-17 |
| | | ❖ 'ऊ' का झूला | 18-19 |
| | | ❖ आइए दोहराएँ | 20-22 |
| | | ❖ 'ए' की रेल | 23-24 |
| | | ❖ 'ए' का खेल | 25-26 |
| | | ❖ 'ऐ' का ऐलान | 27-28 |
| | | ❖ 'ओ' की पोटली | 29-30 |
| | | ❖ 'ओ' की ओढ़नी | 31-32 |
| | | ❖ 'औ' की फौज | 33-34 |
| | | ❖ 'औ' की मौज | 35-36 |
| | | ❖ 'अं' बिंदी और चंद्रबिंदु का कमाल | 37-38 |
| | | ❖ अः पुनः मुस्कुराइए | 39-40 |
| | | ❖ 'र' का रेफ रूप | 41-42 |
| | | ❖ 'र' का पदेन रूप | 43-44 |
| 4. | **मात्राओं का मेला** | रंग-बिरंगी मात्राओं का झूला | 45-46 |
| 5. | **मेरी कहानी, मेरी जुबानी (शब्द से वाक्य तक)** | अपनी यादों को वाक्य में पिरोना | 47-49 |
| 6. | **मूल्यांकन /आकलन** | | 50-52 |

# हिंदी बारहखड़ी चार्ट

| अ | आ | इ | ई | उ | ऊ | ऋ | ए | ऐ | ओ | औ | अं |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | का | कि | की | कु | कृ | कृ | कै | कै | को | कौ | कं |
| ख | खा | खि | खी | खु | खू | खृ | खे | खै | खो | खौ | खं |
| ग | गा | गि | गी | गु | गू | गृ | गे | गे | गो | गौ | गं |
| घ | घा | घि | घी | घु | घू | घृ | घे | घै | घो | घौ | घं |
| च | चा | चि | ची | चु | चू | चृ | चे | चै | चो | चौ | चं |
| छ | छा | छि | छी | छु | छू | छृ | छे | छै | छो | छौ | छं |
| ज | जा | जि | जी | जु | जू | जू | जे | जै | जो | जौ | जं |
| झ | झा | झि | झी | झु | झू | झृ | झे | झै | झो | झौ | झं |
| ट | टा | टि | टी | टू | टू | टृ | टे | टै | टो | टौ | टं |
| ठ | ठा | ठि | ठी | ठु | ठू | ठृ | ठे | ठै | ठो | ठौ | ठं |
| ड | डा | डि | डी | डु | डू | डृ | डे | डै | डो | डौ | डं |
| ढ | ढा | ढि | ढी | ढु | ढू | ढृ | ढे | ढै | ढो | ढौ | ढं |
| ण | णा | णि | णी | णु | णू | णृ | णे | णै | णो | णौ | णं |
| त | ता | ति | ती | तु | तू | तृ | ते | तै | तो | तौ | तं |
| थ | था | थि | थी | थु | थू | थृ | थे | थै | थो | थौ | थं |
| द | दा | दि | दी | दू | दू | दृ | दे | दै | दो | दौ | दं |
| ध | धा | धि | धी | धु | धू | धृ | धे | धै | धो | धौ | धं |
| न | ना | नि | नी | नु | नू | नृ | ने | ने | नो | नौ | नं |
| प | पा | पि | पी | पु | पू | पृ | पे | पै | पो | पौ | पं |
| फ | फा | फि | फी | फु | फू | फू | फे | फै | फो | फौ | फं |
| ब | बा | बि | बी | बु | बू | बृ | बे | बै | बो | बौ | बं |
| भ | भा | भि | भी | भु | भू | भू | भे | भै | भो | भौ | भं |
| म | मा | मि | मी | मु | मू | मृ | मे | मै | मो | मौ | मं |
| य | या | यि | यी | यु | यू | यू | ये | यै | यो | यौ | यं |
| र | रा | रि | री | रू | रू | सृ | रे | रै | रो | रौ | रं |
| ल | ला | लि | ली | लु | लू | लृ | ले | लै | लो | लौ | लं |
| व | वा | वि | वी | वु | वू | वृ | वे | बै | वो | वौ | वं |
| श | शा | शि | शी | शु | शू | शृ | शे | शै | शो | शौ | शं |
| ष | षा | षि | षी | षु | षू | षृ | षे | षै | षो | षौ | षं |
| स | सा | सि | सी | सु | सू | सृ | से | सै | सो | सौ | सं |
| क्ष | क्षा | क्षि | क्षी | क्षू | क्षू | क्षू | क्षे | क्षै | क्षो | क्षौ | क्षं |
| त्र | त्रा | त्रि | त्री | त्रु | त्रू | त्रृ | त्रे | त्रै | त्रो | त्रौ | त्रं |
| ज्ञ | ज्ञा | ज्ञि | ज्ञी | ज्ञु | ज्ञू | ज्ञृ | ज्ञे | ज्ञै | ज्ञो | ज्ञौ | ज्ञं |

## परिचय

# सेतु पाठ्यक्रम का उद्देश्य

**अधिगम संप्राप्ति** -

1. **ध्वन्यात्मक जागरूकता** - विद्यार्थी स्वर और व्यंजनों के मेल से उत्पन्न होने वाली ध्वनियों के बीच संबंध स्थापित करते हैं।
2. **मात्राओं की पहचान और सही प्रयोग** - विद्यार्थी मात्राओं के प्रतीकों (ा, ि, ी, ु, ू, े, ै आदि) का सही प्रयोग करना सीखते हैं।
3. **शुद्ध उच्चारण** - विद्यार्थी 'क' से 'कः' तक के प्रत्येक अक्षर का स्पष्ट एवं शुद्ध उच्चारण करते हैं।
4. **शब्द निर्माण एवं पठन कौशल** - बारहखड़ी का ज्ञान होने पर विद्यार्थी मात्रा वाले शब्दों को प्रवाह के साथ पढ़ते हैं।
5. **लेखन कौशल का विकास**- विद्यार्थी मात्रा वाले शब्द 'श्रुतलेख' के रूप में लिखने में सक्षम होते हैं।
6. **शब्द भंडार में वृद्धि** - विद्यार्थी नए और जटिल शब्दों को पहचानकर वाक्य बनाते हैं।

## अब शिक्षक / शिक्षिका विद्यार्थियों से उनका परिचय प्राप्त करें।

**परिचय के लिए मज़ेदार गतिविधि -**

## नाम और विशेषता

यह गतिविधि विद्यार्थियों की झिझक कम करने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक होगी।

**कैसे करें -**

★ सभी विद्यार्थियों को एक घेरे में खड़ा करें।
★ शिक्षक / शिक्षिका विद्यार्थियों को बताएँ -

**मेरा नाम 'प' से पर्व है और मुझे 'प' से पतंग बहुत पसंद है। (अर्थात् अपने नाम के पहले अक्षर से ही अपनी पसंद की कोई चीज़ बतानी है)।**

★ अब अगला विद्यार्थी अपना नाम और उसी अक्षर से शुरू होने वाली अपनी पसंद की चीज़ बताएगा/ बताएगी। अन्य सभी विद्यार्थी ध्यानपूर्वक सुनेंगे।

जैसे— 'स' से सोनम और मुझे 'स' से सेब पसंद है।

★ इस प्रकार प्रत्येक विद्यार्थी से परिचय लेकर सभी की भागीदारी सुनिश्चित करें। अंत में यह कहकर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करें कि आज हमने सेतु पाठ्यक्रम की एक रोचक शुरुआत की है और इसी तरह हम आगे भी सीखेंगे।

**दिवस - 2**

# स्वर-व्यंजन से दोस्ती

**वर्णों का अनोखा मेला - पहचान और उच्चारण की मस्ती**

**अधिगम संप्राप्ति -**

- ★ विद्यार्थी स्वर और व्यंजन की पहचान करते हैं।
- ★ विद्यार्थी स्वर और व्यंजन लिखने में निपुण होते हैं।

**आइए बातें करें -** (समय- 10 मिनट)

- ★ शिक्षक / शिक्षिका श्यामपट्ट पर कोई एक शब्द लिखें और विद्यार्थियों से उस पर चर्चा करें। जैसे - 'अब'
- ★ 'अब' शब्द में पहला अक्षर स्वर है या व्यंजन?
- ★ इसमें दूसरा अक्षर स्वर है या व्यंजन?
- ★ सही उत्तर मिलने पर विद्यार्थियों को शाबाशी दें।

**स्वर -** (समय- 15 मिनट)

**अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, अः**

- ★ शिक्षक / शिक्षिका श्यामपट्ट पर स्वर लिखें।
- ★ शिक्षक / शिक्षिका स्वयं स्पष्ट उच्चारण करें एवं विद्यार्थियों से दोहराव करवाएँ।
- ★ ध्वनि का अंतर स्पष्ट रूप से सुनाई देना चाहिए।

**व्यंजन -** (समय- 15 मिनट)

- ★ शिक्षक / शिक्षिका श्यामपट्ट पर व्यंजन लिखें।
- ★ शिक्षक / शिक्षिका स्वयं स्पष्ट उच्चारण करें एवं विद्यार्थियों से दोहराव करवाएँ।

**क, ख, ग, घ, ङ**

**च, छ, ज, झ, ञ**

**ट, ठ, ड, ढ, ण**

**त, थ, द, ध, न**

**प, फ, ब, भ, म**

**य, र, ल, व**

**श, ष, स, ह**

**क्ष, त्र, ज्ञ ,श्र**

**लेखन कार्य -** (समय- 10 मिनट)

- ★ शिक्षक / शिक्षिका विद्यार्थियों से स्वर एवं व्यंजन का लेखन कार्य पुस्तिका में करवाएँ।
- ★ शिक्षक / शिक्षिका विद्यार्थियों को स्वर और व्यंजन के स्पष्ट उच्चारण करने को कहें, साथ ही एक-एक कर उन्हें स्वर और व्यंजन को पहचान कर बताने के लिए कहें।

**श्रुतलेख -** ( समय- 10 मिनट )

- ★ शिक्षक / शिक्षिका स्वर एवं व्यंजन के स्पष्ट उच्चारण के साथ श्रुतलेख करवाएँ।

**मूल्यांकन -**

- ★ शिक्षक / शिक्षिका श्यामपट्ट पर श्रुतलेख के अक्षरों को लिखेंगे।

- ★ विद्यार्थी स्वयं अथवा आपस में एक-दूसरे की कार्य पुस्तिका जाँचेंगे, तत्पश्चात् विद्यार्थी अपनी त्रुटियों का सुधार कार्य करेंगे।

# बारहखड़ी का खेल

**शब्दों की जादुई दुनिया - आइए खेलें बारहखड़ी का खेल!**

**'अ', 'आ' की असरदार आवाज़**

**अधिगम संप्राप्ति -**

★ विद्यार्थी बिना मात्रा तथा 'आ' की मात्रा वाले शब्दों का उच्चारण करते हैं।

★ विद्यार्थी 'अ' स्वर की उपस्थिति और 'आ' की मात्रा की ध्वनि में अंतर समझते हैं।

★ विद्यार्थी संज्ञा शब्दों की अवधारणा से परिचित होते हैं।

**आइए बातें करें** - (समय –10 मिनट)

★ सर्वप्रथम शिक्षक / शिक्षिका पिछले दिवस के कार्य की पुनरावृत्ति करवाएँ।

★ शिक्षक / शिक्षिका विद्यार्थियों को बताएँ कि हिंदी के प्रत्येक व्यंजन में 'अ' स्वर छिपा होता है।

★ शिक्षक / शिक्षिका "माला", "ताला", "नाम" जैसे शब्द बुलवाएँ और पूछें कि बोलते समय मुँह अधिक खुलता है या नहीं।

★ शिक्षक / शिक्षिका विद्यार्थियों से आसपास दिखाई देने वाली बिना मात्रा तथा 'आ' की मात्रा वाली वस्तुओं के नाम पूछें और उन पर चर्चा करें । जैसे – जल, नल, छत, माला, ताला, बादल।

**बारहखड़ी उच्चारण** - (समय –10 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका 'क' से 'ह' तक बिना मात्रा और 'का' से 'हा' तक की बारहखड़ी को स्पष्ट उच्चारण के साथ पढ़कर सुनाएँ।

★ विद्यार्थियों से सामूहिक एवं व्यक्तिगत दोहराव करवाएँ।

★ बिना मात्रा वाले शब्दों में 'अ' स्वर स्पष्ट सुनाई देना चाहिए।

★ 'आ' की मात्रा वाले अक्षरों को थोड़ा खींचकर बोलने को कहें।

★ 'आ' की मात्रा अक्षर के बाद लगती है।

**हमारा शब्द भंडार** (समय – 20 मिनट)

| |
|---|
| **बिना मात्रा वाले शब्द**<br>**अब, जल, मन, धन, बल, अजगर, चमक, कलश, सरपट,** |
| **'आ' की मात्रा वाले शब्द**<br>**आम, नाक, काम, हाथ, गाजर, जाल, मामा, बाल, माला, चावल** |

★ शिक्षक / शिक्षिका इन शब्दों का स्पष्ट उच्चारण करें और विद्यार्थियों से दोहराव करवाएँ।
★ शिक्षक / शिक्षिका 'चावल', 'मामा' शब्द में प्रयुक्त संज्ञा पर चर्चा करें।

**जोड़ो - तोड़ो -** (समय - 05 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका निम्न शब्दों को श्यामपट्ट पर पहले तोड़कर और फिर जोड़कर लिखें। विद्यार्थी भी अपनी कार्य पुस्तिका में लिखें।

- सरपट = _ + _ + _ + _
- मामा = _ + _ + _ + _
- ब + ा + ल = ________
- अ + ज + ग + र = ________
- म + ा + ल + ा = ________

**उदाहरण-**
★ आकार = आ + क + ा + र
★ ब + ा + ल = बाल

**संज्ञा अभ्यास** - (समय - 05 मिनट)

(नीचे कुछ संज्ञा शब्द दिए गए हैं, उन्हें उनकी मात्रा के अनुसार सही बॉक्स में लिखिए)

| |
|---|
| **रोशन , मटर, ताला, बटन, कार, बत्तख, छाता, नल** |

| 'अ' की ध्वनि वाले संज्ञा शब्द (बिना मात्रा) | 'आ' (ा) की मात्रा वाले संज्ञा शब्द |
|---|---|
| • 1. ________________ | 1. ________________ |
| • 2. ________________ | 2. ________________ |
| • 3. ________________ | 3. ________________ |
| • 4. ________________ | 4. ________________ |

**गृहकार्य -**
★ निम्नलिखित शब्दों को पहले तोड़कर, फिर जोड़कर लिखिए – शरबत, हलचल, खटपट, पकवान, दरबार ।

**श्रुतलेख -** (समय- 10 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका दिए गए शब्द भंडार में से किन्हीं दस शब्दों का श्रुतलेख करवाएँ।

**मूल्यांकन-**
★ शिक्षक / शिक्षिका श्यामपट्ट पर श्रुतलेख के शब्दों को लिखेंगे।
★ विद्यार्थी स्वयं अथवा आपस में एक-दूसरे की कार्य पुस्तिका जाँचेंगे तत्पश्चात् विद्यार्थी अपनी त्रुटियों का सुधार कार्य करेंगे।

# ‘इ’ का इतराना

**अधिगम संप्राप्ति-**

★ विद्‌यार्थी 'इ' की मात्रा वाले शब्दों के उच्चारण और उनकी पहचान को समझते हैं।

★ विद्यार्थी ‘इ’ की मात्रा का प्रयोग कर नए शब्द बनाते हैं।

★ सर्वनाम की अवधारणा से परिचित होते हैं।

**आइए बातें करें -** (समय- 10 मिनट)

★ सर्वप्रथम शिक्षक / शिक्षिका पिछले दिवस के कार्य की पुनरावृत्ति करवाएँ।

★ शिक्षक / शिक्षिका विद्‌यार्थियों को कुछ वाक्य बोलकर सुनाएँ जैसे- ‘इशारों की भाषा’ ’इसका घर’ ’इस तरफ देखो’ इत्यादि।

★ शिक्षक / शिक्षिका विद्‌यार्थियों से पूछें- ’कौन-सी ध्वनि बार-बार सुनाई दे रही है?’ इस पर चर्चा करें।

**बारहखड़ी उच्चारण** - (समय- 10 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका बारहखड़ी ‘कि’ से ‘हि’ तक स्पष्ट उच्चारण के साथ पढ़कर सुनाएँ तत्पश्चात् विद्‌यार्थियों से दोहराव करवाएँ।

**विशेष ध्यान**

★ विद्‌यार्थियों से शुद्ध एवं स्पष्ट उच्चारण करवाएँ।

★ ‘इ’ की मात्रा अक्षर के पहले लगती है।

★ इसका उच्चारण झटके से होता है।

**हमारा शब्द भंडार-** (समय- 20 मिनट)

**किला, दिन, बिल, मित्र, पिता, शिक्षक / शिक्षिका, सिक्का, इसका, इनका, तिनका, इधर, विमान, मिठाई, विजय, इतिहास, बिजली, विकास, चिड़िया, किताब**

★ शिक्षक / शिक्षिका इन शब्दों का स्पष्ट उच्चारण करें और विद्‌यार्थियों से दोहराव करवाएँ।

★ शिक्षक / शिक्षिका ‘इसका’, ‘इनका’ शब्द में प्रयुक्त सर्वनाम पर चर्चा करें।

**जोड़ो-तोड़ो-** (समय - 05 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका निम्न शब्दों को श्यामपट्ट पर पहले तोड़कर और फिर जोड़कर लिखें। विद्यार्थी अपनी कार्य पुस्तिका में भी लिखें।

- विमान = _ + _ + _ + _ + _
- गिलास = _ + _ + _ +_+ _
- क + ि + ल + ा =
- स + ि + र =
- क + ि+ त +ा+ ब=

**उदाहरण-**

- म+ ि+ ठ + ा + ई = मिठाई
- टिकट = ट+ ि + क + ट

**सर्वनाम अभ्यास-** (समय - 05 मिनट)

★ सही सर्वनाम शब्द चुनकर खाली स्थान भरिए- (कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से सही विकल्प चुनिए)

- यह सुंदर चित्र __________ बनाया है? (किसने / उसने)
- किरण के पास एक पालतू बिल्ली है, __________ बहुत प्यारी है। (वह / यह)
- यह उपहार __________ का है? (किसका / तुम)
- अध्यापक ने पूछा, "__________ बच्चों का गृहकार्य पूरा है?" (उन / किन)
- __________ लड़कों ने दिन में बहुत मेहनत की थी। (इन / वह )

**गृहकार्य-** निम्नलिखित शब्दों को पहले तोड़कर और फिर जोड़कर लिख कर लाएँ -

| **इतिहास, विकास, बिजली, चिड़िया, किला** |
|---|

**श्रुतलेख-** (समय- 10 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका दिए गए शब्द भंडार में से किन्हीं दस शब्दों का श्रुतलेख करवाएँ।

**मूल्यांकन-**

★ शिक्षक / शिक्षिका श्यामपट्ट पर श्रुतलेख के शब्दों को लिखेंगे।

★ विद्यार्थी स्वयं अथवा आपस में एक-दूसरे की कार्य पुस्तिका जाँचेंगे तत्पश्चात् विद्यार्थी अपनी त्रुटियों का सुधार कार्य करेंगे।

# ‘ई’ की मस्ती

**अधिगम संप्राप्ति-**

★ विद्‌यार्थी 'ई' की मात्रा वाले शब्दों को पहचान कर स्पष्ट उच्चारण करते हैं।

★ विद्‌यार्थी 'ई' की मात्रा को सही स्थान पर लगाकर शब्द बनाते हैं।

★ विद्‌यार्थी विशेषण की अवधारणा समझते हैं।

**आइए बातें करें -** (समय - 10 मिनट )

★ सर्वप्रथम शिक्षक / शिक्षिका पिछले दिवस के कार्य की पुनरावृत्ति करवाएँ।

★ शिक्षक / शिक्षिका स्वयं ‘ई’ की मात्रा वाले किसी शब्द का उच्चारण करें ।जैसे- ‘लीची’ ‘चीनी’।

★ अब विद्‌यार्थियों से पूछें कि’ लीची’ तथा ‘चीनी’ शब्द को बोलते समय क्या आवाज़ को थोड़ा लंबा खींचना पड़ता है?

**बारहखड़ी उच्चारण -** (समय- 10 मिनट )

★ शिक्षक / शिक्षिका बारहखड़ी 'की' से 'ही' तक स्पष्ट उच्चारण के साथ पढ़कर सुनाएँ तत्पश्चात् विद्‌यार्थियों से दोहराव करवाएँ।

**विशेष ध्यान-**

★ 'ई' की मात्रा अक्षर के पीछे (दाईं ओर) लगती है। यह विद्‌यार्थियों को स्पष्ट रूप से बोर्ड पर लिखकर दिखाएँ।

**हमारा शब्द भंडार-** (समय- 20 मिनट )

**चील, मछली, दीपक, इमली, भारतीय, तीर, हाथी, कीमती, शहरी,**
**गठरी, लड़की, बकरी, लोभी, गुलाबी, मठरी, ककड़ी, चाबी,**
**नीली, पानी, पहाड़ी**

★ शिक्षक / शिक्षिका इन शब्दों का स्पष्ट उच्चारण करें और विद्यार्थियों से दोहराव करवाएँ।

★ शिक्षक / शिक्षिका ‘नीली’, ‘ गुलाबी’ शब्द में प्रयुक्त विशेषण पर चर्चा करें।

**जोड़ो- तोड़ो-** (समय - 05 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका निम्न शब्दों को श्यामपट्ट पर पहले तोड़कर और फिर जोड़कर लिखें। विद्यार्थी भी अपनी कार्य पुस्तिका में लिखें।

- पपीता = __ + __ + __ + __ + __
- चमकीला = __ + __ + __ + __ + __ + __
- घ + ड़ + ी = ________
- म + छ + ल + ी = ________
- ककड़ी = __ + __ + __ + __

**उदाहरण-**

- द + ी + प + क = दीपक
- नाशपाती = न + ा + श + प + ा + त + ी

**विशेषण अभ्यास-** (समय - 05 मिनट)

विशेषण और संज्ञा शब्दों का सही मिलान कीजिए -

| विशेषण (रंग/गुण) | संज्ञा (वस्तु/व्यक्ति) |
|---|---|
| (क) हरी | 1. कली |
| (ख) तीखी | 2. घास |
| (ग) कीमती | 3. चटनी |
| (घ) साहसी | 4. साड़ी |
| (ङ) गुलाबी | 5. लड़की |

**गृहकार्य**- निम्नलिखित शब्दों को तोड़कर फिर जोड़कर लिखिए-

**पानीपत, नमकीन, दीपावली, कमीज, बीमारी**

**श्रुतलेख -** (समय- 10 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका दिए गए शब्द भंडार में से किन्हीं दस शब्दों का श्रुतलेख करवाएँ।

**मूल्यांकन -**

★ शिक्षक / शिक्षिका श्यामपट्ट पर श्रुतलेख के शब्दों को लिखेंगे।

★ विद्यार्थी स्वयं अथवा आपस में एक-दूसरे की कार्य पुस्तिका जाँचेंगे तत्पश्चात् विद्यार्थी अपनी त्रुटियों का सुधार कार्य करेंगे।

★

# 'ई' की सीढ़ी

**अधिगम संप्राप्ति-**

- विद्यार्थी ई की मात्रा वाले शब्द पढ़ते हैं।
- विद्यार्थी 'ई' की मात्रा लगाकर नए शब्द बनाते हैं।

**आइए बातें करें-** (समय- 10 मिनट )

- सर्वप्रथम शिक्षक / शिक्षिका पिछले दिवस के कार्य की पुनरावृत्ति करवाएँ।
- शिक्षक / शिक्षिका विद्यार्थियों को कुछ वाक्य बोलकर सुनाएँ।जैसे - 'दादी मीठी लीची लाई'। 'घास हरी है'।
- शिक्षक / शिक्षिका कक्षा में रखी वस्तुओं का वर्णन करें, जैसे- 'वह बड़ी मेज है'।
- शिक्षक / शिक्षिका विद्यार्थियों से पूछे कि बोलते समय 'ई' की ध्वनि लंबी खिंच रही है या छोटी?
- सही उत्तर मिलने पर शिक्षक / शिक्षिका विद्यार्थियों को शाबाशी दें।

**बारहखड़ी उच्चारण -** (समय- 10 मिनट)

- शिक्षक / शिक्षिका बारहखड़ी 'की' से 'ही' तक स्पष्ट उच्चारण के साथ पढ़कर सुनाएं तत्पश्चात् विद्यार्थियों से दोहराव करवाएँ।

**हमारा शब्द भंडार-** (समय- 20 मिनट)

**बीमारी, साहसी, आदमी, मीनार, छतरी, असली, स्वाधीन, सुखी,**
**धीरज, बाहरी, सजीव, गरीब, कहानी, दीवार, ज्ञानी, रीढ़, भीतर,**
**मानवीय, जागीर, साहसी**

- शिक्षक / शिक्षिका इन शब्दों का स्पष्ट उच्चारण करें और विद्यार्थियों से दोहराव करवाएँ।
- शिक्षक / शिक्षिका 'साहसी', 'ज्ञानी' लगे शब्द में प्रयुक्त विशेषण पर चर्चा करें।

**ताली बजाइए**- (समय- 05 मिनट)

- शिक्षक / शिक्षिका अलग-अलग शब्द बोलें। जब 'ई'की मात्रा वाला शब्द आए तो बच्चे ताली बजाएँ।

  जैसे-कपास, ककड़ी,लड़का, चीनी, आम,मीठी आदि।

**मात्रा लगाइए-** (समय- 05 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका श्यामपट्ट पर बिना मात्रा वाले शब्द लिखें और विद्‌यार्थी 'ई' की मात्रा लगाकर नए शब्द बनाए।

जैसे -

- मछल = _____
- धरत = _____
- अलमार =_____
- पनर =_____

**गृहकार्य-**

★ अपने आस-पास उपलब्ध पाँच ऐसी चीजों के नाम लिखिए जिनमें 'ई' की मात्रा आती है।

**श्रुतलेख -** (समय- 10 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका दिए गए शब्द भंडार में से किन्हीं दस शब्दों का श्रुतलेख करवाएँ।

**मूल्यांकन -**

★ शिक्षक / शिक्षिका श्यामपट्ट पर श्रुतलेख के शब्दों को लिखेंगे।

★ विद्‌यार्थी स्वयं अथवा आपस में एक-दूसरे की कार्य पुस्तिका जाँचेंगे तत्पश्चात् विद्‌यार्थी अपनी त्रुटियों का सुधार कार्य करेंगे ।

# ‘उ’ की उलझन

**अधिगम संप्राप्ति-**

★ विद्‌यार्थी 'उ' की मात्रा वाले शब्दों के उच्चारण और उनकी बनावट को समझते हैं।

★ ‘उ’ की मात्रा युक्त शब्दों को लिखते हैं

★ विद्‌यार्थी ‘लिंग बदलो’ के माध्यम से स्त्रीलिंग और पुल्लिंग के अंतर को समझकर संज्ञा के रूप परिवर्तन को समझते हैं।

**आइए बातें करें -** (समय- 10 मिनट)

★ सर्वप्रथम शिक्षक / शिक्षिका पिछले दिवस के कार्य की पुनरावृत्ति करवाएँ।

★ शिक्षक / शिक्षिका कुछ वाक्य बोलेंगे जैसे- ‘पुत्र इधर आइए’, ‘अनुज खेल रहा है’ या ‘बुलबुल को पानी दो’ इत्यादि।

★ शिक्षक / शिक्षिका विद्‌यार्थियों से पूछें कि इन शब्दों को बोलते समय आपको कौन-सी ध्वनि सुनाई दे रही है?’

★ ‘इन शब्दों को बोलते समय होंठों का आकार कैसा होता है’? चर्चा करें।

**बारहखड़ी उच्चारण -** (समय- 10 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका बारहखड़ी ‘कु’ से ‘हु’ तक स्पष्ट उच्चारण के साथ पढ़कर सुनाएँ, तत्पश्चात् विद्‌यार्थियों से दोहराव करवाएँ।

**हमारा शब्द भंडार -** (समय- 20 मिनट)

**पुत्र, अनुज, पुजारी, सुबह, मुसाफिर, पुलिस, पशु, कुत्ता, चुहिया,**
**बुलबुल, कछुआ, चुटकी, गुलाब, दुकान, बटुआ, मुकुट, गुफा,**
**गुल्लक, पुल, सुनार**

★ शिक्षक / शिक्षिका इन शब्दों का स्पष्ट उच्चारण करें और विद्‌यार्थियों से दोहराव करवाएँ।

★ शिक्षक / शिक्षिका ‘पुत्र’, ‘पुजारी’ चुहिया शब्दों में प्रयुक्त लिंग बदलो पर चर्चा करें।

**जोड़ो-तोड़ो-** (समय- 05 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका निम्न शब्दों को श्यामपट्ट पर पहले तोड़कर और फिर जोड़कर लिखें। विद्यार्थी भी अपनी कार्य पुस्तिका में लिखें।

- बुलबुल= _+_+_+_+_+_
- चुहिया= _+_+_+_+_+_
- दुकान= _+_+_+_+_
- ग + ु + ल + ा + ब =
- प +ु + ल =

**उदाहरण-**

- प+ु+ल+ि+स=पुलिस
- मुकुट=म+ु+क+ु+ट

**लिंग बदलो अभ्यास -** (समय- 05 मिनट)

★ निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के विपरीत लिंग वाले शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए -

- चूहा दाना खा रहा है और _______________ भाग रही है। (चुहिया / चुहा)
- पुत्र आज्ञाकारी है और _______________ समझदार है। (पुतरी / पुत्री)
- बूढ़ा लाठी पकड़कर चला और _______________ बैठ गई। (बुढ़िया / बुढ़ि)
- राजा के महल में मुर्गा और _______________ दोनों हैं। (मुर्गाइन / मुर्गी)
- विवाह के मंडप में वर और _______________ बैठे हैं। (वधु / वधू)

**गृहकार्य -** निम्नलिखित शब्दों को पहले तोड़कर और फिर जोड़कर लिखिए।

| |
|---|
| **पुलिया, बहादुर, गुल्लक, दुकान, कछुआ, पशु** |

**श्रुतलेख -** (समय- 10 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका दिए गए शब्द भंडार में से किन्हीं दस शब्दों का श्रुतलेख करवाएँ।

**मूल्यांकन -**

★ शिक्षक / शिक्षिका श्यामपट्ट पर श्रुतलेख के शब्दों को लिखेंगे।

★ विद्यार्थी स्वयं अथवा आपस में एक-दूसरे की कार्य पुस्तिका जाँचेंगे तत्पश्चात् विद्यार्थी अपनी त्रुटियों का सुधार कार्य करेंगे।

# ‘उ’ का उल्लास

**अधिगम संप्राप्ति-**

- ★ अक्षर के साथ 'उ' की ध्वनि जुड़ने पर होने वाले परिवर्तन समझते हैं ।
- ★ मात्रा के सही स्वरूप और स्थान (अक्षर के नीचे) को लिखते हैं।
- ★ उ ('ु') की मात्रा के शब्दों को पढ़ते और लिखते हैं।

**आइए बातें करें -** (समय- 10 मिनट)

- ★ सर्वप्रथम शिक्षक / शिक्षिका पिछले दिवस के कार्य की पुनरावृत्ति करवाएँ।
- ★ शिक्षक / शिक्षिका एक छोटी मौखिक कहानी सुनाएंगे जिसमें 'ु' की मात्रा वाले शब्दों की अधिकता हो।

**बुलबुल चुहिया और मुनमुन कछुआ**

एक बुलबुल चुहिया थी, उसे गुड़ बहुत पसंद था। एक दिन वह मुनमुन कछुए के पास गई। मुनमुन कछुआ पानी में तैर रहा था। बुलबुल चुहिया अचानक से पानी में गिर गई, तब मुनमुन कछुए ने उसे अपनी पीठ पर बैठाकर बचा लिया। और एक दिन जब मुनमुन कछुआ शिकारी के जाल में फँसा तो बुलबुल चुहिया ने जाल काटकर उसे बचा लिया।

**बारहखड़ी उच्चारण -** (समय- 10 मिनट)

- ★ शिक्षक / शिक्षिका बारहखड़ी ‘कु’ से ‘हु’ तक स्पष्ट उच्चारण के साथ पढ़कर सुनाएँ , तत्पश्चात् विद्यार्थियों से दोहराव करवाएँ।

**हमारा शब्द भंडार -** (समय- 20 मिनट)

**मुख, कुल, पुत्र, चुप, खुशी, युद्ध, धुन, सुख, पुल, शगुन, पुलिया, दुकान, युवक, ठाकुर, पुकार, बुलबुल, चुपचाप, फुलवारी, गुड़हल, चुनमुन**

- ★ शिक्षक / शिक्षिका इन शब्दों का स्पष्ट उच्चारण करें और विद्यार्थियों से दोहराव करवाएँ।
- ★ शिक्षक / शिक्षिका ‘पुत्र’, ‘युवक’ और ठाकुर शब्द में प्रयुक्त लिंग बदलो पर चर्चा करें।

**ध्वनि पहचानकर घेरा लगाइए-** (समय- 05 मिनट)

- ★ शिक्षक / शिक्षिका श्यामपट्ट पर दिए गए शब्दों को लिखेंगे, फिर एक-एक कर कुछ विद्यार्थियों को बुलाएँगे और उ'ु'मात्रा के शब्द पर गोला लगाने को कहेंगे।

| |
|---|
| **आम, गुलाब, सेब, दुकान, मछली, बटुआ, सुबह, दीपक, कुछ, मधुर, नदी, सुख** |

**लिंग बदलो**- (समय- 05 मिनट)
निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के विपरीत लिंग वाले शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए

- <u>पुत्र</u> भागा, पीछे-पीछे ___________ आई। (चुहिया / पुत्री)
- <u>पुजारिन</u> खाना बना रही हैं और ___________ मंदिर में पूजा कर रहे हैं। (पुजारी / दुकान)
- मुर्गा बाँग दे रहा है और _____ दाना खा रही है। (मुर्गी / कोयल)

**गृहकार्य-**

- ★ विद्यार्थी अपनी पसंद के 'उ' (ु) की मात्रा वाले 10 शब्द और किन्हीं 5 पुल्लिंग शब्दों के स्त्रीलिंग रूप अपनी कार्य पुस्तिका में लिखकर लाएँ।

**श्रुतलेख**- (समय 10 मिनट)

- ★ शिक्षक / शिक्षिका दिए गए शब्द भंडार में से किन्हीं दस शब्दों का श्रुतलेख करवाएँ।

**मूल्यांकन -**

- ★ शिक्षक / शिक्षिका श्यामपट्ट पर श्रुतलेख के शब्दों को लिखेंगे।
- ★ विद्यार्थी स्वयं अथवा आपस में एक-दूसरे की कार्य पुस्तिका जाँचेंगे तत्पश्चात् विद्यार्थी अपनी त्रुटियों का सुधार कार्य करेंगे।

# 'ऊ' की पूँछ

**अधिगम संप्राप्ति-**

★ विद्यार्थी 'ऊ' की मात्रा वाले शब्दों के उच्चारण और उनकी बनावट को समझते हैं।

★ 'ऊ'की मात्रा का प्रयोग कर शब्द लिखते हैं।

★ विलोम शब्द की अवधारणा समझते हैं।

**आइए बातें करें** (समय- 10 मिनट)

★ सर्वप्रथम शिक्षक / शिक्षिका पिछले दिवस के कार्य की पुनरावृत्ति करवाएँ।

**'आवाजों की पहचान'**

★ शिक्षक / शिक्षिका विद्यार्थियों से कहें— 'मैं कुछ शब्द बोलूँगा/बोलूँगी, आप ध्यान से सुनना कि किस शब्द में आवाज़ थोड़ी लंबी खिंच रही है।'

★ शिक्षक /शिक्षिका दिए गए शब्दों को बारी-बारी से स्पष्ट और ऊँचे स्वर में बोलें और चर्चा करें-

- सुन — सूना
- बुरा — बूढ़ा
- धुल — धूल
- चुना — चूना

★ शिक्षक / शिक्षिका विद्यार्थियों से पूछें - 'जब मैंने 'सूना' या 'धूल' बोला तो क्या आवाज़ 'सुन' या 'धुल' से थोड़ी लंबी थी?'

★ विद्यार्थियों से कहें कि वे भी मेरे साथ इन शब्दों को दोहराएँ ताकि वे अपने गले और मुँह से निकलने वाली ध्वनि के अंतर को महसूस कर सकें।

★ विद्यार्थियों से आस-पास की वस्तुओं के नाम पूछें। जैसे- 'क्या आपने आलू खाया है?' 'सूरज किस दिशा से उदय होता है?'

**बारहखड़ी उच्चारण -** (समय - 10 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका बारहखड़ी (कू से हू तक) स्पष्ट उच्चारण के साथ पढ़कर सुनाएँ तत्पश्चात् विद्यार्थियों से दोहराव करवाएँ।

**हमारा शब्द भंडार** - (समय- 20 मिनट)

| |
|---|
| **धूप, पूनम, फालतू, दूर, नूतन, सपूत, पूरब, झूठ, अनुकूल, ऊँचा, शून्य, फूलदान, स्कूल, सूरमा, मूल्य, सुदूर, दूषित, जादू, रूखा, फूल** |

★ शिक्षक / शिक्षिका  दिए गए शब्दों का स्पष्ट उच्चारण करें और विद्यार्थियों से दोहराव करवाएँ।

★ शिक्षक / शिक्षिका  'झूठ', 'नूतन', 'सपूत',शब्दों में प्रयुक्त विलोम शब्द पर चर्चा करें।

**जोड़ो-तोड़ो-** (समय- 05 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका  निम्न शब्दों को श्यामपट्ट पर पहले तोड़कर और फिर जोड़कर लिखें। विद्यार्थी अपनी कार्य पुस्तिका में भी लिखें।

- धूप = _ + _+ _
- झूला = _ + _+ _+ _
- पूनम = _ + _ + _ + _
- फ + ू+ ल = _____
- च + ू + ड़+ ी = _____

उदाहरण-

- रूप = र + ू + प
- ब + ू + ढ़ + ा+ = बूढ़ा

**विलोम शब्द का अभ्यास**- (समय- 05 मिनट)

★ विलोम शब्द की पहचान कर निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए।

| **शब्द** | **विलोम शब्द** |
|---|---|
| 1. ऊँचा | (क) शांति |
| 2. तूफ़ान | (ख) नीचा |
| 3. सूक्ष्म (छोटा) | ( ग) कम |
| 4. खूब (ज़्यादा) | ( घ) पाताल |
| 5. आकाश | ( ङ) स्थूल (बड़ा) |

**गृहकार्य-**

★ चित्र बनाइए- शिक्षक / शिक्षिका  विद्यार्थियों को 5 शब्द दें और उनसे कहें कि वे इन शब्दों का चित्र बनाएँ।

★ शब्द- सूरज, फूल, तरबूज़, झूला, चूहा।

**श्रुतलेख -** (समय- 10 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका  दिए गए शब्द भंडार में से किन्हीं दस शब्दों का श्रुतलेख करवाएँ।

**मूल्यांकन -**

★ शिक्षक / शिक्षिका  श्यामपट्ट पर श्रुतलेख के शब्दों को लिखेंगे।

★ विद्यार्थी स्वयं अथवा आपस में एक-दूसरे की कार्य पुस्तिका जाँचेंगे तत्पश्चात्  विद्यार्थी अपनी त्रुटियों का सुधार कार्य करेंगे।

**दिवस - 10**

# 'ऊ' का झूला

**अधिगम संप्राप्ति-**

★ विद्यार्थी 'ऊ' की मात्रा वाले शब्दों को पढ़कर उनका संबंधित चित्रों से मिलान करते हैं

★ विद्यार्थी वाक्यों में 'ऊ' की मात्रा वाले शब्दों की पहचान कर उन्हें रेखांकित करते हैं।

★ अक्षरों के सही क्रम को समझकर 'ऊ' की मात्रा के सार्थक शब्द बनाते हैं।

**आइए बातें करें** (समय- 10 मिनट)

★ सर्वप्रथम शिक्षक / शिक्षिका पिछले दिवस के कार्य की पुनरावृत्ति करवाएँ।

★ शिक्षक / शिक्षिका श्यामपट्ट पर एक अधूरा शब्द लिखेंगे और विद्यार्थियों से 'ऊ' की मात्रा वाला अक्षर जोड़कर उसे पूरा करने के लिए कहेंगे।

- भा + लू = भालू
- चा + _ = _____
- आ + _ = ____

**बारहखड़ी उच्चारण -** (समय - 10 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका बारहखड़ी ' कू' से ' हू' तक स्पष्ट उच्चारण के साथ पढ़कर सुनाएँ तत्पश्चात् विद्यार्थियों से दोहराव करवाएँ।

**हमारा शब्द भंडार**- (समय- 20 मिनट)

**दूर, दूसरा, सूचना, सूरज, सूखा, मयूर, कपूत, मजबूत, तूफ़ान, कसूर, भूमिका, पतलून, तरबूज, कबूतर, नाखून, शहतूत, लूटना, मजदूर, भूचाल, समूह**

★ शिक्षक / शिक्षिका दिए गए शब्दों का स्पष्ट उच्चारण करें और विद्यार्थियों से दोहराव करवाएँ।

★ शिक्षक / शिक्षिका 'मज़बूत', 'कपूत', और 'सूखा' शब्द में प्रयुक्त विलोम शब्द पर चर्चा करें।

**"बूझो तो जानें"** - (समय- 05 मिनट)

★ "मैं ऊँचा उड़ता हूँ, शांति का प्रतीक कहलाता हूँ और 'गुटरगूँ' करता हूँ।" (उत्तर: कबूतर)

★ "पकने पर मैं मीठा लगता हूँ, मरुस्थल का फल हूँ।" (उत्तर: खजूर)

★ "मैं वजन तौलने के काम आता हूँ।" (उत्तर: तराजू)

**अभ्यास कार्य**- (समय- 05 मिनट)

★ नीचे दिए गए वर्णों को सही क्रम में लगाकर सार्थक शब्द बनाइए

- जू + त + रा = ___________
- र + बू + त + ज़ = ___________
- त + लू + प + न = ___________
- र + सू + ज = ___________

**गृहकार्य** -

**वाक्य पूरे कीजिए**

★ दिए गए शब्दों की सहायता से रिक्त स्थान भरिए: (सूरज, झूला, जूता)

- रोशन _________ पहनकर बाहर जा।
- बगीचे में _________ पड़ा है।
- आकाश में _________ चमक रहा है।

**श्रुतलेख**- (समय 10 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका दिए गए शब्द भंडार में से किन्हीं दस शब्दों का श्रुतलेख करवाएँ।

**मूल्यांकन -**

★ शिक्षक / शिक्षिका श्यामपट्ट पर श्रुतलेख के शब्दों को लिखेंगे।

★ विद्यार्थी स्वयं अथवा आपस में एक-दूसरे की कार्य पुस्तिका जाँचेंगे तत्पश्चात् विद्यार्थी अपनी त्रुटियों का सुधार कार्य करेंगे।

# आइए दोहराएँ

**ध्वनि - अ से ऊ तक एवं व्याकरण पुनरावृत्ति**

**अधिगम संप्राप्ति-**

★ विद्यार्थी अ से ऊ तक की मात्राओं वाले शब्दों को पहचानते हैं।

★ विद्यार्थी मात्रा युक्त शब्दों का शुद्ध उच्चारण, पठन और लेखन करते हैं।

★ विद्यार्थी संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, लिंग एवं विलोम शब्दों की पहचान करते हैं।

★ विद्यार्थी खेल एवं गतिविधियों के माध्यम से सीखे गए ज्ञान की पुनरावृत्ति करते है।

**आइए बातें करें-** (समय : 10 मिनट)

'**मेरा पूरा दिन**'
शिक्षक / शिक्षिका विद्यार्थियों से बातेंचीत करें —

- आप सुबह उठकर सबसे पहले क्या करते हैं?
- सुबह नाश्ते में क्या खाते हैं?
- विद्यालय में किसके साथ खेलते हैं?
- आपको कौन-सा खेल अच्छा लगता है?
- घर में आपके साथ कौन-कौन रहते हैं?

शिक्षक / शिक्षिका बातचीत के दौरान शब्दों पर ध्यान दिलाएँ —

- अनार, आम, इमली, ईख, उल्लू, ऊन, बड़ा, मीठा, अच्छा, लड़का, लड़की आदि।

फिर विद्यार्थियों से पूछें —

- 'अनार' में कौन-सी ध्वनि है?
- 'आम' में कौन-सी मात्रा सुनाई दे रही है?
- 'मीठा आम' में गुण बताने वाला शब्द कौन-सा है?
- 'लड़का' का स्त्रीलिंग क्या होगा?
- 'अच्छा' का विलोम शब्द क्या है?

**उद्देश्य-**

★ विद्यार्थी बातचीत करते-करते ध्वनि, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, लिंग एवं विलोम शब्दों की सहज पुनरावृत्ति कर पाएँगे।

**बारहखड़ी उच्चारण -** (समय - 05 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका बारहखड़ी 'क' से ' ह' तक स्पष्ट उच्चारण के साथ पढ़कर सुनाएं तत्पश्चात् विद्यार्थियों से दोहराव करवाएँ।

**हमारा शब्द भंडार-** (समय- 05 मिनट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **अ की ध्वनि-** | अनार, | अजगर, | अगर, | अमन |
| **आ की ध्वनि-** | आम, | आग, | आदमी, | आलू |
| **इ की ध्वनि-** | इमली, | इधर, | किताब, | चित्र |
| **ई की ध्वनि-** | ईख, | ईंट, | रानी, | दीपक |
| **उ की ध्वनि-** | उल्लू, | उधर, | गुलाब, | दुकान |
| **ऊ की ध्वनि-** | ऊन, | फूल, | सूरज, | झूला |

★ शिक्षक / शिक्षिका इन शब्दों का स्पष्ट उच्चारण करें और विद्यार्थियों से दोहराव करवाएँ।

**व्याकरण पुनरावृत्ति**- (समय-10 मिनट)

(i) संज्ञा की पहचान कीजिए - रोशन , गेंद, विद्यालय, पेड़।

(ii) सर्वनाम की पहचान कीजिए- मैं, हम, वह, तुम।

(iii) विशेषण की पहचान कीजिए - मीठा आम, बड़ा, घर, सुंदर फूल।

(iv) लिंग बदलो-
राजा — रानी
लड़का — लड़की
मोर — मोरनी
सेवक— सेविका

(v) विलोम शब्द-
दिन — रात
ऊपर — नीचे
काला — सफ़ेद
अच्छा — बुरा

**ध्वनि पकड़ो खेल** (समय-5 मिनट)

शिक्षक / शिक्षिका शब्द बोलेंगे - आम, ईख, उल्लू, किताब, ऊन, अनार। यदि शब्द में —

- 'अ' हो → एक ताली
- 'आ' हो → दो ताली
- 'इ/ई' हो → हाथ उठाओ
- 'उ/ऊ' हो → खड़े हो जाओ

**सही मिलान कीजिए** (समय-5 मिनट)

- राजा  रात
- दिन  छोटा
- बड़ा  रानी

**कौन हूँ मैं?** (समय-5 मिनट)

शिक्षक / शिक्षिका  संकेत दें -

- “मैं किसी व्यक्ति, स्थान या वस्तु का नाम हूँ।” → संज्ञा
- “मैं नाम के स्थान पर आता हूँ।” ___
- “मैं गुण बताता हूँ।” ___
- विद्यार्थी सही उत्तर बताएँ।

**लिखिए और बताइए-** (समय -5 मिनट)

- दिए शब्दों को सही खाने में लिखिए -रोशन , मीठा, वह, लड़की, काला, हम ।

| | | |
|---|---|---|
| • संज्ञा | • सर्वनाम | • विशेषण |

**गृहकार्य-**

- अ से ऊ तक की मात्रा वाले 2–2 शब्द लिखिए।, दो लिंग बदलो शब्द लिखिए।, दो विलोम शब्द लिखिए।

**श्रुतलेख**- (समय 10 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका  दिए गए शब्द भंडार में से किन्हीं दस शब्दों का श्रुतलेख करवाएँ।

**मूल्यांकन -**

★ शिक्षक / शिक्षिका  श्यामपट्ट पर श्रुतलेख के शब्दों को लिखेंगे।

★ विद्यार्थी स्वयं अथवा आपस में एक-दूसरे की कार्य पुस्तिका जाँचेंगे तत्पश्चात्  विद्यार्थी अपनी त्रुटियों का सुधार कार्य करेंगे।

# ‘ए’ की रेल

**अधिगम संप्राप्ति-**

- विद्यार्थी ‘ए’ की मात्रा वाले शब्दों का शुद्ध उच्चारण और लेखन करते हैं।
- विद्यार्थी उपसर्ग की अवधारणा समझते हैं।
- विद्यार्थी दैनिक जीवन में प्रयुक्त ‘ए ‘ की मात्रा के शब्द पहचानते हैं।

**आइए बातें करें -** (समय-10 मिनट)

- सर्वप्रथम शिक्षक / शिक्षिका पिछले दिवस के कार्य की पुनरावृत्ति करवाएँ।
- शिक्षक / शिक्षिका दिए गए शब्दों को श्यामपट्ट पर लिखकर उनका स्पष्ट उच्चारण करें। तत्पश्चात् विद्यार्थियों से पूछें कि इन शब्दों में कौन सी ध्वनि सुनाई दे रही है? (जैसे - केला, सेब, मेज़, खेल, रेल, पेज़, लेख)
- शिक्षक / शिक्षिका विद्यार्थियों से ‘ए’की ध्वनि पहचानने को कहें।

**बारहखड़ी उच्चारण -** (समय - 10 मिनट)

- शिक्षक / शिक्षिका बारहखड़ी (के से हे तक) का स्पष्ट उच्चारण के साथ पढ़कर सुनाएँ तत्पश्चात् विद्यार्थियों से दोहराव करवाएँ।

शिक्षक / शिक्षिका विद्यार्थियों को बताएँ -

- ‘ए’ की मात्रा अक्षर के ऊपर लगती है।
- उच्चारण स्पष्ट और खिंचाव के साथ करवाएँ।

**हमारा शब्द भंडार** (समय: 20 मिनट)

**विशेष, मेज, तेल, बेरंग, बेटा, बेटी, सेना, नेता, मेहनत, देखना, चेहरा, सेवा, मेहमान, पेशा, आदेश, बेईमान, भेजना, देखना, लेखन, सेवक**

- शिक्षक / शिक्षिका इन शब्दों का स्पष्ट उच्चारण करें और विद्यार्थियों से दोहराव करवाएँ।
- शिक्षक / शिक्षिका दिए गए शब्द ‘ बेरंग’ में प्रयुक्त उपसर्ग पर चर्चा करें।

उपसर्ग वाले शब्द-

- प्रवेश = प्र + वेश
- निर्देश = निर् + देश
- विदेश = वि + देश
- संदेश = सम् + देश
- विशेष = वि + शेष
- निवेश = नि + वेश
- सुलेख = सु + लेख
- अधिवेशन = अधि + वेशन
- बेरंग = बे + रंग

**जोड़ो - तोड़ो-** (समय- 05 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका निम्न शब्दों को श्यामपट्ट पर पहले तोड़कर और फिर जोड़कर लिखें। विद्यार्थी अपनी कार्य पुस्तिका में भी लिखें।

- पेड़ = _+_+_
- प्रवेश = _+_+_+_+_
- निवेद्न = _+ _+_+_+_+_
- क + े + ल + ा =
- म + े + ल + ा =
- द + े + श =

**उदाहरण**-

- मेज् =_म+_े+_ज
- द+े+ख+न+ा= देखना

**उपसर्ग जोड़ कर शब्द बनाइए -** (समय- 05 मिनट)

शिक्षक / शिक्षिका निम्न मूल शब्द बोलें और विद्यार्थी उपसर्ग जोड़कर नए शब्द बनाएँ-

वेश, सेवक, मन, कार,

**गृहकार्य-**

नीचे दिए गए शब्दों को तोड़कर लिखिए। जैसे —
अनेक, बेमेल, बेकार, अनदेखा, बेहोश

**श्रुतलेख-**(समय-10 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका दिए गए शब्द भंडार में से किन्हीं दस शब्दों का श्रुतलेख करवाएँ।

**मूल्यांकन-**

★ शिक्षक / शिक्षिका श्यामपट्ट पर श्रुतलेख के शब्दों को लिखेंगे।

★ विद्यार्थी स्वयं अथवा आपस में एक-दूसरे की कार्य पुस्तिका जाँचेंगे तत्पश्चात् विद्यार्थी अपनी त्रुटियों में सुधार करेंगे।

# 'ए' का खेल

**अधिगम संप्राप्ति-**

- ★ विद्यार्थी 'ए' की मात्रा वाले शब्दों को सुनकर, बोलकर, पढ़कर और लिखकर पहचानते हैं।
- ★ विद्यार्थी उपसर्ग की सहायता से नए शब्द बनाते हैं।
- ★ विद्यार्थी शब्दों में 'ए' की मात्रा का सही प्रयोग करते हैं।

**आइए बातें करें** (समय- 10 मिनट)

- ★ सर्वप्रथम शिक्षक / शिक्षिका पिछले दिवस के कार्य की पुनरावृत्ति करवाएँ।
- ★ शिक्षक / शिक्षिका विद्यार्थियों को कुछ वाक्य बोलकर सुनाएँ जैसे -'मेज पर हरे पेन रखे हैं। "कक्षा के कोने में कूड़ेदान रखा है'।
- ★ शिक्षक / शिक्षिका विद्यार्थियों से पूछें कि 'कक्षा में बैठे विद्यार्थियों में से किसके नाम में ए की मात्रा आती है?'
  जैसे -सुरेश, नेहा, रमेश।
- ★ सही उत्तर मिलने पर शिक्षक / शिक्षिका विद्यार्थियों को शाबाशी दें।

**बारहखड़ी उच्चारण -** (समय - 10 मिनट)

- ★ शिक्षक / शिक्षिका बारहखड़ी (के से हे तक) तक को स्पष्ट उच्चारण के साथ पढ़कर सुनाएँ तत्पश्चात् विद्यार्थियों से दोहराव करवाएँ।

**हमारा शब्द भंडार-** (समय-20 मिनट)

**चेहरा, सपेरा, नेवला, केसर, बेकार, हथेली, केशव, देवालय, अकेला, लेखपाल, बेसन, सवेरा, करेला, लालटेन, जलेबी, परेशान, सेहत, मेजबान, निवेश, देवदास**

- ★ शिक्षक / शिक्षिका इन शब्दों का स्पष्ट उच्चारण करें और विद्यार्थियों से दोहराव करवाएँ।
- ★ शिक्षक / शिक्षिका दिए गए शब्द 'बेकार' में प्रयुक्त उपसर्ग पर चर्चा करें।

**सही गलत पहचानिए -** (समय-05 मिनट)

- ★ शिक्षक / शिक्षिका श्यामपट्ट पर कुछ शब्द लिखें और विद्यार्थियों से 'ए ' की मात्रा के सही शब्दों को पहचानने के लिए कहें -

- खेल
- कल
- तेल
- कमल
- मेहमान

**शब्द रेलगाड़ी** - (समय-05 मिनट)

- ★ शिक्षक / शिक्षिका 'ए' की मात्रा का एक शब्द बोलेंगे। बच्चों को उस शब्द के अंतिम अक्षर से शुरू होने वाला नया शब्द बताना है, जिसमें 'ए' की मात्रा हो।

- ★ उदाहरण -
  - शिक्षक - खेल
  - पहला विद्यार्थी - लेखक
  - दूसरा विद्यार्थी - केला

**गृहकार्य** -

नीचे दिए गए शब्दों को तोड़कर लिखिए।

- लेखपाल =_+_+_+_+_+_

- सेहत = _+_+_+_

- विदेश =_+_+_+_+_

- सुलेख = _+_+_+_+_

**श्रुतलेख** - (समय -10मिनट )

शिक्षक / शिक्षिका दिए गए शब्द भंडार में से किन्हीं दस शब्दों का श्रुतलेख करवाएँ।

**मूल्यांकन** -

- ★ शिक्षक / शिक्षिका श्यामपट्ट पर श्रुतलेख के शब्दों को लिखेंगे।

- ★ विद्यार्थी स्वयं अथवा आपस में एक-दूसरे की कार्य पुस्तिका जाँचेंगे तत्पश्चात् ् विद्यार्थी अपनी त्रुटियों का सुधार कार्य करेंगे।

# 'ऐ' का ऐलान

**अधिगम संप्राप्ति-**

- ★ विद्यार्थी 'ऐ' की मात्रा वाले शब्दों के उच्चारण और उनकी बनावट को समझते हैं।
- ★ विद्यार्थी व्यंजनों के साथ 'ऐ' की मात्रा के जुड़ने से होने वाले परिवर्तन को पहचानते हैं।
- ★ विद्यार्थी 'ऐ' की मात्रा का प्रयोग कर शब्द लिखते हैं।
- ★ विद्यार्थी प्रत्यय की अवधारणा को समझते हैं।

**आइए बातें करें -** (समय-10 मिनट)

- ★ सर्वप्रथम शिक्षक / शिक्षिका पिछले दिवस के कार्य की पुनरावृत्ति करवाएँ।
- ★ शिक्षक / शिक्षिका निम्न वाक्य बोलेंगे और विद्यार्थियों से पूछेंगे “कि कौन-सी ध्वनि बार-बार सुनाई दे रही है?” सही उत्तर मिलने पर शिक्षक / शिक्षिका विद्यार्थी को शाबाशी दें एवं 'ऐ' की मात्रा के शब्दों पर चर्चा करें।

- ‘बैग और पैसा’
- ‘आप स्कूल में क्या लेकर आते हैं?’
- ‘बैग में क्या-क्या होता है?’
- ‘पैसा किस काम आता है?’

**बारहखड़ी उच्चारण** - (समय- 10 मिनट)

- ★ शिक्षक / शिक्षिका बारहखड़ी ('कै से है' तक) स्पष्ट उच्चारण के साथ पढ़कर सुनाएँ तत्पश्चात् ् विद्यार्थियों से दोहराव करवाएँ।
- ★ शिक्षक / शिक्षिका विद्यार्थियों को बताएँ कि 'ऐ' की मात्रा अक्षर के ऊपर लगती है। उच्चारण करते समय मुख थोड़ा अधिक खुलता है।

**हमारा शब्द भंडार** - (समय- 20 मिनट)

**बैग, बैल, गैस, मैना, पैगाम, थैला, वैशाख, मैनेजर, पैमाना, मैदान, दैनिक, नैतिकता, बैरागी, मैनेजर, पैदावार, फैला, बैठना, पैदल, बैंगन**

प्रत्यय वाले शब्द -

- वैज्ञानिक + ता =वैज्ञानिकता
- विवाह + इक = वैवाहिक
- नैतिक + ता = नैतिकता
- दिन + इक = दैनिक
- ऐच्छिक = इच्छा + इक

★ शिक्षक / शिक्षिका  इन शब्दों का स्पष्ट उच्चारण करें और विद्यार्थियों से दोहराव करवाएँ।

★ शिक्षक / शिक्षिका  दिए गए शब्द भंडार के शब्दों बैठना, दैनिक, पैदावार, में प्रयुक्त प्रत्यय पर चर्चा करें।

**जोड़ो-तोड़ो** -  (समय- 05 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका  निम्न शब्दों को श्यामपट्ट पर पहले तोड़कर और फिर जोड़कर लिखें। विद्यार्थी अपनी कार्य पुस्तिका में भी लिखें।

- मित्रता = _+_+_+_+_
- सुंदरता =_+_+_+_+_+_
- ब + ै + ग =
- प + ै + स + ा =
- क + ै + द + ी =

**उदाहरण-**
- मैदान= म + ै + द + ा + न
- स + ै + न + ि + क = सैनिक

**ध्वनि पहचानकर शब्द पूरा कीजिए**- (समय- 05 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका  निम्न शब्द बोलेंगे, यदि शब्द में 'ऐ' की मात्रा हो तो विद्यार्थी हाथ उठाएँ। (‘बैग, रोशन , पैसा, आम, कार, मैना, नैतिक’ )

★ शिक्षक / शिक्षिका  अधूरे शब्द लिखेंगे और विद्यार्थी सही मात्रा लगाकर शब्द पूरा करेंगे।

| **अधूरा शब्द** | **सही शब्द** |
|---|---|
| • ब_ग | _____ |
| • प + सा | _____ |
| • म + ना | _____ |
| • क + सा | _____ |
| • त + यार | _____ |

**गृहकार्य** -

अपने घर या विद्यालय में सुनाई देने वाले 'ऐ' की मात्रा के दस शब्द लिखिए।

**श्रुतलेख**- (समय-10 मिनट)

शिक्षक / शिक्षिका  दिए गए शब्द भंडार में से किन्हीं दस शब्दों का श्रुतलेख करवाएँ।

**मूल्यांकन -**

★ शिक्षक / शिक्षिका  श्यामपट्ट पर श्रुतलेख के शब्दों को लिखेंगे।

★ विद्यार्थी स्वयं अथवा आपस में एक-दूसरे की कार्य पुस्तिका जाँचेंगे तत्पश्चात्  विद्यार्थी अपनी त्रुटियों का सुधार कार्य करेंगे।

दिवस - 15

# 'ओ' की पोटली

**अधिगम संप्राप्ति-**

★ विद्यार्थी 'ओ' की मात्रा वाले शब्दों के शुद्ध उच्चारण और उनकी बनावट को समझते हैं।

★ विद्यार्थी व्यंजनों के साथ 'ओ' मात्रा के जुड़ने से होने वाले परिवर्तन को पहचानते हैं।

★ विद्यार्थी काल की अवधारण को समझते हैं।

★ विद्यार्थी एक वर्तमान काल से दूसरे काल में वाक्य बदलते हैं।

**आइए बातें करें** - (समय- 10 मिनट)

★ सर्वप्रथम शिक्षक / शिक्षिका पिछले दिवस के कार्य की पुनरावृत्ति करवाएँ।

'मोहन का स्कूल'

★ शिक्षक / शिक्षिका विद्यार्थियों से प्रश्न पूछें - 'मोहन स्कूल कब जाता है?', 'तुम रोज क्या करते हो?' , 'कल तुम क्यों नहीं आए थे?'

इसके बाद पूछें -

'मोती, टोपी, बोलना, सोना जैसे शब्दों में कौन-सी ध्वनि सुनाई दे रही है?' इस पर चर्चा करें।

**बारहखड़ी उच्चारण** - (समय - 10 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका बारहखड़ी (को से हो तक)' तक स्पष्ट उच्चारण के साथ पढ़कर सुनाएं तत्पश्चात् विद्यार्थियों से दोहराव करवाएँ।

★ 'ओ' की मात्रा अक्षर के ऊपर लगती है।

★ उच्चारण करते समय होंठ गोलाकार होते हैं।

**हमारा शब्द भंडार** - (समय - 20 मिनट)

**सोना, रोना, बोलना, होता, सोच, भोजन, कोयल, टोकरा,**
**पोशाक, मोबाइल, ओझल, योजना, होगा, रोशनी, सहयोग,**
**आयोजन, रोजगार, प्रतियोगिता, बोलचाल, लोकतंत्र,**

★ शिक्षक / शिक्षिका इन शब्दों का स्पष्ट उच्चारण करें और विद्यार्थियों से दोहराव करवाएँ।

★ शिक्षक / शिक्षिका 'होगा' ( भविष्य काल), 'होता है' (वर्तमान), 'होता था'(भूतकाल) , शब्द पर काल की दृष्टि से चर्चा करें।

**जोड़ो–तोड़ो-** (समय- 05 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका निम्न शब्दों को श्यामपट्ट पर पहले तोड़कर और फिर जोड़कर लिखें। विद्यार्थी अपनी कार्य पुस्तिका में भी लिखें।

- सोमवार = _ + _ + _ + _ + _ + _
- रोजगार = _ + _ + _ + _ + _ + _
- ट + ो + प + ी = ________
- भ + ो + ज + न = ________
- ख + र + ग + ो + श = _________

**उदाहरण-**

- म + ो + ह + न = मोहन
- कटोरी = क + ट + ो + र + ी

**काल अभ्यास -** (समय- 05 मिनट)

★ कोष्ठक में दिए गए निर्देश के अनुसार वाक्य बदलकर लिखिए।

- गोपाल मोर को देख रहा था। (वर्तमान काल में बदलिए)
- उत्तर: ______________________________________________
- सोहन सब से सच बोलता है। (भविष्य काल में बदलिए)
- उत्तर: ______________________________________________
- जोकर को देखकर सब लोग खूब हँसेंगे। (भूतकाल में बदलिए)
- उत्तर: ______________________________________________

**गृहकार्य -**

★ दिए गए शब्दों को जोड़कर और तोड़कर लिखें: मोबाइल, रोजगार, प्रतियोगिता, भोजन, टोकरा।

**श्रुतलेख-** (समय 10 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका दिए गए शब्द भंडार में से किन्हीं दस शब्दों का श्रुतलेख करवाएँ।

**मूल्यांकन -**

★ शिक्षक / शिक्षिका श्यामपट्ट पर श्रुतलेख के शब्दों को लिखेंगे।

★ विद्यार्थी स्वयं अथवा आपस में एक-दूसरे की कार्य पुस्तिका जाँचेंगे तत्पश्चात् विद्यार्थी अपनी त्रुटियों का सुधार कार्य करेंगे।

# ‘ओ’ की ओढ़नी

**अधिगम संप्राप्ति-**

★ विद्यार्थी ‘ओ’ की मात्रा वाले शब्दों के शुद्ध उच्चारण और पहचान को समझते हैं।

★ विद्यार्थी ‘ओ’ की मात्रा वाले शब्द लिखते हैं।

★ विद्यार्थी वाक्यों में काल की पहचान करते हैं।

**आइए बातें करें - (**समय- 10 मिनट)

★ सर्वप्रथम शिक्षक / शिक्षिका पिछले दिवस के कार्य की पुनरावृत्ति करवाएँ।

**‘ओ’ की ध्वनि की पहचान**

★ शिक्षक / शिक्षिका वाक्य बोलें- “रोहित रोज स्कूल जाता है।”, “मोहन ने टोपी पहनी।”, “ सोहन कल बाजार से दो माला लाएगा” और पूछें की इन वाक्यों में ओ की मात्रा के कौन-कौन से शब्द हैं।सही उत्तर मिलने पर शिक्षक / शिक्षिका विद्यार्थी को शाबाशी दें।

**बारहखड़ी उच्चारण** - (समय - 10 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका बारहखड़ी ‘को’ से ‘हो’ तक स्पष्ट उच्चारण के साथ पढ़कर सुनाएँ तत्पश्चात् विद्यार्थियों से पुनरावृत्ति करवाएँ।

**हमारा शब्द भंडार -** (समय - 20 मिनट)

**मोबाइल, मोटरसाइकिल, टोपीवाला, बोलबाला, खोजबीन, रोजमर्रा, योगासन, योग्यता, मोमबत्ती, गोपाल, रोता, रोहित, बोतल, गोदाम, रोएगा, जोड़ना, तोड़ना, मोड़ना, समारोह, सहयोग**

★ शिक्षक / शिक्षिका दिए गए शब्दों का स्पष्ट उच्चारण करें और विद्यार्थियों से दोहराव करवाएँ।

★ शिक्षक / शिक्षिका ‘ रोएगा’ ( भविष्य काल), ‘रोता है’ (वर्तमान), ‘ रोता था’(भूतकाल) , पर काल की दृष्टि से चर्चा करें।

**ध्वनि पहचानिए -** (समय- 05 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका शब्द बोलें - मोती, रोशन , टोपी, केला, दोस्त, आम, यदि शब्द में ‘ओ’ की मात्रा हो तो विद्यार्थी हाथ उठाएँ।

**काल पहचानिए -**

★ शिक्षक / शिक्षिका  वाक्य बोलें और विद्‌यार्थी बताएँ कि कौन-सा काल है-

- रोहित खेल रहा है।,      रोहित खेल रहा था।,      रोहित खेलेगा।

**वाक्य पूरा कीजिए** (समय- 05 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका  अधूरे वाक्य लिखेंगे और विद्‌यार्थी 'ओ' की मात्रा वाले सही शब्द भरेंगे।

- मोहन ___ पहनता है। (टोपी / कुरता)
- हम प्रतिदिन ___ करते हैं। (योग / ध्यान)
- ___ में पानी भर दो। ( गिलास / बोतल)

**गृहकार्य-**

अपने घर या विद्यालय में सुनाई देने वाले 'ओ' की मात्रा वाले 10 शब्द लिखिए।

**श्रुतलेख-** (समय-10 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका  दिए गए शब्द भंडार में से किन्हीं दस शब्दों का श्रुतलेख करवाएँ।

**मूल्यांकन -**

★ शिक्षक / शिक्षिका  श्यामपट्ट पर श्रुतलेख के शब्दों को लिखेंगे।

★ विद्‌यार्थी स्वयं अथवा आपस में एक-दूसरे की कार्य पुस्तिका जाँचेंगे तत्पश्चात्  विद्‌यार्थी अपनी त्रुटियों का सुधार कार्य करेंगे।

# ‘औ’ की फौज

**अधिगम संप्राप्ति-**

- ★ विद्यार्थी ‘औ’ की मात्रा वाले शब्दों का शुद्ध उच्चारण करते हैं।
- ★ विद्यार्थी ‘औ’ की मात्रा की पहचान करते हैं।
- ★ विद्यार्थी पर्यायवाची शब्दों की अवधारणा से परिचित होते हैं।
- ★ विद्यार्थी निर्धारित शब्दों के पर्यायवाची लिखते हैं।

**आइए बातें करें-** (समय - 10 मिनट)

- ★ सर्वप्रथम शिक्षक / शिक्षिका पिछले दिवस के कार्य की पुनरावृति करवाएँ।

“मौसम और चौपाल”

- ★ शिक्षक / शिक्षिका विद्यार्थियों से पूछें -
- ‘आज मौसम कैसा है?’, ‘क्या आपने गाँव की चौपाल देखी है?’, ‘कौआ कहाँ बैठा है?’
- ★ अब शिक्षक / शिक्षिका विद्यार्थियों से पूछें ‘मौसम, चौपाल, कौआ’ इन शब्दों में कौन-सी ध्वनि सुनाई दे रही है?

**बारहखड़ी उच्चारण** - (समय - 10 मिनट)

- ★ शिक्षक / शिक्षिका बारहखड़ी (कौ से हौ तक)’ तक स्पष्ट उच्चारण के साथ पढ़कर सुनाएँ तत्पश्चात् विद्यार्थियों से दोहराव करवाएँ।
- ★ ‘औ’ की मात्रा अक्षर के ऊपर और बाद में लगती है तथा उच्चारण में मुँह अधिक खुलता है।

**हमारा शब्द भंडार**- (समय -20 मिनट)

**औरत, दौड़, चौक, चौपाल, नौका, मौसम, पौधा, मौका,**

**चौकी, चौकीदार, नौजवान, गौशाला, औजार, सौदा, कौशल,**

**दौलत, चौकन्ना, औषधि, सौभाग्य**

**पर्यायवाची शब्द**

- मौसम — ऋतु
- औरत — महिला
- दौलत — धन

★ शिक्षक / शिक्षिका शब्द भंडार के शब्दों का स्पष्ट उच्चारण करें और विद्यार्थियों से दोहराव करवाएँ।
★ शिक्षक / शिक्षिका पर्यायवाची शब्दों की अवधारणा पर चर्चा करें।

**जोड़ो-तोड़ो** - (समय - 05 मिनट)

★ शिक्षक / शिक्षिका निम्न शब्दों को श्यामपट्ट पर पहले तोड़कर और फिर जोड़कर लिखें। विद्यार्थी भी अपनी कार्य पुस्तिका में लिखें।

The teacher guides the students to complete the following activities.

**(a)Answer the questions on the basis of your understanding of the above passage:**

1.Where did the snake hide itself?

a. Under a rock
b. In a coconut shell
c. In a box
d. In the grass

2. Which insect stung the narrator?

a. Ant
b. Mosquito
c. Bee
d. Butterfly

3.What did the grandmother think had bitten the narrator?

a. A dog
b. A bee
c. A snake
d. A spider

**(b)What happened to the narrator later in the evening? Explain.**

**(c) How did the narrator react after being stung by the bee?**

**(d) Say whether the following statements are true/false:**

1. The narrator closed the mouth of the shell with stone.
2. There was a black mark on the narrator's finger.

# POST ASSESSMENT

## ENGLISH WORKSHEET

**Time: 60 Min.** **M.M.: 50**

**General Instructions:**

1. Read all questions carefully.
2. Write neatly and clearly.
3. Attempt all questions.

**Section A – Phonetic Sounds and Alphabet** **(8 marks)**

**Q1. Write two words for each phonetic sound.** **(4 Marks)**

a) A – __________ __________
b) E – __________ __________
c) P – __________ __________
d) U – __________ __________

**Q2. Identify all the vowels and consonants.** **(2 marks)**

a) SCHOOL → Vowels: __________ Consonants: __________
b) MARKET → Vowels: __________ Consonants: __________

**Q3. Write whether the following are blends or digraphs.** **(2 marks)**

a) sh → __________
b) bl → __________
c) ch → __________
d) tr → __________

**Section B – Vocabulary** **(10 marks)**

**Q4. Match the following on the basis of your understanding :** **(5 marks)**

| **Column A** | **Column B** |
|---|---|
| 1. Family | a. Teacher |
| 2. Classroom | b. Fruits |
| 3. Market | c. Mother |
| 4. Travel | d. Blackboard |
| 5. School | e. Journey |

**Q5. Fill in the blanks using suitable words.** **(5 Marks)**
**(native place, carefully, beautiful, quickly, friendly)**

1. My village is very __________.
2. Riya writes __________.
3. We should talk in a __________ manner.
4. Delhi is my __________.
5. The boy ran __________.

## Section C – Grammar (20 marks)

**Q6. Choose the correct 'WH'word.** **(4 marks)**

1) __________ is your best friend? (Who / What)
2) __________ do you live? (Where / When)
3) __________ are you crying? (Why / Which)
4) __________ is your birthday? (When / Who)

**Q7. Underline the adjective and circle the adverb.** **(4 marks)**

1) She is a clever girl.
2) Ravi runs fast.
3) It is a beautiful garden.
4) The baby slept peacefully.

**Q8. Fill in the blanks with suitable verbs-** **(4 marks)**

1) The boys __________ football every day. (Play)
2) My mother __________ food for us. (Cook)
3) Birds __________ in the sky.(Fly)
4) I __________ my homework regularly.(Complete)

**Q9. Write Singular or Plural-** **(2 marks)**

Children → __________

Mango→ __________

**Q10. Write the irregular forms-** **(2 marks)**

Man → __________

Tooth → __________

**Q11. Choose the correct verb-** **(4 marks)**

1) She ________ to school daily. (go/goes)
2) The boys ________ playing cricket. (is/are)
3) My father ________ a doctor. (is/are)
4) We ________ happy today. (am/are)

## Section D – Sentence and Composition (8 marks)

Q12. Rearrange the following words to make meaningful sentences. **(4 marks)**

- market / went / I / yesterday/to/the
- is / my / honest / friend/Teena

**Q13.** Write a short composition on **"My Native Place"** in 5–6 sentences. **(4 Marks)**

## Section E – Passage (4 marks)

**Read the passage carefully and answer the questions.**

Rita is a helpful girl. She lives in a small village with her family. Every morning, she goes to school on time. She loves reading books and helping her mother at home.

**Questions:**

1) Where does Rita live?
2) What does Rita love to do?
3) Is Rita helpful?
4) Write one adjective from the passage.

शिक्षा निदेशालय
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

# प्रबोधन

## ब्रिज कोर्स

NIOS परियोजना, शिक्षा निदेशालय

कक्षा – 10

विषय – संस्कृत (209)

*सीख के सेतु – उज्ज्वल भविष्य की ओर*



एक शैक्षिक सहयोग पहल:
NIOS परियोजना, शिक्षा निदेशालय,
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

# NIOS Project
# Directorate of Education
# Govt. of NCT, Delhi

**PRABHODHAN**

**Bridge Course**

**Class-X**

**Subject- Sanskrit (209)**

Under the Guidance of

**Dr. Dilraj Kaur**

Secretary (Education)

**Smt. Veditha Reddy**

Director (Education)

**Shri Vikas Kalia**

Addl. Director (Patrachar/NIOS Project)

**Coordinators**

**Dr. Davindera**

DDE (North)

**Dr. Savita Yadav**

OSD (NIOS Project)

**LIST OF SUBJECT EXPERTS**
**FOR PREPARATION & REVIEW OF BRIDGE COURSE**

Class- X
Subject- Sanskrit

**Content Preparation Team**

| Sl. No. | Name & Emp. ID. | Designation | School Name & ID |
|---|---|---|---|
| 1 | Dr. Savita Yadav (20000224) | Vice-Principal | OSD, NIOS Project |
| 2 | Ms. Babita Devi (2013283710) | TGT Sanskrit | GGSSS, No.1, Tilak Nagar (1514014) |
| 3 | Ms. Neelam Devi (2014022658) | TGT Sanskrit | GSKV, C-2, Yamuna Vihar (1104024) |
| 4 | Ms. Sukarma Kumari (2014188164) | TGT Sanskrit | Raja Ravi Verma SKV, B-Block, Nand Nagari (1106022) |

**Content Review Team**

| Sl. No. | Name & Emp. ID. | Designation | Branch/School Name & ID |
|---|---|---|---|
| 1 | Dr. Nidhi Vedaratna (20092231) | TGT Sanskrit | CAU, DoE |

**Content Vetting Team**

| Sl. No. | Name & Emp. ID. | Designation | School Name & ID |
|---|---|---|---|
| 1 | Ms. Manjula Sharma (19940602) | Principal | GGSSS, No.2, Shakti Nagar (1207038) |

**Supporting Team**

| Sl. No. | Name & Emp. ID. | Designation | Branch Name |
|---|---|---|---|
| 1 | Ms. Neha Chaudhary (20161480) **(Assistant Coordinator)** | TGT | NIOS Project, DoE |
| 2 | Mr. Ajeet Singh (20140185) **(Technical Assistant)** | Data Entry Operator | NIOS Project, DoE |

# विषय सूची


| क्रमांक | विषय | उपविषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| **1-** | **वर्ण माला एवं उच्चारण अभ्यास** | | **1-19** |
| | | (i) अ, आ + कवर्ग | 1-4 |
| | | (ii) इ, ई + चवर्ग | 5-7 |
| | | (iii) ऋ + टवर्ग | 8-10 |
| | | (iv) लृ + तवर्ग | 11-13 |
| | | (v) उ, ऊ, ओ, औ+पवर्ग एवं नासिक्य वर्ण | 14-16 |
| | | (vi) संयुक्त व्यंजन | 17-19 |
| **2-** | **शब्द निर्माण, पद विन्यास एवं व्याकरण** | | **20-38** |
| | | (i) गुणिताक्षराणि | 20-22 |
| | | (ii) संज्ञा एवं सर्वनाम | 23-25 |
| | | (iii) क्रिया | 26-28 |
| | | (iv) धातु रूप लट् एवं लृट् लकार | 29-33 |
| | | (v) धातु रूप लङ् लकार | 34-36 |
| | | (vi) साप्ताहिक पुनरावृत्ति | 37-38 |
| **3-** | **कारक, शब्दरूप एवं धातुरूप** | | **39-62** |
| | | (i) कारक विभक्ति एवं शब्दरूप (अकारांत पुल्लिंग) | 39-43 |
| | | (ii) कारक विभक्ति एवं शब्दरूप (आकारांत स्त्रीलिंग एवं नपुंसकलिंग) | 44-47 |
| | | (iii) पर्याय एवं विलोम शब्द | 48-51 |
| | | (iv) विशेषण एवं विशेष्य | 52-56 |
| | | (v) अव्यय शब्द | 57-60 |
| | | (vi) साप्ताहिक पुनरावृत्ति | 61-62 |
| **4-** | **प्रश्न निर्माण, वाक्य निर्माण एवं व्यवहारिक लेखन** | | **63-87** |
| | | (i) तत्, एतत्, किम् सर्वनाम शब्दरूप | 63-68 |
| | | (ii) प्रश्नवाचक शब्द एवं प्रश्न निर्माण | 69-71 |
| | | (iii) संख्यावाची शब्द एवं सरल वाक्य निर्माण | 72-75 |
| | | (iv) वाक्य निर्माण | 76-79 |
| | | (v) अनुच्छेद लेखन | 80-83 |
| | | (vi) साप्ताहिक पुनरावृत्ति | 84-84 |
| | | (vii) आकलन पत्रिका | 85-87 |

**दिवस – 1**

# अ, आ स्वर एवं कवर्ग

## अधिगम संप्राप्ति

- विद्यार्थी संस्कृत के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करते हैं तथा सेतु पाठ्यक्रम के उद्देश्य समझते हैं।
- अ एवं आ स्वर तथा कवर्ग के वर्णों की पहचान व शुद्ध उच्चारण करते हैं।
- सीखे गए वर्णों के आधार पर सरल वर्ण-संयोजन व विन्यास करते हैं।
- अ, आ एवं कवर्ग आधारित वर्णों के प्रति लेखन कौशल विकसित करते हैं।

## 1. अभिवादन एवं वार्तालाप

शिक्षक सरल भाषा में विद्यार्थियों से कहे –

बच्चों, आज से हम संस्कृत सीखने की एक नई यात्रा शुरू करने जा रहे हैं। यहाँ हम संस्कृत को एक कठिन विषय नहीं बल्कि बोलने, समझने और आनंद लेने वाली भाषा के रूप में सीखेंगे।"

शिक्षक विद्यार्थियों से निम्नलिखित प्रश्न पूछे –

- क्या आपको संस्कृत पढ़ते समय डर लगता है?
- क्या आपने कभी किसी मित्र से संस्कृत में बात करने का प्रयास किया है?

**विद्यार्थियों को खुलकर उत्तर देने दें। उनके उत्तर पर सही या गलत की टिप्पणी न करे।**

इसके पश्चात् शिक्षक सेतु पाठ्यक्रम का उद्देश्य साझा करते हुए कहे -

बच्चों, सामान्यतः हमें संस्कृत भाषा कठिन लगती है क्योंकि कई बार हमें वर्णों का सही ज्ञान नहीं होता, छोटे-छोटे वाक्य बोलने में संकोच होता है तथा बड़ी कक्षाओं में कारक, संधि, समास जैसे विषय एक साथ आने लगते हैं। इसी कारण यह सेतु पाठ्यक्रम तैयार किया गया है ताकि हम धीरे-धीरे अपनी आधारभूत समझ को मजबूत करे, प्रतिदिन थोड़ा-थोड़ा संस्कृत बोलें, खेल-खेल में सीखें और आत्मविश्वास विकसित करे कि 'अहं संस्कृतं पठितुं शक्नोमि।

सभी विद्यार्थियों से सामूहिक रूप से बुलवाए –

**संस्कृतं सरलम् अस्ति, अहं संस्कृतं पठितुं शक्नोमि।**

**नोट :**
पहले दिन शुद्धता पर अधिक बल न दे। विद्यार्थियों को संस्कृत शब्दावली के प्रयोग हेतु प्रोत्साहित करे।

**2. श्लोक गायन**

शिक्षक विद्यार्थियों को बताएं कि हम प्रत्येक सप्ताह अपनी कक्षा में किसी एक श्लोक का गायन करेगे जो आपके पाठ्यक्रम से ही चुना जाएगा परंतु आज हम महर्षि वाल्मीकि के एक प्रसिद्ध श्लोक का गायन करेगे जिसे संस्कृत भाषा का प्रथम काव्यात्मक श्लोक कहा जाता है -

**मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः।**
**यत्क्रौञ्चमिथुनादेकमवधीः काममोहितम्।।**

**शिक्षक हेतु निर्देश :**

1. शिक्षक श्लोक श्यामपट्ट पर लिखे।
2. पहले शुद्ध उच्चारण के साथ श्लोक पढ़े।
3. विद्यार्थी पंक्ति-दर-पंक्ति दोहराएं।
4. तत्पश्चात् श्लोक का अर्थ विद्यार्थियों को सरल भाषा में समझाए।

**अर्थ :**
हे निषाद (शिकारी)! तुम्हें अनन्त वर्षों तक प्रतिष्ठा प्राप्त न हो क्योंकि तुमने प्रेम में मग्न क्रौंच पक्षियों के जोड़े में से एक का वध किया है।

**3. आज की मुख्य विषय-वस्तु : अ, आ एवं कवर्ग**

**उच्चारण अभ्यास**

- शिक्षक विद्यार्थियों को अ एवं आ स्वर का शुद्ध उच्चारण कराए तथा मात्रा चिह्न से भी परिचित कराए।

**अ – छोटा उच्चारण**
**आ – थोड़ा खींचकर उच्चारण**

**उच्चारण स्थान – कण्ठ**

- शिक्षक विद्यार्थियों को शारीरिक हाव-भाव के साथ कण्ठ से ध्वनि निकलने का अनुभव भी कराए।

**कवर्ग परिचय- क्, ख्, ग्, घ्, ङ्**

**शिक्षक** समझाए –

- इन पाँच वर्णों को मिलाकर कवर्ग कहते हैं। प्रत्येक वर्ण **'अ'** स्वर की सहायता से ही पूर्ण होता है।
- स्वर अपने आप में पूर्ण होते हैं जबकि व्यंजन हमेशा स्वर के मेल से ही पूर्ण होते हैं।

**क् + अ = क**
**क् + आ = का**
**ख् + अ = ख**
**ख् + आ = खा**

- एक-एक वर्ण का स्पष्ट उच्चारण करे तथा विद्यार्थियों से भी उच्चारण कराए।

- प्रश्न पूछे –
  इन पाँच वर्णों के बोलने और अ, आ स्वर के बोलने की प्रक्रिया में क्या समानता है? ध्वनि मुख के किस भाग से बाहर आ रही है? छात्रों को उत्तर देने दे।
- तत्पश्चात शिक्षक बताए कि अ , आ तथा कवर्ग का उच्चारण स्थान **कण्ठ** है और छात्रों से भी उच्चरित कराए।

**4. अभ्यास कार्य**

**क. वर्ण पहचान**

बॉक्स में दिए गए वर्णों में से केवल कवर्ग के वर्णों पर ही गोला लगाएं –

क्, प्, स्, ग्, ल्, न्,

ख्, च्, घ्, द्, ड्, ञ्

**ख. वर्ण संयोजन**

**क् + अ =**
**ग् + आ =**
**ङ् + अ =**
**घ् + आ =**
**ख् + अ =**

**क् + अ + र् + अः =**
**ख् + अ + ग् + अः =**
**ग् + अ + ज् + अः =**

**ग. वर्ण विन्यास**

**ग =**
**खा =**
**का =**
**घ =**
**घटः =**
**गगनम् =**
**कमलम् =**
**काकः =**
**गानः =**

**5. संस्कृत शब्दावली उन्नयन**

आज से हमारी कक्षा का एक छोटा-सा नियम प्रारम्भ होगा कि हम धीरे-धीरे संस्कृत शब्दावली का प्रयोग करना प्रारम्भ करेगे। प्रारम्भ में त्रुटियाँ होना सामान्य बात है, लेकिन घबराने की आवश्यकता नहीं है। आज की शब्दावली अ,आ स्वर तथा क-वर्ग आधारित होगी।

शिक्षक निम्नलिखित शब्दों को श्यामपट्ट पर लिखे और विद्यार्थियों से भी कार्य पुस्तिका पर लिखने के लिए कहे -

| **संस्कृत शब्द** | **अर्थ** | **संस्कृत शब्द** | **अर्थ** |
|---|---|---|---|
| 1- गगनम् | आकाश | 6- ग्रामः | गाँव |
| 2- घटः | घड़ा | 7- आकारः | रूप |
| 3- काकः | कौआ | 8- कथं | कैसे |
| 4- खगः | पक्षी | 9- कः | कौन/किसने |
| 5- अज: | बकरा | 10- काल: | समय |

## 6. गृहकार्य

कक्षा में आज करवाए गए नए शब्दों का घर में मौखिक व लिखित दोहराव करें।

# इ, ई स्वर एवं चवर्ग

**अधिगम संप्राप्ति**

- विद्यार्थी 'इ, ई' स्वर एवं चवर्ग के वर्णों की पहचान व शुद्ध उच्चारण करते हैं।
- सीखे गए वर्णों के आधार पर सरल वर्ण संयोजन व वर्ण विन्यास करते हैं।
- इ, ई स्वर एवं चवर्ग पर आधारित वर्ण/शब्दों को सुनकर लिखते हैं।

**1. अभिवादन एवं वार्तालाप**

शिक्षक विद्यार्थियों का संस्कृत संवाद के प्रयोग का दैनिक अभ्यास कराते हुए कहे -

**शिक्षक** : सुप्रभातम्
**विद्यार्थी** : सुप्रभातम् महोदय! / महोदया!
**शिक्षक** : यूयं कथं स्थ?

**विद्यार्थियों से अपेक्षित उत्तर** : वयं कुशलाः स्मः।
अब शिक्षक विद्यार्थियों से पूछे –

- कल हमने कौन से वर्ण सीखे थे?
- कवर्ग का कौन-सा शब्द आपको सबसे अधिक याद रहा?

विद्यार्थियों को उत्तर देने का अवसर दे तथा उनके प्रयास की प्रशंसा करे।

**2. श्लोक गायन**

दैनिक श्लोक गायन परम्परा के निर्वहन हेतु शिक्षक श्यामपट्ट पर श्लोक लिखे –

**अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।**
**चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्यायशोबलम्॥**

**व्याख्या :**
बड़ों की सदैव सेवा तथा आदर-सम्मान करने वाले व्यक्तियों की आयु, विद्या, यश और बल — इन चारों में वृद्धि होती है। अपने से बड़ों की सेवा करने से हमें उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है, जिससे हमारी उन्नति होती है।

**(नोट**:- शिक्षक इस श्लोक की विस्तृत जानकारी दे सकता है)

**3. मुख्य विषय-वस्तु ( इ, ई स्वर एवं चवर्ग)**

शिक्षक विद्यार्थियों को 'इ' एवं 'ई' स्वर का शुद्ध उच्चारण कराए।

- इ → छोटा उच्चारण
- ई → थोड़ा खींचकर उच्चारण

उच्चारण करते समय विद्यार्थियों को जीभ की स्थिति पर ध्यान दिलाए।

**चवर्ग परिचय**

च्, छ्, ज्, झ्, ञ्

**शिक्षक समझाए –**

इन पाँच वर्णों को मिलाकर चवर्ग कहते हैं।
प्रत्येक वर्ण **'अ'** स्वर की सहायता से पूर्ण होता है।
उदाहरण –

- च् + अ = च
- छ् + अ = छ
- ज् + अ = ज
- झ् + अ = झ
- ञ्+ अ = ञ

अब शिक्षक एक-एक वर्ण का स्पष्ट उच्चारण करे तथा विद्यार्थियों को भी दोहराने के लिए कहे ।

• शिक्षक श्यामपट्ट पर इ, ई और चवर्ग के वर्णों का उच्चारण व अभ्यास कराए।

• शिक्षक विद्यार्थियों से कहे कि इ, ई स्वर एवं चवर्ग के वर्णों का उच्चारण करने पर आपकी जिह्वा मुख के किस भाग को छू रही है।

• शिक्षक कुछ विद्यार्थियों से उत्तर ले तथा विद्यार्थियों को संकेतों के माध्यम से दर्शाये। ऐसी स्थिति में उन्हें दिखाए कि जीभ जिस स्थान को छू रही है, उसे तालु कहते हैं।

**गतिविधि (चवर्ग से शब्द)**

शिक्षक विद्यार्थियों को चवर्ग के वर्ण श्यामपट्ट पर लिखने हेतु कहे।

फिर एक साथ तथा व्यक्तिगत रूप से उच्चारण करवाए।

उदाहरण –

- च – चक्र:
- छ – छात्रः
- ज – जगत्
- झ – झषः

उच्चारण करते समय बच्चों से मुख की स्थिति पर ध्यान दिलवाए।

**4) अभ्यास कार्य**

**१. वर्ण पहचान-** दिए गए वर्णों में से केवल चवर्ग के वर्णों पर ही गोला लगाए –

च्, ट्, ज्, प्, झ्, न्,

छ्, द्, ञ्, ग्, क्, थ्

## २. वर्ण संयोजन

- च् + अ =
- ज् + अ =
- छ् + इ =
- झ् + ई =
- च् + अ + ष् + अ + क् + अः =
- ज् + अ + न् + अ + क् + अः =

## ३. वर्ण विन्यास

- च = —-----------------
- जी = —-----------------
- झ = —-----------------
- जगत् = —-----------------
- जीवनम् = —-----------------
- चित्रम् = —------------------

**श्रुतलेख**-शिक्षक कक्षा में पिछले दिन की संस्कृत शब्दावली उन्नयन के शब्दों का श्रुतलेख विद्यार्थियों को कराये और उन्हें एक दूसरे की कॉपी जांचने के लिए कहे। पूरी कक्षा में से कुछ कॉपी स्वयं भी चेक करे।

## 5. संस्कृत शब्दावली उन्नयन

आज की शब्दावली इ, ई स्वर एवं चवर्ग आधारित होगी। शिक्षक निम्नलिखित शब्दों को श्यामपट्ट पर लिखे और विद्यार्थियों से भी कार्य पुस्तिका पर लिखने के लिए कहे -

| **संस्कृत शब्द** | **अर्थ** | **संस्कृत शब्द** | **अर्थ** |
|---|---|---|---|
| 1- चटका | चिड़िया | 6- छात्रः | विद्यार्थी |
| 2- चन्द्रः | चाँद | 7- छत्रम् | छाता |
| 3- चक्रम् | पहिया | 8- चक्षुः | आँख |
| 4- चित्रम् | चित्र | 9- चपल | चंचल |
| 5- जनकः | पिता | 10- जलम् | पानी |

## 6. गृहकार्य

कक्षा में आज करवाए गए नए शब्दों का घर में मौखिक व लिखित दोहराव करें।

# ऋ, ॠ स्वर एवं टवर्ग

**अधिगम संप्राप्ति**

- विद्यार्थी ऋ, ॠ एवं टवर्ग के वर्णों की पहचान व शुद्ध उच्चारण करते हैं।
- सीखे हुए वर्णों के आधार पर सरल वर्ण संयोजन व वर्ण विन्यास करते हैं।
- विद्यार्थी ऋ, ॠ एवं टवर्ग के वर्णों से शब्द बनाते हैं।

**1. अभिवादन / वार्तालाप-**

शिक्षक विद्यार्थियों को संस्कृत संवाद के प्रयोग का दैनिक अभ्यास कराते हुए कहे –

**शिक्षक :** सुप्रभातम्
**विद्यार्थी :** सुप्रभातम् महोदय! / महोदया!
**शिक्षक :** यूयं कथं स्थ?
**विद्यार्थियों से अपेक्षित उत्तर :** वयं कुशलाः स्मः।

शिक्षक- कल हमने इ, ई और चवर्ग पढ़ा था। आज हम ऋ, ॠ एवं टवर्ग के बारे में जानेंगे।

**2. श्लोक गायन**

दैनिक श्लोक गायन परम्परा के निर्वहन हेतु शिक्षक श्लोक को श्यामपट्ट पर लिखे-

**अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।**
**चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्यायशोबलम्॥**

**शिक्षक हेतु निर्देश :**

- किन्हीं दो विद्यार्थियों को श्लोक उच्चारण करने हेतु आमंत्रित करे।
- अन्य विद्यार्थी पंक्ति-दर-पंक्ति दोहराएं।
- शुद्ध उच्चारण पर बल दे।

**3. मुख्य विषय-वस्तु (ऋ, ॠ स्वर एवं टवर्ग)**

शिक्षक छात्रों से सामान्य बातचीत करते हुए कहे- बच्चो! पिछले पाठ में हमने कवर्ग और चवर्ग के वर्णों का उच्चारण सीखा था।

हमने यह भी देखा था कि हर वर्ण का बोलने का एक विशेष स्थान होता है।

अब हम आगे बढ़ते हुए टवर्ग के वर्ण सीखेंगे।

इन वर्णों का उच्चारण जीभ को मोड़कर किया जाता है, इसलिए इन्हें बोलते समय विशेष ध्यान देना पड़ता है। साथ ही आज हम 'ऋ' और 'ॠ' स्वरों को भी सीखेंगे, जिनका प्रयोग संस्कृत के अनेक शब्दों में होता है।

जैसे — ऋषि, ऋतु, कृतम् आदि।

अब हम देखेंगे कि इन वर्णों और स्वरों का सही उच्चारण कैसे किया जाता है।

- शिक्षक श्यामपट्ट पर ऋ, ॠ एवं टवर्ग लिखकर उनकी मात्रा का चिह्न एवं मुख की स्थिति दिखाकर स्पष्ट उच्चारण करवाए।
- शिक्षक श्यामपट्ट पर ऋ = ृ, ॠ = ॄ का चिह्न बताए।
- शिक्षक विद्यार्थियों को ऋ, ॠ स्वर एवं टवर्ग का उच्चारण स्थान मूर्धा है यह बताए।

**गतिविधि – शब्द बनाओ**

शिक्षक विद्यार्थियों को दो समूहों में बाँट दे।

**समूह 1 :**

टवर्ग के वर्णों से शब्द बनाएगा।

**उदाहरण :-**

ट → टङ्कणम्
ठ → ठवः
ड → डमरुः
ढ → ढोलः

**समूह 2 :**

ऋ, ॠ स्वर वाले शब्द बोलेगा।

**उदाहरण** –

ऋषिः
ऋतुः
ऋतम्
ॠकारः

2. सही शब्द बनने पर शिक्षक छात्रों को शाबाशी दे जिससे उनको प्रोत्साहन मिले।
3. शिक्षक इसी प्रकार दोनों समूहों की गतिविधि को आगे बढाते हुए यह सुनिश्चित करे कि पूरी कक्षा की सहभागिता हो।

**4. अभ्यास कार्य :-**

**क. वर्ण संयोजन**

ट् + अ =
ठ् + अ =
ठ् + अ + ग् + अः =
ॠ + त्+ उः =
ॠ + च्+ आ =

**ख. वर्ण विन्यास**

ड =
ढ =
डमरुः =
ढक्कः =
ऋतम् =
ऋग्वेदः =

**श्रुतलेख :-** शिक्षक कक्षा में पिछले दिन की संस्कृत शब्दावली उन्नयन के शब्दों का श्रुतलेख विद्यार्थियों को कराये और उन्हें एक दूसरे की कॉपी जांचने के लिए कहे। पूरी कक्षा में से कुछ कॉपी स्वयं भी चेक करे।

**5. संस्कृत शब्दावली उन्नयन**

आज की शब्दावली टवर्ग एवं ऋ, ॠ स्वरों पर आधारित होगी। शिक्षक निम्नलिखित शब्दों को श्यामपट्ट पर लिखे और विद्यार्थियों से भी कार्य पुस्तिका पर लिखने के लिए कहे -

| **संस्कृत शब्द** | **अर्थ** | **संस्कृत शब्द** | **अर्थ** |
|---|---|---|---|
| टिण्डिशः | टिण्डा | ऋजुः | सीधा/सरल |
| ढोलः | ढोल | ऋद्धिः | समृद्धि |
| डमरुः | डमरु | ऋग्वेदः | ऋग्वेद |
| ऋतम् | सत्य | ऋषिः | मुनि |

**6. गृहकार्य**

कक्षा में आज करवाए गए नए शब्दों का घर में मौखिक व लिखित दोहराव करें।

**दिवस-4**

# लृ स्वर एवं तवर्ग

**अधिगम संप्राप्ति**

- विद्यार्थी तवर्ग के वर्णों एवं लृ स्वर की पहचान व शुद्ध उच्चारण करते हैं।
- सीखे गए वर्णों के आधार पर सरल वर्ण संयोजन व विन्यास करते हैं।
- तवर्ग और लृ आधारित वर्णों/शब्दों को सुनकर लिखते हैं।

**1. अभिवादन एवं वार्तालाप**

शिक्षक विद्यार्थियों को संस्कृत शब्दावली के प्रयोग का दैनिक अभ्यास कराते हुए कहे -

शिक्षक : सुप्रभातम्
विद्यार्थी : सुप्रभातम् महोदय! / महोदया!
शिक्षक : यूयं कथं स्थ?
विद्यार्थियों से अपेक्षित उत्तर : वयं कुशलाः स्मः।

**2. श्लोक गायन**

दैनिक श्लोक गायन परम्परा के निर्वहन हेतु शिक्षक श्लोक को श्यामपट्ट पर लिखे-

**अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।**

**चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्यायशोबलम्॥**

**शिक्षक हेतु निर्देश :**

1. किन्हीं दो विद्यार्थियों को श्लोक उच्चारण करने हेतु आमंत्रित करे।
2. अन्य विद्यार्थी पंक्ति-दर-पंक्ति दोहराएं।
3. शुद्ध उच्चारण पर बल दें।

**3. मुख्य विषय-वस्तु (लृ स्वर एवं तवर्ग)**

शिक्षक विद्यार्थियों से पूछे-

- कल हमारी मुलाकात किस वर्ण के परिवार से हुई थी?
- इस परिवार का कौन-सा सदस्य घर जाकर आपको सबसे ज्यादा याद आया?

(5-6 विद्यार्थियों से उत्तर ले। ध्यान दें कि बातचीत में गलत उत्तर देने पर भी विद्यार्थियों को उनकी बोलने की पहल करने जैसे पक्षों पर शाबाशी दे)

शिक्षक विद्यार्थियों को एक फ्लैश कार्ड, जिस पर तवर्ण अंकित हो दिखाते हुए कहे कि आज हम एक नए व्यंजन परिवार/वर्ग से मिलने जा रहे हैं।

- क्या आपने तवर्ग के बारे में पहले सुना है?
- क्या इस तवर्ग के अन्य सदस्यों को आप जानते हैं?

4-5 विद्यार्थियों को उत्तर देने का अवसर दे।

- शिक्षक श्यामपट्ट पर निम्नलिखित वर्ण लिखकर उच्चारण का अभ्यास कराए -

  **त्, थ्, द्, ध्, न्**

  **और इन सभी वर्णों में 'अ' स्वर जोड़ने पर**

  **त, थ, द, ध, न**

- अब विद्यार्थियों से कहे कि वे इस बात पर ध्यान दें कि ये वर्ण उच्चारण करते समय आपकी जिह्वा मुख के किस भाग को छू रही है? कुछ विद्यार्थियों से उत्तर ले। सम्भवतः विद्यार्थी दाँत शब्द कह कर या दाँतों की ओर संकेत करके उत्तर देंगे।
- अब शिक्षक श्यामपट्ट पर 'लृ' लिखे और विद्यार्थियों को बताए कि लृ स्वर की खास बात यह है कि **यह स्वर केवल संस्कृत भाषा में है और यह भी दंत से उच्चरित होता है।** शिक्षक विद्यार्थियों को 'लृ' स्वर के शुद्ध उच्चारण का अभ्यास कराए।

## गतिविधि (रैपिड ताली)

शिक्षक विद्यार्थियों को निर्देश दे कि -

- कुछ वर्ण बोले जायेंगे। ( उदाहरण- क, ढ, न, ह, स, ख, ग, त, च, ध, ज, थ)
- उन वर्णों में जब कोई तवर्ग का वर्ण उन्हें सुनाई दे तो वे तुरन्त ताली बजाएं।

**नोट:-** शिक्षक तीव्र गति से वर्ण बोलेंगे जिससे विद्यार्थियों को रोमांच का अनुभव हो। साथ ही वे विद्यार्थियों की तालियों का बारीकी से अवलोकन करे ताकि कमजोर विद्यार्थियों को पहचानने में सहायता मिल सके।

### 4. अभ्यास कार्य

### क. रिक्त स्थान (श्यामपट्ट कार्य)

शिक्षक प्रत्येक पंक्ति की पूर्ति हेतु 4-5 विद्यार्थियों (विशेषकर रैपिड ताली राउंड में पहचाने गए कमजोर विद्यार्थियों) को आमंत्रित करे -

- __ थ __ ध __
- त __ __ ध न
- त थ __ __ न
- __ __ द __ __

### ख. वर्ण संयोजन

त् + अ =
थ् + अ =
त् + अ + प् + अः =
त् + अ + र् + उः =
द् + अ =
त् + इ + ल् + अः =
त् + आ + र् + आ =

**ग. वर्ण विन्यास**

तीरः =
दीपः =
द = __ + __
ध = __ + __
न = __ + __
थालः =
लृकार =
नदी =

**घ. श्रुतलेख**

शिक्षक कक्षा में पिछले दिन की संस्कृत शब्दावली उन्नयन के शब्दों का श्रुतलेख विद्यार्थियों को कराये और उन्हें एक दूसरे की कॉपी जांचने को कहे। पूरी कक्षा में से कुछ कॉपी स्वयं भी चेक करे।

**5. संस्कृत शब्दावली उन्नयन**

आज की शब्दावली तवर्ग आधारित होगी। शिक्षक निम्नलिखित शब्दों को श्यामपट्ट पर लिखे और विद्यार्थियों से भी कार्य पुस्तिका पर लिखने के लिए कहे -

| संस्कृत शब्द | अर्थ | संस्कृत शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| 1- तरुः | वृक्ष | 6- दन्तः | दाँत |
| 2- धनम् | धन | 7- नदी | नदी |
| 3- तनुः | शरीर | 8- निद्रा | नींद |
| 4- दीपदानम् | दीप अर्पण | 9- नमः | प्रणाम |
| 5- दयालुः | दयालु | 10- धरा | पृथ्वी |

**6. गृहकार्य**

कक्षा में आज करवाए गए नए शब्दों का घर में मौखिक व लिखित दोहराव करें।

# उ, ऊ, ओ, औ एवं पवर्ग एवं नासिक्य वर्ण

## अधिगम संप्राप्ति

- विद्यार्थी उ, ऊ, ओ, औ स्वरो और पवर्ग तक के व्यंजनो की विशिष्ट ध्वनि को सुनकर पहचान करते हैं।
- सीखे गए वर्णो के आधार पर सरल वर्ण संयोजन व विन्यास करते हैं।
- विद्यार्थी नासिक्य वर्णो (ङ्, ञ्, ण्, न्, म्) की पहचान करते हुए पंचमाक्षर वाले शब्दों के सही लेखन और उच्चारण को सीखते हैं।

### 1. अभिवादन एवं वार्तालाप

शिक्षक विद्यार्थियों को संस्कृत संवाद के प्रयोग का दैनिक अभ्यास कराते हुए कहे -

शिक्षक : सुप्रभातम्
विद्यार्थी : सुप्रभातम् महोदय! / महोदया!
शिक्षक : यूयं कथं स्थ?
विद्यार्थियों से अपेक्षित उत्तर : वयं कुशलाः स्मः।

- शिक्षक पिछले दिन के स्वर व्यंजनों की पुनरावृत्ति करवाते हुए छात्रों के पूर्वज्ञान को पूछे। जैसे-तवर्ग से आप कुछ नए शब्द बताइये। अपने आसपास देखो और बताओ।
- छात्रों की प्रतिक्रिया मिलने पर शिक्षक उनमें सुधार करे या प्रोत्साहित करते हुए चर्चा को आगे बढ़ाएं।

### 2. श्लोक गायन

दैनिक श्लोक गायन परम्परा के निर्वहन हेतु शिक्षक श्लोक को श्यामपट्ट पर लिखे-

**अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।**
**चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्यायशोबलम्॥**

### शिक्षक हेतु निर्देश :

1. किन्हीं दो विद्यार्थियों को श्लोक उच्चारण करने हेतु आमंत्रित करे।
2. अन्य विद्यार्थी पंक्ति-दर-पंक्ति दोहराएं।
3. शुद्ध उच्चारण पर बल दे।

### 3. मुख्य विषयवस्तु (उ, ऊ, ओ, औ, पवर्ग एवं नासिक्य वर्ण)

शिक्षक- बच्चों, पिछले दिनों हमने कुछ स्वर और व्यंजन सीखे थे।
आज हम उन्हीं को आगे बढ़ाते हुए नए स्वर — उ, ऊ, ओ, औ तथा प-वर्ग और नासिक्य वर्ण सीखेंगे।
अर्थात् जो ज्ञान हमने पहले सीखा है, आज उसी में कुछ नए वर्ण जोड़ेंगे।
शिक्षक श्यामपट्ट पर वर्ण लिखकर उनकी मात्रा एवं मुख की स्थिति दिखाकर स्पष्ट उच्चारण करवाए।

- **ओष्ठ्य वर्ण- स्वर** - उ,ऊ,ओ,औ
  **व्यंजन** - प् फ् ब् भ् न्
- **नासिक्य वर्ण -** ङ् ,ञ् ,ण् ,न् ,म्

शिक्षक छात्रों से बोल-बोल कर अभ्यास करवाएं और उन्हें बताएं कि पवर्ग उच्चारित करते समय होंठ मिल रहे हैं। किन्तु उ,ऊ,ओ,औ में होठों की आकृति गोलाकार बन रही है। साथ ही साथ स्पष्ट करे कि-
अ + उ = ओ
अ + ऊ = औ
कण्ठ + ओष्ठ = कण्ठोष्ठ

**शिक्षक छात्रों को बताएं:-** बच्चों! क्, च्, ट्, त् और प् वर्ग का पाँचवाँ वर्ण नासिक्य वर्ण कहलाता है — ङ, ञ, ण, न, म।
इन्हें बोलते समय ध्वनि मुख और नाक से निकलती है।
आप हाथ नाक पर रखकर बोलिए — 'म, न' — आपको हल्की झनझनाहट महसूस होगी।
अगर हम नाक का प्रयोग न करे, तो इन वर्णों की ध्वनि साफ़ सुनाई नहीं देती है।

**वर्ण विन्यास**

उष्ट्र: - उ + ष् + ट् + र् + अ:
उदकम् - उ + द् + अ + क् + अ + म्
ऊनम् - ऊ + न् + अ + म्
ओदनम् - ओ + द् + अ + न् + अ + म्
औचित्यम् - औ + च् + इ + त् + य् + अ + म्

**गतिविधि**

शिक्षक सभी वर्ण बोले और छात्र दोहराएं—
उ – ऊ – ओ – औ
प्– फ्– ब् – भ् – म्

फिर शिक्षक पूछे— उ से कौन-सा शब्द निर्माण होता है ?
प से कौन-सा शब्द निर्माण होता है ? आदि
छात्र अपने आसपास से या अपने घर में से किसी का नाम या किसी वस्तुओं का नाम उ से या पवर्ग के अक्षरों से बनता हो तो वह कक्षा में बताएंगे। छात्रों को उत्तर देने दे।

**समूह गतिविधि**

**शिक्षक-** कक्षा को 2 समूहों में बाँट दें। और श्यामपट्ट पर बीच में एक लाइन खींच कर दो भाग बना ले। समूह 1 और दूसरी तरफ समूह 2,
**समूह 1**

उ, ऊ, ओ, औ वाले शब्द बोलेगा।

**समूह 2**

पवर्ग वाले शब्द बोलेगा।
जो समूह अधिक सही शब्द बोलेगा वह विजेता घोषित किया जाएगा।

**4. अभ्यास कार्य**

**१. वर्ण विच्छेद**

उलूकः →
उदधिः →
पालकः →
भारतम् →

**२. वर्ण संयोजन**

प् + अ + व् + अ+ न् + अ:→ _____
फ् + अ + ल् + अ + म् → ______
भ् + अ + व् + अ + न् + अ + म् → _____
प् + उ + स् + त् + अ + क् + अ + म् → _____

**श्रुतलेख-** शिक्षक कक्षा में पिछले दिन की संस्कृत शब्दावली उन्नयन के शब्दों का श्रुतलेख विद्यार्थियों को  कराये और उन्हें एक दूसरे की कॉपी जांचने के लिए कहे। पूरी कक्षा में से कुछ कॉपी स्वयं भी चेक करे।

**5. संस्कृत शब्दावली उन्नयन**

- आज की शब्दावली उ, ऊ, ओ, औ तथा प- वर्ग आधारित होगी। शिक्षक निम्नलिखित शब्दों को श्यामपट्ट पर लिखे और विद्यार्थियों से भी कार्य पुस्तिका पर लिखने के लिए कहे -

| **संस्कृत शब्द** | **अर्थ** | **संस्कृत शब्द** | **अर्थ** |
|---|---|---|---|
| 1- पुष्पः | फूल | 6- भवति | होता है |
| 2- भार्या | पत्नी | 7- परा | श्रेष्ठ |
| 3- उच्चतम् | ऊंचा | 8- मित्रम् | मित्र |
| 4- पदाति | पैदल | 9- भटानां | योद्धा |
| 5- मलिन | मैला | 10- उभयत: | दोनों ओर |

**6. गृहकार्य**

कक्षा में आज करवाए गए नए शब्दों का घर में मौखिक व लिखित दोहराव करें।

# संयुक्त व्यंजन

**अधिगम संप्राप्ति**

- विद्यार्थी संयुक्त व्यंजनों (क्ष, त्र, ज्ञ, श्र) की पहचान करते हैं।
- विद्यार्थी संयुक्त व्यंजनों को जोड़कर (क् + ष + अ) सही उच्चारण करते हैं।
- सीखे गए वर्णों के आधार पर विद्यार्थी वर्ण-विन्यास करते हैं।

### 1. अभिवादन एवं वार्तालाप

शिक्षक विद्यार्थियों को संस्कृत संवाद के प्रयोग का दैनिक अभ्यास कराते हुए कहे -

शिक्षक : सुप्रभातम्
विद्यार्थी : सुप्रभातम् महोदय! / महोदया!
शिक्षक : यूयं कथं स्थ?
विद्यार्थियों से अपेक्षित उत्तर : वयं कुशलाः स्मः।

- शिक्षक पिछले दिन के स्वर व्यंजनों की पुनरावृत्ति करवाते हुए छात्रों के पूर्वज्ञान को पूछे।
- छात्रों की प्रतिक्रिया मिलने पर शिक्षक उनमे सुधार करे और प्रोत्साहित करे

### 2. श्लोक गायन

दैनिक श्लोक गायन परम्परा के निर्वहन हेतु शिक्षक श्लोक को श्यामपट्ट पर लिखे-

**अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।**
**चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्यायशोबलम्॥**

**शिक्षक हेतु निर्देश :**

1. किन्हीं दो विद्यार्थियों को श्लोक उच्चारण करने हेतु आमंत्रित करे।
2. अन्य विद्यार्थी पंक्ति-दर-पंक्ति दोहराएं।
3. शुद्ध उच्चारण पर बल दे।

### 3. मुख्य विषयवस्तु

- शिक्षक छात्रों से सामान्य बातचीत करते हुए कहे:-

बच्चों, पिछले कुछ दिनों में हमने संस्कृत के स्वर और व्यंजन सीखे हैं अब आप अक्षरों को पहचान भी लेते हैं और बोल भी लेते हैं। लेकिन क्या आपने ध्यान दिया है कि कुछ वर्णों में दो या तीन वर्ण मिलकर एक नया वर्ण बना देते हैं ?
जैसे — क्ष, त्र, ज्ञ एवं श्र।

आज हम ऐसे ही **'संयुक्त व्यंजन'** सीखेंगे। ये तब बनते हैं जब दो व्यंजन और एक स्वर आपस में मिलते हैं, जो कि आप जानते ही हैं कि कोई भी व्यंजन बिना स्वर के अधूरा है जैसे क्+ष्+अ = क्ष

आपने 'क्षत्रिय', 'ज्ञान', 'श्रम' जैसे शब्द जरूर सुने होंगे। आज हम जानेंगे कि इनमें कौन-कौन से संयुक्त व्यंजन छिपे हैं और इन्हें सही तरीके से कैसे पढ़ा और लिखा जाता है।

शिक्षक श्यामपट्ट पर संयुक्त व्यंजन लिखकर उच्चारण का अभ्यास कराए –

क्ष = क् + ष् + अ　　　　श्र = श् + र् + अ
त्र = त् + र् + अ　　　　ज्ञ = ज् + ञ् + अ

अब शिक्षक सरल लय के साथ बोले-
'क्ष' से क्षमा सीखें हम,
'त्र' से त्रिशूल जाने हम,
'ज्ञ' से ज्ञान बढ़ाएं हम।

**वर्ण विन्यास →**
कक्षा – क् + अ + क् + ष् + आ
मित्र – म् + इ + त् + र् + अ
वाणी – व् + आ + ण् + ई
श्रम – श् + र् + अ + म् + अ
त्रिशाला – त् + र् + इ + श् + आ + ल् + आ

बच्चों! अभी हमने संयुक्त व्यंजनों के बारे में जाना, जहाँ दो व्यंजन मिलकर एक नया रूप बनाते हैं। अब हम व्यंजनों के कुछ और विशेष समूहों को जानेंगे। कुछ वर्ण ऐसे होते हैं जिनका उच्चारण बहुत सहज होता है, इन्हे उच्चरित करते समय वायु थोड़े अवरोध के साथ सरलता से बाहर निकलती है। जैसे — य, र, ल, व। इन्हें **'अन्तःस्थ वर्ण'** कहते हैं।

कुछ वर्ण बोलते समय हमारे मुख से अधिक हवा या ऊष्मा निकलती है, जैसे — श, ष, स, ह। इन्हें **'ऊष्म वर्ण'** कहते हैं।
और कुछ वर्ण स्वर और व्यंजन में नहीं आते उन्हें अयोगवाह कहते हैं। यह भी दो प्रकार के होते हैं।

**अनुस्वार — (ं)**
**विसर्ग — (ः)**

आइए अब खेल-खेल में पहचानते हैं कि कौन-से वर्ण अन्तःस्थ हैं और कौन-से ऊष्म?

**गतिविधि —वर्ण पहचानो और सही जगह जाओ**

- शिक्षक श्यामपट्ट के बीच में एक गोला बनाए। और उसमें मिश्रित करके तीनों प्रकार के वर्णों को लिखे।
- गोले के तीनों ओर तीन डब्बे बनाए और उनको अन्तःस्थ वर्ण,ऊष्म वर्ण और संयुक्त व्यंजन की संज्ञा दे।
- तत्पश्चात कक्षा में से अलग-अलग छात्रों को बुलाकर एक व्यंजन को उसके सही डिब्बे में लिखने को कहे।
- छात्र द्वारा सही कार्य करने पर कक्षा में ताली बजवाए तथा गलत होने पर किसी दूसरे छात्र से उसमें सुधार करवाए और इसी प्रकार गतिविधि को आगे बढ़ाए।
- इस गतिविधि से सभी छात्र सतर्क भी रहेंगे कि किसी का भी नाम बोला जा सकता है और अगर किसी का गलत हुआ तो वह उत्सुक होकर सुधार करने के लिए आएगा।

**4. अभ्यास कार्य**

**१. स्वर और व्यंजन को अलग-अलग लिखिए —**

ए , च् , ऋ , उ, ह् , थ् , इ , ड् , भ् , ऐ , व् , अ , क्ष् , ज्ञ् , ई, श्र् , आ , क् , च् , अ , ग् , य् , ऊ

| **स्वर** | **व्यञ्जन** |
|---|---|
| — | — |
| — | — |
| — | — |

**२. वर्ण विच्छेद**

| | |
|---|---|
| विज्ञान = | पत्रिका = |
| विद्यालय = | क्षमता = |
| श्रुति = | |

**श्रुतलेख :** शिक्षक कक्षा में पिछले दिन की संस्कृत शब्दावली उन्नयन के शब्दों का श्रुतलेख विद्यार्थियों को कराए और उन्हें एक दूसरे की कॉपी जांचने के लिए कहे। पूरी कक्षा में से कुछ कॉपी स्वयं भी चेक करे।

**5. संस्कृत शब्दावली उन्नयन**

आज की शब्दावली संयुक्त व्यंजन, अन्त:स्थ और ऊष्म वर्णों पर आधारित होगी। शिक्षक निम्नलिखित शब्दों को श्यामपट्ट पर लिखे और विद्यार्थियों से भी कार्य पुस्तिका पर लिखने के लिए कहे -

| **संस्कृत शब्द** | **अर्थ** | **संस्कृत शब्द** | **अर्थ** |
|---|---|---|---|
| 1- कर्षति | हल चलाता है | 6- *शृगालः* | सियार |
| 2- पक्षी | पक्षी | 7- चक्षु: | आँख |
| 3- अन्यत्र | दूसरी जगह | 8- पाषाणः | पत्थर |
| 4- लक्षणम् | लक्षण | 9- सर्वत्र | सब जगह |
| 5- शिक्षक: | शिक्षक | 10- छात्रः | छात्र |

**6. गृहकार्य**

कक्षा में आज करवाए गए नए शब्दों का घर में मौखिक व लिखित दोहराव करें।

# गुणिताक्षराणि

**अधिगम संप्राप्ति**

- विद्यार्थी समझते हैं कि व्यंजन बिना स्वर के अधूरे (हलन्त युक्त) होते हैं।
- छात्र विभिन्न मात्राओं के सही उच्चारण और उनके लिखित रूप की पहचान करते हैं।
- सीखे गए गुणिताक्षरों के आधार पर छात्र सरल शब्दों का निर्माण करते हैं ।

### 1. अभिवादन / वार्तालाप

शिक्षक विद्यार्थियों का संस्कृत संवाद के प्रयोग का दैनिक अभ्यास कराते हुए कहे -
शिक्षक : सुप्रभातम्
विद्यार्थी : सुप्रभातम् महोदय! / महोदया!
शिक्षक : यूयं कथं स्थ?
विद्यार्थियों से अपेक्षित उत्तर : वयं कुशलाः स्मः।

(**नोट:-** शिक्षक विगत सप्ताह के संवाद को आगे बढ़ाते हुए विद्यार्थियों से पूछे)

शिक्षक - यूयं कथं अनुभवं कुरुथ ?
अर्थात्
आप कैसा महसूस कर रहे हैं ?

अब विद्यार्थियों को बताएं यदि आप अच्छा महसूस कर रहे हैं तो कहे- **महोदय! / महोदया! शोभनम्**
यदि आप उत्सुक है तो कहे - **महोदय! / महोदया! उत्सुका: स्म:।**
छात्रों की प्रतिक्रिया मिलने पर उनमें सुधार करे और चर्चा को आगे बढ़ाएं।

### 2. श्लोक गायन

दैनिक श्लोक गायन परम्परा के निर्वहन हेतु शिक्षक श्लोक को श्यामपट्ट पर लिखे-

**सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते।**
**मृजया रक्ष्यते रूपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते।।**

शिक्षक इस श्लोक को स्पष्ट उच्चारण के साथ गाते हुए अर्थ बताएं एवं समझाए:-

सत्य से धर्म की रक्षा होती है, अभ्यास से विद्या की रक्षा होती है, मालिश-उबटन से/स्वच्छता से रूप की रक्षा होती है और आचरण एवं चरित्र से कुल की रक्षा होती है।

### 3. मुख्य विषयवस्तु (गुणिताक्षर)

- शिक्षक श्लोक के पश्चात चर्चा को आगे बढ़ाते हुए मुख्य विषयवस्तु की ओर बढे।
- शिक्षक बच्चों को बताए कि संस्कृत में जब किसी व्यंजन में स्वर मिलता है, तो उसका 'हलन्त' (्) हट जाता है और वह पूर्ण अक्षर बन जाता है। शिक्षक इसे श्यामपट्ट पर इस प्रकार स्पष्ट करें:

**मूल व्यंजन + स्वर = गुणिताक्षर**

क् + अ = क
क् + आ + ा = का
क् + इ + ि = कि
क् + ई + ी = की
क् + उ + ु = कु
क् + ऊ + ू = कू
क् + ऋ + ृ = कृ
क् + ॠ + ॄ = कॄ
क् + ए + े = के
क + ऐ + ै = कै
क् + ओ + ो = को
क् + औ + ौ = कौ
क् + अं + ं = कं
क् + अ: + ः = कः

(**नोट**: शिक्षक बच्चों को दिखाए कि स्वर की मात्रा व्यंजन के ऊपर, नीचे या आगे-पीछे कैसे जुड़ती है?)

शिक्षक छात्रों से कहे कि जैसे मैंने 'क्' व्यंजन के साथ सभी मात्राएं लगाई हैं उसी प्रकार आपभी सभी व्यंजनों के साथ सभी स्वरों की मात्राएं लगाकर अभ्यास करे ।
नीचे दिए गए वर्ण विन्यास और संयोजन का अभ्यास कराए ताकि छात्रों का आधार मजबूत हो:
वर्ण संयोजन (जोड़कर लिखें):

प् + अ + ठ् + अ + त+ि = पठति
ब् + आ + ल् + अ + क् + अः = बालकः
म् + आ + त् + अ + र् + अ + म् = मातरम्

**वर्ण विन्यास (अलग करके लिखें):**
गजः - ग् + अ + ज् + अः
भयम् - भ् + अ + य् + अ + म्
ओष्ठः - ओ + ष् + ठ् + अः

**गतिविधि : मात्रा की पहचान**
शिक्षक एक व्यंजन (जैसे 'ग') बोर्ड पर लिखें।
छात्रों को बारी-बारी से बुलाकर अलग-अलग स्वर (उ, ए, ओ) की मात्राएँ उस पर लगाने को कहे।
उदाहरण- ग् + उ = गु
ग् + ए = गे
ग् + ओ = गो आदि।

**गतिविधि – बोलो और पहचानो**
शिक्षक मात्रा बोले।
विद्यार्थी संबंधित गुणिताक्षर बोले।
उदाहरण—
ा → टा
ि → टि
ी → टी आदि।

**4. अभ्यास**

**१. शब्दों में से गुणिताक्षर ढूँढें–** नीचे दिए गए संस्कृत शब्दों में रेखांकित अक्षर की सही मात्रा पर सही (✓) का निशान लगाएं:

1. वृक्षः ➔ ( अ / उ / ऋ )
2. मूषिकः ➔ ( उ / इ / ओ )
3. देवः ➔ ( ए / ऐ / इ )
4. बालकः ➔ ( अ / आ / औ )

**२. मात्रा पहचानें-** नीचे दिए गए गुणिताक्षर में कौन सा स्वर (मात्रा) छिपा है? सही स्वर सामने लिखें:

- कि ➔ (उदाहरण: इ)
- धु ➔ ______________
- नृ ➔ ______________
- है ➔ ______________
- रो ➔ ______________
- खा ➔ ______________

**श्रुतलेख :** शिक्षक कक्षा में पिछले दिन की संस्कृत शब्दावली उन्नयन के शब्दों का श्रुतलेख विद्यार्थियों को  करायें और उन्हें एक दूसरे की कॉपी जांचने के लिए कहे। पूरी कक्षा में से कुछ कॉपी स्वयं भी चेक करे।

**5. संस्कृत शब्दावली उन्नयन:-**

आज की शब्दावली गुणिताक्षर आधारित होगी। शिक्षक निम्नलिखित शब्दों को श्यामपट्ट पर लिखे और विद्यार्थियों से भी कार्य पुस्तिका पर लिखने के लिए कहे -

| संस्कृत शब्द | अर्थ | संस्कृत शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| 1- आयु: | आयु | 6- तुच्छ: | कम/ महत्वहीन |
| 2- मृदु: | कोमल | 7- क्षय: | क्षीण होना |
| 3- मन्द: | धीरे | 8- साधु: | सज्जन |
| 4- वसनम् | वस्त्र | 9- क्षति | हानि |
| 5- मृग: | हिरण | 10- प्रीतिः | प्रेम |

**6. गृहकार्य**

कक्षा में आज करवाए गए नए शब्दों का घर में मौखिक व लिखित दोहराव करें।

**दिवस – 8**

# संज्ञा एवं सर्वनाम

**अधिगम संप्राप्ति**

- संज्ञा एवं सर्वनाम शब्दों की पहचान कर सकते हैं।
- अहम्, त्वम्, सः, सा, तत् आदि सर्वनामों का सही प्रयोग कर सकते हैं।
- गतिविधियों के माध्यम से संज्ञा और सर्वनाम को रुचिपूर्वक सीख सकते हैं।

**1. अभिवादन / वार्तालाप**

शिक्षक विद्यार्थियों का संस्कृत संवाद के प्रयोग का दैनिक अभ्यास कराते हुए कहे -
शिक्षक : सुप्रभातम्
विद्यार्थी : सुप्रभातम् महोदय! / महोदया! !
शिक्षक : यूयं कथं स्थ?
विद्यार्थियों से अपेक्षित उत्तर : वयं कुशलाः स्मः।
शिक्षक - यूयं कथं अनुभवम् कुरुथ ?
विद्यार्थी - महोदय / महोदया शोभनम् /महोदय / महोदया ! उत्सुका: स्म:।

**2. श्लोक गायन**

दैनिक श्लोक गायन परंपरा के निर्वहन हेतु शिक्षक निम्नलिखित श्लोक को श्यामपट्ट पर लिखे या किसी विद्यार्थी को बुलाकर भी लिखवा सकते है -

**सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते ।**
**मृजया रक्ष्यते रूपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते ।।**

**(नोट:** शिक्षक इस श्लोक को स्पष्ट उच्चारण एवं गायन के साथ छात्रों से बुलवाए।)

**3. मुख्य विषयवस्तु (संज्ञा एवं सर्वनाम)**

शिक्षक छात्रों से अनौपचारिक बातें करते हुए पूछे– कल विद्यालय से जाने के बाद तुमने क्या-क्या किया? पूरे दिन का एक छोटा सा किस्सा सुनाओ।

(छात्र बताएंगे: मैं अपने कुत्ते के साथ खेला, मम्मी ने खाना दिया, राहुल आया, हम पार्क गए, गेंद से खेला, मोबाइल चलाया आदि।)

- वाह! कितने सुंदर-सुंदर शब्द बोले तुमने।

जैसे — मम्मी, राहुल, गेंद, पार्क, कुत्ता, मोबाइल... ये सब नाम हैं। इन्हें हम **संज्ञा** कहते हैं।1

- अब ध्यान दो... अगर तुम कहो राहुल आया,  राहुल ने गेंद मारी, राहुल को बहुत मजा आया।
- यहां पर तुम बार-बार 'राहुल' बोलने की जगह क्या कह सकते हो?
- वह आया। उसने गेंद मारी। उसे बहुत मज़ा आया।

तो वह, उसने, उसे, यह, मैं, तुम, हम — ये शब्द संज्ञा (नाम) की जगह आ जाते हैं। इन्हें हम **सर्वनाम** कहते हैं।
तो बच्चों, भाषा को सरल और सुंदर बनाने के लिए हम कभी नाम बोलते हैं और कभी उसके स्थान पर दूसरे शब्द बोलते हैं — जैसे वह, यह, मैं, तुम।

अब आज हम जानेंगे —
संस्कृत में भी जिस शब्द से किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान आदि का नाम पता चलता है उसे संज्ञा कहते हैं, जैसे– रामः
बालकः

पुस्तकम्
विद्यालयः
और जो शब्द संज्ञा के स्थान पर आते हैं उन्हें सर्वनाम कहते हैं। जैसे—

चार्ट बनाए

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रथम पुरुष | सः (वह) | तौ (वे दोनों ) | ते (वे दोनों) |
| मध्यम पुरुष | त्वम् (तुम) | युवाम् (तुम दोनों) | यूयम् (तुम सब) |
| उत्तम पुरुष | अहम् (मैं) | आवाम् (हम दोनों) | वयम् (हम सब) |

**श्यामपट्ट कार्य**

| **संस्कृत सर्वनाम** | **अर्थ (हिंदी)** |
|---|---|
| तत् | वह(नपु.) |
| ताः | वे सब (स्त्री.) |
| तानि | वे (नपु.) |
| एषः | यह (पुल्लिंग) |
| एषा | यह (स्त्री.) |
| एतत् | यह (नपु.) |
| कः | कौन? (पुल्लिंग) |
| का | कौन? (स्त्री) |
| किम् | क्या? |
| यः | जो (पुरुष) |
| या | जो (स्त्री) |
| यत् | जो (नपुं) |
| तौ | वे दोनों (पुरुष) |
| सा | वह (स्त्री) |
| ते | वे दोनों (स्त्री) |
| ते | वे दोनों (नपु.) |
| अहम् | मैं |
| आवाम् | हम दोनों |
| वयम् | हम सब |
| त्वम् | तुम |
| युवाम् | तुम दोनों |
| यूयम् | तुम सब |
| सः | वह(पुल्लिंग) |
| ते | वे सब(पुरुष) |

**गतिविधिः — सर्वनाम लगाओ, वाक्य की खूबसूरती बचाओ**

शिक्षक श्यामपट्ट पर लिखे-

लता विद्यालयं गच्छति। लता पुस्तकं पठति। लता भोजनं करोति । लता गृहं गच्छति।

शिक्षक छात्रों से पूछे-

कुछ अजीब लग रहा है?
क्या शब्द बार बार आ रहा है?
हम लता की जगह क्या शब्द उपयोग कर सकते हैं?
शिक्षक छात्रों को बुलाकर लता की जगह सही सर्वनाम लगाने के लिये कहे।
शिक्षक छात्रों को बताये कि सर्वनाम शब्द की आवृत्ति को रोककर वाक्य की खूबसूरती को बचाते हैं।

**4. अभ्यास कार्य**
**क. दिए गए विकल्पों में से संज्ञा चुनिए।**

विकल्पाः — (रामः, सः, पुस्तकम्, अहम्, बालिका, त्वम्, विद्यालयः, दिल्ली, तत्, माता, एषः, मित्रम्,)
१. ___________
२. ___________
३. ___________
४. ___________
५. ___________
६. ___________
७. ___________

**ख. दिए गए विकल्पों में से सर्वनाम चुनिए।**

विकल्पाः — (अहम्, त्वम्, रामः, सा, विद्यालयः, सः, पुस्तकम्, वयम्, एषः, कृष्णः, एतत्)
१. ___________
२. ___________
३. ___________
४. ___________
५. ___________
६. ___________
७. ___________

**श्रुतलेख :** शिक्षक कक्षा में पिछले दिन की संस्कृत शब्दावली उन्नयन के शब्दों का श्रुतलेख विद्यार्थियों को करायें और उन्हें एक दूसरे की कॉपी जांचने के लिए कहे। पूरी कक्षा में से कुछ कॉपी स्वयं भी चेक करे।

**5. संस्कृत शब्दावली उन्नयन**

आज की शब्दावली पर्यायवाची और विलोम शब्द आधारित होगी। शिक्षक निम्नलिखित शब्दों को श्यामपट्ट पर लिखें और विद्यार्थियों से भी कार्य पुस्तिका पर लिखने के लिए कहे -

| **संस्कृत शब्द** | **अर्थ** |
|---|---|
| लेखनी | कलम |
| नदी | नदी |
| उद्यानम् | बगीचा |
| चन्द्र: | चाँद |
| जलम् | पानी |
| कृषक: | किसान |
| विद्यालय: | विद्यालय |
| मित्रम् | मित्र |
| गङ्गा | गंगा नदी |
| सरोवर: | तालाब |
| पर्वत: | पहाड़ |
| नगरम् | नगर |
| गृहम् | घर |
| उद्यानम् | बगीचा |
| कूपः | कुआँ |

**6. गृहकार्य**
कक्षा में आज करवाए गए नए शब्दों का घर में मौखिक व लिखित दोहराव करें।

# क्रिया

**अधिगम संप्राप्ति**

- विद्यार्थी संस्कृत भाषा में 'क्रिया' का अर्थ समझ सकते हैं।
- विद्यार्थी वाक्यों में प्रयुक्त क्रिया शब्दों की पहचान कर सकते हैं।
- विद्यार्थी पठ्, चल्, खाद्, हस् इत्यादि क्रिया का सही प्रयोग करते हैं।

**1. अभिवादन / वार्तालाप**

शिक्षक विद्यार्थियों को संस्कृत संवाद के प्रयोग का दैनिक अभ्यास कराते हुए कहे –
शिक्षक : सुप्रभातम्
विद्यार्थी : सुप्रभातम् महोदय! / महोदया!
शिक्षक : यूयं कथं स्थ?
विद्यार्थियों से अपेक्षित उत्तर : वयं कुशलाः स्मः।
शिक्षक - यूयं कथं अनुभवं कुरुथ ?
विद्यार्थी - महोदय / महोदया शोभनम् /महोदय / महोदया उत्सुका: स्म:।

शिक्षक पिछले दिन के 'विशेषण-विशेष्य' की पुनरावृत्ति करवाते हुए छात्रों से कुछ प्रश्न पूछ सकते हैं छात्रों को उत्तर देने दें।

**2. श्लोक गायन**

दैनिक श्लोक गायन परंपरा के निर्वहन हेतु शिक्षक निम्नलिखित श्लोक को श्यामपट्ट पर लिखे या किसी विद्यार्थी को बुलाकर भी लिखवा सकते हैं -

**सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते ।**
**मृजया रक्ष्यते रूपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते ।।**

**शिक्षक हेतु निर्देश :**

- किन्हीं दो विद्यार्थियों को श्लोक उच्चारण करने हेतु आमंत्रित करे।
- अन्य विद्यार्थी पंक्ति-दर-पंक्ति दोहराएं।
- शुद्ध उच्चारण पर बल दें।

**3. मुख्य विषयवस्तु – क्रिया**

शिक्षक छात्रों से सामान्य बातचीत करते हुए कहे बच्चों! हम दिनभर बहुत सारे कार्य करते हैं — पढ़ना, खेलना, खाना, दौड़ना, हँसना आदि।

किसी कार्य के करने या होने का बोध कराने वाले शब्दों को क्रिया कहते हैं।
उदाहरण—रामः पठति।
बालकः क्रीडति।
सीता लिखति।
गजः धावति।
छात्रः हसति।
इन वाक्यों में — पठति, क्रीडति, लिखति, धावति, हसति क्रियाएँ हैं।
शिक्षक कथन— बच्चों! यदि कोई कार्य हो रहा है तो वहाँ क्रिया अवश्य होगी।

सरल पहचान:-
• जो शब्द कार्य बताए → क्रिया
• जो शब्द 'क्या कर रहा है?' का उत्तर दे → क्रिया

**जैसे क्रिया के उदाहरण →**

| | | |
|---|---|---|
| पठ् – | पठति – | पढ़ता है। |
| गच्छ् – | गच्छति – | जाता है। |
| लिख् – | लिखति – | लिखता है। |
| दृश् (पश्य)– | पश्यति – | देखता है। |
| धाव् – | धावति – | दौड़ता है। |
| खाद् – | खादति – | खाता है। |
| क्रीड् – | क्रीडति – | खेलता है। |
| पा (पिब) – | पिबति – | पीता है। |
| पच् – | पचति – | पकाता है। |
| स्था (तिष्ठ) – | तिष्ठति – | बैठता है। |

शिक्षक छात्रों को सामान्य संवाद द्वारा भी क्रिया की पहचान करवाए जैसे–
शिक्षक — **रामः पठति** में क्रिया कौन-सी है?
छात्र — पठति।
शिक्षक — **बालकः क्रीडति** में क्या कार्य हो रहा है?
छात्र — क्रीडति ।
शिक्षक — बहुत अच्छा! पठति और क्रीडति क्रिया है।

(**नोट**-शिक्षण संवाद को और आगे भी बढ़ा सकते हैं बच्चों से क्रिया की पहचान करवा सकते है)

**गतिविधिः**

शिक्षक अलग-अलग पर्ची पर संज्ञा, सर्वनाम तथा क्रिया के शब्द लिखे। उन सबको मेज पर फैला दे अब छात्रों को एक-एक करके बुलाकर क्रिया लिखी पर्ची छांट कर बाकी कक्षा को ऊपर करके दिखाने व बोलने को कहे। बैठे हुए छात्र सही या गलत बतायें।

**4. अभ्यास कार्य**

**१. वाक्यों में से क्रिया की पहचान करें**

1.रामः गच्छति। - _______
2.छात्राः पठन्ति। - _______
3.सः क्रीडति। - _______
4.सीता मिलति। - _______
5.सा गायति। - _______

**२. मंजूषा की सहायता से रिक्तस्थान भरिए**

1.सीता _____
2.रामौ _____
3.गीता _____
4.सः _____
5.बालकाः _____

मञ्जूषा:- [ खादति, पृच्छतः, पिबति, वदन्ति, पठति ]

**३. मिलान कीजिए**

1- हसति — चलता है।
2- पिबति — लिखता है।
3- खादति — हँसता है।
4- लिखति — खाता है।
5- चलति — पीता है।

**श्रुतलेख:** शिक्षक कक्षा में पिछले दिन की संस्कृत शब्दावली उन्नयन के शब्दों का श्रुतलेख विद्यार्थियों को कराये और उन्हें एक दूसरे की कॉपी जांचने के लिए कहे। पूरी कक्षा में से कुछ कॉपी स्वयं भी चेक करे।

**5. संस्कृत शब्दावली उन्नयन**

आज की शब्दावली क्रिया आधारित होगी। शिक्षक निम्नलिखित शब्दों को श्यामपट्ट पर लिखे और विद्यार्थियों से भी कार्य पुस्तिका पर लिखने के लिए कहे –

| **क्रिया** | **अर्थ** |
|---|---|
| रक्षति | रक्षा करता है |
| रचयति | बनाता है |
| रोदिति | रोता है |
| वदति | बोलता है |
| श्रृणोति | सुनता है |
| नमति | नमस्कार करता है |
| नयति | ले जाता है |
| धारयति | धारण करती है |
| भ्रमति | घूमता है |
| अर्पयति | अर्पण करता है |
| कथयति | कथित होता है |
| जपति | जपता है |
| कुप्यति | क्रोधित होता है |
| क्षिपति | फेंकता है |
| त्यजति | त्याग करता है |

**6. गृहकार्य**

कक्षा में आज करवाए गए नए शब्दों का घर में मौखिक व लिखित दोहराव करें।

# धातुरूप – लट् व लृट् लकार

**अधिगम संप्राप्ति :**

- विद्यार्थी धातुरूपों की पहचान करते हैं।
- विद्यार्थी धातुरूपों के लट् व लृट् लकारों की पहचान करते हैं।
- विद्यार्थी धातुरूपों का सही उच्चारण करते हैं।

**1. अभिवादन / वार्तालाप**

शिक्षक विद्यार्थियों को संस्कृत संवाद के प्रयोग का दैनिक अभ्यास कराते हुए कहे -
शिक्षक : सुप्रभातम्
विद्यार्थी : सुप्रभातम् महोदय! / महोदया!

शिक्षक : यूयं कथं स्थ?
विद्यार्थियों से अपेक्षित उत्तर : वयं कुशलाः स्मः।

शिक्षकः - किं इदानीं भवद्भ्यः संस्कृत-पठनं रोचते?
विद्यार्थियों से अपेक्षित उत्तर - आम्, रोचते।

**2. श्लोक गायन**

दैनिक श्लोक गायन परंपरा के निर्वहन हेतु शिक्षक निम्नलिखित श्लोक को श्यामपट्ट पर लिखे: -

**सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते ।**
**मृजया रक्ष्यते रूपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते ।।**

शिक्षक इस श्लोक का स्पष्ट उच्चारण एवं गायन के साथ छात्रों को भी अपने पीछे-पीछे बोलने को कहे। शिक्षक दो बच्चों को आमंत्रित करके उनके द्वारा भी पूरी कक्षा में श्लोक गायन करवा सकते हैं।

**3. मुख्य विषयवस्तु (धातु रूप लट् व लृट् लकार)**

बच्चों, अभी तक हमने संज्ञा और क्रिया के बारे में पढ़ा था।

**शिक्षक-** बच्चों, जैसा कि हमने पढ़ा जब हम कोई काम करते हैं — जैसे पढ़ना, लिखना, खेलना, जाना — तो इन कामों को बताने वाले शब्दों को क्या कहते हैं?

**(छात्र कहेगे — क्रिया)**

**शिक्षक-** बहुत अच्छे। संस्कृत में भी हर क्रिया को बताने वाले शब्द होते हैं, लेकिन संस्कृत में क्रियाएं एक विशेष मूल शब्द से बनती हैं, जिन्हें 'धातु' कहते हैं। जैसे —
पढ़ना → पठ् धातु
जाना → गम् धातु
लिखना → लिख् धातु

अब बच्चों, अगर हमें कहना हो —'वह पढ़ता है', 'वे पढ़ते हैं', 'वह पढ़ेगा', 'वे पढ़ेंगे'

तो क्या हर बार शब्द एक जैसा रहेगा? 'नहीं'। समय और पुरुष के अनुसार क्रिया का रूप बदलता है। संस्कृत में इन्हीं बदलते हुए क्रिया-रूपों को 'धातुरूप' कहते हैं।

आज हम दो लकार सीखेंगे —

लट् लकार — जो वर्तमान काल बताता है
(अभी काम हो रहा है)
लृट् लकार — जो भविष्य काल बताता है
(काम आगे होगा)

जैसे —

सः पठति = वह पढ़ता है।
सः पठिष्यति = वह पढ़ेगा।

अब ध्यान से देखो बच्चों, यहाँ 'पठ्' धातु वही है, लेकिन समय बदलने पर उसका रूप भी बदल गया।
अब पहले हम लट् लकार (वर्तमान काल) के धातुरूपों को जानते हैं और समझते हैं
फिर बोर्ड पर लिखें —

**पठ् धातु रूप (लट् लकार) वर्तमान काल**

| पुरुष | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| प्रथम पुरुष<br>(किसी दूसरे के लिए) | पठति<br>स: (वह) | पठत:<br>तौ (वे दो) | पठन्ति<br>ते (वे सब) |
| मध्यम पुरुष<br>(जिससे बात कर रहे हों उसके लिए) | पठसि<br>त्वं (तुम) | पठथ:<br>युवाम् (तुम दोनों) | पठथ<br>यूयम् (तुम सब) |
| उत्तम पुरुष<br>(अपने लिए) | पठामि<br>अहं(मैं) | पठाव:<br>आवाम् (हम दोनों) | पठाम:<br>वयम् (हम सब) |

बच्चों, अब हम देखेंगे कि अलग-अलग व्यक्तियों के साथ क्रिया कैसे बदलती है।
यदि काम करने वाला एक हो तो क्रिया अलग होगी, दो हों तो अलग और बहुत सारे हों तो अलग।
फिर शिक्षक एक छात्र को खड़ा करे और पूछे —

यह क्या कर रहा है?
छात्र — पढ़ रहा है।

शिक्षक बोर्ड पर लिखे — सः पठति।
अब दो छात्रों को खड़ा करे — तौ पठतः।
फिर पूरी पंक्ति की ओर संकेत करे — ते पठन्ति।

इसी प्रकार मध्यम पुरुष और उत्तम पुरुष की भी छात्रों के साथ चर्चा करे और अभ्यास करवाए।

**गतिविधि- पर्ची उठाओ**

- शिक्षक कक्षा में हस् धातुरूप की पर्चियाँ बनाकर और श्यामपट्ट पर 10-15 कर्ता लिख देगा। जैसे– स:, त्वं ,बालक, राम:, गीता, अहं, युवाम्, श्याम:, रमा इत्यादि।

- शिक्षक विद्यार्थियों से कहे कि एक-एक विद्यार्थी आगे आकर पर्ची निकाले। और श्यामपट्ट पर लिखे कर्ता के साथ मिलाए। यथा- स: हसति, अहं हसामि, युवाम् हसथ:।

शिक्षक अब बीच में से किसी और छात्र को उठाएं और कहे या पूछे कि यह जो श्यामपट्ट पर वाक्य लिखा है वह सही है या गलत।
अगर सही है तो छात्र को  शाबाशी देकर प्रोत्साहित करे। अगर गलत है तो सहजता से दूसरे बच्चों से सुधार करवाएं।

**लृट् लकार**

बच्चों, जब कोई काम अभी हो रहा होता है, तब हम कहते हैं — वह पढ़ता है, मैं लिखता हूँ।
लेकिन जो काम आगे होने वाला हो, उसके लिए हम कहते हैं — वह पढ़ेगा, मैं लिखूँगा।
संस्कृत में भविष्य में होने वाले कार्य को बताने वाले रूपों को **'लृट् लकार'** कहते हैं। शिक्षक श्यामपट्ट पर पर लृट लकार लिखे -

**वद् धातुरूप — लृट् लकार (भविष्यकाल)**

| **पुरुष**: | **एकवचन** | **द्विवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|---|
| प्रथम पुरुष: | वदिष्यति<br>स: (वह) | वदिष्यत:<br>तौ (वे दो) | वदिष्यन्ति<br>ते (वे सब) |
| मध्यमपुरुष: | वदिष्यसि<br>त्वं (तुम) | वदिष्यथ:<br>युवाम् (तुम दोनों) | वदिष्यथ<br>यूयम् (तुम सब) |
| उत्तम पुरुष: | वदिष्यामि<br>अहं (मैं) | वदिष्याव:<br>आवाम् (हम दोनों) | वदिष्याम:<br>वयम् (हम सब) |

अब शिक्षक विद्यार्थियों को लट् लकार और लृट् लकार तथा अर्थ सहित उदाहरणों से छात्रों को उच्चारण करते हुए समझाए और दोनों का अंतर भी बताए कि- लट् लकार में क्रिया के अंत में सामान्यतः "ति" आता है।
जैसे — पठति, गच्छति, लिखति।
लृट् लकार में क्रिया के बीच या अंत में प्रायः "ष्य" / "इष्य" आता है।
जैसे — पठिष्यति, गमिष्यति, करिष्यति।

| **लट् लकार (वर्तमान काल)** | **लृट् लकार (भविष्य काल)** |
|---|---|
| सः पठति (वह पढ़ता है) | सः पठिष्यति (वह पढ़ेगा) |
| अहं लिखामि (मैं लिखता हूँ) | अहं लेखिष्यामि (मैं लिखूँगा) |
| त्वं गच्छसि (तुम जाते हो ) | त्वं गमिष्यसि (तुम जाओगे) |
| बालकः क्रीडति (बालक खेलता है) | बालकः क्रीडिष्यति (बालक खेलेगा) |
| वयं खादामः (हम खाते हैं) | वयं खादिष्यामः (हम खाएँगे) |
| ते नृत्यन्ति (वे नाचते हैं) | ते नर्तिष्यन्ति (वे नाचेंगे) |

| | |
|---|---|
| छात्रः पृच्छति (छात्र पूछता है) | छात्रः प्रक्ष्यति (छात्र पूछेगा) |
| अहं हसामि (मैं हँसता हूँ) | अहं हसिष्यामि (मैं हँसूंगा) |
| यूयं गायथ (तुम लोग गाते हो) | यूयं गास्यथ( तुम लोग गाओगे) |
| बालिका लिखति (बालिका लिखती है) | बालिका लेखिष्यति (बालिका लिखेगी) |
| तौ धावतः (वे दोनों दौड़ते हैं) | तौ धाविष्यतः (वे दोनों दौड़ेंगे) |
| आवां वदावः (हम दोनों बोलते हैं) | आवां वदिष्यावः (हम दोनों बोलेंगे) |

नोट- शिक्षक अन्य धातु रूपों को भी इसी प्रकार छात्रों को उदाहरणों एवं अभ्यास के माध्यम से कराएं।

**4. अभ्यास कार्य**

**१. रिक्त स्थान भरिए:-**

1.) त्वं सत्यं ——-----। (वदिष्यथ, वदिष्यसि, वदिष्याव:)
2.) बालक:----------। (पठसि,पठामि,पठति)
3.) अश्वा—---------। (धावति,धावत:,धावन्ति)
4.) रमा गीतं—------। (गायति,गायन्ति,गायत:)
5.) यूयम् विद्यालयम्——----। (गमिष्यसि, गमिष्यथ:, गमिष्यथ)

**२. धातुओं से लट् व लृट् लकार के तीनों वचनों के रूप लिखिए –**

| **धातु** | **एकवचन** | **द्विवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|---|
| पा (पिब्) → | पास्यति | —----- | —------ |
| भ्रम्। → | —----- | —------ | भ्रमन्ति |
| खाद्। → | खादिष्यति | —---- | —----- |
| अस्। → | —---- | स्थ: | स्थ |

**श्रुतलेख -** शिक्षक कक्षा में पिछले दिन की संस्कृत शब्दावली उन्नयन के शब्दों का श्रुतलेख विद्यार्थियों को कराए और उन्हें एक दूसरे की कॉपी जांचने को कहे। पूरी कक्षा में से कुछ कॉपी स्वयं भी चेक करे।

**5.संस्कृत शब्दावली उन्नयन**

| **संस्कृत शब्द** | **अर्थ** | **संस्कृत शब्द** | **अर्थ** |
|---|---|---|---|
| 1. द्रक्ष्यति | देखेगा | 11. पतति | गिरता है |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. शृणोति | सुनता है | 12. चलति | चलता है |
| 3. स्वपिति | सोता है | 13.लिखति | लिखता है |
| 4. श्रोष्यति | सुनेगा | 14.वसति | रहता है |
| 5. पिबति | पीता है | 15.रक्षति | रक्षा करता है |
| 6. पठिष्यति | पढ़ेगा | 16.क्षिपति | फेकता है |
| 7. करिष्यति | करेगा | 17.पास्यामि | पीऊंगा |
| 8. रमति | रमण करता है | 18. विकसति | विकसित होता है |
| 9. वदिष्यति | बोलेगा | 19. कूजति | कूजता हैं। |
| 10. धारयति | धारण करता है | 20. ददाति | देता है। |

**6.गृहकार्य**

कक्षा में आज करवाए गए नए शब्दों का घर में मौखिक व लिखित दोहराव करें।

# धातु रूप लङ् लकार -भूतकाल

**अधिगम संप्राप्ति**

- विद्यार्थी लङ् लकार भूतकाल (बीते हुए कार्य) की पहचान  करते हैं।
- विद्यार्थी संस्कृत वाक्यों में लड् लकार का प्रयोग करते हैं।
- लङ् लकार की क्रियाओं का प्रयोग करके सरल वाक्यों को भूतकाल में बदलते हैं ।

**1. अभिवादन / वार्तालाप**

शिक्षक विद्यार्थियों को संस्कृत संवाद के प्रयोग का दैनिक अभ्यास कराते हुए कहे -
शिक्षक : सुप्रभातम्
विद्यार्थी : सुप्रभातम् महोदय! / महोदया!
शिक्षक : यूयं कथं स्थ?
विद्यार्थियों से अपेक्षित उत्तर : वयं कुशलाः स्मः।
शिक्षकः - किम्  इदानीं भवद्भ्यः संस्कृत-पठनं रोचते?
विद्यार्थियों से अपेक्षित उत्तर - आम्, रोचते।

**2. श्लोक गायन**

दैनिक श्लोक गायन परंपरा के निर्वहन हेतु शिक्षक निम्नलिखित श्लोक को श्यामपट्ट पर लिखे -

**सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते ।**
**मृजया रक्ष्यते रूपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते ।।**

शिक्षक इस श्लोक का स्पष्ट उच्चारण एवं गायन के साथ छात्रों को भी अपने पीछे-पीछे बोलने को कहे।

**3. मुख्य विषयवस्तु (धातुरुप लङ् लकार) (भूतकाल)**

शिक्षक छात्रों से सामान्य बातचीत करते हुए पूछे —
कल तुम क्या कर रहे थे?
कल कौन-कौन खेला?
किस- किस ने पढ़ाई की?
सुबह कौन आया था?

**छात्र उत्तर देंगे** —
“मैं खेला था”, “मैं पढ़ा था”, “मैं आया था” आदि।
तब शिक्षक कहे —
बच्चों! जो कार्य बीत चुके समय में हुआ हो उसे भूतकाल कहते हैं। संस्कृत में भूतकाल बताने वाले लकार को **लङ् लकार** कहते हैं। जब कोई कार्य पहले हो चुका होता है तब हम लङ् लकार का प्रयोग करते हैं

**उदाहरण —**

रामः अपठत्।       = राम ने पढ़ा।
बालकः अक्रीडत्।  = बालक खेला।
सीता अपिबत्।      = सीता ने पिया।

यहाँ **अपठत् अक्रीडत् अपिबत्** भूतकाल बता रहा है।

- शिक्षक बताएगा - लङ् लकार में प्रायः क्रिया के पहले “अ” आता है। जैसे - अलिखत्।
- अब शिक्षक गम् (गच्छ्) धातु लड् लकार श्यामपट्ट पर लिखे और तालिका के साथ समझाए।

**धातु रूप (गम् (गच्छ्) - जाना)**

| पुरुष | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| प्रथम पुरुष (किसी दूसरे के लिए) | अगच्छत् (वह गया) | अगच्छताम् (वे दोनों गए) | अगच्छन् (वे सब गए) |
| मध्यमपुरुष (जिससे बात कर रहे हों उसके लिए) | अगच्छ: (तुम गए) | अगच्छतम् (तुम दोनों गए) | अगच्छत (तुम सब गए) |
| उत्तम पुरुष (अपने लिए) | अगच्छम् (मैं गया) | अगच्छाव (हम दोनों गए) | अगच्छाम (हम सब गए) |

- **शिक्षक छात्रों को वाक्य प्रयोग के उदाहरण से भी समझाए जैसे-**

| **कर्ता** | **क्रिया** | **अर्थ** |
|---|---|---|
| रामः | अगच्छत् | राम गया। |
| बालकौ | अगच्छताम् | दो बालक गए। |
| छात्राः | अगच्छन् | छात्र गए। |
| त्वम् | अगच्छः | तुम गए |
| युवाम् | अगच्छतम् | तुम दोनों गए |
| यूयम् | अगच्छत | तुम सब गए |
| अहम् | अगच्छम् | मैं गया |
| आवाम् | अगच्छाव | हम दोनों गए |
| वयम् | अगच्छाम। | हम सब गए |

**गतिविधि —**

- शिक्षक ऊपर दिए गए कर्ता के साथ प्रत्येक छात्र को वद्, लिख्, खाद् आदि धातुओं के लङ् लकार के रूप लगा कर क्रिया शब्द बोलने को कहे।
- शिक्षक इसी प्रकार गतिविधि को आगे बढाते हुए यह सुनिश्चित करे की पूरी कक्षा की सहभागिता हो।

**4. अभ्यास कार्य**

**१. कोष्ठक में दिए गए लकार के अनुसार परिवर्तन कीजिए–**

1.) स: हसति । (लङ् लकार)-------------
2.) त्वं ईश्वरं नमसि। (लङ् लकार) —--------
3.)सैनिका: रक्षन्ति ।(लङ् लकार)------------
4.)युवां जलाशये तरथ:।(लङ् लकार)---------
5.)राम: जनकं नयति ।(लङ् लकार)----------

**२. उचित विकल्प चुनकर रिक्त स्थान पूरा करे—--**

1.वृक्षाः वने —------(अभवन्,अभवत्)
2. रमा गीतं—----------(अगायत्,अगायतां)
3. गजा: भोजनं—------(अखादम्,अखादन्

4. यूयम् विद्यालयम् —-(अगच्छत,अगच्छ)
5. अहम् उद्यानम् —----(अभ्रमम्, अभ्रम:)

**श्रुतलेख -** शिक्षक कक्षा में पिछले दिन की संस्कृत शब्दावली उन्नयन के शब्दों का श्रुतलेख विद्यार्थियों को कराए और उन्हें एक दूसरे की कॉपी जांचने के लिए कहे। पूरी कक्षा में से कुछ कॉपी स्वयं भी चेक करे।

**5. संस्कृत शब्दावली उन्नयन**

आज की शब्दावली शब्द रूप आधारित होगी। शिक्षक निम्नलिखित शब्दों को श्यामपट्ट पर लिखे और विद्यार्थियों से भी कार्य पुस्तिका पर लिखने के लिए कहे-

| संस्कृत शब्द | अर्थ | संस्कृत शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| 1. नित्यम् | प्रतिदिन | 10. धी: | बुद्धि |
| 2. अक्रोध: | क्रोध न करना | 11. कर्मकर: | मजदूर |
| 3. अचिन्तयत् | सोचा | 12. अकरोत् | किया |
| 4. मन:शौचम् | मन की पवित्रता | 13.शीघ्रम् | जल्दी |
| 5. नूनम् | निश्चय से | 14.मम | मेरा |
| 6. लघु | छोटा | 15.गर्त: | गड्ढा |
| 7. पदम् विद्यमान | स्थान | 16. गुरुगताम् | गुरु के पास |
| 8. वृतम् | चरित्र | 17.अपृच्छत् | पूछा |
| 9. कश्चित् | कोई | 18. अपश्यत् | देखा |

**6. गृहकार्य**

कक्षा में आज करवाए गए नए शब्दों का घर में मौखिक व लिखित दोहराव करें।

# साप्ताहिक पुनरावृत्ति कार्यपत्रिका

**1. वर्ण संयोग करो —**

(क) व् + इ + द् + य् + आ = _________

(ख) प् + र् + ज्+ञ्+ आ = _________

(ग) व् + ऋ + क् + ष् + आ: = _________

(घ) व् + आ + ट् + इ + क + आ = _________

(ङ) अ + श् + व्  + अ  + म्  = _________

**2. वर्ण विच्छेद करो —**

(क) विश्राम:    = ▢ + ▢ + ▢ + ▢ + ▢ + ▢

(ख) विद्यालय:  = ▢ + ▢ + ▢ + ▢ + ▢ + ▢ + ▢ + ▢

(ग) पवित्रम्    = ▢ + ▢ + ▢ + ▢ + ▢

(घ) ज्ञानी:       = ▢ + ▢ + ▢ + ▢

(ङ) अक्षरम्   = ▢ + ▢ + ▢ + ▢ + ▢

**3. संज्ञा पदों को चुनों  –**

क) राम: विद्यालयं गच्छति।

ख) बालक: क्रीडति।

ग) गीता लिखति ।

घ) फलं मधुरम् अस्ति।

ङ) माता भोजनं पचति।

**4. उचित विकल्प को चुनो —**

1.) स:
(क) सर्वनाम (ख) संज्ञा (ग) विशेषण
2.) सा
(क) सर्वनाम (ख) संज्ञा (ग) विशेषण
3.) रोहित:
(क) सर्वनाम (ख) संज्ञा (ग) विशेषण
(4) तत्
(क) सर्वनाम (ख) संज्ञा (ग) विशेषण
5.) पुस्तकम्
(क) संज्ञा (ख) सर्वनाम (ग) विशेषण

**5. उदाहरणानुसार रिक्त स्थान भरें —**

| **पुरुष / धातु** | **एकवचन** | **द्विवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|---|
| यथा – पठ् धातु | पठति | पठतः | पठन्ति |
| प्रथम पुरुष (गम् धातु) | _______ | गच्छत: | _______ |
| मध्यम पुरुष (क्रीड् धातु) | क्रीडसि | _______ | _______ |
| उत्तम पुरुष (धाव् धातु) | _______ | धावाव: | _______ |
| मध्यम पुरुष (पठ् धातु) | पठसि | _______ | _______ |
| उत्तम पुरुष (गम् धातु) | गच्छामि | _______ | गच्छामः |
| मध्यम पुरुष | _______ | पठथः | _______ |
| उत्तम पुरुष | _______ | पचावः | पचामः |
| गम् धातु | गमिष्यति | _______ | _______ |
| _______ | गमिष्यामि | गमिष्यावः | _______ |

**6. उचित क्रिया चिनुत:-**

बालिका पत्रं ______ । (धावति / लिखति)
राम: जलं ______ । (चलति / पिबति)
गज: वनं ______ । (धावति / गच्छति)
बालिका चित्रं ______ । (पचति / रचयति)
छात्रा: ______ । (चलन्ति / पठन्ति)

# कारक, विभक्ति एवं शब्द रूप

**अधिगम संप्राप्ति**

- विद्यार्थी कारक एवं विभक्ति का प्रारम्भिक ज्ञान प्राप्त करते हैं।
- छात्र सरल संस्कृत वाक्यों में कारकों को पहचानते हैं ।
- अकारान्त एवं इकारान्त पुल्लिंग शब्दरूप के सरल रूप बोलते हैं।

**1. अभिवादन / वार्तालाप**

शिक्षक विद्यार्थियों को संस्कृत संवाद के प्रयोग का दैनिक अभ्यास कराते हुए कहे -

शिक्षक : सुप्रभातम्
विद्यार्थी : सुप्रभातम् महोदय! / महोदया!

शिक्षक : यूयं कथं स्थ?
विद्यार्थियों से अपेक्षित उत्तर : वयं कुशलाः स्मः।

शिक्षकः - किं इदानीं भवद्भ्यः संस्कृत-पठनं रोचते?
(क्या अब आप सबको संस्कृत पढ़ना अच्छा लग रहा है?)
विद्यार्थियों से अपेक्षित उत्तर - आम्, रोचते।
(हाँ, अच्छा लग रहा है।)

**2. श्लोक गायन**

दैनिक श्लोक गायन परंपरा के निर्वहन हेतु शिक्षक निम्नलिखित श्लोक को श्यामपट्ट पर लिखेः -

**किन्नु हित्वा प्रियो भवति, किन्नु हित्वा न शोचति।**
**किन्नु हित्वाऽर्थवान् भवति, किन्नु हित्वा सुखी भवेत् ।।**

शिक्षक इस श्लोक का स्पष्ट उच्चारण एवं गायन के साथ छात्रों को भी अपने पीछे-पीछे बोलने को कहे। तथा सरल शब्दों में श्लोक का अर्थ बच्चों को बताए।
**क्या छोड़ने से मनुष्य प्रिय बनता है?**
**क्या छोड़ने से दुःख नहीं होता?**
**क्या छोड़ने से मनुष्य धनवान बनता है?**
**और क्या छोड़ने से सुखी होता है?**

(**नोट**:- शिक्षक पाठ्यपुस्तक के संदर्भ में इस श्लोक की विस्तृत जानकारी भी छात्रों को दे सकता है)

**3. मुख्य विषयवस्तु (कारक विभक्ति एवं शब्द रूप)**

- शिक्षक छात्रों से बातचीत करते हुए बोले-

**मैं कलम से शब्द लिख रहा/ रही हूं।** अब बच्चों से पूछे-
शिक्षक— यहाँ कौन काम कर रहा है
छात्र— आप
शिक्षक— क्या लिख रहा/रही हूँ।

छात्र— शब्द
शिक्षक— किस से लिख रहा/ रही हूँ।
छात्र— कलम से

शिक्षक बच्चों को बताए की संज्ञा व सर्वनाम शब्दों का क्रिया से संबंध बताने वाले शब्द रूपों को कारक कहते हैं तथा उदाहरण के साथ समझाते हुए बताए। यथा:-

**हे बालका:! मोहन: विद्यालये मित्राय पुस्तकं हस्तेन पेटिकाया: ददाति।**
(बालकों! मोहन विद्यालय में अपने मित्र को हाथ से पेटी (डिब्बे) से पुस्तक देता है।)

कः ददाति? — मोहन: (कर्ता) — प्रथमा विभक्ति

किम् ददाति? — पुस्तकम् (कर्म) — द्वितीया विभक्ति

केन ददाति? — हस्तेन (करण) — तृतीया विभक्ति

कस्मै ददाति? — मित्राय (सम्प्रदान) —चतुर्थी विभक्ति

कस्मात् ददाति? — पेटिकाया: (अपादान) — पञ्चमी विभक्ति

कुत्र ददाति? — विद्यालये (अधिकरण) — सप्तमी विभक्ति
अब छात्रों को इस प्रकार समझा सकते हैं —

**कः ददाति?** (कौन देता है?)
रामः — राम देता है।
→ जो काम करता है उसे कर्ता कहते हैं।

**किम् ददाति?** (क्या देता है?)
पुस्तकम् — पुस्तक देता है।
→ जिस वस्तु पर काम होता है उसे कर्म कहते हैं।

**केन ददाति?** (किससे देता है?)
हस्तेन — हाथ से देता है।
→ जिससे काम किया जाए उसे करण कहते हैं।

**कस्मै ददाति?** (किसको देता है?)
मित्राय — मित्र को देता है।
→ जिसके लिए या जिसे कुछ दिया जाए उसे सम्प्रदान कहते हैं।

**कस्मात् ददाति?** (कहाँ से देता है?)
पेटिकाया: — पेटी से देता है।
→ जहाँ से अलग होने का भाव हो उसे अपादान कहते हैं।

**कुत्र ददाति?** (कहाँ देता है?)
विद्यालये — विद्यालय में देता है।
→ जहाँ काम होता है उसे अधिकरण कहते हैं।

**हे बालक!** में संबोधन विभक्ति है जो किसी को पुकारने, बुलाने या ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रयोग की जाती है।

शिक्षक बच्चों को समझाए कि जैसे कारकों के अनुसार शब्दों के रूप बदलते हैं, वैसे ही **'बालक'** शब्द के भी अलग-अलग रूप बनते हैं, जिन्हें हम शब्दरूप कहते हैं। शब्द रूप तीन प्रकार के होते हैं यथा:-

- "अ" अंत वाले शब्द — **पुल्लिंग**

रामः, बालकः

- "आ / ई" अंत वाले शब्द — **स्त्रीलिंग**

लता, नदी

- "अम्" अंत वाले शब्द — **नपुंसकलिंग**

फलम्, पुस्तकम् ।

**संस्कृत में तीन वचन—एकवचन, द्विवचन, बहुवचन—होते हैं, जबकि हिन्दी व अंग्रेज़ी में केवल दो।**

**बालक शब्द रूप— कारक एवं हिन्दी अर्थ सहित**

| **विभक्ति** | **चिह्न** | **एकवचन** | **द्विवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|---|---|
| प्रथमा (कर्ता) | ने | बालकः<br>(एक बालक ने) | बालकौ<br>(दो बालकों ने) | बालकाः<br>(बहुत से बालकों ने) |
| द्वितीया (कर्म) | को | बालकम्<br>(एक बालक को) | बालकौ<br>(दो बालकों को) | बालकान्<br>(बहुत से बालकों को) |
| तृतीया (करण) | से /के द्वारा | बालकेन<br>(एक बालक से) | बालकाभ्याम्<br>(दो बालकों से) | बालकैः<br>(बहुत से बालकों से) |
| चतुर्थी (सम्प्रदान) | के लिए /को | बालकाय<br>(एक बालक के लिए) | बालकाभ्याम्<br>(दो बालकों के लिए) | बालकेभ्यः<br>(बहुत से बालकों के लिए) |
| पंचमी (अपादान) | से (अलग होने पर) | बालकात्<br>(एक बालक से) | बालकाभ्याम्<br>(दो बालकों से) | बालकेभ्यः<br>(बहुत से बालकों से) |
| षष्ठी (सम्बन्ध) | का / के / की | बालकस्य<br>(एक बालक का) | बालकयोः<br>(दो बालकों का) | बालकानाम्<br>(बहुत से बालकों का) |
| सप्तमी(अधिकरण) | में / पर | बालके<br>(एक बालक में) | बालकयोः<br>(दो बालकों में) | बालकेषु<br>(बहुत से बालकों में) |
| संबोधन | हे! / अरे!/भोः | हे बालक!<br>(हे बालक!) | हे बालकौ!<br>(हे दो बालकों!) | हे बालकाः!<br>(हे बहुत से बालकों!) |

**नोट:- शिक्षक उपरोक्त शब्द रूप को अर्थ सहित श्यामपट्ट पर लिखें और विस्तार से कारक ज्ञान के साथ समझाए।**

- शिक्षक उदाहरण के साथ बताए।

**उदाहरण वाक्य** — सरल हिन्दी अर्थ

1.बालकः पठति। — बालक पढ़ता है।

2.गुरुः बालकम् पश्यति। — गुरु बालक को देखता है।
3.कन्दुकेन क्रीडति । — गेंद से खेलता है।
4.माता बालकाय फलम् ददाति। — माता बालक को फल देती है।
5.शिक्षकः बालकात् पुस्तकं गृह्णाति। — शिक्षक बालक से पुस्तक लेता है।
6.एषः बालकस्य मित्रम् अस्ति। — यह बालक का मित्र है।
7.बालके विश्वासः अस्ति। — बालक में विश्वास है।
8.हे बालक! आगच्छ। — हे बालक! यहाँ आओ।

शिक्षक बच्चों से "बालक" शब्द रूप के आधार पर अन्य अकारान्त पुल्लिंग शब्दों, जैसे— रामः, नरः, देवः, जनकः, कृष्णः, गजः आदि के शब्दरूपों का भी मौखिक एवं लिखित अभ्यास करवाएँ।

**गतिविधि—** शब्दरूप पहचानो

- शिक्षक कक्षा में शब्द रुपों की पर्चियाँ बनाकर ले जाऐ।
- कक्षा में से किसी भी छात्र को बुलाकर एक पर्ची उठाने को कहे।
- अब पर्ची में जो भी शब्द रूप आया है वह बच्चा उस शब्द का सही विभक्ति और सही वचन श्यामपट्ट पर लिखेगा।
- शिक्षक बीच में कक्षा के बच्चों से भी पूछ सकता है कि क्या जो इस बालक ने लिखा है वह ठीक है..?
- सही उत्तर मिलने पर शिक्षक छात्रों से ताली बजवाए या उन्हें शाबाशी दे जिससे उनको प्रोत्साहन मिले।
- शिक्षक इसी प्रकार गतिविधि को आगे बढाते हुए यह सुनिश्चित करे कि पूरी कक्षा की सहभागिता हो।

**4. अभ्यास कार्य**

**१. रिक्त स्थान भरिए। —**

(क) ________ पठति। (बालकः / बालकम्)
(ख) गुरुः ________ पश्यति। (बालकम् / बालकः)
(ग) माता ________ फलम् ददाति। (बालकाय / बालकस्य)
(घ) ________ पुस्तकानि सन्ति। (बालकस्य / बालकेन)

**२. एकवचन, द्विवचन और बहुवचन लिखिए —**

| **एकवचन** | **द्विवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|
| बालकः | ________ | ________ |
| ________ | नरौ | नराः |
| देवः | ________ | ________ |

**श्रुतलेख :** शिक्षक कक्षा में पिछले दिन की संस्कृत शब्दावली उन्नयन के शब्दों का श्रुतलेख विद्यार्थियों को  कराए और उन्हें एक दूसरे की कॉपी जांचने के लिए कहे। पूरी कक्षा में से कुछ कॉपी स्वयं भी चेक करे।

**5) संस्कृत शब्दावली उन्नयन**

आज की शब्दावली शब्द रूप आधारित होगी। शिक्षक निम्नलिखित शब्दों को श्यामपट्ट पर लिखे और विद्यार्थियों से भी कार्य पुस्तिका पर लिखने के लिए कहे -

| संस्कृत शब्द | अर्थ | संस्कृत शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| 1. वेलां | समय | 11. तन्द्रा | आलस्य |
| 2. सघृण: | दयालु | 12. वासर: | दिन |
| 3. जघन्य: | नीच | 13. पिपासा | प्यास |
| 4. प्रासाद: | महल | 14. अभ्यंङ्ग: | मालिश |
| 5. दर्प: | घमंड | 15. जरा | बुढ़ापा |
| 6. सहर्षम् | खुशी से | 16. चित्तम् | मन |
| 7. विलोक्य | देखकर | 17. अम्ल: | खट्टा |
| 8. आत्मन् | अपना | 18. तीक्ष्ण: | तीखा |
| 9. शावक: | बच्चा (शेर) | 19. मेधा | बुद्धि |
| 10. निद्रा | नींद | 20. आहार: | |
| भोजन | | | |

**7. गृहकार्य**

कक्षा में आज करवाए गए नए शब्दों का घर में मौखिक व लिखित दोहराव करें।

# कारक एवं शब्द रूप

**अधिगम संप्राप्ति :**

- विद्यार्थी आकारान्त स्त्रीलिंग तथा अकारान्त नपुंसकलिंग शब्दरूप बोलते एवं लिखते हैं।
- कारकों के अनुसार शब्दों के रूपों में होने वाले परिवर्तन को समझ सकते हैं।
- सरल संस्कृत वाक्यों में शब्दरूपों का प्रयोग कर सकते हैं।

**1. अभिवादन / वार्तालाप**

शिक्षक विद्यार्थियों का संस्कृत संवाद के प्रयोग का दैनिक अभ्यास कराते हुए कहे -
शिक्षक : सुप्रभातम्
विद्यार्थी : सुप्रभातम् महोदय! / महोदया!

शिक्षक : यूयं कथं स्थ?
विद्यार्थियों से अपेक्षित उत्तर : वयं कुशलाः स्मः।

शिक्षकः - किं इदानीं भवद्भ्यः संस्कृत-पठनं रोचते?
(क्या अब आप सबको संस्कृत पढ़ना अच्छा लग रहा है?)
विद्यार्थियों से अपेक्षित उत्तर - आम्, रोचते।
(हाँ, अच्छा लग रहा है।)

**2. श्लोक गायन**

दैनिक श्लोक गायन परंपरा के निर्वहन हेतु शिक्षक निम्नलिखित श्लोक को श्यामपट्ट पर लिखे: -

**किन्नु हित्वा प्रियो भवति, किन्नु हित्वा न शोचति।**
**किन्नु हित्वाऽर्थवान् भवति, किन्नु हित्वा सुखी भवेत् ।।**

“शिक्षक इस श्लोक का स्पष्ट उच्चारण एवं गायन के साथ छात्रों को भी अपने पीछे-पीछे बोलने को कहे।”

**3. मुख्य विषयवस्तु (शब्द रूप)**

शिक्षक छात्रों से औपचारिक बातचीत करते हुए कहे-

बच्चो! बताइए आपके घर में कौन-कौन हैं?
(छात्र — माता, पिता, भाई, बहन आदि बताएँगे।)

शिक्षक– अच्छा, घर में कौन-कौन सी वस्तुएँ हैं?
(छात्र — मेज़, पंखा, सोफा आदि बताएँगे।)

शिक्षक बताएगा कि जैसे माता-बहन आदि शब्द स्त्रीलिंग होते हैं और मेज़-पंखा आदि नपुंसकलिंग, वैसे ही संस्कृत में भी शब्दों के अलग-अलग रूप होते हैं। विगत दिवस में आपने पुल्लिंग शब्द रूप सीखे थे और आज हम स्त्रीलिंग ‘रमा’ और नपुंसकलिंग ‘फल’ के शब्दरूप सीखें।

**पूर्वज्ञान**

- विद्यार्थी कारकों के सामान्य चिन्हों से परिचित हैं।
- विद्यार्थी पुल्लिंग शब्दरूपों का अभ्यास कर चुके हैं।

**रमा शब्द रूप— कारक एवं हिन्दी अर्थ सहित**

| **विभक्ति** | **चिह्न** | **एकवचन** | **द्विवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|---|---|
| प्रथमा (कर्ता) | ने | बालिका (एक बालिका ने) | बालिके (दो बालिकाओं ने) | बालिकाः (बहुत सी बालिकाओं ने) |
| द्वितीया (कर्म) | को | बालिकाम् (एक बालिका को) | बालिके (दो बालिकाओं को) | बालिकाः (बहुत सी बालिकाओं को) |
| तृतीया (करण) | से /द्वारा | बालिकया (एक बालिका से) | बालिकाभ्याम् (दो बालिकाओं से) | बालिकाभिः (बहुत सी बालिकाओं से) |
| चतुर्थी (सम्प्रदान) | के लिए /को | बालिकायै (एक बालिका के लिए) | बालिकाभ्याम् (दो बालिकाओं के लिए) | बालिकाभ्यः (बहुत सी बालिकाओं के लिए) |
| पंचमी (अपादान) | से (अलग होने पर) | बालिकायाः (एक बालिका से) | बालिकाभ्याम् (दो बालिकाओं से) | बालिकाभ्यः (बहुत सी बालिकाओं से) |
| षष्ठी (सम्बन्ध) | का / के / की | बालिकायाः (एक बालिका की) | बालिकयोः (दो बालिकाओं की) | बालिकानाम् (बहुत सी बालिकाओं की) |
| सप्तमी(अधिकरण) | में / पर | बालिकायाम् (एक बालिका में) | रमयोः (दो बालिकाओं में) | बालिकासु (बहुत सी बालिकाओं में) |
| संबोधन | हे! / अरे! | हे बालिके! (हे एक बालिका!) | हे बालिके! (हे दो बालिकाओं!) | हे बालिकाः! (हे बहुत सी बालिकाओं!) |

**शिक्षक उदाहरण के साथ भी समझाए:-**

**विभक्ति** **उदाहरण वाक्य** **हिन्दी अर्थ**
**प्रथमा** → रमा विद्यालयं गच्छति। → रमा विद्यालय जाती है।
**द्वितीया** → गुरुः रमाम् आह्वयति। → गुरु रमा को बुलाते हैं।
**तृतीया** → रमा हस्तेन चित्रं रचयति। → रमा हाथ से चित्र बनाती है।
**चतुर्थी** → माता रमायै फलं ददाति। → माता रमा को फल देती है।
**पञ्चमी** → अहं रमायाः पुस्तकं गृह्णामि। → मैं रमा से पुस्तक लेता हूँ।
**षष्ठी** → एषः स्यूतः रमायाः अस्ति। → यह बैग रमा का है।
**सप्तमी** → रमायां विश्वासः अस्ति। → रमा में विश्वास है।
**सम्बोधन** → हे रमे! अत्र आगच्छ। → हे रमा! यहाँ आओ।

**फल शब्दरूप — कारक एवं हिन्दी अर्थ सहित**

| **विभक्ति** | **चिह्न** | **एकवचन** | **द्विवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|---|---|
| प्रथमा (कर्ता) | ने | फलम्<br>(एक फल) | फले<br>(दो फल) | फलानि<br>(बहुत से फल) |
| द्वितीया (कर्म) | को | फलम्<br>(एक फल को) | फले<br>(दो फलों को) | फलानि<br>(बहुत से फलों को) |

शिक्षक बच्चों को ध्यान दिलाए कि नपुंसकलिंग 'फल' शब्द के रूप तृतीया विभक्ति से आगे अधिकांशतः अकारान्त पुल्लिंग शब्दों के समान चलते हैं, केवल प्रथमा, द्वितीया एवं सम्बोधन में भिन्नता दिखाई देती है।

**नोट:-** शिक्षक बच्चों से इसी सारणी के आधार पर अन्य आकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों जैसे— लता, कथा, माला, सीता, छात्रा, सभा, बालिका आदि। नपुंसकलिंग शब्दों जैसे— वन, जल, पुस्तक, मित्र, गृह, वस्त्र, धन आदि के शब्दरूपों का भी मौखिक एवं लिखित अभ्यास करवाए।"

**"फल" शब्द सात विभक्तियों के उदाहरण:-**

| **विभक्ति** | **उदाहरण वाक्य** | | **हिन्दी अर्थ** |
|---|---|---|---|
| **प्रथमा**→ | फलं स्वादु अस्ति। | → | फल मीठा है। |
| **द्वितीया**→ | बालकः फलम् खादति। | → | बालक फल खाता है। |
| **तृतीया**→ | फलेन रसः प्राप्नोति। | → | फल से रस बनाया जाता है। |
| **चतुर्थी**→ | माता फलेभ्य: पात्रम् आनयति। | → | माता फल के लिए पात्र लाती है। |
| **पञ्चमी**→ | वृक्षात् फलात् पतति। | → | वृक्ष से फल गिरता है। |

**गतिविधि — शब्दरूप पास करो**

- शिक्षक छात्रों को अपनी ही पंक्ति में एक गेंद/चॉक/पेन पहले छात्र को देते हुए शब्द बोले — जैसे लता।
- बच्चा उसका अगला रूप बोले — लते, फिर गेंद आगे पास करे।
- अगला बच्चा बोले — लताः।
- इसी प्रकार फलम् — फले — फलानि आदि करवाए।
- शिक्षक अपनी निगरानी में इस शब्द रूप पास करो खेल को खिलाएंगे और पहली पंक्ति के किसी छात्र के गलत रूप बोलने पर दूसरी पंक्तियों में बैठे किसी भी छात्र से उसका सुधार करवा सकता हैं जिससे दूसरी पंक्तियों के छात्र भी सतर्क रहेंगे।

इस प्रकार पूरी कक्षा सहभागिता करेगी और खेल-खेल में शब्दरूप याद हो जाएँगे।

**4. अभ्यास कार्य**

**१. रिक्त स्थान पूर्ति कीजिए —**

(क) ________ विद्यालयं गच्छति। (लता / लताम्)
(ख) माता ________ पुष्पम् ददाति। (विद्यायै / विद्या)
(ग) ________ मधुरम् अस्ति। (जलम् / जलेन)
(घ) बालकः ________ पिबति। (जलम् / जलस्य)
(ङ) ________ शोभना: सन्ति। (मालाः / मालाम्)

(च) उद्याने ________ सन्ति। (वृक्षाणि / वृक्षम्)
(छ) गुरुः ________ कथयति । (कथाम् / कथा)
(ज) ________ दीपाः सन्ति। (गृहेषु / गृहम्)

**२. एकवचन — द्विवचन — बहुवचन लिखिए —**

| एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|
| लता → | ________ | ________ |
| वनम् → | ________ | ________ |
| माला → | ________ | ________ |
| जलम् → | ________ | ________ |
| विद्या → | ________ | ________ |
| गृहम् → | ________ | ________ |
| कथा → | ________ | ________ |
| पुष्पम् → | ________ | ________ |

**श्रुतलेख:** शिक्षक कक्षा में पिछले दिन की संस्कृत शब्दावली उन्नयन के शब्दों का श्रुतलेख विद्यार्थियों को कराये और उन्हें एक दूसरे की कॉपी जांचने के लिए कहे। पूरी कक्षा में से कुछ कॉपी स्वयं भी चेक करे।

**5. संस्कृत शब्दावली उन्नयन**

शिक्षक निम्नलिखित शब्दों को श्यामपट्ट पर लिखे और विद्यार्थियों से भी कार्य पुस्तिका पर लिखने के लिए कहे -

| संस्कृत शब्द | अर्थ | संस्कृत शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| 1. ताम्रम् | तांबे को | 15. व्याधि: | बीमारी |
| 2. सुवर्णम् | सोना | 16. दुर्जन: | दुष्ट व्यक्ति |
| 3. मुद्रा | रुपया | 17. नीडम | घोंसला |
| 4. चित्रकारः | चित्र बनाने वाला | 18. भ्राता | भाई |
| 5. कर्मकर: | मजदूर | 19. पलायनम् | भागना |
| 6. अधिप: | स्वामी | 20. आगत्य | आकर |
| 7. शक्र: | इन्द्र | | |
| 8. शिवम् | कल्याण | | |
| 9. मातलि: | इन्द्र का सारथी | | |
| 10. भिषक् | वैद्य | | |
| 11. तृणात् | तिनके से | | |
| 12. सार्थ: | दल, टोली | | |
| 13. खात् | गड्ढा | | |
| 14. वात: | वायु | | |

**6. गृहकार्य**

कक्षा में आज करवाए गए नए शब्दों का घर में मौखिक व लिखित दोहराव करें।

# पर्यायवाची एवं विलोम शब्द

**अधिगम संप्राप्ति :**

- विद्यार्थी समान एवं विपरीत अर्थ वाले शब्द पहचान सकते हैं।
- सरल संस्कृत शब्दों को भी पर्याय और विलोम के माध्यम से जान सकते हैं।

**1. अभिवादन / वार्तालाप**

शिक्षक विद्यार्थियों का संस्कृत संवाद के प्रयोग का दैनिक अभ्यास कराते हुए कहे -

शिक्षक : सुप्रभातम्
विद्यार्थी : सुप्रभातम् महोदय! / महोदया!
शिक्षक : "यूयं कथं स्थ?"
विद्यार्थियों से अपेक्षित उत्तर : "वयं कुशलाः स्मः।"
शिक्षक - यूयं कथं अनुभवं कुरुथ ?
विद्यार्थी - महोदय / महोदया शोभनम् /महोदय / महोदया उत्सुका: स्म:।

**2. श्लोक गायन**

दैनिक श्लोक गायन परंपरा के निर्वहन हेतु शिक्षक निम्नलिखित श्लोक को श्यामपट्ट पर लिखें या किसी विद्यार्थी को बुलाकर भी लिखवा सकते हैं -

**किन्नु हित्वा प्रियो भवति, किन्नु हित्वा न शोचति।**
**किन्नु हित्वाऽर्थवान् भवति, किन्नु हित्वा सुखी भवेत् ।।**

**(नोट:** शिक्षक इस श्लोक को स्पष्ट उच्चारण एवं गायन के साथ छात्रों से बुलवाए।)

**3. मुख्य विषयवस्तु**

**शिक्षक निर्देश:-** छात्रों से अनौपचारिक बातचीत करते हुए पूछे:- क्या एक वस्तु के कई नाम हो सकते हैं?
घर में माता-पिता आपको किन-किन नामों से बुलाते हैं। छात्रों को उत्तर देने दें-

अब शिक्षक कहे- जैसे आपके कई नाम हो सकते हैं वैसे ही संस्कृत में भी एक शब्द के कई मित्र होते हैं शिक्षक बोर्ड पर लिखे जैसे:-

| **शब्द** | **पर्यायवाची** |
|---|---|
| 1.अग्निः (आग) | : अनलः, पावकः, वह्निः |
| 2.आकाशः (आसमान) | : गगनम्, नभः, अम्बरम् |
| 3.कमलम् (कमल) | : पंकज:, नीरज:, सरोज: |
| 4.जलम् (पानी) | : वारि, नीरम्, तोयम् |
| 5.दिनम् (दिन) | : दिवसः, वासरः, अह्नि: |

6.नदी (नदी) : सरिता, तटिनी, आपगा

7.पर्वतः (पहाड़) : गिरिः, शैलः, भूधरः

8.पृथ्वी (धरती) : धरा, वसुधा, वसुंधरा

9.वृक्षः (पेड़) : तरुः, पादपः, द्रुमः

10.सूर्यः (सूरज) : रविः, भानुः, भास्करः

**गतिविधि – सही मित्र खोजो**

- शिक्षक कक्षा को दो समूह में बांटकर , एक समूह को मूल शब्द कार्ड दे। और दूसरे समूह को पर्यायवाची शब्दों के कार्ड दे।
- अब छात्र दूसरे समूह में से अपना सही "मित्र शब्द" खोजें। जैसे —
  गजः— हस्ती, द्विपः
  मित्रम्—सुहृद्, सखा, बन्धुः
  वर्षा—वृष्टिः, पर्जन्यः, मेघवृष्टिः
  भोजनम्—आहारः, अन्नम्, खाद्यम्

- सही जोड़ी बनने पर पूरी कक्षा ताली बजाए।

**विलोम शब्द**

- शिक्षक छात्रों को बताए कि "कुछ शब्द भाई-बहन जैसे हैं (पर्यायवाची शब्द) तो कुछ दुश्मन जैसे (विलोम शब्द) होते हैं।"
- शिक्षक एक शब्द बोले और छात्र उसका उल्टा शब्द बोले जैसे-

| **शब्द** | **विलोम** |
|---|---|
| दिनम् | रात्रिः |
| सुखम् | दुःखम् |
| उच्चैः | नीचैः |
| आगच्छ | गच्छ |

**शिक्षक -** जो शब्द एक-दूसरे का उल्टा अर्थ बताते हैं, उन्हें विलोम शब्द कहते हैं। जैसे-

| **शब्दः** | **विपर्ययः** | | |
|---|---|---|---|
| 1. उन्नतिः | अवनतिः | 2. उच्चैः | नीचैः |
| 3. निशा | दिवा | 4. जननी | जनकः |
| 5. गुणः | अवगुणः | 6. मानम् | अपमानम् |
| 7. बहिः | अन्तः | 8. तीव्रम् | मन्दम् |
| 9. दूरम् | समीपम् | 10. सत्यम् | असत्यम् |

**नोटः-**शिक्षक छात्रों को यह भी बताए कि कुछ उपसर्ग लगने के बाद भी शब्द एक दूसरे के विलोम बन जाते हैं जैसे-अ,अव,अन् ,दुर् आदि।
उदाहरण स्वरूपः-
ज्ञातः—अज्ञातः उचितम्—अनुचितम्
गुणः—अवगुणः आचारः—दुराचारः

**गतिविधि — विलोम ताली खेल**

- शिक्षक कक्षा में एक शब्द बोले।
- छात्र हाथ उठाएं जिसको सही विलोम पता है।

- शिक्षक किसी भी छात्र से विलोम पूछे- यदि बच्चा उसका सही विलोम बोल दे तो सब एक ताली बजाएँ।
- गलत होने पर दो ताली।

**4. अभ्यास कार्य**

**१. नीचे दिए शब्दों के सही पर्यायवाची शब्द लिखो।**

चन्द्रः → ________________(कुमारः/शशिः/इन्दुः)
पुष्पम् → ________________(कुसुमम्/ सुमनः/भानु)
मेघः → ________________(घनः/ जलधरः/हस्तः)
पक्षी → ______________ (विहङ्गः/ खगः/दिनकरः)
हिमम् → _____________(तुहिनम्/शीतलः/चन्द्रः)
शरीरम् →_____________(देहः/अग्नि/तनुः)
नेत्रम् →___________(नयनम्/रात्रि/अग्निः)
समुद्रः→___________(सागरः/वारि /रत्नाकरः)
मार्गः→____________(सोमः/पथः)
बालकः→__________(शिशुः/ कुमारः/नृपः)

**२. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द मञ्जूषा में से ढूंढ कर लिखिए।**

| **शब्द** | **विलोम शब्द** | **शब्द** | **विलोम शब्द** |
|---|---|---|---|
| सुखम् | | मित्रम् | |
| दिनम् | | नूतनम् | |
| बृहत् | | अमृतम् | |
| उष्णम् | | उपरि | |
| जयः | | प्रकाशः | |

**मञ्जूषा:-** शीतम्, रात्रिः, लघुः, विषम्, शत्रुः, अन्धकारः, पराजयः, पुरातनम्, अधः, दुःखम्

**३. नीचे दिए गए शब्दों में से पर्यायवाची तथा विलोम की जोड़ियाँ बनाकर लिखिए —**

**मञ्जूषा:-**रविः, रात्रिः, नीरः, शत्रुः, विशालः, दुःखः, सखा, प्रकाश, जलम् , मित्रम् , सूर्यः, सुखम् , दिनम् , अन्धकारः,

**पर्यायवाची जोड़ियाँ — विलोम जोड़ियाँ**

___________ — ___________
___________ — ___________
___________ — ___________
___________ — ___________

**4. श्रुतलेख**

शिक्षक कक्षा में पिछले दिन की संस्कृत शब्दावली उन्नयन के शब्दों का श्रुतलेख विद्यार्थियों को कराये और उन्हें एक दूसरे की कॉपी जांचने को कहे। पूरी कक्षा में से कुछ कॉपी स्वयं भी चेक करे।

**5. संस्कृत शब्दावली उन्नयन**

आज की शब्दावली पर्यायवाची और विलोम शब्द आधारित होगी। शिक्षक निम्नलिखित शब्दों को श्यामपट्ट पर लिखे और विद्यार्थियों से भी कार्य पुस्तिका पर लिखने के लिए कहे -

| संस्कृत शब्द | अर्थ |
|---|---|
| मूर्ख: | मूर्ख |
| कलह: | झगड़ा |
| पठनम् | पढ़ना |
| कृष्ण: | काला |
| श्वेत: | सफेद |
| अमृतम् | अमृत |
| विषम् | जहर |
| नग: | पर्वत |
| शुचि: | पवित्र |
| प्रेम | प्यार |
| हस्त: | हाथ |
| महत् | बडा |
| तरु: | वृक्ष |

**6. गृहकार्य**

कक्षा में आज करवाए गए नए शब्दों का घर में मौखिक व लिखित दोहराव करें।

# विशेषण–विशेष्य

## अधिगम संप्राप्ति

इस सत्र के उपरान्त विद्यार्थी -

- विशेषण एवं विशेष्य की प्रारम्भिक समझ विकसित करते हैं।
- संज्ञा  सर्वनाम और विशेष्य की साम्यता को समझते हैं।
- सरल संस्कृत वाक्यों के प्रति समझ विकसित करते हैं।

### 1. अभिवादन एवं वार्तालाप

शिक्षक विद्यार्थियों को संस्कृत शब्दावली के प्रयोग का दैनिक अभ्यास कराते हुए कहे -

शिक्षक : सुप्रभातम्

विद्यार्थी : सुप्रभातम् महोदय! / महोदया!
शिक्षक : यूयं कथं स्थ?
विद्यार्थियों से अपेक्षित उत्तर : वयं कुशलाः स्मः।
शिक्षक : यूयं कथं अनुभवं कुरुथ?
विद्यार्थियों से अपेक्षित उत्तर : महोदय/महोदया शोभनम्।/ महोदय/महोदया उत्सुकाः।

### 2. श्लोक गायन

दैनिक श्लोक गायन परम्परा के निर्वहन हेतु शिक्षक निम्नलिखित श्लोक को श्यामपट्ट पर लिखे -

**किन्नु हित्वा प्रियो भवति, किन्नु हित्वा न शोचति।**
**किन्नु हित्वाऽर्थवान् भवति, किन्नु हित्वा सुखी भवेत् ।।**

## शिक्षक हेतु निर्देश

1. किन्हीं दो विद्यार्थियों को श्लोक उच्चारण करने हेतु आमंत्रित करे।
2. अन्य विद्यार्थी पंक्ति-दर-पंक्ति दोहराएं।
3. शुद्ध उच्चारण पर बल दे।

### 3. आज की मुख्य विषय-वस्तु (विशेषण–विशेष्य)

## गतिविधि

शिक्षक विद्यार्थियों का ध्यान कक्षा की वस्तुओं की ओर दिलाए।

एक पुस्तक हाथ में लेकर पूछे- क्या सभी पुस्तकें एक जैसी होती हैं?

संभावित उत्तर - नहीं, कुछ बड़ी होती हैं, कुछ छोटी।

अब शिक्षक विद्यार्थियों को मूल विषय से जोड़ते हुए बताए कि आज हम व्यक्तियों, वस्तुओं, स्थानों की विशेषताओं के बारे में जानेंगे।

## देखो, समझो और जानो

- शिक्षक श्यामपट्ट पर केवल एक शब्द लिखे - बालकः
- शिक्षक विद्यार्थियों से पूछे - यदि मैं केवल 'बालकः' कहूँ, तो क्या आपको उसके बारे में पूरी जानकारी मिलती है?
- संभावित उत्तर - नहीं , कौन-सा बालक? कैसा बालक?
- अब शिक्षक कक्षा के दो विद्यार्थियों को सामने बुलाए। एक लम्बा छात्र तथा एक छोटा छात्र (या कोई स्पष्ट अन्तर वाला उदाहरण) चुनें।
- पहले छात्र की ओर संकेत करे - एषः कः? शिक्षक इन शब्दों का हिंदी अर्थ भी अवश्य बताए कि यह कौन है?
  संभावित उत्तर - बालकः
- अब दूसरे छात्र के लिए भी पूछे- एषः कः?
  संभावित उत्तर - बालकः
- शिक्षक प्रश्न करे कि दोनों ही बालकः हैं। क्या मैं किसी एक बालक के लिए कुछ विशेष बता सकता/सकती हूँ?
- विद्यार्थियों को सोचने का अवसर दे। यदि विद्यार्थियों के उत्तर हिंदी भाषा में आयें तो उन्हें कुछ संस्कृत भाषा के संकेत अर्थ सहित दें -

  सुन्दरः , दीर्घः , हृष्टः

- अब शिक्षक श्यामपट्ट पर लिखे -

  दीर्घः बालकः
  सुन्दरः बालकः
  हृष्टः बालकः

- शिक्षक एक पुस्तक उठाए और पूछे- एतत् किम्?
  संभावित उत्तर- पुस्तकम्
- अब दो पुस्तकें दिखाए (यदि सम्भव हो एक बड़ी, एक छोटी)
- विद्यार्थियों से पूछे कि यदि दोनों पुस्तकम् हैं, तो इनमें अन्तर कैसे बताएँ?

  संभावित उत्तर - बड़ी पुस्तक, छोटी पुस्तक

- श्यामपट्ट पर लिखे-

बृहत् पुस्तकम् (अर्थात् बड़ी पुस्तक)
लघु पुस्तकम्   (अर्थात् छोटी पुस्तक)

- अब एक फल का उदाहरण दें - मधुरं फलम् अर्थात् मीठा फल

अब शिक्षक ये उदाहरण श्यामपट्ट पर लिखकर विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित करे-

सुन्दरः बालकः
बृहत् पुस्तकम्
मधुरं फलम्

चर्चा हेतु प्रश्न- कौन से शब्द केवल नाम बता रहे हैं?
कौन-से शब्द कुछ खास विशेषता बता रहे हैं?

- शिक्षक सरल भाषा में विद्यार्थियों को समझाए- जो शब्द किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान की विशेषता बताते हैं, वे विशेषण कहलाते हैं। जिसकी विशेषता बताई जाती है, वह विशेष्य कहलाता है जो आमतौर पर संज्ञा या सर्वनाम ही होते हैं।

शिक्षक श्यामपट्ट पर तुलनात्मक सारणी बनाए

| **विशेषण (कैसा/कैसी/कैसा?)** | **विशेष्य (कौन/क्या?)** |
|---|---|
| सुन्दरः | बालकः |
| सुन्दरी | बालिका |
| बृहत् | पुस्तकम् |
| मधुरम् | फलम् |

**4. अभ्यास कार्य**

**१. पश्य वद च  (देखो और बोलो)**

शिक्षक कक्षा में उपस्थित वस्तुओं एवं स्वयं से जुड़े सरल उदाहरणों द्वारा विशेषण–विशेष्य के कुछ पदबन्ध बोले और विद्यार्थियों को ध्यानपूर्वक सुनने हेतु कहे।

उदाहरणार्थ शिक्षक कहे-

कृष्णाः केशाः (काले बाल)

नील लेखनी (नीला पेन)

श्वेत:  सुधाखण्ड:  (सफ़ेद चॉक का टुकड़ा)

श्यामपट्टः (काला बोर्ड)

इसके बाद शिक्षक विद्यार्थियों से कहे-

अब आप भी अपने आसपास की किसी वस्तु, मित्र अथवा स्वयं से सम्बन्धित एक विशेषण–विशेष्य पदबन्ध बोलिए।

संभावित उत्तर-  दीर्घः बालकः (लम्बा लड़का),  श्वेतं पुस्तकम् (सफेद पुस्तक)

**नोट**:-विद्यार्थियों को संस्कृत में बोलने के प्रयास हेतु प्रोत्साहित करे। शुद्धता से अधिक सहभागिता पर बल दे। शिक्षक ध्यान दे कि छात्र कोई नकारात्मक टिप्पणी न करे।

### २. विशेषता बताने वाले शब्द पहचानिए

शिक्षक श्यामपट्ट पर निम्नलिखित पद लिखे

1. लघुः बालकः
2. पीतं पुष्पम्
3. चञ्चला बालिका
4. दीर्घः मार्गः
5. शीतलं जलम्

**निर्देश :**

विद्यार्थी विशेषता बताने वाले शब्द पर गोला लगाएं।

### ३. उचित विशेषण का मिलान करो

| **विशेषण** | **विशेष्य** |
|---|---|
| शीतलम् | मार्गः |
| पीतम् | बालिका |
| दीर्घः | जलम् |
| चञ्चला | पुष्पम् |

### ४. रिक्तस्थानं पूरयत्

कोष्ठक में दिए गए शब्दों की सहायता से रिक्त स्थान भरें—

(शीतलं, पीतं, दीर्घः, चञ्चला)

1. _______ मार्गः
2. _______ बालिका
3. _______ जलम्
4. _______ पुष्पम्

**श्रुतलेख-** शिक्षक कक्षा में पिछले दिन की संस्कृत शब्दावली उन्नयन के शब्दों का श्रुतलेख विद्यार्थियों को  कराये और उन्हें एक दूसरे की कॉपी जांचने के लिए कहे। पूरी कक्षा में से कुछ कॉपी स्वयं भी चेक करे।

**5. संस्कृत शब्दावली उन्नयन**

आज की शब्दावली विशेषण–विशेष्य आधारित होगी। शिक्षक निम्नलिखित शब्दों को श्यामपट्ट पर लिखे और विद्यार्थियों से भी कार्य पुस्तिका पर लिखने के लिए कहे -

| संस्कृत शब्द | अर्थ |
|---|---|
| सुन्दरः | सुन्दर |
| गुरुतरः | बड़ा |
| उच्चतरः | ऊँचा |
| बहुतरं | बहुत अधिक |
| महान् | महान |
| कोमलः | कोमल |
| प्रसन्नेन | प्रसन्न |
| कठिनाः | कठिन |
| विशालः | बड़ा |
| मलिनः | गंद |
| कटु | कड़वा |
| चञ्चलः | चंचल |
| बलिष्ठः | बलवान |
| निर्भीकः | निडर |
| स्वस्थः | स्वस्थ |

**6. गृहकार्य**

कक्षा में आज करवाए गए नए शब्दों का घर में मौखिक व लिखित दोहराव करें।

# अव्यय

### अधिगम संप्राप्ति

- विद्यार्थी अव्यय शब्दों की पहचान करते हैं।
- विद्यार्थी वाक्यों में अव्यय का सही प्रयोग भरते हैं।
- विद्यार्थी संस्कृत के वाक्यों में अव्यय शब्दों की खोज करते हैं।
- विद्यार्थी दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाले अव्ययों को जानते हैं।

### 1. अभिवादन एवं वार्तालाप

शिक्षक विद्यार्थियों का संस्कृत संवाद के प्रयोग का दैनिक अभ्यास कराते हुए कहे -

शिक्षक : सुप्रभातम्
विद्यार्थी : सुप्रभातम् महोदय! / महोदया!
शिक्षक : यूयं कथं स्थ?
विद्यार्थियों से अपेक्षित उत्तर : वयं कुशलाः स्मः।
शिक्षकः - किम् इदानीं भवद्भ्यः संस्कृत-पठनं रोचते?
विद्यार्थियों से अपेक्षित उत्तर - आम्, रोचते।

### 2. श्लोक गायन

दैनिक श्लोक गायन परंपरा के निर्वहन हेतु शिक्षक निम्नलिखित श्लोक को श्यामपट्ट पर लिखे: -

**किन्नु हित्वा प्रियो भवति, किन्नु हित्वा न शोचति।**
**किन्नु हित्वाऽर्थवान् भवति, किन्नु हित्वा सुखी भवेत् ।।**

शिक्षक इस श्लोक का स्पष्ट उच्चारण एवं गायन के साथ छात्रों को भी अपने पीछे-पीछे बोलने को कहे।

### 3. मुख्य विषयवस्तु (अव्यय)

शिक्षक विद्यार्थियों को कुछ शब्द बोलकर बताए कि-

"क्या आप इन शब्दों से परिचित हैं जैसे:- उच्चैः, शीघ्रं, नीचैः, बहिः, प्रतिदिनं, पुरा, विना, च, अपि, एव, यदा, तदा, पुनः, यत्र, तत्र, सर्वत्र, अत्र, सदा, अद्य, शीघ्रम्, सदैव, उपरि इत्यादि।'

छात्रों को उत्तर देने दें–
अब शिक्षक बताए कि- जो शब्द लिङ्ग, वचन, पुरुष, काल आदि के अनुसार नहीं बदलते उन्हें अव्यय कहते हैं। जैसे:-

- वृद्धः शनैः शनैः मार्गे चलति।
  — बूढ़ा व्यक्ति धीरे-धीरे मार्ग पर चलता है।

- वृद्धाः शनैः शनैः मार्गे चलन्ति।
  —बूढें व्यक्ति धीरे-धीरे मार्ग पर चलतें है।
- छात्रः शनैः शनैः गीतं गायति।
  — छात्र धीरे-धीरे गीत गाता हैं।
- छात्राः शनैः शनैः गीतं गायन्ति।
  — छात्र धीरे-धीरे गीत गाते हैं।

**शिक्षक द्वारा सरल स्पष्टीकरण**

देखा बच्चों 'शनैः शनैः' एक अव्यय शब्द है। इन सभी वाक्यों में यह किसी भी लिंग, वचन, काल अथवा विभक्ति के अनुसार नहीं बदला। वृद्धः, वृद्धाः, छात्र व छात्रा के साथ हर जगह इसका रूप 'शनैः शनैः' ही रहा।

**श्यामपट्ट कार्य**

| **अव्यय शब्द** | **अर्थ** |
|---|---|
| शनैः शनैः | धीरे-धीरे |
| अद्य | आज |
| श्वः | कल (अनेवाला कल) |
| अधुना | अब |
| यदा | जब |
| तदा | तब |
| कुतः | कहाँ से |
| अत्र | यहाँ |
| तत्र | वहाँ |
| सर्वदा | हमेशा |
| सहसा | अचानक |
| पुनः | फिर |
| एव | ही |
| अपि | भी |
| उच्चैः | ऊँचे स्वर से |
| नीचैः | धीरे / नीचे स्वर से |
| वृथा | व्यर्थ |
| बहिः | बाहर |
| अन्तः | भीतर |
| यत्र | जहाँ |

**गतिविधि - अव्यय पहचानो**

शिक्षक श्यामपट्ट पर कुछ वाक्य लिखे —

बालकः शनैः शनैः लिखति।

छात्राः अधुना पठन्ति।

रामः अत्र तिष्ठति।

बालिका पुनः गायति।

श्वः परीक्षा भविष्यति।

ह्यः वर्षा आसीत्।

अब शिक्षक कक्षा में बीच-बीच में से किसी भी छात्र को बुलाकर अव्यय शब्दों पर घेरा लगाने को कहे–

**निष्कर्ष**

छात्र पहचानेंगे कि —

**शनैः शनैः, अधुना, अत्र, पुनः,श्वः,ह्यः** आदि अव्यय शब्द हैं।

**4. अभ्यास कार्य**

**क. सही घर तक पहुँचाओः-**

| अव्यय शब्द | बदलने वाले शब्द |
|---|---|
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |
| ________ | ________ |

**मञ्जूषा**

अधुना, रामः, अत्र, फलानि, पुनः, बालिका, शनैः शनैः, गच्छति

छात्र शब्दों को सही खाने में लिखेंगे।

**ख. मञ्जूषा की सहायता से रिक्तस्थान भरें —**

**मञ्जूषा — उच्चैः, च, अस्ति, सदा, शनैः, प्रतिदिनम्, एव, पुनः, मा, बहिः।**

1. रामः वीणा _______।
2. सिंहः _______ गर्जति।
3. ईश्वरः _______ अस्ति।
4. अहं _______ पठामि।
5. _______ अशोकः राजा आसीत्।
6. गजः _______ चलति।
7. सः _______ पठति।
8. सत्यं _______ जयते।
9. कोलाहलं________ कुरु।
10. गृहात्_________ मा गच्छ।

**ग. सही मिलान कीजिए —**

| **स्तम्भ A** | **स्तम्भ B** |
|---|---|
| अधुना | व्यर्थ |
| वृथा | अब |
| सहसा | भी |
| अपि | अचानक |
| बहिः | जब |
| यदा | बाहर |
| तदा | भीतर |
| अन्तः | तब |

**घ. श्रुतलेख**

शिक्षक कक्षा में पिछले दिन की संस्कृत शब्दावली उन्नयन के शब्दों का श्रुतलेख विद्यार्थियों को कराये और उन्हें एक दूसरे की कॉपी जांचने को कहे। पूरी कक्षा में से कुछ कॉपी स्वयं भी चेक करे।

**5. संस्कृत शब्दावली उन्नयन**

शिक्षक निम्नलिखित शब्दों को श्यामपट्ट पर लिखे और विद्यार्थियों से भी कार्य पुस्तिका पर लिखने के लिए कहे -

| संस्कृत शब्द | अर्थ | संस्कृत शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| 1. सर्वत्र | सब जगह | 11 मा | मत |
| 2. अद्य | आज | 12 धिक् | धिक्कार |
| 3. ह्य: | बीता हुआ कल | 13 अधः | नीचे |
| 4. श्वः | आने वाला कल | 14 उपरि | ऊपर |
| 5. सम्प्रति | अब | 15 पुरतः | सामने |
| 6. अधुना | अब | 16 सर्वदा | हमेशा |
| 7. नक्तम् | रात | 17 सह | साथ |
| 8. इतस्ततः | इधर-उधर | 18 पुरा | पुराने समय में |
| 9. अन्यत्र | दूसरी जगह | 19 परितः | चारों ओर |
| 10. अलम् | बस, पर्याप्त | 20 यावत् | जब तक |

**6. गृहकार्य**

कक्षा में आज करवाए गए नए शब्दों का घर में मौखिक व लिखित दोहराव करें।

# साप्ताहिक पुनरावृत्ति कार्यपत्रिका

**1.उदाहरणानुसार रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए —**

| | शब्द | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|---|
| प्रथमा - | बालक | बालकः | बालकौ | बालकाः |
| द्वितीया- | फल | फलम् | _______ | _______ |
| तृतीया- | लता | _______ | लताभ्याम् | _______ |
| चतुर्थी- | रमा | रमायै | _______ | _______ |
| पंचमी- | मित्र | _______ | _______ | मित्रेभ्य: |
| षष्ठी- | देव | _______ | देवयो: | ______ |

**2. मिलान करो —**

| **विशेषणम्** | **—** | **विशेष्यम्** |
|---|---|---|
| सुन्दर: | — | फलम् |
| मधुरम् | — | विद्यालय: |
| विशाल: | — | आम्रम् |
| पीत: | — | बालक: |
| कृष्ण: | — | अश्व: |

**3. विलोम शब्दै: सह योजयत —**

| | | |
|---|---|---|
| अक्रोध: | — | असत्यम् |
| अस्तेयम् | — | क्रोध: |
| शौचम् | — | स्तेयम् |
| विद्या | — | अशौचम् |
| सत्यम् | — | अविद्या |
| समाप्ता | — | प्रारब्धा |

**4. समानार्थकशब्दै: सह योजयत —**

| | | |
|---|---|---|
| क्षति: | — | मनसि |
| चित्ते | — | हानि: |
| प्रात:काले | — | श्रुत्वा |
| आकर्ण्य | — | प्रभाते |
| सरोवर: | — | सर: |

**5.निर्देशानुसार शब्दों की विभक्ति और वचन लिखें-**

1. राम→ पञ्चमी / बहुवचन__________
2. रमा→ षष्ठी / द्विवचन __________
3. लता→ चतुर्थी / एकवचन ________
4. फल→द्वितीया / द्विवचन _________
5. मित्र→ सप्तमी / एकवचन ________

**6. अव्यय पदों को हिंदी अर्थ के साथ मिलाइए-**

| **अव्यय पद** | **हिंदी अर्थ** |
|---|---|
| शनैः | बाहर |
| प्रातः | जोर से |
| बहि; | और |
| अत्र | ही |
| तत्र | सब जगह |
| यत्र | वहाँ |
| सर्वत्र | जहाँ |
| एव | धीरे |
| च | सवेरे |
| उच्चैः | यहाँ |

# तत्, एतत् , किम् सर्वनाम शब्द रूप

**अधिगम संप्राप्ति**

- विद्यार्थी सर्वनाम शब्दरूपों को पहचानते हैं।
- तत्, एतत्, किम् के शब्दरूप बोलतें और लिखतें हैं।
- वाक्यों में उचित सर्वनाम शब्दरूपों का प्रयोग करते हैं।

**1. अभिवादन / वार्तालाप**

शिक्षक विद्यार्थियों का संस्कृत संवाद के प्रयोग का दैनिक अभ्यास कराते हुए कहे -

शिक्षक : सुप्रभातम्
विद्यार्थी : सुप्रभातम् महोदय! / महोदया!
शिक्षक : यूयं कथं स्थ?
विद्यार्थियों से अपेक्षित उत्तर : वयं कुशलाः स्मः।
शिक्षकः - किं भवन्तः नूतनं श्लोकं ज्ञातुं उत्सुकाः?
(क्या आप लोग नया श्लोक जानने के लिए उत्सुक हैं?)
छात्राः - आम्, वयम् उत्सुकाः स्मः।
(हाँ, हम उत्सुक हैं।)

**2. श्लोक गायन**

दैनिक श्लोक गायन परंपरा के निर्वहन हेतु शिक्षक निम्नलिखित श्लोक को श्यामपट्ट पर लिखेः -

**मानं हित्वा प्रियो भवति, क्रोधं हित्वा न शोचति।**
**कामं हित्वार्थवान् भवति, लोभं हित्वा सुखी भवेत्।।**

शिक्षक इस श्लोक का स्पष्ट उच्चारण एवं गायन के साथ छात्रों को भी अपने पीछे-पीछे बोलने को कहे। तथा सरल शब्दों में श्लोक का अर्थ भी बताए। शिक्षक छात्रों को कहे कि हमने जो पिछले सप्ताह श्लोक गायन किया था उसमें कुछ प्रश्न थे और आज हमने जो यह श्लोक गाया है इसमें उन्ही प्रश्नों के उत्तर हैं:-

**अहंकार छोड़ने से मनुष्य सबका प्रिय बनता है।**
**क्रोध छोड़ने से दुख नहीं होता।**
**अत्यधिक इच्छाएँ छोड़ने से संतोष मिलता है।**
**लोभ छोड़ने से मनुष्य सुखी रहता है।**
**(नोट**:- शिक्षक पाठ्य पुस्तक के संदर्भ में इस श्लोक की विस्तृत जानकारी भी छात्रों को दे सकता है।**)**

### 3. मुख्य विषयवस्तु (तत्, एतत्, किम् सर्वनाम शब्द रूप)

शिक्षक- बच्चों! पिछले दिनों हमने सर्वनाम शब्दों को सीखा था — जैसे 'सः, एषः, कः' आदि। हमने यह भी जाना था कि ये शब्द संज्ञा के स्थान पर आते हैं। और जैसे हमने संज्ञा शब्दों — बालक, बालिका और फल — के शब्दरूप कारकों के साथ पढ़े थे, वैसे ही अब हम सर्वनाम शब्दों के भी शब्दरूप सीखेंगे और उनका प्रयोग समझेंगे।

**तत् पुल्लिंग और स्त्रीलिंग शब्द रूप अर्थ सहित**

| **विभक्ति** | **एकवचन**<br>**पुल्लिंग / स्त्रीलिंग** | **द्विवचन**<br>**पुल्लिंग / स्त्रीलिंग** | **बहुवचन**<br>**पुल्लिंग / स्त्रीलिंग** |
|---|---|---|---|
| प्रथमा (कर्ता)→ ने | सः / सा<br>वह | तौ / ते<br>वे दोनों | ते / ताः<br>वे सब |
| द्वितीया (कर्म)→ को | तम् / ताम्<br>उसको | तौ / ते<br>उन दोनों को | तान् / ताः<br>उन सबको |
| तृतीया (करण)→<br>से,द्वारा | तेन / तया<br>उससे | ताभ्याम् / ताभ्याम्<br>उन दोनों से | तैः / ताभिः<br>उनसे |
| चतुर्थी (संप्रदान)→को | तस्मै / तस्यै<br>उसके लिए | ताभ्याम् / ताभ्याम्<br>उन दोनों के लिए | तेभ्यः / ताभ्यः<br>उनके लिए |
| पंचमी (अपादान)→ से | तस्मात् / तस्याः<br>उससे / उसके कारण | ताभ्याम् / ताभ्याम्<br>उन दोनों से | तेभ्यः / ताभ्यः<br>उनसे |
| षष्ठी (संबंध)→<br>का,के,की | तस्य / तस्याः<br>उसका / उसकी | तयोः / तयोः<br>उन दोनों का | तेषाम् / तासाम्<br>उनका |
| सप्तमी<br>(अधिकरण)→में,पर | तस्मिन् / तस्याम्<br>उसमें | तयोः / तयोः<br>उन दोनों में | तेषु / तासु<br>उनमें |

**तत् नपुंसकलिंग शब्द रूप अर्थ सहित**

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रथमा | तत्<br>वह वस्तु | ते<br>वे दो वस्तु | तानि<br>वे सब वस्तु |
| द्वितीया | तत्<br>उस वस्तु को | ते<br>उन दो वस्तुओं को | तानि<br>उन वस्तुओं को |

**तत् सर्वनाम (नपुंसकलिंग) अन्य विभक्तियों में नपुंसकलिंग के रूप पुल्लिंग के समान चलते हैं।**

शिक्षक उदाहरण और वाक्य के प्रयोग से समझाएं:-

| **संस्कृत वाक्य** | → | **हिंदी अर्थ** |
|---|---|---|
| सः छात्रः अस्ति। | → | वह छात्र है। |
| सा बालिका अस्ति। | → | वह बालिका है। |
| तत् पुस्तकम् अस्ति। | → | वह पुस्तक है। |
| ते छात्राः पठन्ति। | → | वे छात्र पढ़ रहे हैं। |
| तानि फलानि सन्ति। | → | वे फल हैं। |
| तौ मित्रौ स्तः। | → | वे दोनों मित्र हैं। |
| ताः बालिकाः गायन्ति। | → | वे बालिकाएँ गाती हैं। |

- शिक्षक इसी प्रकार से एतत् सर्वनाम शब्द रूप छात्रों को सारणी से समझाए यथा:-

**एतत् पुल्लिंग और स्त्रीलिंग शब्द रूप अर्थ सहित**

| **विभक्ति** | **एकवचन**<br>**पुल्लिंग / स्त्रीलिंग** | **द्विवचन**<br>**पुल्लिंग / स्त्रीलिंग** | **बहुवचन**<br>**पुल्लिंग / स्त्रीलिंग** |
|---|---|---|---|
| प्रथमा (कर्ता)→ ने | एषः / एषा<br>यह | एतौ / एते<br>ये दोनों | एते / एताः<br>ये सब |
| द्वितीया (कर्म)→ को | एतम् / एताम्<br>इसको | एतौ/ एते<br>इन दोनों को | एतान् / एताः<br>इन सबको |
| तृतीया (करण)→<br>से,द्वारा | एतेन / एतया<br>इससे | एताभ्याम् / एताभ्याम्<br>इन दोनों से | एतैः / एताभिः<br>इनसे |
| चतुर्थी (संप्रदान)→को | एतस्मै / एतस्यै<br>इसके लिए | एताभ्याम् / एताभ्याम्<br>इन दोनों के लिए | एतेभ्यः / एताभ्यः<br>इनके लिए |
| पंचमी (अपादान)→ से | एतस्मात् / एतस्याः<br>इससे | एताभ्याम् / एताभ्याम्<br>इन दोनों से | एतेभ्यः / एताभ्यः<br>इनसे |
| षष्ठी (संबंध)→<br>का,के,की | एतस्य / एतस्याः<br>इसका / इसकी | एतयोः / एतयोः<br>इन दोनों का/इन दोनों की | एतेषाम् / एतासाम्<br>इनका / इनकी |
| सप्तमी<br>(अधिकरण)→में,पर | एतस्मिन् / एतस्याम्<br>इसमें | एतयोः / एतयोः<br>इन दोनों में | एतेषु / एतासु<br>इनमें |

**एतत् सर्वनाम (नपुंसकलिंग)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रथमा | एतत्<br>यह वस्तु | एते<br>ये दो वस्तु | एतानि<br>ये सब वस्तु |
| द्वितीया | एतत्<br>इसको | एते<br>इन दो वस्तुओं को | एतानि<br>इन सब वस्तुओं को |

**अन्य विभक्तियों में नपुंसकलिंग के रूप पुल्लिंग के समान चलते हैं।**
शिक्षक उदाहरण और वाक्य के प्रयोग से समझाएं:-

**संस्कृत वाक्य → हिंदी अर्थ**

एषः मम मित्रम् अस्ति। → यह मेरा मित्र है।
एषा शिक्षिका अस्ति। → यह शिक्षिका है।
एतत् पुस्तकम् अस्ति। → यह पुस्तक है।
एते छात्राः गायन्ति। → ये छात्र गा रहे हैं।
एतानि पुष्पाणि सुन्दराणि सन्ति। → ये पुष्प सुन्दर हैं।
एते मित्रे विद्यालयं गच्छतः। → ये दोनों मित्र विद्यालय जा रहे हैं।

- शिक्षक इसी प्रकार से किम् सर्वनाम शब्द रूप छात्रों को सारणी से समझाए यथा:-

**किम् पुल्लिंग और स्त्रीलिंग शब्द रूप अर्थ सहित**

| **विभक्ति** | **एकवचन<br>पुल्लिंग / स्त्रीलिंग** | **द्विवचन<br>पुल्लिंग / स्त्रीलिंग** | **बहुवचन<br>पुल्लिंग / स्त्रीलिंग** |
|---|---|---|---|
| प्रथमा (कर्ता)→ ने | कः / का<br>कौन | कौ / के<br>कौन दोनों | के / काः<br>कौन लोग / कौन स्त्रियाँ |
| द्वितीया (कर्म)→ को | कम् / काम्<br>किसको | कौ / के<br>किन दोनों को | कान् / काः<br>किनको / किन स्त्रियों को |
| तृतीया (करण)→ से,द्वारा | केन / कया<br>किससे | काभ्याम् / काभ्याम्<br>किन दोनों से \| | कैः / काभिः<br>किनसे / किन स्त्रियों से |
| चतुर्थी (संप्रदान)→को | कस्मै / कस्यै<br>किसके लिए | काभ्याम् / काभ्याम्<br>किन दोनों के लिए | केभ्यः / काभ्यः<br>किनके लिए |
| पंचमी (अपादान)→ से | कस्मात् / कस्याः<br>किससे | काभ्याम् / काभ्याम्<br>किन दोनों से | केभ्यः / काभ्यः<br>किनसे / किन स्त्रियों से |
| षष्ठी (संबंध)→ का,के,की | कस्य / कस्याः<br>किसका / किसकी | कयोः / कयोः<br>किन दोनों का / किन दोनों की | केषाम् / कासाम्<br>किनका / किन स्त्रियों की |
| सप्तमी (अधिकरण)→में,पर | कस्मिन् / कस्याम्<br>किसमें | कयोः / कयोः<br>किन दोनों में | केषु / कासु<br>किनमें / किन स्त्रियों में |

**एतत् सर्वनाम (नपुंसकलिंग)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रथमा | किम्<br>क्या / कौन-सी वस्तुएँ | के<br>कौन सी दो वस्तुएँ | कानि<br>कौन सी वस्तुएँ |
| द्वितीया | किम्<br>किसको | के<br>किन दो वस्तुओं को | कानि<br>किन वस्तुओं को |

**अन्य विभक्तियों में नपुंसकलिंग के रूप पुल्लिंग के समान चलते हैं।**

शिक्षक उदाहरण और वाक्य के प्रयोग से समझाए:-

**संस्कृत वाक्य** → **हिंदी अर्थ**

कः छात्रः अस्ति? → कौन छात्र है?

का बालिका गायति? → कौन बालिका गा रही है?

किम् एतत्? → यह क्या है?

के बालकाः क्रीडन्ति? → कौन बालक खेल रहे हैं?

काः छात्राः पठन्ति? → कौन छात्राएँ पढ़ रही हैं?

कानि फलानि मधुराणि सन्ति? → कौन-से फल मीठे हैं?

कं शिक्षकः पृच्छति? → शिक्षक किसको पूछता है?

काम् माता आह्वयति? → माता किस बालिका को बुलाती है?

केन लेखनी लिख्यते? → किससे लिखा जाता है?

कस्य पुस्तकम् एतत्? → यह किसकी पुस्तक है?

**4. अभ्यास कार्य**

**१. मञ्जूषा की सहायता से रिक्त स्थान भरिए—**

**(सः, एतत्, कः, का, किम्,, सा, तत्, एषः, एषा)**

1.________ छात्रः अस्ति।
2.________ बालिका गायति।
3.________ पुस्तकम् अस्ति।
4.________ मम मित्रम् अस्ति।
5.________ शिक्षिका अस्ति।
6.________ फलम् मधुरम् अस्ति।
7.________ गच्छति?
8.________ नृत्यति?
9.________ एतत्?

**२. संस्कृत अर्थ लिखो—**

1. वह छात्र है। —
2. यह पुस्तक है। —
3. कौन गा रहा है? —
4. यह क्या है? —
5. वे छात्र हैं। —
6. ये पुष्प सुन्दर हैं। —
7. वह बालिका पढ़ती है। —
8. कौन विद्यालय जाता है? —

**श्रुतलेख-** शिक्षक कक्षा में पिछले दिन की संस्कृत शब्दावली उन्नयन के शब्दों का श्रुतलेख विद्यार्थियों को कराये और उन्हें एक दूसरे की कॉपी जांचने के लिए कहे। पूरी कक्षा में से कुछ कॉपी स्वयं भी चेक करे।

**5. संस्कृत शब्दावली उन्नयन**

आज की शब्दावली शब्द रूप आधारित होगी। शिक्षक निम्नलिखित शब्दों को श्यामपट्ट पर लिखे और विद्यार्थियों से भी कार्य पुस्तिका पर लिखने के लिए कहे -

| **संस्कृत शब्द** | **अर्थ** | **संस्कृत शब्द** | **अर्थ** |
|---|---|---|---|
| 1- रण: | युद्ध | 11- शक्र: | इंद्र |
| 2- समरे | युद्ध में | 12- शिवं | कल्याणं |
| 3- एकल | अकेले | 13- कषाय | कसैला |
| 4- आयुष: | आयु की | 14- मेदस् | चर्बी का |
| 5- दीपनम् | दीप्त करने वाला | 15- कालभोजी | समय पर भोजन करने वाला |
| 6- लाघवम् | लघुता | 16- कुत्र | कहाँ |
| 7- कथं | कैसे / क्यों | 17- कदा | कब |
| 8- क्वचित् | कहीं | 18- किमर्थम् | क्यों |
| 9- किमिति | क्यों | 19- कियत् | कितना |
| 10- किमपि | कुछ(संख्या) | 20- कुत: | कहां से |

**6. गृहकार्य**

कक्षा में आज करवाए गए नए शब्दों का घर में मौखिक व लिखित दोहराव करें।

# प्रश्नवाचक शब्द एवं प्रश्न निर्माण

**अधिगम संप्राप्ति**

- विद्यार्थी प्रश्नवाचक शब्दों की पहचान करते हैं
- विद्यार्थी क:,का , किम्, कुत्र, कदा आदि शब्दों का प्रयोग करते हैं।
- विद्यार्थी कक्षा में प्रश्न निर्माण का अभ्यास करते हैं ।

**1. अभिवादन / वार्तालाप**
शिक्षक विद्यार्थियों का संस्कृत संवाद के प्रयोग का दैनिक अभ्यास कराते हुए कहे -

शिक्षक : सुप्रभातम्
विद्यार्थी : सुप्रभातम् महोदय! / महोदया!
शिक्षक : यूयं कथं स्थ?
विद्यार्थियों से अपेक्षित उत्तर : वयं कुशलाः स्मः।
शिक्षकः - किं यूयं संस्कृतं पठितुम् उद्यताः?
(क्या आप सब संस्कृत पढ़ने के लिए तैयार हैं?)
छात्राः - आम्, उद्यताः स्मः।
(हाँ, हम तैयार हैं।)

**2. श्लोक-गायन**

दैनिक श्लोक गायन परम्परा के निर्वहन हेतु शिक्षक श्लोक को श्यामपट्ट पर लिखें-

**मानं हित्वा प्रियो भवति, क्रोधं हित्वा न शोचति।**
**कामं हित्वार्थवान् भवति, लोभं हित्वा सुखी भवेत्।।**

- शिक्षक श्लोक के स्पष्ट उच्चारण के साथ एवं लयबद्ध तरीके से छात्रों को गाकर सुनाएं।
- शिक्षक कक्षा में से दो बच्चों को भी आमंत्रित कर सकते हैं। और उनसे श्लोक बुलवाकर, कक्षा के बच्चो से उनके पीछे-पीछे बोलने को कहे।

**3. मुख्य विषयवस्तु (प्रश्नवाचक शब्द एवं प्रश्न निर्माण)**

शिक्षक सामान्य बातचीत करते हुए छात्रों से कहे–
बच्चो! अभी तक हमने संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण तथा तत् एतत् किं आदि शब्दरूपों धातु रूपों को पढ़ और जान लिया हैं।

जब हमें किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान या समय के बारे में कुछ पूछना होता है, तब हम प्रश्न पूछते हैं।
जैसे — कौन?, क्या?, कहाँ?, कब? आदि।
- संस्कृत में भी प्रश्न पूछने के लिए कुछ विशेष शब्दों का प्रयोग किया जाता है। जो हम कल (दिवस 19) किम शब्द के स्त्रीलिंग, पुल्लिंग और नपुंसकलिंग के शब्द रूपों में सीख चुके हैं।
- आज हम उन्हीं प्रश्नवाचक शब्दों द्वारा प्रश्न निर्माण सीखेंगे।

**श्यामपट्ट कार्य:-**

शिक्षक श्यामपट्ट पर उदाहरण द्वारा समझाए–

1.रामः पठति। → कः पठति?
2.सीता गायति। → का गायति?
3.एतत् पुस्तकम् अस्ति। → किम् एतत्?
4.बालकः विद्यालयं गच्छति। → बालकः कुत्र गच्छति?
5.अहं गृहे वसामि। → अहं कुत्र वसामि।?
6.अहं प्रातः उत्तिष्ठामि। →अहं कदा उत्तिष्ठामि।
7.वयं सायं क्रीडामः। → वयं कदा क्रीडामः।
8.सः शीघ्रं धावति। → सः कथं धावति?
9.बालिका सुन्दरं लिखति। → बालिका कथं लिखति?
10.अहं देहल्यां वसामि। → अहं कुत्र वसामि?

**गतिविधि – प्रश्न बनाओ**

- शिक्षक प्रश्न निर्माण से संबंधित कुछ शब्द श्यामपट्ट पर लिखेंगे और उनसे वाक्य बनवायेगा। जैसे- कुत्र, कदा, कीदृश, किमर्थम्, कुत: आदि।

अब शिक्षक कहे– कि एक-एक विद्यार्थी उठकर आए और श्यामपटृ पर लिखे हुए शब्दों से वाक्य बनाए।

**यथा-** त्वं कुत्र गच्छसि?
त्वं कदा आगच्छसि?
बालक: किमर्थम् धावति? इत्यादि।

- शिक्षक बीच में कक्षा के बच्चों से भी पूछ सकते है कि क्या जो इस बालक ने लिखा है वह ठीक है?
- सही उत्तर मिलने पर शिक्षक छात्रों से ताली बजवाए या उन्हें शाबाशी दे जिससे उनको प्रोत्साहन मिले।
- शिक्षक इसी प्रकार गतिविधि को आगे बढाते हुए यह सुनिश्चित करे की पूरी कक्षा की सहभागिता हो ।

**4. अभ्यास कार्य –**

**१. मञ्जूषा की सहायता से रिक्त स्थान भरिए:-**

मञ्जूषा–(कदा, कीदृश, किमर्थम्, कुत, कुत्र)
1.) त्वं ––-----खेलति।
2.) छात्रा:---------क्रीडन्ति।
3.) संस्कृत भाषा—-------अस्ति।
4.) कक्षायाम्—----- छात्रा:सन्ति।
5.) भवान् —-------आगच्छसि ?

**२. मिलान कीजिए-**

| **प्रश्न वाचक शब्द** | **अर्थ** |
|---|---|
| कथं | कैसा |
| किमर्थम् | किसलिए/ क्यों |
| कदा | कब |
| कस्मिन् | किस लिए |
| कीदृश | कैसा |

**३. रेखांकित शब्द के स्थान पर कोष्ठक में दिए गए उचित प्रश्नवाचक शब्द का प्रयोग कीजिए।**

1. रामः विद्यालयं गच्छति। (कः / कुत्र)
2. बालकः गृहे पठति। (कदा / कुतः)
3. अहं प्रातःकाले उत्तिष्ठामि। (कदा / कथं)
4. एतत् पुस्तकम् अस्ति। (किम् / कः)
5. सीता सुन्दरं गायति। (कथं / कदा)
6. एषः मोहनस्य लेखनी अस्ति। (कस्य / कति)

**श्रुतलेख-** शिक्षक कक्षा में पिछले दिन की संस्कृत शब्दावली उन्नयन के शब्दों का श्रुतलेख विद्यार्थियों को करायें और उन्हें एक दूसरे की कॉपी जांचने को कहे। पूरी कक्षा में से कुछ कॉपी स्वयं भी चेक करे।

**5. संस्कृत शब्दावली उन्नयन**

शिक्षक निम्नलिखित शब्दों को श्यामपट्ट पर लिखें और विद्यार्थियों से भी कार्य पुस्तिका पर लिखने के लिए कहे -

| **संस्कृत शब्द** | **अर्थ** | **संस्कृत शब्द** | **अर्थ** |
|---|---|---|---|
| 1- किमर्थम् | किस लिए | 11- कीदृश: | कैसा |
| 2- कदा | कब | 12- कथं | कैसे |
| 3- कुत्र | कहां | 13- कस्मै | किसके लिए |
| 4- कस्य | किसका | 14- केषाम् | किन सभी का |
| 5- कस्मात् | किससे | 15- केन | किसके द्वारा |
| 6- कम् | किसको | 16- काभ्याम् | किन दोनों के लिए |
| 7- किम् | क्या | 17- कम् | किसको |
| 8- कुत: | कहां से | 18- कस्मिन् | किसमें |
| 9- कै: | किनके द्वारा | 19- काभि: | किनके द्वारा (स्त्रीलिंग) |
| 10- कयों: | किन दो में | 20- कतिधा | कितने प्रकार से |

**6. गृहकार्य**

कक्षा में आज करवाए गए नए शब्दों का घर में मौखिक व लिखित दोहराव करें।

# संख्यावाची शब्द एवं सरल वाक्य निर्माण

**अधिगम संप्राप्ति**

- विद्यार्थी संख्यावाची शब्दों के साथ सरल वाक्य की पहचान करते हैं।
- विद्यार्थी धातु, क्रिया और कारक का प्रयोग करते हुए संख्यावाची और सरल वाक्यों को बनाना सीखते हैं।

### 1. अभिवादन / वार्तालाप

शिक्षक विद्यार्थियों का संस्कृत संवाद के प्रयोग का दैनिक अभ्यास करवाते हुए कहे -

शिक्षक : सुप्रभातम्
विद्यार्थी : सुप्रभातम् महोदय! / महोदया!
शिक्षक : यूयं कथं स्थ?
विद्यार्थियों से अपेक्षित उत्तर : वयं कुशलाः स्मः।
शिक्षकः - किं यूयं संस्कृतं पठितुम् उद्यताः?
(क्या आप सब संस्कृत पढ़ने के लिए तैयार हैं?)
छात्राः - आम्, उद्यताः स्मः।
(हाँ, हम तैयार हैं।)

### 2. श्लोक-गायन

दैनिक श्लोक गायन परम्परा के निर्वहन हेतु शिक्षक श्लोक को श्यामपट्ट पर लिखे-

**मानं हित्वा प्रियो भवति, क्रोधं हित्वा न शोचति।**
**कामं हित्वार्थवान् भवति, लोभं हित्वा सुखी भवेत्।।**

- शिक्षक श्लोक के स्पष्ट उच्चारण के साथ एवं लयबद्ध तरीके से छात्रों को गाकर सुनाए।
- शिक्षक कक्षा में से दो बच्चों को भी आमंत्रित कर सकते हैं। और उनसे श्लोक बुलवाकर, कक्षा के बच्चो से उनके पीछे-पीछे बोलने को कहे।

### 3. मुख्य विषयवस्तु (संख्यावाची शब्द एवं सरल वाक्य निर्माण)

- शिक्षक कक्षा में सरल बातचीत करते हुए कहे- बच्चों! आप रोज गिनती करते हो ना?

छात्र- हां/ आम्

शिक्षक- क्या आपको हिंदी संख्या का ज्ञान है?

छात्र- हां। एक, दो, तीन....

शिक्षक- क्या आपको अंग्रेजी संख्या का ज्ञान है?

छात्र- हां। One, Two, Three…

शिक्षक- और क्या आपको संस्कृत संख्या का ज्ञान है?

छात्र- हां या ना

शिक्षक- जिस छात्र को संस्कृत संख्या आती हो उसे सामने बुलाकर कक्षा में बुलवाएं और वह जैसी भी गिनती बोले उसे शाबाशी दे इससे कक्षा के दूसरे बच्चों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

- जैसे हमें हिंदी गिनती और English counting आती है, वैसे ही संस्कृत संख्या भी सीखेंगे — क्योंकि संस्कृत दुनिया की सबसे प्राचीन और बहुत सुंदर भाषाओं में से एक है। संस्कृत संख्या सीखना मज़ेदार भी है और खास भी-

  **एकं द्वे त्रीणि जानो,**
  **भारतीय ज्ञान को पहचानो।**

शिक्षिका श्यामपट्ट पर संस्कृत संख्या लिखें और 2-3 बार स्पष्ट उच्चारण करवाएं:-

1 - एकः

2 - द्वौ

3 - त्रयः

4 - चत्वारः

5 - पञ्च

6 - षट्

7 - सप्त

8 - अष्ट

9 - नव

10 - दश

11 - एकादश

12 - द्वादश

13 - त्रयोदश

14 - चतुर्दश

15 - पञ्चदश

16 - षोडश

17 - सप्तदश

18 - अष्टादश

19 - नवदश

20 - विंशतिः

50 - पञ्चाशत्

100 - शतम्

500 - पञ्चशतम्

1000 - सहस्रम्

**शिक्षक**:- बच्चों! अब तक हमने संस्कृत में संख्या सीखीं। अब इन्हीं संख्याओं की मदद से हम छोटे-छोटे संस्कृत वाक्य भी बनाना सीखेंगे।

जैसे — एकः बालकः पठति, द्वे पुस्तके स्तः।

- संस्कृत में एक से चार तक की संख्याएँ पुल्लिंग स्त्रीलिंग और नपुंसकलिंग के अनुसार बदलती हैं। लेकिन पाँच से आगे की संख्याएँ लगभग एक जैसी रहती हैं। आइए, आसान उदाहरणों से समझते हैं।

| | **संख्या १(1)** | **संख्या २(2)** | **संख्या ३(3)** | **संख्या ४(4)** |
|---|---|---|---|---|
| **पुल्लिंग** | एकः बालकः अस्ति। एक लड़का है। | द्वौ छात्रौ स्तः। दो छात्र हैं। | त्रयः बालकाः सन्ति। तीन लड़के हैं। | चत्वारः छात्राः सन्ति। चार छात्र हैं। |
| **स्त्रीलिंग** | एका बालिका अस्ति। एक लड़की है। | द्वे बालिके स्तः। दो बालिकाएँ हैं। | तिस्रः बालिकाः सन्ति। तीन बालिकाएँ हैं। | चतस्रः बालिकाः सन्ति। चार बालिकाएँ हैं। |
| **नपुंसकलिंग** | एकं पुस्तकम् अस्ति। एक पुस्तक है। | द्वे पुस्तके स्तः। दो पुस्तकें हैं। | त्रीणि फलानि सन्ति। तीन फल हैं। | चत्वारि मित्राणि सन्ति। चार मित्र हैं। |

**चार से आगे-**

1.पञ्च छात्राः सन्ति। (पाँच छात्र हैं।)
2.षट् फलानि सन्ति। (छः फल हैं।)
3.सप्त बालिकाः सन्ति। (सात बालिकाएँ हैं।)
4.अष्ट बालकाः सन्ति। (आठ लड़के हैं।)
5.नव बालिकाः सन्ति। (नौ बालिकाएँ हैं।)
6.दश पुष्पाणि सन्ति। (दस फूल हैं।)

अब बच्चों! हम इन्हीं संख्याओं का प्रयोग करके और भी छोटे-छोटे सरल संस्कृत वाक्य गतिविधि द्वारा बनाएँगे।

**गतिविधि - गिनों और बोलो**

- शिक्षक कक्षा में कुछ वस्तुएं अलग-अलग संख्याओं में रखें जैसे चॉक, पेन, पुस्तक, पेंसिल आदि।
- शिक्षक कक्षा में बच्चों से जोड़ी बनाने को कहे।
- अब पहले जोड़ी में से एक बच्चा किसी भी एक चीज की संख्या गिने और उसकी संस्कृत संख्या बोले और उसका जोड़ीदार या दोनों मिलकर पूरा वाक्य बनाएं। जैसे-

सप्त पेन्सिलाः सन्ति।

द्वे पुस्तके स्तः।

त्रीणि फलानि सन्ति।

पञ्च पुस्ताकानि सन्ति।

**4. अभ्यास कार्य**

**क. रिक्त स्थान भरो**

1. एकः, द्वौ, ___ चत्वारः
2. पञ्च, षट् , सप्त, ___
3. _____, दश, एकादश, द्वादश
4. त्रयोदश,_____, पंचदश, षोडश

**ख. सही संख्या लिखो**

1. ________ बालकाः सन्ति। (पाँच)
2. द्वे ________ स्तः। (पुस्तक)
3. ________ फलानि सन्ति। (तीन)
4. चतस्रः ________ सन्ति। (बालिका)
5. ________ वृक्षाः सन्ति। (दस)
6. एकं ________ अस्ति। (फल)
7. ________ छात्रौ स्तः। (दो)
8. नव ________ सन्ति। (पुष्प)

**ग. श्रुतलेख**

शिक्षक कक्षा में पिछले दिन की संस्कृत शब्दावली उन्नयन के शब्दों का श्रुतलेख विद्यार्थियों को करायें और उन्हें एक दूसरे की कॉपी जांचने को कहे। पूरी कक्षा में से कुछ कॉपी स्वयं भी चेक करे।

**5) संस्कृत शब्दावली उन्नयन**

शिक्षक निम्नलिखित शब्दों को श्यामपट्ट पर लिखें और विद्यार्थियों से भी कार्य पुस्तिका पर लिखने के लिए कहे -

| संस्कृत शब्द | अर्थ | संस्कृत शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| 1- अपदः | बिना पैर वाला | 11- दूरगामी | दूर जाने वाला |
| 2- साक्षरः | पढ़ा लिखा | 12- अमुख: | बिना मुख वाला |
| 3- उक्तम् | कह दिया गया | 13- भ्रमरः | भौरा |
| 4- जटिलः | कठिन | 14- अरचयत् | रचना की |
| 5- जात: | पैदा हुए | 15- परिधिः | घेरा |
| 6- भूगोल: | धरती | 16- वृत्त: | गोलाकार |
| 7- इदानीम् | इस समय | 17- निर्मितम् | बनाया गया |
| 8- सञ्चारः | घूमना | 18- लताः | लताऐं, बेलें |
| 9- भवताम् | आपके | 19- ज्ञात्वा | जानकर |
| 10- प्रेक्ष्य | देखकर | 20- पर्णशाला | कुटिया |

**6) गृहकार्य**

कक्षा में आज करवाए गए नए शब्दों का घर में मौखिक व लिखित दोहराव करें।

**दिवस - 22**

# वाक्य निर्माण

**अधिगम संप्राप्ति**

- छात्र कर्ता और क्रिया को पहचानकर संस्कृत वाक्य बनाते हैं।
- छात्र एकवचन, द्विवचन एवं बहुवचन के अनुसार उचित क्रिया का प्रयोग करते हैं।
- छात्र मौखिक एवं लिखित रूप से छोटे-छोटे संस्कृत वाक्यों का निर्माण करते हैं।

**1. अभिवादन / वार्तालाप**

शिक्षक विद्यार्थियों का संस्कृत संवाद के प्रयोग का दैनिक अभ्यास कराते हुए कहे -

शिक्षक : सुप्रभातम्
विद्यार्थी : सुप्रभातम् महोदय! / महोदया!
शिक्षक : यूयं कथं स्थ?
विद्यार्थियों से अपेक्षित उत्तर : वयं कुशलाः स्मः।
शिक्षकः - किं यूयं संस्कृतं पठितुम् उद्यताः?
(क्या आप सब संस्कृत पढ़ने के लिए तैयार हैं?)
छात्राः - आम्, उद्यताः स्मः।
(हाँ, हम तैयार हैं।)

**2. श्लोक-गायन**

दैनिक श्लोक गायन परम्परा के निर्वहन हेतु शिक्षक श्लोक को श्यामपट्ट पर लिखें-

**मानं हित्वा प्रियो भवति, क्रोधं हित्वा न शोचति।**
**कामं हित्वार्थवान् भवति, लोभं हित्वा सुखी भवेत्।।**

- शिक्षक श्लोक के स्पष्ट उच्चारण के साथ एवं लयबद्ध तरीके से छात्रों को गाकर सुनाए।
- शिक्षक कक्षा में से दो बच्चों को भी आमंत्रित कर सकते हैं। और उनसे श्लोक बुलवाकर, कक्षा के बच्चो से उनके पीछे-पीछे बोलने को कहे।

**3. मुख्य विषयवस्तु (वाक्य निर्माण)**

शिक्षक कक्षा में छात्रों से सामान्य बात करते हुए कहे -

बच्चों! अब तक हम शब्द, धातु, शब्दरूप, संख्याएँ, प्रश्नवाचक शब्द, कर्ता और क्रिया सीख चुके हैं। अब हम इन सभी को जोड़कर बड़े और अर्थपूर्ण संस्कृत वाक्य बनाएँगे।
जब शब्द मिलते हैं, तब भाषा बनती है और जब भाषा बनती है, तब हम अपने विचार व्यक्त कर पाते हैं।
तो आज हम सीखेंगे — 'वाक्य निर्माण'।

- बच्चों! जैसा कि आप जानते हैं जब कोई कार्य करने वाला (कर्ता) और कार्य (क्रिया) मिलते हैं, तब एक सरल वाक्य बनता है।

उदाहरण—बालकः पठति, अहं लिखामि, वयं क्रीडाम: आदि।

शिक्षक बोर्ड पर लिखे - रामः विद्यालये पुस्तकं पठति।
फिर बच्चों से पूछे — कौन पढ़ रहा है? (राम)
क्या पढ़ रहा है?(पुस्तक)
कहाँ पढ़ रहा है?(विद्यालय में)
क्या कार्य कर रहा है?(पढ़ना)
फिर शिक्षक बताए —
जब वाक्य में कर्ता, कर्म, स्थान, करण और क्रिया जुड़ते हैं तब भाषा और अधिक प्रभावशाली बनती है।

शिक्षक छात्रों का पूर्वज्ञान जांचने के लिए कुछ प्रश्न भी पूछ सकता है जैसे –
अहम् का अर्थ क्या है?
वयम् किसके लिए प्रयोग होता है?
पठति किस धातु से बना है?
बालकः एकवचन है या बहुवचन?
कर्ता किसे कहते हैं?
क्रिया किसे कहते हैं? और छात्रों को उत्तर देने दे।
शिक्षक शब्द जोड़कर वाक्य निर्माण समझाए:-

| **कर्ता** | **कर्म** | **करण** | **क्रिया** |
|---|---|---|---|
| बालकः | पुस्तकं | नेत्राभ्याम् | पठति |
| छात्रः | पत्रं | कलमेन | लिखति |
| बालिका | जलं | पात्रेण | पिबति |

**उदाहरण —**
1.बालकः नेत्राभ्याम् पुस्तकं पठति।
2.छात्रः लेखन्या पत्रं लिखति।
3.बालिका पात्रेण जलं पिबति।

**गतिविधि : वाक्य श्रृंखला खेल**

शिक्षक छात्रों को गतिविधि के माध्यम से वाक्य निर्माण करना सिखाए

शिक्षक पहला शब्द बोलें — मोहन:

अगला बच्चा जोड़ेगा — विद्यालये

तीसरा बच्चा — मित्रेण

चौथा बच्चा — सह

पाँचवाँ बच्चा — संस्कृतं

छठा बच्चा — पठति

फिर पूरी कक्षा पूरा वाक्य बोलेगी- **मोहन: विद्यालये मित्रेण सह संस्कृतं पठति।**

इसी प्रकार शिक्षक कक्षा में जितने संभव हो सके वाक्य निर्माण छात्रों से करवाए।

**गतिविधि : मेरा दैनिक कार्य**

शिक्षक छात्रों से बारी-बारी पूछे— तुम प्रतिदिन क्या-क्या करते हो?

छात्र छोटे-छोटे वाक्य बोलें, जैसे — मैं सुबह उठता हूँ।, मैं व्यायाम करता हूं।, मैं स्नान करता हूं।, मैं विद्यालय जाता हूँ। आदि। शिक्षक उन वाक्यों को श्यामपट्ट पर लिखता जाऐ।

जब 7–8 वाक्य पूरे हो जाएँ, तब शिक्षक बच्चों की सहायता से उन वाक्यों का संस्कृत रूप बनवाऐगा।
जैसे- अहं प्रातः उत्तिष्ठामि।
अहं व्यायामं करोमि।
अहं स्नानं करोमि।
अहं विद्यालयं गच्छामि।
इस गतिविधि से बच्चों को वाक्य निर्माण, अर्थ एवं मौखिक अभ्यास — तीनों का अभ्यास होगा।

**4. अभ्यास कार्य**
**१. दिए गए शब्दों को सही क्रम में लगाकर सार्थक एवं विस्तृत वाक्य बनाइए।**

1. संस्कृतं / रामः / विद्यालये / पठति
2. लेखन्या / छात्रः / पत्रं / लिखति
3. कन्दुकेन / बालकः / उद्याने / खेलति
4. जलं / बालिका / पिबति / पात्रेण
5. पठामः / वयम् / कक्षायाम् / संस्कृतं
6. गच्छन्ति / ते / विद्यालयं
7. गायन्ति / छात्राः / गीतं
8. मित्रेण / अहम् / विद्यालयं / गच्छामि
9. खादति / बालकः / फलम्
10. पुस्तकं / सा / पुस्तकालये / पठति

**२. सत्य - असत्य बताओ।**

1. सुरेशः विद्यालयं गच्छति। - _______
2. सूर्यः रात्रौ प्रकाशते। - _______
3. बालिका गीतं गायति। - _______
4. मीनः वृक्षे वसति। - _______
5. अहं जलं पिबामि। - _______
6. गजः आकाशे उड्डयति। - _______
7. बालका: पुस्तकम् पठति। - _______

**श्रुतलेख-** शिक्षक कक्षा में पिछले दिन की संस्कृत शब्दावली उन्नयन के शब्दों का श्रुतलेख विद्यार्थियों को  कराऐ और उन्हें एक दूसरे की कॉपी जांचने को कहे। पूरी कक्षा में से कुछ कॉपी स्वयं भी चेक करे।

**5. संस्कृत शब्दावली उन्नयन**

शिक्षक निम्नलिखित शब्दों को श्यामपट्ट पर लिखे और विद्यार्थियों से भी कार्य पुस्तिका पर लिखने के लिए कहे -

| संस्कृत शब्द | अर्थ | संस्कृत शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| 1- वर्णान्ते | एक वर्ण के पश्चात | 11- परिभ्रम्य | घूम कर |
| 2- पीडितानि | दुखी हुई | 12- कुशाग्र | तेज |
| 3- पोषणरता: | पालन में लगे हुए | 13- केदाराणां | क्यारियों के |
| 4- सीमन्तिनीषु | स्त्रियों में | 14- वन्द्या | पूजनीय |
| 5- त्वग्वस्त्रम् | छाल के कपड़े | 15- त्रिनेत्रधारी | तीन आंख वाला |
| 6- स्फुटवक्ता | स्पष्ट बोलने वाला | 16- कोकिल: | कोयल |
| 7- प्रतिगृहणाति | स्वीकार करता है | 17- भोजयते | खिलाता है |
| 8- षड्विधं | छह प्रकार के | 18- एतादृशानि | ऐसे |
| 9- तरणे | तैरने में | 19- भ्रातृजाया | भाभी |
| 10-आख्याति | कहता है | 20- पल्लवानी | किसलयों को |

**6. गृहकार्य**

कक्षा में आज करवाए गए नए शब्दों का घर में मौखिक व लिखित दोहराव करें।

# अनुच्छेद लेखनम्

**अधिगम संप्राप्ति**

- छात्र सरल संस्कृत वाक्यों को जोड़कर छोटा अनुच्छेद लिख सकते हैं।
- छात्र अपने विषय में संस्कृत में लिख एवं बोल सकते हैं।
- छात्र पूर्व सीखे हुए शब्दरूप, धातुरूप एवं वाक्य निर्माण का प्रयोग कर सकते हैं।

**1. अभिवादन / वार्तालाप**

शिक्षक विद्यार्थियों का संस्कृत संवाद के प्रयोग का दैनिक अभ्यास कराते हुए कहे -

शिक्षक : सुप्रभातम्
विद्यार्थी : सुप्रभातम् महोदय! / महोदया!
शिक्षक : यूयं कथं स्थ?
विद्यार्थियों से अपेक्षित उत्तर : वयं कुशलाः स्मः।
शिक्षकः - किं यूयं संस्कृतं पठितुम् उद्यताः?
छात्राः - आम्, उद्यताः स्मः।

**2. श्लोक-गायन**

दैनिक श्लोक गायन परम्परा के निर्वहन हेतु शिक्षक श्लोक को श्यामपट्ट पर लिखे-

**मानं हित्वा प्रियो भवति, क्रोधं हित्वा न शोचति।**
**कामं हित्वार्थवान् भवति, लोभं हित्वा सुखी भवेत्।।**

- शिक्षक श्लोक के स्पष्ट उच्चारण के साथ एवं लयबद्ध तरीके से छात्रों को गाकर सुनाए।
- शिक्षक कक्षा में से दो बच्चों को भी आमंत्रित कर सकते हैं। और उनसे श्लोक बुलवाकर, कक्षा के बच्चो से उनके पीछे-पीछे बोलने को कहे।

**3. मुख्य विषयवस्तु (अनुच्छेद लेखनम्)**

शिक्षक कक्षा में प्रवेश करके सामान्य बातचीत करते हुए छात्रों से कहे— बच्चों! हमने अब तक शब्द सीखे, धातुएँ सीखी, वाक्य बनाए, प्रश्न पूछना सीखा।
अब समय है इन सभी छोटे-छोटे वाक्यों को जोड़कर अपने बारे में लिखने का।
जब कई वाक्य एक ही विषय पर क्रम से लिखे जाते हैं, तब **अनुच्छेद** बनता है।
तो आज हम अपने बारे में संस्कृत में लिखना सीखेंगे।

शिक्षक बच्चों से पूछेगे —
तुम्हारा नाम क्या है?
तुम किस कक्षा में पढ़ते हो?
तुम प्रतिदिन क्या करते हो?
तुम्हारे पिता क्या करते हैं?

छात्र हिंदी या संस्कृत किसी भी भाषा में छोटे-छोटे उत्तर दे सकते हैं। उदाहरण —
मम नाम सुरेशः अस्ति।
अहं नवमकक्षायां पठामि।
अहं प्रतिदिनं विद्यालयं गच्छामि।
मम पिता शिक्षक: अस्ति।

फिर शिक्षक बताऐगा कि इन वाक्यों को क्रम से जोड़ने पर एक अनुच्छेद बन गया।

**गतिविधि - प्रश्नोत्तर द्वारा अनुच्छेद निर्माण**

शिक्षक छात्रों से संस्कृत में प्रश्न पूछेगा और छात्र संस्कृत अथवा हिंदी में उत्तर देंगे। जैसे –

तव नाम किम्?
त्वं कस्मिन् कक्षायां पठसि?
तव आयुः कति?
त्वं प्रतिदिन किं करोषि?

छात्र जो भी उत्तर देंगे।
शिक्षक उन उत्तरों को श्यामपट्ट पर लिखे और फिर उन्हें जोड़कर अनुच्छेद बनवाए। उदाहरण स्वरूप–

1- प्रश्नः — तव नाम किम्?
उत्तरम् — मम नाम नेहा अस्ति।
हिंदी अर्थ — मेरा नाम नेहा है।

2- प्रश्नः — त्वं कुत्र वससि?
उत्तरम् — अहं दिल्लीनगरे वसामि।
हिंदी अर्थ — मैं दिल्ली नगर में रहती हूँ।

3- प्रश्नः — त्वं कस्मिन् वर्गे पठसि?
उत्तरम् — अहं सप्तमवर्गे पठामि।
हिंदी अर्थ — मैं सातवीं कक्षा में पढ़ती हूँ।

4- प्रश्नः — तव विद्यालयस्य नाम किम्?
उत्तरम् — मम विद्यालयस्य नाम आदर्शविद्यालयः अस्ति।
हिंदी अर्थ — मेरे विद्यालय का नाम आदर्श विद्यालय है।

5- प्रश्नः — तव पिता किं करोति?
उत्तरम् — मम पितुः शिक्षकः अस्ति।
हिंदी अर्थ — मेरे पिता अध्यापक हैं।

6- प्रश्नः — तव माता किं करोति?
उत्तरम् — मम माता गृहिणी अस्ति।
हिंदी अर्थ — मेरी माता गृहिणी हैं।

7- प्रश्नः — तव प्रियः विषयः कः?
उत्तरम् — मम प्रियः विषयः संस्कृतम् अस्ति।
हिंदी अर्थ — मेरा प्रिय विषय संस्कृत है।

8- प्रश्नः — तव प्रियः मित्रः कः?

उत्तरम् — मम प्रियः मित्रः राहुलः अस्ति।

हिंदी अर्थ — मेरा प्रिय मित्र राहुल है।

9- प्रश्नः — भवत्याः/भवतः रुचिः कस्मिन् अस्ति?

उत्तरम् — मम रुचिः चित्रकलायाम् अस्ति।

हिंदी अर्थ — मेरी रुचि चित्रकला में है।

10- प्रश्नः — त्वं किं भवितुम् इच्छसि?

उत्तरम् — अहं शिक्षिका भवितुम् इच्छामि।

हिंदी अर्थ — मैं शिक्षिका बनना चाहती हूँ।

**श्यामपट्ट कार्य :- शिक्षक श्यामपट्ट पर 'मम दिनचर्या' एवं 'मम विद्यालय' पर निम्न अनुच्छेद लिखेगा।**

**मम दिनचर्या**

अहं प्रातः पञ्चवादने उत्तिष्ठामि।
अहं प्रतिदिनम् स्नानं करोमि।
अहं भोजनं खादामि।
अहं विद्यालयं गच्छामि।
अहं विद्यालये पठामि।
अहं मित्रैः सह क्रीडामि।
अहं गृहात् आगच्छामि।
अहं गृहकार्यं करोमि।
अहं सायंकाले पठामि।
अहं रात्रौ स्वपिमि।

**मम विद्यालयः**

1.मम विद्यालयः सुन्दरः अस्ति।

2.मम विद्यालयः विशालः अस्ति।

3.अत्र बहवः छात्राः पठन्ति।

4.विद्यालये विशालं क्रीडाक्षेत्रं अस्ति।

5. विद्यालये एकं विशालं उद्यानम् अस्ति।

6.मम विद्यालये उत्तमाः शिक्षकाः सन्ति।

7. विद्यालये नवतिः कक्षाः सन्ति।

8.विद्यालयः स्वच्छः अस्ति।

9. मम विद्यालये विशालः पुस्तकालयः अस्ति।

10.पुस्तकालये विविधानि पुस्तकानि सन्ति।

**गतिविधि-** शिक्षक उपरोक्त 'मम दिनचर्या' एवं 'मम विद्यालय' के आधार पर छात्रों को दो समूहों में से बाँट कर अपनी दिनचर्या एवं अपने विद्यालय पर अनुच्छेद संस्कृत में लिखने को कहे एवं चार पाँच छात्रों को अपनी लिखी हुई दिनचर्या एवं विद्यालय के बारे में बताने को कहे ।

**4. अभ्यास कार्य**

**१. दिए गए शब्दों को सही क्रम में लगाकर वाक्य बनाइए।**

1.मम / सुन्दरः / विद्यालयः / अस्ति
2. प्रतिदिनं / अहं / विद्यालयं / गच्छामि
3. पठामि / अहं / संस्कृतं
4. प्रातः / उत्तिष्ठामि / अहं
5. परीक्षा / मम / समीपे / अस्ति
6. मित्रैः / सह / अहं / क्रीडामि
7. नवमकक्षायां / पठामि / अहं
8. मनोयोगेन / अहं / पठामि

**२. 'मम परिचय' पर छोटा अनुच्छेद लिखिए।**

**श्रुतलेख -** शिक्षक कक्षा में पिछले दिन की संस्कृत शब्दावली उन्नयन के शब्दों का श्रुतलेख विद्यार्थियों को करायें और उन्हें एक दूसरे की कॉपी जांचने को कहे। पूरी कक्षा में से कुछ कॉपी स्वयं भी चेक करे।

**5. संस्कृत शब्दावली उन्नयन**

शिक्षक निम्नलिखित शब्दों को श्यामपट्ट पर लिखे और विद्यार्थियों से भी कार्य पुस्तिका पर लिखने के लिए कहे -

| संस्कृत शब्द | अर्थ | संस्कृत शब्द | अर्थ |
|---|---|---|---|
| 1- आरोग्य: | रोग रहित | 11- मलिनवपु: | मैल से युक्त शरीर |
| 2- उपासते | उपासना करते हैं | 12- स्वस्ति | कल्याण |
| 3- पादपानां | पौधों के | 13- अबल: | बलहीन |
| 4- सदनम् | घर | 14-अलम् | पर्याप्त |
| 5- तत: | उसके बाद | 15- गर्दभ: | गधा |
| 6- मत्स्य: | मछली | 16- आसन्द: | कुर्सी |
| 7- कागद: | कागज | 17- सुधाखण्डः | चॉक |
| 8- मार्जक: | डस्टर | 18- कन्दुक: | गेंद |
| 9- स्यूत: | थैला | 19- हरित: | हरा |
| 10- शीतम् | ठण्डा | 20- वृष्टि: | वर्षा |

**6. गृहकार्य**

कक्षा में आज करवाए गए नए शब्दों का घर में मौखिक व लिखित दोहराव करें।

# साप्ताहिक पुनरावृत्ति कार्यपत्रिका

**1.रिक्तस्थानानि पूरयत —**

1) _________ पुस्तकम् अस्ति । (तत् / किम्)
2) _________ बालक: ? (क: / तत्)
3) _________ फलम् मधुरम् अस्ति । (किम् / एतत्)
4) ________ गृहम् अस्ति ? (किम् / एतत्)
5) ________ वृक्ष: अस्ति । (तत् / एतत्)

**2. प्रश्ननिर्माणं कुरुत —**

1) भूमेः गुरुतरा **माता** । (का / कस्या:)
2) वायो: शीघ्रतरं **मन**: । (कुत्र / किम्)
3) **रूपं** मृजया रक्ष्यते । (कथं / किम्)
4) मार्गे एक: **कूप**: आसीत् । (का / क:)
5) शकुन्तला **कण्वं** प्रणमति । (कं / कुत्र)

**3. उचित संख्या लिखत —**

1) _________ बालका: पठन्ति । (3)
2) _________ फलानि सन्ति । (5)
3) ________ पुस्तके स्त: । (2)
4) _________छात्रा: क्रीड़न्ति ।(10)
5) ________ बालका: विद्यालयं गच्छन्ति। (6)

**4. निम्नलिखित विषयों पर दो-दो वाक्य बनाइए।**

1) मम विद्यालय:
2) मम दिनचर्या
3) मम परिचय
4) मम प्रिय मित्रम्
5) मम प्रिय पुस्तकम्

**5. मञ्जूषा की सहायता से संस्कृत भाषा में पाँच वाक्य लिखिए —**

**मञ्जूषा**— (वृक्षा:, बालका:, क्रीडन्ति, पुष्पाणि, अस्ति, सूर्य:, सन्ति, दोला:, मनोहरं, पुस्तकालयं, प्रयोगशाला, श्यामपट्ट:, जना:) ।

# आकलन कार्यपत्रिका

**1. वर्ण संयोग और वर्ण विच्छेद करे –** **(5)**

1. छ् + आ + त्+र्+ अः = _______
2. व् + अ + र् + अ + द् + आ + न = _______
3. पुस्तकम् = _____________
4. गच्छति = ______________
5. देवालयः = _____________

**2. संज्ञा को सर्वनाम से बदलें –** **(3)**

1. मोहनः पठति। → _______
2. बालकः खेलति। → _______
3. रामः श्यामं च पठतः। → _______

**3. विशेषण को विशेष्य से मिलाएं-** **(3)**

| **विशेषण** | | **विशेष्य** |
|---|---|---|
| 1. शीतलवाहिनी | – | नारी |
| 2. गुणोत्तमः | – | गंगा |
| 3. शान्ता | – | राम |

**4. पर्यायवाची शब्दों का मिलान करो –** **(5)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. पवित्रता | – | सलिलम् |
| 2. वनम् | – | शौचम् |
| 3. जलम् | – | विद्यानिकेतनम् |
| 4. विद्यालयः | – | धरा |
| 5. वसुधा | – | काननम् |

**5. सही विलोम पद लिखो: —** **(5)**

**(विद्ववानः,अनाथः,कटु,अशोभनम्,अक्रोधम्,नीचः, स्थूलः,पुरातनः,कठिनः, सुप्तः)**

1. सनाथ—
2. मधुरम् —
3. मूर्ख —
4. क्रोधं —
5. शोभनम् —
6. उच्चः —
7. कृशः —
8. नवीनः —
9. सरलः —
10. जाग्रत् —

**6. धातुरूप लिखो (लट्,लृट्,लङ् लकार) -** **(5)**

| धातुः | एकवचनम् | द्विवचनम् | बहुवचनम् |
|---|---|---|---|
| पठ् (लट्) | पठति | पठतः | पठन्ति |
| गच्छ् (लट्) | ------ | ----- | ------ |
| लिख् (लङ्) | ------ | ----- | ------ |
| वद् (लृट्) | ------ | ----- | ------ |
| क्रीड् (लट्) | ------- | ------ | ------ |
| हस् (लङ्) | ------- | ------ | ------ |

**7. उचित विभक्ति और वचन के अनुसार शब्द रूप लिखें-** **(5)**

| मूलशब्द | विभक्ति | वचनम् | रुपम् |
|---|---|---|---|
| बालक: | तृतीया | बहुवचन | बालकै: |
| रमा | सप्तमी | द्विवचन | ----- |
| मित्र | चतुर्थी | एकवचन | ----- |
| लता | पंचमी | बहुवचन | ------ |
| नदी | षष्ठी | एकवचन | ------ |
| छात्र | द्वितीया | बहुवचन | ------- |

**8. उचित अव्यय शब्द भरिए-** **(4)**

**मञ्जूषा :- (च,एव,अपि,अत्र)**

1.) राम:-----सीता विद्यालयम् गच्छत:।

2.) सा——--गायति।

3.) त्वं——-आगच्छ।

4.) पुस्तकं——-अस्ति।

**9. मञ्जूषा की सहायता से प्रश्न निर्माण करे-** **(5)**

| **कस्य, केन, कुत्र, कथं, क:, कति** |
|---|

1.) मार्गे एक:<u>कूप</u>:आसीत्।

2.) रुपं <u>मृजया</u> रक्ष्यते।

3.) चत्वारि <u>तस्य</u> वर्धन्ते।

4.) धर्मः सदा <u>सत्ये</u> आश्रित:।

5.) वेदा: <u>चत्वारि</u> सन्ति।

**10) संस्कृत में सरल वाक्य बनाओ।-** **(5)**

1.) बालक खेलते हैं।

2.) मैं पानी पीता हूं।

3.) छात्र विद्यालय जाते हैं।

4.) सीता खाना पकाती है।

5.) राम और श्याम पढ़ते हैं।

**10. किसी एक विषय पर पांच वाक्यों का अनुच्छेद लिखें —** **(5)**

**मम परिचय**

अथवा

**मम विद्यालयः**

शिक्षा निदेशालय
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

# प्रबोधन

## ब्रिज कोर्स

NIOS परियोजना, शिक्षा निदेशालय

कक्षा – 10

विषय – सामाजिक विज्ञान (213)

सीख के सेतु – उज्जवल भविष्य की ओर



एक शैक्षिक सहयोग पहल

NIOS परियोजना, शिक्षा निदेशालय,
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

# NIOS Project
# Directorate of Education
# Govt. of NCT, Delhi

**PRABHODHAN**

**Bridge Course**

**Class-X**

**Subject- Social Science (213)**

Under the Guidance of

**Dr. Dilraj Kaur**

Secretary (Education)

**Smt. Veditha Reddy**

Director (Education)

**Shri Vikas Kalia**

Addl. Director (Patrachar/NIOS Project)

**Coordinators**

**Dr. Davindera**

DDE (North)

**Dr. Savita Yadav**

OSD (NIOS Project)

**LIST OF SUBJECT EXPERTS**
**FOR PREPARATION & REVIEW OF BRIDGE COURSE**

Class- X
Subject- Social Science

**Content Preparation Team**

| Sl. No. | Name & Emp. ID. | Designation | School Name & ID |
|---|---|---|---|
| 1 | Ms. Samreen Naaz (20220748) | PGT Political Science | Mentor Teacher |
| 2 | Ms. Kirti Jain (2014274869) | TGT Social Science | GSV (Co-ed), A-2, Paschim Vihar (1617003) |
| 3 | Ms. Prabha Wati (2014124305) | TGT Social Science | CM Shri School, No.2, Uttam Nagar (1618021) |
| 4 | Ms. Kusum (2014060617) | TGT Social Science | SBV, Ranhaula (1617227) |

**Content Review Team**

| Sl. No. | Name & Emp. ID. | Designation | Branch/School Name & ID |
|---|---|---|---|
| 1 | Mr. Tarun Mishra (20170498) | TGT Social Science | CAU, DoE |
| 2 | Mr. Hemendra Mohan Khan (20192411) | PGT History | CAU, DoE |

**Content Vetting Team**

| Sl. No. | Name & Emp. ID. | Designation | School Name & ID |
|---|---|---|---|
| 1 | Dr. Ajay Kumar (20232266) | Principal | SV, No.1, Mori Gate (1207022) |

**Supporting Team**

| Sl. No. | Name & Emp. ID. | Designation | Branch Name |
|---|---|---|---|
| 1 | Ms. Neha Chaudhary (20161480) **(Assistant Coordinator)** | TGT | NIOS Project, DoE |
| 2 | Mr. Ajeet Singh (20140185) **(Technical Assistant)** | Data Entry Operator | NIOS Project, DoE |

# शिक्षक/ शिक्षिका हेतु परिचय

# सामाजिक विज्ञान ब्रिज कोर्स

आज के समय में विद्यार्थी विभिन्न सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक पृष्ठभूमियों से विद्यालय में आते हैं। कई विद्यार्थियों के अधिगम अनुभवों, भाषा स्तर, अवधारणात्मक समझ और विषय ज्ञान में अंतर पाया जाता है। ऐसे में ब्रिज कोर्स का उद्देश्य विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान और वर्तमान कक्षा स्तर के बीच की दूरी को कम करना है, ताकि वे आगे की सीख के लिए आत्मविश्वास और तैयारी विकसित कर सकें। यह ब्रिज कोर्स सामाजिक विज्ञान के प्रमुख विषयों को सरल, संदर्भात्मक और अनुभव आधारित तरीके से प्रस्तुत करता है। इसमें विद्यार्थियों को केवल तथ्यों से परिचित कराना ही उद्देश्य नहीं है, बल्कि उन्हें अपने आसपास के समाज, समुदाय, लोकतंत्र, पर्यावरण, विविधता और नागरिक जीवन को समझने के अवसर प्रदान करना भी है।यह कोर्स **NIOS** पाठ्यक्रम की भावना के अनुरूप तैयार किया गया है, जहाँ सीखना केवल याद करने तक सीमित नहीं बल्कि सोचने, चर्चा करने, प्रश्न पूछने और वास्तविक जीवन से जोड़ने की प्रक्रिया है।

## ब्रिज कोर्स की आवश्यकता

यह ब्रिज कोर्स निम्न आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है:

- विद्यार्थियों के पूर्व ज्ञान को सक्रिय करना
- अधिगम अंतर **(Learning Gap)** को कम करना
- सामाजिक विज्ञान के मूलभूत विचारों से परिचित कराना
- भाषा और अवधारणाओं को सरल बनाना
- विद्यार्थियों को अपने परिवेश से जोड़ना
- लोकतांत्रिक और संवेदनशील दृष्टिकोण विकसित करना
- कक्षा में सहभागिता और चर्चा आधारित अधिगम को बढ़ावा देना

## ब्रिज कोर्स का उद्देश्य

इस कोर्स का उद्देश्य विद्यार्थियों को:

- सामाजिक विज्ञान की आधारभूत अवधारणाओं से परिचित कराना
- समाज, समुदाय और नागरिकता की समझ विकसित करना
- संविधान, समानता और लोकतंत्र के मूल्यों से जोड़ना
- भारत की विविधता, संस्कृति और इतिहास की प्रारम्भिक समझ देना

- मानचित्र, मीडिया, परिवहन और सार्वजनिक सुविधाओं जैसे विषयों को दैनिक जीवन से जोड़ना
- जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करना

**शिक्षक/शिक्षिका हेतु सामान्य निर्देश**

- कक्षा को चर्चा आधारित और सहभागितापूर्ण बनाएँ।
- विद्यार्थियों को बोलने, प्रश्न पूछने और अनुभव साझा करने के अवसर दें।
- कठिन शब्दों और अवधारणाओं को सरल भाषा में समझाएँ।
- प्रत्येक विषय को विद्यार्थियों के दैनिक जीवन और स्थानीय संदर्भ से जोड़ें।
- केवल तथ्य याद करवाने के बजाय समझ विकसित करने पर जोर दें।
- बोर्ड कार्य स्पष्ट और व्यवस्थित रखें।
- गतिविधियों और समूह कार्यों का उपयोग करें।
- मानचित्र, चित्र, समाचार, स्थानीय उदाहरण और वास्तविक परिस्थितियों का उपयोग करें।
- सभी विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करें।

# विषय-सूची


| क्र.स. | विषय | उपविषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | **मैं और मेरी दुनिया** | • समाज और समाज में मेरी भूमिका<br>• परिवार, समुदाय और मेरा विद्यालय<br>• नियम क्या और क्यो?<br>• आजीविका के साधन<br>• समय और परिवर्तन<br>• साप्ताहिक पुनरावृत्ति | 1-2<br>3-5<br>6-8<br>9-11<br>12-14<br>15-15 |
| 2. | **हमारा शहर: हमारा परिवेश** | • मेरी दिल्ली और मेरा आस -पड़ोस<br>• परिवहन और सुरक्षित यात्रा<br>• सार्वजनिक सेवाएं<br>• दिल्ली की संस्कृति - विविधता में एकता<br>• पर्यावरण और आपदा प्रबंधन<br>• साप्ताहिक पुनरावृत्ति | 16-18<br>19-22<br>23-26<br>27-29<br>30-33<br>34-34 |
| 3. | . **हमारा भारत- अनेकता में एकता** | • भारत का परिचय<br>• स्वतंत्रता संग्राम और भारत में विविधता<br>• प्रारंभिक मानव और सिंधु घाटी सभ्यता<br>• भारत में लोकतंत्र<br>• भारत का मानचित्र<br>• साप्ताहिक पुनरावृत्ति | 35-37<br>38-41<br>42-45<br>46-49<br>50-55<br>56-56 |
| 4. | **हम : भारत के जिम्मेदार, नागरिक** | • नागरिकता, अधिकार और कर्तव्य<br>• भारतीय शासन<br>• भारतीय संविधान और समानता<br>• मीडिया और डिजिटल दुनिया<br>• परियोजना कार्य-1<br>• परियोजना कार्य-2 | 57-60<br>61-64<br>65-69<br>70-74<br>75-77<br>78-80 |
| 5. | **मूल्यांकन /आकलन** | | 81-83 |

# विषय: मैं और मेरी दुनिया

## समाज क्या है?

### अधिगम के उद्देश्य

कक्षा के अंत तक विद्यार्थी:

- विद्यार्थी समाज का अर्थ समझते हैं।
- विद्यार्थी समाज में अलग-अलग लोगों की भूमिका पहचानते हैं।
- विद्यार्थी नियम और सहयोग का महत्व समझते हैं।

### चरण-1 अभिवादन और जुड़ाव (5 मिनट)

शिक्षक/शिक्षिका बोर्ड के ऊपर 'सामाजिक विज्ञान' विषय लिखते हुए विद्यार्थियों को इस विषय से जोड़ने का प्रयास करेंगे। शिक्षक/ शिक्षिका पुस्तक का प्रयोग न करते हुए दैनिक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से विषय-वस्तु का परिचय करवाएंगे।

### चरण-2 प्रस्तावना वार्तालाप (5 मिनट)

- **शिक्षक/ शिक्षिका : -** "सुबह उठने के बाद सबसे पहले आप ने किसे देखा?"
  - विद्यार्थी द्वारा संभावित उत्तर:- मम्मी, पापा, दादी।
- **शिक्षक/ शिक्षिका: - "**स्कूल आते समय रास्ते में आपको कौन-कौन दिखा?"
  - विद्यार्थीः - दुकानदार, बस ड्राइवर, रिक्शा वाला।
- **शिक्षक/ शिक्षिका: -** "क्या हम अकेले सब-कुछ कर सकते हैं?"
  - विद्यार्थी:- नहीं।
- **शिक्षक/ शिक्षिका: -** "हमें हर काम के लिए दूसरे लोगों की जरुरत पड़ती है। इसलिए लोग मिलकर समाज बनाते हैं।"

### चरण-3 समझ विकसित करना (10 मिनट)

- श्यामपट्ट कार्य:- समाज क्या है? लोग + सहयोग + नियम = समाज
- शिक्षक/ शिक्षिका- "जब बहुत सारे लोग साथ रहते है, एक-दूसरे की मदद करते हैं और नियम मानते हैं,तो उसे समाज कहते हैं।"

### चरण-4 व्यावहारिक ज्ञान (10 मिनट)

- शिक्षक/ शिक्षिका - "अगर सफाई कर्मचारी स्कूल साफ ना करे तो क्या होगा?
- शिक्षक/ शिक्षिका- समाज में हर व्यक्ति का काम महत्वपूर्ण है।

## चरण-5 कहानी विधि  (5 मिनट)

- शिक्षक/ शिक्षिका -आरव सुबह उठा, मम्मी ने खाना बनाया, बस ड्राइवर उसे स्कूल लाया और शिक्षक/ शिक्षिका ने पढ़ाया।
- शिक्षक/ शिक्षिका- क्या आरव अकेले सब कुछ कर सकता था?
- शिक्षक/ शिक्षिका :- हमारा जीवन बहुत सारे लोगों से जुड़ा है इसी को 'समाज' कहते हैं।

## चरण-6 पुनरावृत्ति  (5 मिनट)

# समाज में मेरी भूमिका

- **शिक्षक/ शिक्षिका:** - समाज क्या है? क्या बच्चे भी समाज का हिस्सा है?
  **विद्यार्थी:** - हाँ, हम भी समाज का हिस्सा है।

## चरण 1 शिक्षक/ शिक्षिका समझाए (10 मिनट)

"आप केवल घर का हिस्सा नहीं है। आप अपने स्कूल और अपने दिल्ली शहर का भी हिस्सा है।"
"आप अपने घर में किस -किस कार्य में मदद करते हैं?"
"स्कूल में आप कौन- कौन से नियम मानते हैं?"

## चरण-2 समाज में नियम (10 मिनट)

- **श्यामपट्ट कार्य** - समाज में कौन-से नियम जरूरी है? (सुरक्षा, अनुशासन, शांति,)
- **शिक्षक/ शिक्षिका** - "अगर कोई ट्रैफिक नियम न मानें तो क्या होगा?" (**विद्यार्थी** - दुर्घटना, ट्रैफिक जाम)
- **शिक्षक/ शिक्षिका** - 'इसलिए समाज में नियम जरूरी होते हैं।'

## चरण-3 चर्चा (10 मिनट)

- **शिक्षक/ शिक्षिका** - "अच्छा नागरिक कौन?"
  "एक अच्छा नागरिक क्या करता है?"

## चरण-4 समापन (5 मिनट)

- **शिक्षक/ शिक्षिका समझाएं** - "आज हमने सीखा कि हम अकेले नहीं रहते। समाज में सभी लोग महत्वपूर्ण है।"

**मुख्य शब्द:** समाज, नियम, सहयोग, नागरिक

## गृहकार्य

**प्रश्न**- ऐसे 5 लोगों के नाम लिखिए जिनकी मदद से आपका दिन चलता है?



**दिवस-2**

# परिवार, समुदाय और मेरा विद्यालय

## अधिगम के उद्देश्य

- कक्षा के अंत तक विद्यार्थी:
- शिक्षार्थी परिवार, समुदाय और विद्यालय की भूमिका समझते है।
- शिक्षार्थी सहयोग और जिम्मेदारी की अवधारणा समझते है।

## परिवार और समुदाय

## चरण-1 चर्चा (5 मिनट)

- **शिक्षक/ शिक्षिका-** 'आज हम उन लोगों के बारे में बात करेंगे जिसकी वजह, से हमारा जीवन आसान बनता है।'

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछे-**

- सुबह आपको स्कूल के लिए कौन तैयार करता है?
- सड़क साफ कौन करता है?
- अगर ये लोग काम न करें तो क्या होगा?

**शिक्षक/ शिक्षिका** – 'हमारे जीवन में हर व्यक्ति का काम महत्वपूर्ण हैं। कोई काम छोटा या बड़ा नहीं होता।'

## चरण-2 परिवार क्या है? (10 मिनट)

- **श्यामपट्ट-कार्य –** परिवार, सहयोग, देखभाल, जिम्मेदारी, सम्मान
- **शिक्षक/ शिक्षिका**:- 'परिवार में सभी लोग अलग- अलग काम करते है। हर काम महत्वपूर्ण होता हैं।

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछे** –

- घर का काम करना क्यों महत्वपूर्ण है?
- क्या केवल पैसे कमाने के लिए करने वाला काम ही महत्वपूर्ण है?

## चरण-3 समुदाय और श्रम की गरिमा (10 मिनट)

- **श्यामपट्ट कार्य**- समुदाय में काम करने वाले लोग, शिक्षक/ शिक्षिका, डॉक्टर, सफाई कर्मचारी, पुलिस, दुकानदार

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछे-**

- सफाई कर्मचारी का काम क्यों महत्वपूर्ण है?
- ऐसा कोई काम बताइए , जो महत्वपूर्ण नहीं है?
- शिक्षक/ शिक्षिका - 'मेहनत और ईमानदारी से काम करने वाला हर व्यक्ति सम्मान के योग्य है इसे ही श्रम की गरिमा कहते है।

## चरण-4 मेरे समाज के मेहनती लोग (10 मिनट)

## गतिविधि

- अपनी कॉपी में उन लोगों की सूची बनाइए जिन्हें आप अपने आस-पास काम करते हुए देखते है।
- अब अपने साथी के साथ अपनी सूची साझा कीजिए।
- ध्यान से देखिए कौन-कौन से लोग दोनों की सूची में है?
- कौन-कौन से लोग केवल आपकी या आपके साथी की सूची में है?
- अब किसी एक व्यक्ति को चुनिए उसके बारे में 3-4 वाक्य तैयार कीजिए ।
- वह क्या काम करते हैं?
- उनका काम क्यों महत्वपूर्ण है?
- हमें उनके प्रति सम्मान क्यों रखना चाहिए ?
- अंत में पूरी कक्षा के सामने उस व्यक्ति के बारे में बताइए।

## चरण-1 मेरा विद्यालय एक समुदाय (10 मिनट)

- **श्यामपट्ट-कार्य-** मेरा विद्यालय, शिक्षक/ शिक्षिका, विद्यार्थी, सफाई कर्मचारी, चौकीदार, माली
- **शिक्षक/ शिक्षिका समझाएं** 'विद्यालय केवल शिक्षक/ शिक्षिका से नहीं चलता। हर व्यक्ति महत्वपूर्ण होता है।'

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछे**

- अगर सफाई कर्मचारी न आए तो क्या होगा?
- अगर चौकीदार न हो तो?

## चरण 2 - श्रम का सम्मान

**शिक्षक/ शिक्षिका द्वारा कहानी-वाचन** :- "हमारे विद्यालय के असली हीरो"

एक दिन विद्यालय में सुबह-सुबह बहुत गंदगी थी। कक्षा में कागज पड़े थे, मैदान में पत्ते बिखरे थे और पानी भी इधर-उधर फैला हुआ था।बच्चे कक्षा में आए और कहने लगे,

"आज विद्यालय इतना गंदा क्यों है?"

तभी शिक्षक/ शिक्षिका ने बताया कि विद्यालय के सफाई कर्मचारी रमेश अंकल आज बीमार है और छुट्टी पर है। धीरे-धीरे विद्यार्थियों को समझ आया कि रोज विद्यालय को साफ और सुंदर रखने में रमेश अंकल कितनी मेहनत करते हैं। उस दिन विद्यार्थियों ने मिलकर अपनी कक्षा साफ की। अगले दिन 'जब रमेश अंकल वापस आए, तो विद्यार्थियों ने उनके लिए एक छोटा सा धन्यवाद कार्ड बनाया ।

कार्ड में लिखा था- "धन्यवाद अंकल"

आप हमारे विद्यालय, को साफ और सुंदर बनाते है। आप का काम बहुत महत्वपूर्ण है

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछे** - क्या सफाई कर्मचारी का काम जरूरी है? यदि हां ,तो कैसे?

- **श्यामपट्ट-कार्य- श्रम की गरिमा – 'हर काम का सम्मान'**

## चरण-3 गतिविधि (10 मिनट)

**"Thank You Card"** विद्यार्थी विद्यालय के किसी कर्मचारी के लिए धन्यवाद संदेश लिखें।

## चरण-5 समापन (5 मिनट)

- **शिक्षक/ शिक्षिका-** 'आज हमने सीखा कि हर काम महत्वपूर्ण है और हमें सभी लोगों का सम्मान करना चाहिए।
- **मुख्य शब्द:** परिवार, समुदाय, विद्यालय, श्रम, सम्मान, सहयोग, जिम्मेदार

## गृह-कार्य

घर जाकर चर्चा कीजिए हम अपने आस-पास काम करने वाले लोगों के प्रति सम्मान और आभार कैसे प्रकट कर सकते है?

**दिवस-3**

# नियम क्या और क्यों?

## अधिगम के उद्देश्य

- कक्षा के अंत तक विद्यार्थी:
- शिक्षार्थी नियमों का अर्थ समझते है।
- घर, विद्यालय और समाज में नियमों की आवश्यकता समझते है।
- नियमों और जिम्मेदारी के संबंध को पहचानते है।

## नियम क्या है और क्यों जरूरी हैं?

## चरण-1 गतिविधि (5 मिनट)

- शिक्षक/ शिक्षिका - कक्षा में प्रवेश करते ही जानबूझकर एक नियम तोड़ेंगे
- शिक्षक/ शिक्षिका विद्यार्थियों से पूछते है- "क्या आपको कुछ अजीब लगा?"

**"यानी सभी बच्चे नियमों को पहचानते हैं। आज हम यह जानने की कोशिश करते हैं कि नियम क्यों जरूरी होते हैं।"**

## चरण-2 नियम क्या है? (10 मिनट)

नियम-ऐसी बातें जो व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखें।

- शिक्षक/शिक्षिका विद्यार्थियों को समझाते हैं-" नियम हमें सही तरीके से रहने, काम करने और दूसरों के साथ मिलकर रहने में मदद करते हैं।"

## चरण 3 - वास्तविक जीवन से जोड़ना (10 मिनट)

- **शिक्षक/ शिक्षिका** वास्तविक जीवन से जुडी परिस्थितियाँ बताते हुए विद्यार्थियों से प्रश्न पूछेंगे।

**परिस्थिति -1**

"अगर सड़क पर कोई ट्रैफिक नियम न हो तो क्या होगा?"

- **संभावित उतर:-** दुर्घटना, ट्रैफिक जाम, लड़ाई
- **परिस्थिति 2**

"अगर विद्यालय में कोई बच्चा लाइन न बनाए तो क्या होगा?"

**संभावित उत्तर:-** धक्का-मुक्की, शोर, झगड़ा

अध्यापक/अध्यापिका, अन्य परिस्थितियाँ भी सुझा सकते है।

## चरण-4 अध्यापक/अध्यापिका-कहानी वाचन (10 मिनट)

**कहानी** " बिना नियम वाला दिन"

एक दिन विद्यालय में सभी नियम हटा दिए गए।कोई लाइन में नहीं चला।कोई अपनी सीट पर नहीं बैठा। कुछ बच्चे जोर-जोर से चिल्लाने लगे कक्षा में बहुत शोर हो गया।शिक्षक/ शिक्षिका पढ़ा नहीं पाए। बच्चे परेशान हो गए। फिर सभी ने मिलकर कहा- नियम जरूरी हैं।"

**समापन प्रश्न (5 मिनट)**

- बिना नियम वाले विद्यालय में विद्यार्थियों को कैसा लगा?
- विद्यालय को सुचारू रूप से चलाने के लिए नियम कैसे मदद करते हैं?

# नियम क्या और क्यों?

## चरण-1 पुनरावृत्ति (5मिनट)

शिक्षक/ शिक्षिका विद्यार्थियों से प्रश्नों के माध्यम से चर्चा करते हैं।

- नियम क्या है? नियम क्यों जरूरी हैं?
- अगर विद्यालय में नियम न हों तो क्या होगा?
- **विद्यार्थियों द्वारा संभावित उतर** - अव्यवस्था होगी, झगड़ा होगा, पढ़ाई नहीं हो पाएगी

**शिक्षक/ शिक्षिका**-जिस तरह घर और विद्यालय में नियम होते हैं, उसी तरह पूरे देश को चलाने के लिए भी नियम होते हैं।

## चरण-2 सामान्य नियम से आवश्यक नियम तक (10 मिनट)

**शिक्षक/ शिक्षिका विद्यार्थियों** से चर्चा के माध्यम से प्रश्न पूछे

- ✓ घर के नियम कौन बनाता है?
- ✓ विद्यालय के नियम कौन बनाता है?
- ✓ खेल के नियम कौन बनाता है?

**शिक्षक/ शिक्षिका** - "अब सोचो - इतने बडे देश भारत को चलाने के लिए नियम कौन बनाता होगा?"

- ✓ **संभावित उत्तर**- सरकार, नेता, संसद

## चरण-3 देश के नियम

**श्यामपट्ट-कार्य**- देश के नियम = सभी नागरिकों के लिए

- **शिक्षक/ शिक्षिका समझाएं** – "भारत में करोड़ो लोग रहते हैं। सभी लोग अलग- अलग भाषा बोलते हैं, अलग-अलग जगह रहते हैं। फिर भी देश शांति से चले, इसके लिए कुछ नियम बनाए गए हैं।"

- **शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछे**

✓ देश में सभी लोगों के लिए नियम समान क्यों  होने चाहिए?

✓ क्या सभी लोगों को समान अधिकार मिलने चाहिए?

## चरण-4 संविधान का परिचय

**श्यामपट्ट-कार्य-** संविधान = देश के सबसे महत्वपूर्ण नियमों की पुस्तक।

- **शिक्षक/ शिक्षिका  समझाएं** – "भारत के सबसे महत्वपूर्ण नियमों की पुस्तक को संविधान कहते हैं।"
- **संविधान बताता है:** देश कैसे चलेगा?

  - सरकार कैसे काम करेगी?

  - लोगों के अधिकार क्या हैं?

  - लोगों के कर्तव्य क्या हैं।

**शिक्षक/ शिक्षिका -** "विद्यार्थियों आमतौर पर आपने देखा है कि विद्यालय के नियम डायरी में लिखे होते हैं, उसी तरह देश के लिए नियम संविधान में लिखे होते हैं।"

## चरण-5 समापन

- **गतिविधि** - "हमारी कक्षा का संविधान", **पूरी कक्षा मिलकर 5 नियम बनाए!**

✓ समय पर विद्यालय आएंगे ।कक्षा को साफ रखेंगे ।झगड़ा नहीं करेंगे ।सभी का सम्मान करेंगे ।

✓ सभी को कक्षा में बोलने का अवसर देंगे ।

**कक्षा संविधान -** विधार्थी अपने कक्षा के संविधान की शपथ लेंगे।

**मुख्य शब्द** – नियम, नागरिक, देश, अधिकार, कर्तव्य, संविधान

**दिवस-4**

## आजीविका के साधन

**अधिगम उद्देश्य**

कक्षा के अंत तक विद्यार्थी :

- काम और आजीविका का सरल अर्थ समझते है।
- आर्थिक और गैर-आर्थिक गतिविधियों में अंतर समझते है।
- अर्थव्यवस्था के मुख्य क्षेत्रों (कृषि, उद्योग, सेवा) को समझते है ।

### चरण 1 - शिक्षक/ शिक्षिका द्वारा चर्चा (5 मिनट)

"आज सुबह आपने किस- किस को क्या - क्या कार्य करते देखा? "

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछे**

- घर में खाना कौन बनाता है?
- विद्यालय में कौन पढ़ता है?

### चरण 2 — काम क्या है? (5 मिनट)

ऐसी गतिविधि जिससे हमारी कोई न कोई आवश्यकता पूरी होती हैं। उसे कार्य कहते है।

### चरण 3 — आर्थिक गतिविधि (10 मिनट)

- **आर्थिक गतिविधि** - ऐसा कार्य जिसे करने पर वेतन मिलता है, उसे आर्थिक गतिविधि कहते है।

**उदाहरण**

- दुकानदार दुकान चलाता है।
- शिक्षक/ शिक्षिका स्कूल में पढ़ाते हैं।
- रिक्शा चालक लोगो को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाते है।

### चरण 4 — गैर-आर्थिक गतिविधि (10 मिनट)

**गैर-आर्थिक गतिविधि** = ऐसा कार्य जो बिना वेतन के किया जाता है गैर आर्थिक गतिविधि कहलाता है।

**उदाहरण**: घर में खाना बनाना,सफ़ाई करना,कपड़े धोना आदि।

"कुछ काम वेतन के लिए किए जाते है और कुछ प्यार,मदद और जिम्मेदारी के लिए।"

### चरण 5 —गतिविधि और पुनरावृति (10 मिनट)

**"यह कौन-सा कार्य है?"** आर्थिक या गैर-आर्थिक

- डॉक्टर मरीज देखता है
- बहन छोटे भाई को पढ़ाती है
- दुकानदार सामान बेचता है

- दोस्त पानी पिलाता है
- माँ घर की देखभाल करती है।
- पापा पौधों को पानी देते है।
- शिक्षक/शिक्षिका विद्यालय में विद्यार्थियों को पढ़ाते है।

➔ **"घर में किए जाने वाले 3 गैर-आर्थिक कार्य लिखो।"**

## चरण 1 — पुनरावृति (5 मिनट)

## चरण 2 — अर्थव्यवस्था के क्षेत्रक (5 मिनट)

**शिक्षक/ शिक्षिका समझाएं**

लोग अलग अलग प्रकार के कार्य करते है इन कामों को उनके करने के आधार पर अलग अलग भागों में बाँटा जाता है। जिन्हें अर्थव्यवस्था के क्षेत्र कहते है।

**अर्थव्यवस्था के मुख्य क्षेत्रक : प्राथमिक क्षेत्रक, द्वितीय क्षेत्र, तृतीयक क्षेत्रक**

## चरण 3 — प्राथमिक क्षेत्रक(10 मिनट)

**प्राथमिक क्षेत्रक**=जिस क्षेत्र में हमें वस्तुएँ सीधे प्रकृति से प्राप्त होती है। उसे **प्राथमिक क्षेत्रक कहते हैं ।**

**उदाहरण: खेती, मछली पालन, पशुपालन, खनन, वनों से लकड़ी प्राप्त करना**

- आसान समझ =" प्रकृति से वस्तु लेना" । किसान >खेत> अनाज

## चरण 4 — द्वितीयक क्षेत्रक / उद्योग क्षेत्र (5 मिनट)

**जिस क्षेत्र में कच्चे माल से नई वस्तुएँ बनाई जाती है उसे द्वितीयक क्षेत्रक / उद्योग क्षेत्र कहते है।उदाहरण:** कारखाना,कपड़ा उद्योग,निर्माण उद्योग ,फर्नीचर बनाना

## चरण 5 — तृतीयक क्षेत्रक / सेवा क्षेत्र (5 मिनट)

**सेवा क्षेत्र/ तृतीयक क्षेत्रक =जिस क्षेत्र में लोगों को सेवा दी जाती है उसे तृतीयक क्षेत्रक कहते हैं ।**

**उदाहरण** शिक्षक/ शिक्षिका , डॉक्टर ,पुलिस,

## चरण 6 — सभी क्षेत्रक एक दूसरे से संबंधित (5 मिनट)

किसान गेहूँ उगाता है

↓

मिल में गेहूँ से आटा बनाया जाता है

↓

दुकानदार आटा बेचता है

## चरण 7 —पुनरावृति और समापन (5 मिनट)

**शिक्षक/ शिक्षिका समझाएं** "सभी क्षेत्र एक-दूसरे से जुड़े होते हैं।"

## चरण 8 - गतिविधि "मैं क्या बनूंगा?"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछे**

1 आप बड़े होकर क्या बनना चाहते हो?

2 वह काम कौन से क्षेत्र में आएगा?

**गतिविधि : जो कार्य जिस क्षेत्र में आता है उसे उसके नीचे लिखे :**

| | | |
|---|---|---|
| उद्योग | आटा बनाना | कपड़ा बनाना |
| खेती करना | मछली पालन | पशुपालन |
| डॉक्टर | शिक्षक/ शिक्षिका | खनन |
| वकील | फल सब्जी उगाना | डेरी उद्योग |
| ड्राइवर | विनिर्माण | बैंक |
| | | |

| प्राथमिक क्रियाएं | द्वितीयक क्रियाए | तृतीयक क्रियाएं |
|---|---|---|
| | | |

**मुख्य शब्द :** आजीविका आर्थिक गतिविधि, गैर आर्थिक गतिविधि,प्रकृति,विनिर्माण, अर्थव्यवस्था

**दिवस-5**

# विषय: समय और परिवर्तन

## परिवर्तन: प्रारंभिक मानव से आज तक

**अधिगम के उद्देश्य**

कक्षा के अंत तक विद्यार्थी:

- इतिहास हमें अतीत के विषय में जानकारी देता है।
- शिक्षार्थी, प्रारम्भिक मानव और आज के जीवन की तुलना करते हैं।
- विनिमय प्रणाली (Barter System) की प्रारम्भिक समझ विकसित करते हैं।

## चरण-1 शुरुआती चर्चा

- **अध्यापक/अध्यापिका विद्यार्थियों को समझाते है**: - "समय के साथ चीजें बदलती रहती है। जैसे-आप पहले जैसे दिखते थे अब आप उससे अलग दिखते है। इसी बदलाव को समझने के लिए हम अतीत के बारे में जानने की कोशिश करते हैं।"

## चरण-2 समय और परिवर्तन (10 मिनट)

**अतीत-** जो समय बीत चुका है।

**वर्तमान-** जो अभी हो रहा है।

**भविष्य-** जो आगे होगा।

- **अध्यापक/अध्यापिका विद्यार्थियों से पूछते हैं-**

✓ विद्यार्थियों, बताओ पहले लोग यात्रा कैसे करते थे? आज हम यात्रा कैसे करते हैं?

✓ पहले लोग संचार के किन साधनों का प्रयोग करते थे?

✓ आज हम संचार के किन साधनों का प्रयोग करते हैं?

✓ **मुख्य अवधारणा -** "समय के साथ लोगों का जीवन बदलता रहता है। प्रयोग में आने वाली वस्तुएँ भी बदल जाती है। इसी बदलाव को समझने के लिए हम इतिहास का अध्ययन करते हैं।"

## चरण 3 - इतिहास क्या है?

**इतिहास**

**अतीत की कहानी**

**अध्यापक/अध्यापिका विद्यार्थियों को समझाते है -** " इतिहास हमें बताता है कि पुराने समय में लोग कैसे रहते थे, क्या खाते थे और क्या काम करते थे।" अतीत की घटनाओं और लोगों के जीवन के विषय में जानकारी देता है।

## चरण-4 इतिहास के स्रोत तक ले जाना (10 मिनट)

- अध्यापक/अध्यापिका: इतिहास की जानकारी हमें कैसे प्राप्त होती है। क्या आप बता सकते है, ऐसे कौन से माध्यम या स्त्रोत है जिनसें हमें इतिहास की जानकारी मिलती है?
  अध्यापक/अध्यापिका विद्यार्थियों को समझाते है- इतिहास को जानने के लिए हमें कुछ प्रमाण मिलते हैं। प्रमाण से हमारा अभिप्राय: है ज्ञान प्राप्त करने का साधन, स्रोत या सबूत । जो प्रमाण हमें प्राप्त होते है- इन्हें 'इतिहास का स्रोत' कहते है।

## चरण-5 इतिहास के स्रोत –

सिक्के

पुराने भवन

पुरानी वस्तुएं

चित्र

कहानियाँ

- **अध्यापक/अध्यापिका विद्यार्थियों को उदाहरण देते हैं-** विद्यार्थियों जैसे हमें पुराने समय के बारे में पुरानी तस्वीरों या चित्र देखकर पता चलता है। पुराने किलों, पुराने सिक्कों आदि के माध्यम से भी हमें इतिहास की जानकारी प्राप्त होती है। हम अपने दादा-दादी से जो कहानियाँ सुनते है उनके द्वारा भी हमें पुराने समय के विषय में पता चलता है।
- **गृह कार्य (2 मिनट)** - सभी शिक्षार्थी ऐसी कोई वस्तु या तस्वीर एकत्रित करें जो आने वाले समय में हमें आज के समय की जानकारी दे सकती है।

**इतिहास**




**यात्रा के साधन**

बैलगाड़ी,बस,मेट्रो,कार

**संचार के साधन**

अख़बार,टीवी,पुस्तकें,इन्टरनेट

## चरण-1 पुनरावलोकन (5 मिनट)

## चरण-2 प्रारम्भिक मानव का जीवन (10 मिनट)

**शिक्षक/ शिक्षिका द्वारा चर्चा**-अतीत के समय में लोग गुफाओं में रहते थे। शिकार करते थे। भोजन के लिए लोग शिकार पर निर्भर थे। पत्थर के औजारों का इस्तेमाल करते थे। उनके पास घर, बिजली और वाहन नहीं थे। उस समय पहिए का आविष्कार नहीं हुआ था।

## चरण 3 - पहले और अब की तुलना (10 मिनट)

**शिक्षक/ शिक्षिका द्वारा चर्चा**- आज हमारा जीवन कैसे आसान हुआ है? मेट्रो जैसे वाहन का लाभ हम आज के समय में उठाते है। जिससे हमारा जीवन आसान हुआ है। रहने के स्थान, वाहन, खाना, औज़ार आदि बहुत सी चीज़ बदल गई है।

- **मुख्य अवधारणा** - समय के साथ लोगों का जीवन बदलता गया।

## चरण-4 विनिमय प्रणाली (BARTER SYSTEM) (10 मिनट)

**शिक्षक/ शिक्षिका द्वारा कहानी वाचन** - "बहुत पहले बाजार और पैसे नहीं होते थे। उस समय अगर किसी के पास गेहूं था और उसे दूध चाहिए था, तो वह गेहूँ देकर दूध लेता था। इस प्रकार का आदान प्रदान करके लोग अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति किया करते थे।"

**विनिमय प्रणाली**

**सामान के बदले सामान लेना**

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछे** -"विद्यार्थियों आपको ये सुनकर मज़ा आया तो बताइए-

- ✓ अगर पैसे न हो तो लोग चीज़े कैसे खरीदेंगे?
- ✓ क्या वस्तु के बदले दूसरी वस्तु खरीदना सदैव आसान होगा?
- **मुख्य अवधारणा** - वर्तमान में और बाद में लोगों ने पैसे का उपयोग शुरु किया क्योंकि वस्तु विनिमय में कठिनाइयाँ थी। वस्तु के बदले वस्तु बदलना सदैव आसान नहीं था।

**वस्तु-विनिमय प्रणाली की कठिनाइयाँ**




**मुख्य शब्द :**समय,अतीत ,इतिहास ,स्त्रोत,प्रारम्भिक मानव,विनिमय प्रणाली।

**दिवस-6**

# साप्ताहिक पुनरावृत्ति

1. समाज क्या है?

2. परिवार का महत्व लिखिए।

3. नियमों का पालन क्यों करना चाहिए?

4. किसी एक आजीविका के साधन का वर्णन कीजिए।

## रचनात्मक कार्य

अपने आदर्श समाज का चित्र बनाइए और उसके बारे में पाँच वाक्य लिखिए ।

**दिवस-7**

# विषय हमारा शहर: हमारा परिवेश
## मेरी दिल्ली और मेरा आस - पड़ोस

**अधिगम उद्देश्य**

कक्षा के अंत तक विद्यार्थी:

- दिल्ली को अपने शहर के रूप में पहचानते हैं।
- दिल्ली की स्थिति और प्रमुख भौगोलिक विशेषताओं के बारे में बताते हैं।
- दिल्ली के प्रमुख स्मारकों के नाम जानते हैं।

## चरण 1 – बातचीत से शुरुआत (5 मिनट)

**शिक्षक/ शिक्षिका कहें**

“विद्यार्थियों, आज हम अपने शहर दिल्ली के बारे में जानेंगे।हम यह भी समझेंगे कि हमारा क्षेत्र कैसा है और हमारे आसपास कौन-कौन सी जगहें होती हैं।”

फिर शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें:

- “आपके क्षेत्र का नाम क्या है?”
- “आपके घर के आसपास कौन-कौन सी जगहें हैं?”
- **शिक्षक/ शिक्षिका समझाएँ**

“हर व्यक्ति अपने आसपास की जगहों से जुड़ा होता है। हम जहाँ रहते हैं, उसे हमारा क्षेत्र कहते हैं।हम रोज अपने क्षेत्र की सड़कों, दुकानों, पार्कों और स्कूलों को देखते हैं।”

## चरण 2 – मेरा क्षेत्र समझना (10 मिनट)

**मेरा क्षेत्र :** घर, सड़क, बाजार, पार्क, विद्यालय, मेट्रो स्टेशन,बस , स्टैंड **।**“मैं अपने घर के पास एक पार्क और बाजार देखता/देखती हूँ।अब आप बताइए कि आपके क्षेत्र में क्या-क्या है?”

**गतिविधि**

शिक्षक/ शिक्षिका विद्यार्थियों से कहें:

“अपनी कॉपी में अपने क्षेत्र की तीन महत्वपूर्ण जगहों के नाम लिखिए।”

**शिक्षक/ शिक्षिका समझाएँ**

“हमारा क्षेत्र कई जगहों और सेवाओं से मिलकर बना होता है।इन जगहों की सहायता से लोगों का दैनिक जीवन आसान होता है।”

## चरण 3 – दिल्ली कहाँ स्थित है? (10 मिनट)

## दिल्ली

**शिक्षक/ शिक्षिका समझाएँ**

"दिल्ली भारत की राजधानी है।देश की सरकार यहीं से काम करती है। राष्ट्रपति भवन और संसद भवन दिल्ली में स्थित हैं। दिल्ली उत्तर भारत में स्थित है।""दिल्ली को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली भी कहा जाता है। दिल्ली को छोटे-छोटे जिलों में बाँटा गया है। यहाँ लाखों लोग रहते हैं।"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "क्या दिल्ली गाँव है या बड़ा शहर?"
- **भारत की राजधानी का क्या नाम है?**

"दिल्ली में काम, पढ़ाई और व्यापार के अवसर अधिक हैं। इसीलिए भारत के अलग-अलग राज्यों के लोग यहाँ रहते हैं।दिल्ली में हमें अलग-अलग भाषाएँ, भोजन और संस्कृतियाँ देखने को मिलती हैं।"

## चरण 4 – दिल्ली का भूगोल (10 मिनट)

**दिल्ली का भूगोल**

यमुना नदी,मैदान,क्षेत्र,गर्मी,सर्दी और वर्षा ऋतु

**यमुना नदी:**"यमुना नदी दिल्ली से होकर बहती है। यह दिल्ली की प्रमुख नदी है।"

**मैदान क्षेत्र:**दिल्ली का अधिकांश भाग मैदान क्षेत्र है। यहाँ सड़कें, घर और बाजार आसानी से बनाए जाते हैं।"

## चरण 5 – समापन (5 मिनट)

"अपनी कॉपी में अपने क्षेत्र का एक छोटा चित्र या सरल नक्शा बनाइए।उसमें अपने घर, विद्यालय, बाजार, पार्क या मेट्रो स्टेशन को **दर्शाए।**

## चरण 1 – पुनरावृत्ति (5 मिनट)

## चरण 2 – दिल्ली के प्रमुख तथ्य (10 मिनट)

**क्षेत्रफल**

"दिल्ली लगभग 1484 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैली हुई है।इसका अर्थ है कि दिल्ली बहुत बड़े क्षेत्र में बनी हुई है।"

**जनसंख्या**

"दिल्ली में 2 करोड़ से अधिक लोग रहते हैं।

इसी कारण यहाँ सड़कों पर भीड़ और ट्रैफिक अधिक दिखाई देता है।"

**जिले** - "दिल्ली को प्रशासन की सुविधा के लिए 13 जिलों में बाँटा गया है। हर जिले में अलग-अलग क्षेत्र और कॉलोनियाँ होती हैं।"

**शिक्षक/ शिक्षिका कुछ जिलों के नाम बताएँ:**नई दिल्ली,दक्षिण दिल्ली,उत्तर दिल्ली,शाहदरा,पूर्वी दिल्ली।"दिल्ली में पढ़ाई, नौकरी और व्यापार के अधिक अवसर हैं।इसीलिए देश के अलग-अलग राज्यों से लोग यहाँ आते हैं।"

## चरण 3 – पहचान स्थल क्या होता है? (5 मिनट)

**पहचान स्थल (landmark)**

ऐसी जगह जिससे किसी क्षेत्र की पहचान हो

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण दें:** मेट्रो स्टेशन,बड़ा बाजार,पार्क,मंदिर / मस्जिद,प्रसिद्ध भवन

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "आपके क्षेत्र की सबसे प्रसिद्ध जगह कौन-सी है?"
- "लोग रास्ता बताते समय किस जगह का नाम लेते हैं?"

"पहचान स्थल हमें किसी जगह को पहचानने और ढूँढने में सहायता करते हैं। जब लोग रास्ता बताते हैं, तब वे अक्सर किसी पहचान स्थल का नाम लेते हैं।"

## चरण 4 – दिल्ली के प्रमुख स्मारक और स्थान (15 मिनट)

**दिल्ली के प्रमुख स्मारक:**लाल किला,इंडिया गेट,कुतुब मीनार,लोटस टेंपल,अक्षरधाम

**भाग 1 – लाल किला**

"लाल किला एक ऐतिहासिक किला है।

यह लाल पत्थरों से बना हुआ है।स्वतंत्रता दिवस पर भारत के प्रधानमंत्री यहाँ राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं।"

**भाग 2– इंडिया गेट**

"इंडिया गेट सैनिकों की याद में बनाया गया स्मारक है। यह दिल्ली के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में से एक है।"

**भाग 3 – कुतुब मीनार**

"कुतुब मीनार दिल्ली की प्रसिद्ध और बहुत ऊँची मीनार है।यह इतिहास और स्थापत्य कला के लिए प्रसिद्ध है।"

**भाग 4 – लोटस टेंपल**

"लोटस टेंपल कमल के फूल जैसा दिखाई देता है।यह अपनी सुंदर बनावट के लिए प्रसिद्ध है।"

**भाग 5 – अक्षरधाम**

"अक्षरधाम दिल्ली का प्रसिद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक स्थल है।यह अपनी सुंदर कला और भवन के लिए जाना जाता है।"

"ये सभी स्मारक दिल्ली की पहचान हैं।

देश और विदेश से लोग इन्हें देखने आते हैं।"

## चरण 5 – त्वरित गतिविधि (5 मिनट)

**"मेरी दिल्ली"**

**विद्यार्थी लिखें**

- दिल्ली की एक विशेष बात,एक प्रसिद्ध स्मारक का नाम।
- अपने क्षेत्र का एक पहचान स्थल

**मुख्य शब्द:** राजधानी,जनसंख्या,क्षेत्रफल,जिला,पहचान स्थल,स्मारक

# परिवहन और सुरक्षित यात्रा

## अधिगम उद्देश्य

कक्षा के अंत तक विद्यार्थी:

- परिवहन के विभिन्न साधनों की पहचान करते हैं।
- दिल्ली में उपयोग होने वाले प्रमुख परिवहन साधनों के बारे में बताते हैं।

अपने दैनिक यात्रा के अनुभवों को सामाजिक विज्ञान से जोड़ते हैं।

## चरण 1 — अनुभव से शुरुआत (5 मिनट)

**शिक्षक/ शिक्षिका के लिए निर्देश**

शिक्षक/ शिक्षिका विद्यार्थियों से उनके दैनिक अनुभवों के बारे में बातचीत करें।विद्यार्थियों को अपने अनुभव साझा करने का अवसर दें।यदि आवश्यक हो तो शिक्षक/ शिक्षिका पहले अपना उदाहरण दें।

**शिक्षक/ शिक्षिका कहें**

"विद्यार्थियों, आज सुबह आप विद्यालय कैसे आए?"

"एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने के साधनों को परिवहन कहते हैं।हम सभी प्रतिदिन किसी-न-किसी परिवहन के साधन का उपयोग करते हैं।"

## चरण 2 — परिवहन क्या है? (5 मिनट)

### परिवहन

लोगों और सामान को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाने का साधन

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "अगर परिवहन न हो तो क्या होगा?"
- "क्या हम आसानी से विद्यालय या अस्पताल जा पाएँगे?"

"परिवहन हमारे जीवन को आसान और तेज बनाता है।इसकी सहायता से लोग विद्यालय, अस्पताल, बाजार और कार्यालय तक पहुँचते हैं।"

## चरण 3 — परिवहन के प्रकार (10 मिनट)

**परिवहन के प्रकार:**सड़क परिवहन,रेल परिवहन,वायु परिवहन,जल परिवहन

**भाग 1 — सड़क परिवहन**

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण दें:**बस,कार,ऑटो रिक्शा,ई-रिक्शा,साइकिल

"सड़कों पर चलने वाले साधनों को सड़क परिवहन कहते हैं।दिल्ली में सड़क परिवहन सबसे अधिक उपयोग किया जाता है।"

**भाग 2 — रेल परिवहन**

**उदाहरण- रेल, मेट्रो**

"पटरी पर चलने वाले परिवहन के साधनों को रेल परिवहन कहते हैं ।मेट्रो दिल्ली का बहुत महत्वपूर्ण परिवहन का साधन है।"

"मेट्रो शहर के अंदर तेज यात्रा के लिए उपयोग होती है, जबकि ट्रेन लंबी दूरी की यात्रा के लिए उपयोग होती है।

**भाग 3 — वायु परिवहन**

यह लंबी दूरी तय करने का सबसे तेज साधन है।"

**भाग 4 — जल परिवहन**

"नदियों, समुद्र और बड़ी झीलों में नाव और जहाज द्वारा यात्रा को जल परिवहन कहते हैं।"

**जल परिवहन : नाव, जहाज**

**शिक्षक/ शिक्षिका दिल्ली से संबंध जोड़ें**

"दिल्ली में यमुना नदी है, लेकिन यह इतनी बड़ी और गहरी नहीं है कि उस पर बड़े जहाज चल सकें।दिल्ली समुद्र के पास भी नहीं है।

इसी कारण यहाँ जल परिवहन बहुत कम होता है।""हर शहर में परिवहन के साधन उसकी भौगोलिक स्थिति पर निर्भर करते हैं।"

## चरण 4 — दिल्ली में परिवहन के प्रमुख साधन (10 मिनट)

**दिल्ली के प्रमुख परिवहन के साधन**

**भाग 1 — दिल्ली मेट्रो**

**शिक्षक/ शिक्षिका समझाएँ**

"दिल्ली मेट्रो दिल्ली का सार्वजनिक परिवहन का प्रमुख साधन है।
प्रतिदिन लाखों लोग इसका उपयोग करते हैं।
मेट्रो यात्रा को तेज और सुविधाजनक बनाती है।"

**भाग 2 — दिल्ली के प्रमुख रेलवे स्टेशन**

- नई दिल्ली रेलवे स्टेशन,पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन,हजरत निजामुद्दीन रेलवे

"इन रेलवे स्टेशनों से लोग भारत के अलग-अलग राज्यों में यात्रा करते हैं।
यह स्टेशन दिल्ली को देश के अन्य भागों से जोड़ते हैं।"

**भाग 3 — दिल्ली का हवाई अड्डा**

- इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा

"यह दिल्ली का मुख्य हवाई अड्डा है।

यहाँ से लोग भारत और अन्य देशों की यात्रा करते हैं। इसी तरह हम अन्य राज्यों के हवाई अड्डों के नाम भी जान सकते है बिहार का मुख्य हवाई अड्डा " जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा" है, तेलंगाना का मुख्य हवाई अड्डा "राजीव गांधी" है महाराष्ट्र का मुख्य हवाई अड्डा "छत्रपति शिवाजी महाराज " है।

## चरण 5 — दिल्ली में ट्रैफिक की समस्या (5 मिनट)

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- “ट्रैफिक जाम क्यों होता है?”
- “सड़कों पर अधिक भीड़ होने से क्या कठिनाइयाँ होती हैं?”

“दिल्ली में जनसंख्या और वाहनों की संख्या बहुत अधिक है।
इसी कारण यहाँ ट्रैफिक की समस्या होती है।
ट्रैफिक जाम होने से लोगों का समय भी नष्ट होता है।”

**अधिगम उद्देश्य**

कक्षा के अंत तक विद्यार्थी:

- सड़क सुरक्षा के प्रमुख नियमों की पहचान करते है।

दैनिक जीवन की परिस्थितियों में सही सुरक्षा नियमों का उपयोग समझते हैं।

## चरण 1 — पुनरावृत्ति चर्चा (5 मिनट)

## चरण 2 — सुरक्षित यात्रा क्यों जरूरी है? (5 मिनट)

**शिक्षक/ शिक्षिका कहें**

“अगर हम यात्रा के समय नियमों का पालन न करें, तो दुर्घटना हो सकती है।सुरक्षा नियम हमें और दूसरों को सुरक्षित रखते हैं।”

“सड़क पार करते समय क्या ध्यान रखना चाहिए?”

- “बाइक पर हेलमेट क्यों जरूरी है?”
- “कार में सीट बेल्ट क्यों लगाई जाती है?”
- “चलती सड़क पर दौड़ना क्यों खतरनाक हो सकता है?

“सुरक्षा नियमों का पालन करने से दुर्घटनाओं का खतरा कम होता है। एक जिम्मेदार नागरिक हमेशा सुरक्षा नियमों का पालन करता है।”

## चरण 3 — सड़क सुरक्षा नियम (12 मिनट)

**सड़क सुरक्षा नियम**

ज़ेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करें,ट्रैफिक सिग्नल मानें,हेलमेट पहनें,सीट बेल्ट लगाएँ

**भाग 1 — ट्रैफिक सिग्नल**

🔴 लाल बत्ती — रुकें, 🟡 पीली बत्ती — तैयार रहें, 🟢 हरी बत्ती — चलें

“ट्रैफिक सिग्नल सड़क पर वाहनों और लोगों की आवाजाही को नियंत्रित करते हैं। इनका पालन करने से दुर्घटनाएँ कम होती हैं।”

**भाग 2 — मेट्रो सुरक्षा**

"मेट्रो स्टेशन पर पीली रेखा के पीछे खड़ा होना चाहिए। मेट्रो के दरवाजे खुलने के बाद पहले लोगों को बाहर निकलने देना चाहिए।"

- "क्या आपने मेट्रो स्टेशन पर घोषणाएँ सुनी हैं?"
- "एस्केलेटर पर कैसे खड़े होना चाहिए?"

"मेट्रो में धक्का-मुक्की नहीं करनी चाहिए।
सुरक्षा नियमों का पालन करने से यात्रा सुरक्षित रहती है।"

## चरण 4 — दिल्ली से जुड़ी वास्तविक स्थितियाँ (10 मिनट)

**परिस्थिति 1**

"विद्यालय की छुट्टी के समय सड़क पर बहुत ट्रैफिक होता है।"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "ऐसे समय क्या - क्या सावधानी रखनी चाहिए?"
- सड़क पर दौड़ना क्यों सुरक्षित नहीं है?"

"भीड़ और ट्रैफिक के समय अधिक सावधानी रखनी चाहिए।सड़क हमेशा देखकर पार करनी चाहिए।"

**परिस्थिति 2**

"एक बच्चा चलते-चलते मोबाइल देख रहा था और सड़क पार करने लगा।"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "इसमें क्या खतरा है?"
- "उसे क्या करना चाहिए?"

"सड़क पार करते समय पूरा ध्यान सड़क पर होना चाहिए। मोबाइल देखने से दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है।"

**परिस्थिति 3**

"मेट्रो के दरवाजे बंद हो रहे थे, लेकिन कुछ लोग जल्दी अंदर जाने की कोशिश कर रहे थे।"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "क्या यह सुरक्षित है?"
- "हमें क्या करना चाहिए?"

"जल्दीबाज़ी करना खतरनाक हो सकता है।
हमें धैर्य और सुरक्षा दोनों का ध्यान रखना चाहिए।"

## चरण 5 — गतिविधि: सुरक्षा पोस्टर (5 मिनट)

**"सुरक्षित यात्रा"**

"अपने पोस्टर में चित्र और छोटे संदेश बनाइए ताकि लोग सुरक्षा नियमों को आसानी से समझ सकें।"

## चरण 6 — समापन (3 मिनट)

**मुख्य शब्द:** परिवहन, सड़क सुरक्षा, मेट्रो, रेलवे स्टेशन, हवाई जहाज, जल परिवहन।

# दिवस-9

# सार्वजनिक सेवाएं

**अधिगम उद्देश्य**

कक्षा के अंत तक विद्यार्थी:

- सार्वजनिक सुविधाओं का अर्थ समझते हैं।
- दिल्ली में उपलब्ध प्रमुख सार्वजनिक सुविधाओं की पहचान करते हैं।
- विभिन्न संस्थाओं और संगठनों के बारे में बताते हैं जो ये सेवाएँ उपलब्ध करवाते हैं।

## चरण 1 — अनुभव से शुरुआत (5 मिनट)

**शिक्षक/ शिक्षिका कहें**

"विद्यार्थियों, सुबह उठने से लेकर विद्यालय आने तक आप कौन-कौन सी सुविधाओं का उपयोग करते हैं?" ऐसी सुविधाएँ जिनका उपयोग बहुत सारे लोग करते हैं।वे आवश्यक सेवाएं जो सरकार द्वारा आम जनता के जीवन स्तर को सुधारने, सामाजिक कल्याण सुनिश्चित करने और सभी को समान अवसर प्रदान करने के लिए उपलब्ध कराई जाती हैं उन्हें सार्वजनिक सुविधाएँ कहते हैं।ये सुविधाएँ लोगों के दैनिक जीवन को आसान बनाती हैं।"

## चरण 2 — सार्वजनिक सुविधा क्या है? (5 मिनट)

ऐसी सुविधाएँ जो लोगों की जरूरतों को पूरा करती हैं जो हमारे दैनिक जीवन को आसान बनाता है

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

"अगर अस्पताल न हों तो क्या समस्या होगी?"

- "अगर विद्यालय न हों तो विद्यार्थियों को क्या कठिनाई होगी?"

"सार्वजनिक सुविधाएँ लोगों का जीवन सुरक्षित और सुविधाजनक बनाती हैं। इन सुविधाओं के बिना दैनिक जीवन कठिन हो जाएगा।

## चरण 3 — दिल्ली में सार्वजनिक सुविधाएँ और संस्थाएँ (15 मिनट)

| सार्वजनिक सुविधाएँ | संस्था |
|---|---|
| पानी | दिल्ली जल बोर्ड |
| बिजली | बीएसईएस / टाटा पावर |
| मेट्रो | डीएमआरसी |
| बस | डीटीसी |
| स्वच्छता | MCD / NDMC |
| अस्पताल | सरकारी अस्पताल |

**भाग 1 — पानी**

"दिल्ली में घरों तक पानी पहुँचाने का काम दिल्ली जल बोर्ड करता है।

**भाग 2 — बिजली**

- बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड
- टाटा पावर दिल्ली वितरण लिमिटेड

"दिल्ली के अलग-अलग क्षेत्रों में अलग संस्थाएँ बिजली उपलब्ध करवाती हैं।

**भाग 3 — मेट्रो और बस**

"DMRC दिल्ली में मेट्रो सेवा चलाती है ।
DTC दिल्ली में बस सेवा उपलब्ध करवाती है।

**भाग 4 — अस्पताल**

"सरकारी अस्पताल लोगों को स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करवाते हैं।

## चरण 4 — दिल्ली के स्थानीय निकाय (10 मिनट)

"दिल्ली बहुत बड़ा शहर है।
इसलिए अलग-अलग क्षेत्रों की देखभाल अलग संस्थाएँ करती हैं।"

**MCD-**

"MCD का पूरा नाम Municipal Corporation of Delhi है।
यह दिल्ली के अधिकतर क्षेत्रों में सफाई, कूड़ा उठाने, सड़कों और पार्कों की देखभाल और प्राथमिक विद्यालयों के संचालन का काम करती है।"

**अधिगम उद्देश्य-**

कक्षा के अंत तक विद्यार्थी:

- अपने क्षेत्र की प्रमुख सार्वजनिक सुविधाओं की पहचान करते हैं।
- अपने आसपास उपलब्ध सेवाओं और संस्थाओं के बारे में बताते हैं

## चरण 1 — पुनरावृत्ति चर्चा (5 मिनट)

## चरण 2 — हमारा क्षेत्र (10 मिनट)

**मेरे क्षेत्र की सुविधाएँ :**पार्क,सड़क,पानी

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- आपके घर के पास कौन सा अस्पताल है?
- "क्या आपके क्षेत्र में कहीं MCD या NDMC लिखा दिखाई देता है?"

**शिक्षक/ शिक्षिका समझाए**

"हर क्षेत्र की अपनी सुविधाएँ और समस्याएँ होती हैं। कुछ क्षेत्रों में मेट्रो स्टेशन पास होते हैं, जबकि कुछ क्षेत्रों में लोग बसों का अधिक उपयोग करते हैं।"

## चरण 3 — स्थानीय क्षेत्र खोज गतिविधि (10 मिनट)

**"मेरे क्षेत्र की सार्वजनिक सुविधाएँ" सभी शिक्षार्थी अपने घर के आस-पास मिलने वाली सार्वजनिक सुविधाए लिखकर लाए**

**विद्यार्थी अपनी कॉपी में लिखें-**

1. मेरे क्षेत्र का नाम, मेरे क्षेत्र का पार्क
2. सफाई की सुविधा कौन उपलब्ध करवाता है

**शिक्षक/ शिक्षिका चर्चा करें**

"अलग-अलग क्षेत्रों में सुविधाएँ अलग हो सकती हैं।

## चरण 4 — समस्या और समाधान (10 मिनट)

**परिस्थिति-1**

"एक पार्क में लोग कूड़ा फेंक रहे थे।"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "इससे क्या समस्या होगी?"
- "क्या हमें सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फैलाना चाहिए?"

**परिस्थिति-2**

"किसी क्षेत्र में सड़क टूट गई है।"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "लोगों को क्या कठिनाई होगी?"
- "वाहनों पर क्या असर पड़ेगा?"

**परिस्थिति 3**

"एक बच्चा नल खुला छोड़कर चला गया।"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "इससे क्या नुकसान होगा?"
- "पानी बचाना क्यों जरूरी है?"

## चरण 5 (5 minutes) समापन

"अलग-अलग संस्थाएँ अलग-अलग क्षेत्रों और सुविधाओं की देखभाल करती हैं।
ये सभी संस्थाएँ मिलकर दिल्ली को व्यवस्थित और साफ रखने का काम करती हैं।"

**मुख्य शब्द:** सार्वजनिक सुविधा, नगर निगम, MCD, NDMC, डीएमआरसी, डीटीसी

# दिल्ली की संस्कृति - विविधता में एकता

**अधिगम उद्देश्य**

कक्षा के अंत तक विद्यार्थी:

- संस्कृति का सरल अर्थ समझते हैं।
- दिल्ली को बहुसांस्कृतिक समाज के रूप में पहचानते हैं।
- “विविधता में एकता” की अवधारणा समझते हैं।

## चरण 1 — अनुभव से शुरुआत (5 मिनट)

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- “आपके घर में कौन-सी भाषा बोली जाती है?”
- “क्या सभी परिवार एक जैसे त्यौहार मनाते हैं?

## चरण 2 — संस्कृति क्या है? (5 मिनट)

### संस्कृति

लोगों के रहने, खाने, बोलने और त्यौहार मनाने का तरीका

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण दें - भाषा, भोजन, कपड़े, त्यौहार, संगीत, नृत्य आदि ।**

“हर समाज और परिवार की अपनी संस्कृति होती है।संस्कृति हमें एक-दूसरे से जोड़ती है।”

## चरण 3 — दिल्ली एक बहुसांस्कृतिक समाज (12 मिनट)

**शिक्षक/ शिक्षिका कहें-**

“दिल्ली भारत की राजधानी है। यहाँ अलग-अलग राज्यों और संस्कृतियों के लोग रहते हैं।”

**दिल्ली की विविधता:** अलग भाषाएँ,अलग भोजन,अलग त्यौहार,अलग पहनावा।

**शिक्षक/ शिक्षिका समझाएँ**

“दिल्ली में लोग हरियाणा, पंजाब, बिहार, उत्तर प्रदेश, बंगाल, दक्षिण भारत और भारत के कई अन्य भागों से आकर रहते हैं। इसी कारण यहाँ हमें अलग-अलग संस्कृतियाँ देखने को मिलती हैं।”

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण दें**

**भाषाएँ _ हिंदी, पंजाबी, उर्दू अंग्रेजी आदि।**

**भोजन _ छोले भटूरे, पराठे, इडली, मोमोज़ आदि।**

**पहनावा _ सलवार - कमीज, साड़ी, कुर्ता, जींस और टी शर्ट आदि ।**

## चरण 4 — विविधता में एकता (10 मिनट)

**विविधता में एकता : अलग होने के बाद भी साथ रहना**

“लोगों की भाषा, भोजन, कपड़े और त्यौहार अलग हो सकते हैं,लेकिन सभी मिलकर एक समाज बनाते हैं।इसे ही ‘विविधता में एकता’ कहते हैं।”

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "क्या अलग धर्म और भाषा के लोग दोस्त हो सकते हैं?"
- " हम दूसरों की संस्कृति का सम्मान कैसे कर सकते हैं?"

**शिक्षक/ शिक्षिका वास्तविक जीवन से संबंध जोड़ें**

"हमारे विद्यालय में भी अलग-अलग परिवारों और संस्कृतियों के बच्चे पढ़ते हैं। फिर भी हम सब मिलकर पढ़ते हैं, खेलते हैं और एक-दूसरे का सम्मान करते हैं।"

**शिक्षक/ शिक्षिका समझाएँ**

"एक अच्छा समाज वही होता है जहाँ सभी लोग एक-दूसरे की संस्कृति और परंपराओं का सम्मान करें।"

## चरण 5 — समापन (8 मिनट)

"दिल्ली हमें सिखाती है कि अलग-अलग लोग मिलकर भी एक समाज बना सकते हैं।
हमारी विविधता ही हमारी ताकत है।"

## चरण 1 — पुनरावृत्ति चर्चा (5 मिनट)

## चरण 2 — दिल्ली के त्यौहार (10 मिनट)

**दिल्ली के प्रमुख त्यौहार - दिवाली, ईद, गुरुपर्व, क्रिसमस, होली आदि ।**

**शिक्षक/ शिक्षिका समझाएँ**

"दिल्ली में अलग-अलग धर्मों और समुदायों के लोग रहते हैं। इसी कारण यहाँ कई त्यौहार मिलकर मनाए जाते हैं।त्यौहार लोगों को एक-दूसरे के करीब लाते हैं।"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "आप कौन-सा त्यौहार मनाते हैं?"
- "क्या आपने अपने मित्र के त्यौहारों में भाग लिया है?"
- "त्यौहार लोगों को कैसे जोड़ते हैं?"

**शिक्षक/ शिक्षिका/ शिक्षिका वास्तविक जीवन से संबंध जोड़ें**

"दिल्ली में त्यौहारों के समय बाजार, सड़कें और घर सजाए जाते हैं। लोग एक-दूसरे को शुभकामनाएँ देते हैं और खुशियाँ बाँटते हैं।"

## चरण 3 — दिल्ली का भोजन और दैनिक जीवन (10 मिनट)

**दिल्ली का भोजन:** छोले- भटूरे,पराठे, चाट।

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "आपको कौन-सा भोजन पसंद है?"
- आपके घर और आपके मित्रों के घर के भोजन में क्या भिन्नता है?"

"दिल्ली में अलग-अलग राज्यों के लोग रहते हैं।
इसी कारण यहाँ कई प्रकार का भोजन देखने और खाने को मिलता है।दिल्ली का भोजन उसकी सांस्कृतिक विविधता को दर्शाता है।"

## चरण 4 — भाषा, पहनावा और जीवन शैली (8 मिनट)

**दिल्ली की सांस्कृतिक विविधता**

- भाषाएँ,पहनावा,रहन-सहन

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "क्या सभी लोग एक जैसी भाषा बोलते हैं? और एक जैसे कपड़े पहनते हैं?

अलग - अलग संस्कृतियों के लोगो के एक साथ रहने से क्या लाभ होगा ?

"दिल्ली में लोग अलग-अलग जीवन शैली और परंपराओं के साथ रहते हैं।फिर भी सभी लोग मिल-जुलकर रहते हैं और एक-दूसरे का सम्मान करते हैं।"

## चरण 5 — गतिविधि: "मेरी संस्कृति, हमारा समाज" (5 मिनट)

**विद्यार्थी अपनी कॉपी में लिखें**

- घर में बोली जाने वाली भाषा,पसंदीदा भोजन,एक त्यौहार का नाम,एक ऐसी बात जो उन्हें दूसरे लोगों की संस्कृति में अच्छी लगती है।

"जब हम दूसरों की संस्कृति का सम्मान करते हैं, तब समाज में प्रेम और एकता बढ़ती है।"

**मुख्य शब्द** संस्कृति,विविधता,एकता,बहुसांस्कृतिक समाज

**दिवस-11**

# पर्यावरण और आपदा प्रबंधन

**अधिगम उद्देश्य**

कक्षा के अंत तक विद्यार्थी:

- पर्यावरण का सरल अर्थ समझते हैं।
- दिल्ली की प्रमुख पर्यावरणीय समस्याओं की पहचान करते हैं।
- प्रदूषण के कारणों और उसके प्रभावों को दैनिक जीवन से जोड़ते हैं।

## चरण 1 — अनुभव से शुरुआत (5 मिनट)

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

"क्या आपने सड़क पर धुआँ देखा है?"

"क्या आपने कहीं कूड़े के ढेर देखे हैं?"

**शिक्षक/ शिक्षिका समझाएँ**

"हमारे आसपास की हवा, पानी, पेड़-पौधे, जानवर, सड़कें और लोग मिलकर पर्यावरण बनाते हैं।"

## चरण 2 — पर्यावरण क्या है? (5 मिनट)

हमारे आसपास की सभी प्राकृतिक और मानव निर्मित वस्तुओं से मिलकर पर्यावरण बनता है

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण दें**

***प्राकृतिक चीजें :*** हवा,पानी,पेड़,जानवर

***मानव निर्मित चीजें :*** सड़क भवन,वाहन,पुल

"स्वच्छ पर्यावरण अच्छे स्वास्थ्य और सुरक्षित जीवन के लिए बहुत जरूरी है। अगर हमारा वातावरण गंदा होगा, तो लोगों का स्वास्थ्य भी प्रभावित होगा।"

## चरण 3 — दिल्ली की पर्यावरणीय समस्याएँ (20 मिनट)

**भाग 1— वायु प्रदूषण (मुख्य भाग)**

***वायु प्रदूषण***

"दिल्ली में वायु प्रदूषण बहुत बड़ी समस्या है, खासकर सर्दियों के समय। जब हवा में धुआँ और धूल बहुत अधिक मिल जाते हैं, तब हवा गंदी हो जाती है।"

***दिल्ली में वायु प्रदूषण के कारण***

वाहनों का धुआँ,फैक्ट्रियों का धुआँ,निर्माण कार्य की धूल,पराली जलाना,पटाखे

**शिक्षक/ शिक्षिका विद्यार्थियों से संबंध जोड़ें**

"कई बार प्रदूषण इतना बढ़ जाता है कि:

आँखों में जलन होती है,खाँसी होती है,सांस लेने में कठिनाई होती है"

“जब प्रदूषण बहुत बढ़ जाता है: विद्यार्थियों को बाहर कम जाने की सलाह दी जाती है। कभी-कभी ऑनलाइन कक्षाएँ भी चलती हैं।”

**भाग 2— जल प्रदूषण और यमुना नदी**

“यमुना नदी दिल्ली की महत्वपूर्ण नदी है, लेकिन कई स्थानों पर इसका पानी प्रदूषित हो गया है।” भारत की अन्य प्रमुख नदियां - गंगा नदी, ब्रह्मपुत्र नदी,

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछे**

- “क्या गंदा पानी स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचा सकता है?”
- “क्या हमें नदियों में कूड़ा फेंकना चाहिए?”

**भाग 3— कूड़ा और गंदगी**

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- “अगर सड़क पर कूड़ा पड़ा रहे तो क्या होगा?”
- “क्या बीमारी फैल सकती है?”

“कूड़ा सही जगह फेंकना बहुत जरूरी है। हमें हमेशा डस्टबिन का उपयोग करना चाहिए।”

**भाग 4— ध्वनि प्रदूषण**

बहुत तेज आवाज या शोर को ध्वनि प्रदूषण कहते हैं।”

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- “तेज हॉर्न से क्या परेशानी होती है?”
- “क्या तेज आवाज से सिरदर्द हो सकता है?”

“बहुत अधिक शोर हमारे स्वास्थ्य और पढ़ाई दोनों को प्रभावित करता है।”

## चरण 4 — पर्यावरण की सुरक्षा (5 मिनट)

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- “क्या पेड़ हवा को साफ करते हैं?”
- “क्या पानी बचाना जरूरी है?”

“अगर हम सभी छोटी-छोटी सावधानियाँ रखें, तो पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है।”

## चरण 5 — समापन (5 मिनट)

“आज हमने सीखा कि दिल्ली में कई प्रकार के प्रदूषण पाए जाते हैं। वायु प्रदूषण सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। यमुना नदी को स्वच्छ रखना जरूरी है। हमें पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए।”

**मुख्य शब्द :**पर्यावरण,वायु प्रदूषण,जल प्रदूषण,यमुना नदी,कचरा प्रबंधन,पर्यावरण संरक्षण

**अधिगम उद्देश्य**

कक्षा के अंत तक विद्यार्थी:

- आपदा का सरल अर्थ समझते हैं।

- दिल्ली में होने वाली सामान्य आपदाओं और समस्याओं की पहचान करते हैं।
- भूकंप, आग, जलभराव और अत्यधिक गर्मी से बचाव के उपाय बताते हैं।

## चरण 1 — पुनरावृत्ति चर्चा (5 मिनट)

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "वायु प्रदूषण क्या है?"
- "यमुना नदी क्यों महत्वपूर्ण है?"
- "पर्यावरण बचाने के लिए हम क्या कर सकते हैं?"

"बहुत अच्छा विद्यार्थियों। आज हम आपदा प्रबंधन, सुरक्षा और आपातकालीन सेवाओं के बारे में जानेंगे।"

## चरण 2 — आपदा क्या है? (5 मिनट)

***आपदा***

ऐसी घटना जिससे लोगों और संपत्ति को नुकसान पहुँचता है

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण दें :**भूकंप,आग,बाढ़,अत्यधिक गर्मी

"आपदा ऐसी स्थिति होती है जिससे लोगों को नुकसान पहुँच सकता है। इसलिए हमें सुरक्षा के नियमों की जानकारी होना बहुत जरूरी है।"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "क्या आपने कभी तेज बारिश या आग लगने की घटना देखी है?"
- "आपदा के समय घबराना चाहिए या शांत रहना चाहिए?"

## चरण 3 — दिल्ली में सामान्य आपदाएँ और समस्याएँ (12 मिनट)

**भाग 1 — भूकंप**

"दिल्ली भूकंप संभावित क्षेत्र में आती है। इसलिए हमें भूकंप के समय सावधानी बरतनी चाहिए।"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "भूकंप के समय हमें दौड़ना चाहिए या शांत रहना चाहिए?"
- "लिफ्ट का उपयोग क्यों नहीं करना चाहिए?"

"भूकंप के समय घबराने के बजाय सावधानी रखना सबसे जरूरी होता है।"

**भाग 2 — जलभराव**

"भारी बारिश के समय दिल्ली के कुछ क्षेत्रों में पानी भर जाता है। इसे जलभराव कहते हैं।"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछे**

- "जलभराव से क्या समस्या होती है?"
- "लोगों को यात्रा में क्या कठिनाई होती होगी?"

"जलभराव के समय हमें सावधानी से यात्रा करनी चाहिए।"

**भाग 3— अत्यधिक गर्मी**

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "गर्मियों में हमें क्या सावधानी रखनी चाहिए?"
- "धूप में ज्यादा देर रहने से क्या समस्या हो सकती है?"

"दिल्ली में गर्मियों के समय तापमान बहुत अधिक हो सकता है। इसलिए शरीर को सुरक्षित रखना जरूरी है।"

## चरण 4 — आपातकालीन सेवाएँ और हेल्पलाइन नंबर (10 मिनट)

**महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर**

| सेवा | नंबर |
|---|---|
| आपातकालीन सहायता | 112 |
| पुलिस | 100 |
| फायर ब्रिगेड | 101 |
| एम्बुलेंस | 102 / 108 |

"आपदा या दुर्घटना के समय ये सेवाएँ लोगों की मदद करती हैं। जरूरत पड़ने पर हम इन नंबरों पर सहायता के लिए संपर्क कर सकते हैं।"

## चरण 5 — गतिविधि: सुरक्षा और पर्यावरण चार्ट (5 मिनट)

**विद्यार्थी अपनी कॉपी में लिखें**
**पर्यावरण और सुरक्षा**

- प्रदूषण कम करने के उपाय
- पानी बचाओ
- भूकंप के समय सावधानी
- महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

## चरण 6 — समापन (3 मिनट)

**मुख्य शब्द :**पर्यावरण,प्रदूषण,स्मॉग,आपदा,हेल्पलाइन

**दिवस-12**

# साप्ताहिक पुनरावृत्ति

1. अपने क्षेत्र  की दो विशेषताएँ लिखिए।
2. सुरक्षित यात्रा के लिए किन नियमों का पालन करना चाहिए?
3. किसी एक सार्वजनिक सेवा का महत्व लिखिए।
4. प्रदूषण से होने वाली दो हानियाँ लिखिए।

**रचनात्मक कार्य**

'स्वच्छ और सुरक्षित शहर' विषय पर पोस्टर बनाइए।

# विषय हमारा भारत - अनेकता में एकता

## भारत का परिचय

**अधिगम उद्देश्य**

कक्षा के अंत तक विद्यार्थी:

- भारत के स्थान, क्षेत्रफल और जनसंख्या के बारे में प्रारम्भिक समझ विकसित करते हैं।
- भारत के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हैं।

भारत की भौगोलिक विविधता को समझते हैं।

## चरण 1 — अनुभव से शुरुआत (5 मिनट)

"विद्यार्थियों, हम किस देश में रहते हैं?" हमारे देश का क्या नाम है?

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "भारत की राजधानी का नाम क्या है?

भारत के सभी स्थानों का मौसम क्या एक जैसा होता है?"

"भारत एक बहुत बड़ा और विविधता वाला देश है। यहाँ अलग-अलग प्रकार के मौसम, भाषाएँ, भोजन और संस्कृतियाँ देखने को मिलती हैं।"

## चरण 2 — भारत के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी (10 मिनट)

**भारत के बारे में महत्वपूर्ण तथ्य**

- देश का नाम — भारत
- राजधानी — नई दिल्ली
- महाद्वीप — एशिया
- क्षेत्रफल — लगभग 32 लाख वर्ग किलोमीटर

**शिक्षक/ शिक्षिका समझाएँ**

"भारत क्षेत्रफल की दृष्टि से दुनिया का सातवाँ सबसे बड़ा देश है।भारत में बहुत बड़ी जनसंख्या रहती है।""भारत में अलग-अलग भाषाएँ, भोजन और संस्कृतियाँ पाई जाती हैं।

यही भारत की विशेषता है।" भारत विविधताओ से भरा हुआ देश है।

## चरण 3 — भारत के राज्य और केंद्र शासित प्रदेश (10 मिनट)

**भारत**

- 28 राज्य
- 8 केंद्र शासित प्रदेश
- शिक्षक/शिक्षिका राज्य और राजधानी लिखवाएँ।

"भारत को अलग-अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में बाँटा गया है। राज्यों की अपनी सरकार होती है, जबकि केंद्र शासित प्रदेशों का प्रशासन केंद्र सरकार द्वारा चलाया जाता है।"

## चरण 4 — भारत की स्थिति और पड़ोसी देश (10 मिनट)

"भारत एशिया महाद्वीप के दक्षिणी भाग में स्थित है।भारत के चारों ओर कई देश स्थित हैं, जिन्हें पड़ोसी देश कहा जाता है।"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

भारत के दक्षिण में कौन-सा महासागर है?
ऐसे राज्य का नाम बताइए जो समुद्र के पास है?
"भारत के दक्षिण में हिन्द महासागर है। पूर्व में बंगाल की खाड़ी और पश्चिम में अरब सागर स्थित है ।इसी कारण भारत का समुद्री महत्व भी बहुत अधिक है।"शिक्षक/शिक्षिका आगे समझते हुए कहते हैं भारत के उत्तर में विशाल हिमालय पर्वत स्थित है जो भारत की गरिमा को बढ़ाता है ।

## चरण 5 — समापन (5 मिनट)

**अधिगम उद्देश्य**

कक्षा के अंत तक विद्यार्थी:

- स्थलाकृतियों का सरल अर्थ समझते हैं।
- भारत की प्रमुख भौतिक विशेषताओं की पहचान करते हैं।

भारत की भौगोलिक विविधता को समझते हैं।

## चरण 1 — पुनरावृत्ति चर्चा (5 मिनट)

## चरण 2 — स्थलाकृतियाँ क्या होती हैं? (5 मिनट)

**स्थलाकृतियाँ**

स्थलाकृति किसी क्षेत्र की पृथ्वी की सतह के भौतिक स्वरूप, आकार और ऊंचाई के व्यापक अध्ययन या विवरण को कहते है ।

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण दें: पर्वत, पठार, मैदान, मरुस्थल**

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- पर्वतों का आकार कैसा होता हैं?

भूमि में विविधता किस प्रकार देखने को मिलती हैं?
"पृथ्वी की सतह हर जगह एक जैसी नहीं होती। कहीं ऊँचे पहाड़ होते हैं, कहीं समतल मैदान और कहीं रेतीले मरुस्थल।"

## चरण 3 — भारत की प्रमुख भौतिक विशेषताएँ (20 मिनट)

**भाग 1 — हिमालय पर्वत**
"हिमालय भारत के उत्तर में स्थित है।
यह विश्व की सबसे ऊँची पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है।" हिमालय भारत को ठंडी हवाओं से भी बचाने में मदद करता है।"हिमालय से निकलने वाली प्रमुख नदियाँ - सिंधु,गंगा , ब्रह्मपुत्र, यमुना, सतलुज आदि

**भाग 2— उत्तरी मैदान**
"उत्तरी मैदान समतल और उपजाऊ क्षेत्र है।
यहाँ खेती अधिक होती है।मैदानों में मिट्टी उपजाऊ होने के कारण गेहूँ, चावल और अन्य फसलें उगाई जाती हैं।"

**भाग 3 — पठारी क्षेत्र**
"पठार ऊँचे और समतल क्षेत्र होते हैं।
ये मैदानों से ऊँचे होते हैं।" "पठार समतल होते हैं, लेकिन उनकी ऊँचाई मैदानों से अधिक होती है।"प्रमुख पठार - दक्कन पठार, छोटा नागपुर पठार, मालवा पठार ।

**भाग 4 — मरुस्थल**
"भारत का थार मरुस्थल राजस्थान में स्थित है।
यहाँ बहुत कम वर्षा होती है। मरुस्थल में दिन के समय बहुत गर्मी होती है।" कंटीली वनस्पति पाई जाती है। वर्षा बहुत कम होती है।

**भाग 5— तटीय क्षेत्र**
"जहाँ भूमि समुद्र से मिलती है, उसे तटीय क्षेत्र कहते हैं।" भारत में दो प्रकार के तटीय मैदान हैं
पश्चिमी तटीय मैदान - कोंकड़, कन्नड़,मालाबार  पूर्वी तटीय मैदान - उत्तरी सरकार, कोरोमंडल
"तटीय क्षेत्रों में समुद्र का प्रभाव मौसम और लोगों के जीवन पर पड़ता है।"

**भाग 6 — द्वीप**
"चारों ओर पानी से घिरे भूभाग को द्वीप कहते हैं।"
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह– कुल द्वीप 576,लक्षद्वीप– कुल द्वीप 43

## चरण 4 — भारत की विविधता और जलवायु (3 मिनट)

"भारत के अलग-अलग भागों में अलग मौसम, भोजन और जीवन शैली देखने को मिलती है।
कहीं बहुत ठंड होती है, कहीं बहुत गर्मी और कहीं अधिक वर्षा होती है।"

**शिक्षक/ शिक्षिका  प्रश्न पूछें**

- कश्मीर और राजस्थान का मौसम किस प्रकार अलग है?"
- समुद्र के पास और पहाड़ों में जीवन किस प्रकार अलग होता है?"

## चरण 5 — समापन (7 मिनट)

**मुख्य शब्द :**स्थलाकृति,पर्वत,मैदान,पठार,मरुस्थल,तटीय क्षेत्र,द्वीप,केंद्र शासित प्रदेश।

**दिवस-14**

# स्वतंत्रता संग्राम और भारत में विविधता

**अधिगम उद्देश्य**

कक्षा के अंत तक विद्यार्थी:

- स्वतंत्रता संग्राम की प्रमुख घटनाओं और आंदोलनों के बारे में जानते हैं।
- समझते हैं कि अंग्रेज़ भारत में कैसे आए और उनका शासन कैसे बढ़ा।
- 1857 के विद्रोह और प्रमुख आंदोलनों की प्रारम्भिक जानकारी प्राप्त करते हैं।

## चरण 1 — भूमिका (5 मिनट)

"कल्पना कीजिए कि कोई व्यक्ति आपके घर में मेहमान बनकर आए और धीरे-धीरे घर के सभी निर्णय लेने लगे।आपको कैसा लगेगा?"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "क्या मेहमान को घर के नियम बनाने चाहिए?"
- "अगर कोई हमारी बात न सुने तो कैसा लगेगा?"

"कुछ ऐसा ही भारत में अंग्रेज़ों ने किया ।

वे पहले व्यापार करने आए, लेकिन बाद में भारत पर शासन करने लगे।"

## चरण 2 — अंग्रेज़ भारत में कैसे आए? (5 मिनट)

अंग्रेज़ भारत में व्यापार करने आए थे।

वे भारत से मसाले, कपड़े और अन्य वस्तुएँ खरीदते थे।धीरे-धीरे उन्होंने भारत के कई भागों पर नियंत्रण करना शुरू कर दिया।"

"जब किसी देश पर दूसरे लोग शासन करते हैं, तो लोगों की स्वतंत्रता प्रभावित होती है।" कोई शक्तिशाली देश किसी कमजोर देश पर सामाजिक,आर्थिक और राजनीतिक रूप से नियंत्रित करता है उपनिवेशवाद कहलाता है । वह गुलाम देश उस देश का उपनिवेश कहलाता है और उस शक्तिशाली देश की नीति उपनिवेशवाद कहलाती हैं।

## चरण 3 — लोगों की कठिनाइयाँ (5 मिनट)

अंग्रेजी शासन के समय किसानों, मजदूरों और कारीगरों को कठिनाइयाँ होने लगीं।" किसानों पर अधिक कर लगाया जाने लगा, सैनिकों को सेवा में ऊंचे पद नहीं दिए और वेतन भी कम दिया जाता था, अंग्रेजों ने भारतीयों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करना शुरू कर दिया जिससे भारतीयों में विरोध की भावना बढ़ने लगी । भारतीय उद्योग धंधे भी बंद होने लगे जिससे बहुत सारे भारतीय उद्योग धंधे बंद हो गए और भारतीय कारीगर बेरोजगार हो गए।

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण दें**

- किसानों पर अधिक कर लगाया गया
- भारतीय वस्तुओं का व्यापार प्रभावित हुआ ।
- लोगों की स्वतंत्रता कम होने लगी ।

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "अगर लोगों पर बहुत अधिक कर लगाया जाए तो क्या कठिनाई होगी?"

## चरण 4 — 1857 का विद्रोह (5 मिनट)

"1857 में सैनिकों और सभी भारतीयों ने अंग्रेज़ों के खिलाफ विद्रोह किया।यह अंग्रेज़ शासन के खिलाफ एक बड़ा विद्रोह था।"जिसमें विद्यार्थियों, महिलाओं किसानों,सैनिकों सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "लोग अंग्रेज़ों के खिलाफ क्यों खड़े हुए होंगे?"
- "क्या केवल सैनिक ही इसमें शामिल थे?"

## चरण 5 — स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख चरण (10 मिनट)

**स्वदेशी आंदोलन**

"स्वदेशी आंदोलन में लोगों ने विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार किया और भारतीय वस्तुओं का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करना शुरू किया।" यह आंदोलन बंगाल विभाजन के विरोध में 1905 में शुरू किया गया था ।

**असहयोग आंदोलन**

"इस आंदोलन में लोगों ने अंग्रेजी शासन के साथ सहयोग न करने का निर्णय लिया।" जिसे असहयोग आंदोलन कहते हैं यह आंदोलन गांधी जी द्वारा 1920 में शुरू किया गया था ।

**दांडी मार्च**

"दांडी मार्च नमक कर के विरोध में किया गया आंदोलन था।" दांडी मार्च गांधी जी ने 1930 में शुरू किया था इसमें गांधी जी ने दांडी नामक स्थान पर जाकर नमक कर का विरोध किया था । अंग्रेजों द्वारा नमक पर भी कर लगा दिया गया था जिसके विरोध में गांधी जी ने यह यात्रा की।

**भारत छोड़ो आंदोलन**

"भारत छोड़ो आंदोलन में अंग्रेज़ों से भारत छोड़ने की मांग की गई।" भारत छोड़ो आंदोलन 1942 में महात्मा गांधी द्वारा शुरू किया गया था जिसमें गांधी जी ने करो या मरो का नारा दिया था । इस आंदोलन में सभी धर्म भाषा ,समुदाय, और क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था । यह भारत की एकता को दर्शाता है।

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "क्या इन आंदोलनों में केवल एक क्षेत्र के लोग शामिल थे?"
- भारत छोड़ो आंदोलन कब शुरू किया गया था?

## चरण 6 — स्वतंत्रता (3 मिनट)

"लंबे संघर्ष और अनेक बलिदानों के बाद भारत 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र हुआ।" तब से हम हर साल 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मानते है।

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "हम हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस कब मनाते हैं?"
- "विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस कैसे मनाया जाता है?"

## चरण 7 — समापन (7 मिनट)

**मुख्य शब्द :**स्वतंत्रता,आंदोलन,विद्रोह,स्वदेशी

## चरण 1 — भूमिका (5 मिनट)

"क्या भारत के सभी लोग एक जैसी भाषा बोलते हैं, एक जैसा भोजन खाते हैं और एक जैसे त्यौहार मनाते हैं?"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "क्या आपके सभी मित्र घर में एक जैसी भाषा बोलते हैं?"
- "क्या सभी लोग एक जैसा भोजन खाते हैं?"

"भारत में अनेक प्रकार की विविधता देखने को मिलती है।यही विविधता भारत को विशेष बनाती है।"

## चरण 2 — भारत की विविधता के रूप (10 मिनट)

**भाग 1—भाषा**

"भारत में अनेक प्रकार की भाषाएँ बोली जाती हैं। अलग-अलग राज्यों में लोगों की भाषाएँ अलग हो सकती हैं।"

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण दे: तेलुगू, हिंदी, तमिल, उर्दू, मलयालम, कन्नड़ आदि**

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

"सभी लोग कौन सी भाषा बोलते हैं?"
"अलग भाषाएँ बोलने वाले लोग क्या मित्र हो सकते हैं?"
"भाषाएँ अलग होने के बाद भी लोग मिलकर रहते और काम करते हैं।"

**भाग 2 — धर्म और त्यौहार**

"भारत में अलग-अलग धर्मों के लोग रहते हैं।
इसलिए यहाँ अनेक प्रकार के त्यौहार मनाए जाते हैं।"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "क्या आपने अपने मित्र के साथ किसी त्यौहार में भाग लिया है?" यदि हां,तो कक्षा मै अपना अनुभव साझा करे ।
- "त्यौहार लोगों को कैसे जोड़ते हैं?"

"त्यौहार लोगों को एक-दूसरे के करीब लाते हैं और प्रेम व भाईचारे की भावना बढ़ाते हैं।"

**भाग 3 — भोजन और पहनावा**

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण दें**

**भोजन: डोसा, छोले - भठूरे, इडली, सांभर**
**पहनावा: साड़ी, कुर्ती, पगड़ी धोती ।**

"अलग क्षेत्रों के लोगों का भोजन और पहनावा अलग हो सकता है। यह वहाँ के मौसम, संस्कृति और जीवन शैली पर निर्भर करता है।"

## चरण 3 — क्षेत्रीय विविधता: कश्मीर और केरल (15 मिनट)

**शिक्षक/ शिक्षिका कहें**

"अब हम समझेंगे कि भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में जीवन कैसे बदलता है।"

**अध्ययन उदाहरण 1 — कश्मीर**

"कश्मीर हिमालय क्षेत्र में स्थित है। यह भारत के उत्तर में स्थित है।यहाँ सर्दियों में बहुत ठंड पड़ती है और कई स्थानों पर बर्फ गिरती है।" इसे भारत का स्वर्ग भी कहा जाता है।

**शिक्षक/ शिक्षिका चर्चा करे**
**जीवन शैली:** गर्म ढलानदार छत वाले घर
**आजीविका:** पर्यटन,सेब की खेती, हस्तशिल्प
**भोजन:** कहवा,चावल आधारित भोजन

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "कश्मीर में लोग ऊनी कपड़े क्यों पहनते होंगे?"
- "पहाड़ी क्षेत्रों में यात्रा करना कठिन क्यों होता है?"

**अध्ययन उदाहरण 2 — केरल**
"केरल समुद्र के पास स्थित है। यह एक तटीय क्षेत्र है।मानसून सबसे पहले केरल में आता है,
यहाँ वर्षा अधिक होती है और मौसम सामान्यतः गर्म व आर्द्र रहता है।" यह मसाले के लिए अत्यधिक प्रसिद्ध है।

**शिक्षक/ शिक्षिका चर्चा करें**
**जीवन शैली:** हल्के कपड़े, नावों का उपयोग
**आजीविका:** मछली पकड़ना,मसालो की खेती, पर्यटन
**भोजन:** चावल, मछली नारियल आधारित भोजन

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "केरल में नावों का उपयोग क्यों किया जाता है।"
- "समुद्र के पास रहने वाले लोगों का जीवन कैसे अलग होता होगा?"

## चरण 4 — तुलना गतिविधि (5 मिनट)

| कश्मीर | केरल |
|---|---|
| ठंडा क्षेत्र | गर्म क्षेत्र |
| पर्वतीय क्षेत्र | तटीय क्षेत्र |
| ऊनी कपड़े | हल्के कपड़े |
| सेब की खेती | नारियल और मसाले |

## चरण 5 — विविधता में एकता (3 मिनट)

"भारत में लोग अलग भाषाएँ बोलते हैं, अलग भोजन खाते हैं और अलग क्षेत्रों में रहते हैं,
फिर भी सभी भारतीय एक देश के नागरिक हैं। यही भारत की सबसे बड़ी ताकत है।"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "हमें सभी संस्कृतियों का सम्मान क्यों करना चाहिए?"
- "क्या अलग लोग मिलकर एक समाज बना सकते हैं?"

## चरण 6 — समापन (2 मिनट)

**मुख्य शब्द :**विविधता,भाषा,धर्म,संस्कृति,क्षेत्रीय विविधता

**दिवस-15**

# प्रारंभिक मानव और सिंधु घाटी सभ्यता

**अधिगम उद्देश्य**

कक्षा के अंत तक विद्यार्थी:

- प्रारंभिक मानव के जीवन के बारे में बताते हैं।
- शिकार और भोजन संग्रह के जीवन को पहचानते हैं।
- समझते हैं कि मानव जीवन समय के साथ बदलता गया।

## चरण 1 — अनुभव से शुरुआत (5 मिनट)

"कल्पना कीजिए कि आपके पास:घर न हो बिजली न हो,बाजार न हो,मोबाइल न हों तो आपका जीवन कैसा होगा?"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "आप भोजन कहाँ से लाएँगे?"
- "आप अपनी सुरक्षा कैसे करेंगे?"

"बहुत समय पहले प्रारंभिक मानव इसी प्रकार जीवन जीते थे।उनके पास आज जैसी सुविधाएँ नहीं थीं।"

## चरण 2 — प्रारंभिक मानव कौन थे? (5 मिनट)

प्रारंभिक मानव आखेटक व संग्राहक थे।
जो जंगलों, पहाड़ों और गुफाओं में रहते थे। वे फल और कंद-मूल खाते थे, वे जानवरों का शिकार करते थे ।उनका जीवन प्रकृति पर निर्भर था।

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- प्रारंभिक मानव कहां रहते थे?
- वे अपना पालन पोषण किस तरह करते थे?

## चरण 3 — भोजन और जीवन शैली (10 मिनट)

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "अगर खेती न हो तो भोजन कैसे मिलेगा?"
- "प्रारंभिक मानव किस तरह के औजारों का उपयोग करते थे?"

**शिक्षक/ शिक्षिका समझाएँ**

"प्रारंभिक मानव पत्थरों से औजार बनाते थे।
इन औजारों का उपयोग शिकार और सुरक्षा के लिए किया जाता था।"

**शिक्षक/ शिक्षिका वास्तविक जीवन से जोड़ें**

"आज हमारे पास मशीनें, वाहन और आधुनिक औजार हैं,लेकिन प्रारंभिक मानव के पास केवल साधारण पत्थर के औजार थे।"

## चरण 4 — आग और खेती की खोज (10 मिनट)

**भाग 1 — आग की खोज**
"आग की खोज मानव जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन थी।"
आग से भोजन पकाना आसान हुआ,ठंड से बचाव हुआ,जंगली जानवरों से सुरक्षा मिली

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "क्या बिना आग के भोजन पकाया जा सकता है?"
- "आग ने जीवन कैसे बदला होगा?"

**भाग 2 — खेती की शुरुआत**
धीरे-धीरे लोगों ने खेती करना शुरू किया।
उन्होंने बीज बोना और फसल उगाना सीखा।"अब लोगों को भोजन की खोज में लगातार घूमना नहीं पड़ता था।"
"खेती और पशुपालन के कारण लोग स्थायी रूप से बसने लगे और गाँवों की शुरुआत हुई।

**परिणाम :**स्थायी जीवन,गाँवों की शुरुआत

## चरण 5 — तुलना गतिविधि (5 मिनट)

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- "आज का जीवन प्रारंभिक मानव के जीवन से कैसे अलग है?"
- "कौन-सी सुविधाएँ पहले नहीं थीं?"

## चरण 6 — समापन (5 मिनट)

**मुख्य शब्द :**प्रारंभिक मानव शिकारी-संग्रहकर्ता, शिकार,आग,स्थायी जीवन

## चरण 1 — भूमिका (5 मिनट)

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**
"गाँव और शहर अचानक कैसे बन गए होंगे?"
"लोगों को शहर बनाने की जरूरत क्यों पड़ी होगी?"
"समय के साथ लोगों ने व्यवस्थित बस्तियाँ और नगर बसाने शुरू किए।इन्हीं प्राचीन नगरों में से एक महत्वपूर्ण सभ्यता थी — सिंधु घाटी सभ्यता।"

## चरण 2 — सिंधु घाटी सभ्यता का परिचय (5 मिनट)

"जब लोग संगठित रूप से नगरों में रहने लगते हैं, व्यवस्थित घर बनाते हैं और व्यापार करते हैं, तो उसे सभ्यता कहा जाता है।
"सिंधु घाटी सभ्यता सिंधु नदी के आसपास विकसित हुई थी। यह दुनिया की प्राचीन सभ्यताओं में से एक मानी जाती है।""नदियों के पास खेती, पीने का पानी और यात्रा की सुविधा मिलती थी।"

**शिक्षक/ शिक्षिका महत्वपूर्ण स्थलों का उल्लेख करें**
हड़प्पा,मोहनजोदड़ो

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**
"लोग नदियों के पास क्यों बसते होंगे?"
"पानी जीवन के लिए क्यों जरूरी है?"

## चरण 3 — नगरों की विशेषताएँ (12 मिनट)

### भाग 1 — नगर योजना
"सिंधु घाटी सभ्यता के नगर बहुत व्यवस्थित थे। सड़कें सीधी और चौड़ी बनाई जाती थीं।"व्यवस्थित सड़कें लोगों की यात्रा और जीवन को आसान बनाती हैं।"

### भाग 2 — जल निकासी व्यवस्था
"घर से गंदा पानी निकालने के लिए नालियाँ बनाई गई थीं। सभी नालियाँ ढकी हुई होती थी और शहर के बाहर एक मुख्य नाले से जुड़ी होती थी। यह उस समय की बहुत उन्नत व्यवस्था मानी जाती है। जल निकासी व्यवस्था स्वच्छता और स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी होती है।"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**
- "अगर नालियाँ न हों तो क्या होगा?"
- "आज दिल्ली में जल निकासी व्यवस्था कैसी है?"

### भाग 3 — घर और अनाज भंडार
"लोग पक्के घरों में रहते थे। वे अनाज को सुरक्षित रखने के लिए बड़े भंडार बनाते थे। जिसे अन्नागार कहा जाता था। "
यह सिंधु घाटी सभ्यता की सबसे बड़ी इमारत मानी जाती थी।

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**
"अनाज को सुरक्षित रखना क्यों जरूरी होगा?"
"आज भी लोग भोजन संग्रह क्यों करते हैं?"

## चरण 4 — व्यापार और जीवन (8 मिनट)
"सिंधु घाटी सभ्यता के लोग खेती करते थे और व्यापार भी करते थे। वे मिट्टी के बर्तन, खिलौने और आभूषण बनाते थे।"
"उस समय लोग वस्तुओं का आदान-प्रदान करते थे। इसे विनिमय प्रणाली कहा जाता है।"

**विनिमय प्रणाली**
वस्तुओं के बदले वस्तुएँ का आदान- प्रदान विनिमय प्रणाली कहलाता है।

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**
"अगर पैसे न हों तो लोग सामान कैसे खरीदेंगे?"
"उस समय का महत्वपूर्ण व्यवसाय क्या था?"

## चरण 5 — वर्तमान से संबंध (5 मिनट

“सिंधु घाटी सभ्यता से हमें नगर योजना, स्वच्छता और व्यवस्थित जीवन के महत्व का पता चलता है।आज के शहरों में भी इन बातों का महत्व है।”

## चरण 6 — समापन (5 मिनट)

### अधिगम उद्देश्य

कक्षा के अंत तक विद्यार्थी:

- लोकतंत्र का सरल अर्थ समझते हैं।
- प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लोकतंत्र में अंतर समझते हैं।
- भारत को लोकतांत्रिक देश के रूप में पहचानते हैं।

**दिवस-16**

# भारत में लोकतंत्र

## चरण 1 — अनुभव से शुरुआत (5 मिनट)

“मान लीजिए कक्षा में यह तय करना हो कि वार्षिक उत्सव में कौन-सा खेल खेला जाएगा।
अगर केवल एक विद्यार्थी अपनी पसंद से निर्णय ले ले, तो क्या यह सही होगा?या फिर सभी विद्यार्थियों की राय लेनी चाहिए?”

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**
क्या सभी को अपनी बात कहने का अवसर मिलना चाहिए? यदि हां,तो क्यों?
अगर केवल एक व्यक्ति ही निर्णय ले, तो बाकी लोगों को कैसा लगेगा?

**शिक्षक/ शिक्षिका समझाएँ**
“जब लोग मिलकर अपने प्रतिनिधियों को चुनते हैं और सरकार बनाते हैं, तो उस व्यवस्था को लोकतंत्र कहते हैं।लोकतंत्र में जनता की राय महत्वपूर्ण होती है।”

## चरण 2 — लोकतंत्र क्या है? (5 मिनट)

“लोकतंत्र में देश के लोग मतदान करके अपने प्रतिनिधि चुनते हैं।चुने हुए प्रतिनिधि सरकार बनाते हैं और देश चलाने का काम करते हैं।”

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण दें**
“जैसे कक्षा मॉनिटर चुनने के लिए विद्यार्थी मतदान करते हैं,वैसे ही देश में लोग चुनाव के माध्यम से अपने नेता चुनते हैं।”

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- लोगों को अपनी सरकार चुनने का अधिकार क्यों होना चाहिए?
- जनता की राय क्यों महत्वपूर्ण है?

## चरण 3 — लोकतंत्र क्यों जरूरी है? (10 मिनट)

### भाग 1— लोगों की भागीदारी

“लोकतंत्र में लोग चुनाव के माध्यम से सरकार चुनते हैं। इससे लोगों की भागीदारी सुनिश्चित होती है।”

**भाग 2 — समान अधिकार**

"लोकतंत्र में सभी नागरिक कानून की नजर में समान होते हैं।धर्म, भाषा, जाति या धन
के आधार पर लोगों के अधिकार अलग नहीं होते।"

**भाग 3 — अपनी बात कहने की स्वतंत्रता**

"लोकतंत्र में लोग अपनी राय व्यक्त कर सकते हैं।वे अपनी समस्याएँ सरकार तक पहुँचा सकते हैं।"

**भाग 4 — जवाबदेह सरकार**

"लोकतंत्र में सरकार जनता के प्रति जिम्मेदार होती है।अगर सरकार अच्छा काम नहीं करती, तो लोग अगले चुनाव में दूसरी सरकार चुन सकते हैं।"

## चरण 4 — लोकतंत्र के प्रकार (10 मिनट)

**भाग 1 — प्रत्यक्ष लोकतंत्र**

"जब लोग स्वयं मिलकर सीधे निर्णय लेते हैं,
तो उसे प्रत्यक्ष लोकतंत्र कहते हैं।"

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण दें:**जैसे पूरी कक्षा मिलकर यह तय करे कि शैक्षिक भ्रमण कहाँ होगा।"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- क्या छोटी संख्या में लोग मिलकर सीधे निर्णय ले सकते हैं?

**भाग 2 — अप्रत्यक्ष लोकतंत्र**

"जब लोग अपने प्रतिनिधि चुनते हैं और वे प्रतिनिधि निर्णय लेते हैं, तो उसे अप्रत्यक्ष लोकतंत्र कहते हैं।"

**शिक्षक/ शिक्षिका भारत से संबंध जोड़ें**

"भारत बहुत बड़ा देश है।यहाँ करोड़ों लोग रहते हैं।इसलिए सभी लोग हर निर्णय सीधे नहीं ले सकते। इसी कारण लोग अपने प्रतिनिधि चुनते हैं।"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- क्या भारत जैसे बड़े देश में सभी लोग हर निर्णय सीधे ले सकते हैं?
- प्रतिनिधि चुनना क्यों जरूरी है?

## चरण 5 — लोकतंत्र और भारत (5 मिनट)

"भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है।
यहाँ नियमित चुनाव होते हैं और लोग मतदान करके सरकार चुनते हैं।"

## चरण 6 — समापन (5 मिनट)

## चरण 1 — पुनरावृत्ति चर्चा (5 मिनट)

“लोकतंत्र में चुनाव बहुत महत्वपूर्ण होते हैं।
चुनाव के माध्यम से लोग अपने प्रतिनिधि चुनते हैं।अब हम समझेंगे कि चुनाव कैसे होते हैं।”

## चरण 2 — चुनाव क्या है? (5 मिनट)

“जब लोग मतदान करके अपने नेताओं या प्रतिनिधियों को चुनते हैं,तो उस प्रक्रिया को चुनाव कहते हैं।

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण दें**

“जैसे विद्यालय में मॉनिटर चुनने के लिए मतदान किया जा सकता है, वैसे ही देश में लोग चुनाव के माध्यम से नेता चुनते हैं।”

“चुनाव लोकतंत्र का महत्वपूर्ण भाग हैं।”

## चरण 3 — भारत की चुनाव प्रक्रिया (15 मिनट)

**भाग 1 — उम्मीदवार**

“जो व्यक्ति चुनाव लड़ता है, उसे उम्मीदवार कहा जाता है।”“उम्मीदवार लोगों का समर्थन पाने की कोशिश करते हैं।”

**भाग 2— प्रचार**

“उम्मीदवार अपनी योजनाओं और विचारों के बारे में लोगों को बताते हैं।इसे चुनाव प्रचार कहते हैं।”

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण दें**

“आपने दीवारों पर पोस्टर, रैलियाँ या भाषण देखे होंगे।”

**भाग 3 — मतदान**

“मतदाता मतदान केंद्र जाकर वोट देते हैं।”

## भारत निर्वाचन आयोग

चुनाव करवाने वाली संस्था“भारत में चुनाव करवाने का कार्य भारत निर्वाचन आयोग करता है।यह संस्था यह सुनिश्चित करती है कि चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण हों।”

**भाग 4— मतगणना और परिणाम**

“मतदान के बाद सभी वोट गिने जाते हैं।
इसे मतगणना कहते हैं।जिस उम्मीदवार को सबसे अधिक वोट मिलते हैं, वह चुनाव जीत जाता है।”

## चरण 4 — सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार (10 मिनट)

"भारत में 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी नागरिक मतदान कर सकते हैं।धर्म, भाषा, जाति, धन या स्त्री-पुरुष के आधार पर किसी को मतदान के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता।""सभी नागरिकों को समान मतदान अधिकार मिलना लोकतंत्र की महत्वपूर्ण विशेषता है।"

## चरण 5 — कक्षा गतिविधि: अभ्यास चुनाव (3मिनट)

"हमारा कक्षा चुनाव"

**शिक्षक/ शिक्षिका के निर्देश**

- कक्षा में दो विद्यार्थियों को उम्मीदवार बनाया जाए।बाकी विद्यार्थी मतदान करें।एक डिब्बे को मतपेटी की तरह उपयोग करें।मतदान के बाद वोट गिने जाएँ।सबसे अधिक वोट पाने वाले विद्यार्थी को विजेता घोषित करे।

## चरण6 — समापन (2 मिनट)

**मुख्य शब्द:-** लोकतंत्र, चुनाव, मतदान, प्रतिनिधि, प्रत्यक्ष लोकतंत्र, प्रत्यक्ष लोकतंत्र, अप्रत्यक्ष लोकतंत्र, सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार, भारत निर्वाचन आयोग

# भारत का मानचित्र

**अधिगम उद्देश्य**

कक्षा के अंत तक विद्यार्थी:

- भारत के भौतिक और राजनीतिक मानचित्र में अंतर समझते हैं।
- हिमालय, थार मरुस्थल, पठार, मैदान, तटीय क्षेत्र और द्वीपों की स्थिति बताते हैं।
- भारत के उत्तर पूर्व में स्थित राज्यों की मानचित्र पर अंकित करते हैं।

## चरण 1 — भूमिका (5 मिनट)

"यह भारत का भौतिक मानचित्र है। इस मानचित्र में हमें भारत की प्राकृतिक विशेषताएँ दिखाई देती हैं।भारत में कहीं ऊँचे पर्वत हैं, कहीं मैदान हैं, कहीं रेतीले मरुस्थल हैं और कहीं समुद्र के किनारे तटीय क्षेत्र हैं।"




**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न**

भारत की भूमि कैसी दिखाई देती है?

सभी स्थानों का मौसम एक जैसा क्यों नहीं होता है?

**शिक्षक/ शिक्षिका/ शिक्षिका व्याख्या**"भारत एक विशाल देश है। यहाँ अलग-अलग प्रकार की स्थलाकृतियाँ और मौसम पाए जाते हैं।"जैसे पर्वत, पठार, रेगिस्तान, द्वीप, प्रायद्वीप, मैदान आदि।

## चरण 2 — भौतिक मानचित्र क्या होता है? (5 मिनट)

"भौतिक मानचित्र हमें यह बताता है कि किसी स्थान की भूमि कैसी है। इसमें पर्वत, पठार, मैदान, मरुस्थल, नदियाँ और समुद्र जैसी प्राकृतिक विशेषताएँ दिखाई जाती हैं।" "हर स्थलाकृति की अपनी अलग विशेषताएँ होती हैं। इसी कारण अलग-अलग क्षेत्रों में लोगों का जीवन भी अलग होता है।"

## चरण 3 — भारत की प्रमुख स्थलाकृतियाँ (25 मिनट )

**भाग 1 — हिमालय पर्वत**

"हिमालय भारत के उत्तर में स्थित है। यह विश्व की सबसे ऊँची पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है।
संसार की सबसे ऊंची चोटी  माउंटएवरेस्ट  भी इसी में है  यहाँ बहुत ठंड पड़ती है और कई स्थानों पर बर्फबारी होती है।इसे भारत का रक्षक भी कहा जाता है। यह उत्तर में भारत कि दुश्मनों से रक्षा करता है।

**भाग 2 — उत्तरी मैदान** "उत्तरी मैदान बहुत उपजाऊ क्षेत्र हैं। हिमालय से निकलने वाली नदियाँ यहाँ उपजाऊ मिट्टी लाती हैं। इसी कारण यहाँ खेती अधिक होती है। और यहीं कारण है कि यहां पर जनसंख्या भी सबसे ज्यादा होती है।इसे गंगा ,ब्रह्मपुत्र और सिंधु का मैदान भी कहते हैं क्योंकि ये नदी ही यहां उपजाऊ मिट्टी लाती है।"मैदानी क्षेत्रों में सड़कें और खेती करना आसान होता है। इसलिए यहाँ जनसंख्या अधिक पाई जाती है।" सिंचाई के लिए यहां नदियां भी होती है।

**भाग 3— थार मरुस्थल**"थार मरुस्थल भारत के पश्चिमी भाग में राजस्थान में स्थित है। यहाँ वर्षा बहुत कम होती है।भूमि रेतीली होती है और पानी की कमी रहती है। पानी की कमी के कारण यहां पर जनसंख्या भी कम होती हैं और  पेड़ पौधे भी कम पाए जाते है। यहां पर सिर्फ कटीली झाड़ियां देखने को मिलती है। ऊंट को रेगिस्तान का जहाज कहा जाता है क्योंकि रेगिस्तान में ऊंट ही  तेज चल सकता है।

**भाग 4 — दक्कन का पठार**"पठार ऊँचे और समतल भूभाग होते हैं। दक्षिण भारत का बड़ा भाग दक्कन के पठार में आता है।"यहां पर काली मिट्टी अधिक पाई जाती है। पठार में खनिज पदार्थ अधिक पाए जाते है।

**भाग 5 —पश्चिमी घाट और पूर्वी घाट**"पश्चिमी घाट भारत के पश्चिमी तट के पास स्थित हैं। पूर्वी घाट भारत के पूर्वी भाग में स्थित हैं। दोनों पर्वतीय क्षेत्र हैं, लेकिन उनकी स्थिति अलग है।"

**भाग 6 — तटीय क्षेत्र**  "भारत के दोनों ओर तटीय क्षेत्र हैं। तटीय क्षेत्र का अर्थ है समुद्र के पास वाली भूमि । यहाँ समुद्र के पास रहने वाले लोग मछली पकड़ने, व्यापार और पर्यटन जैसे कार्य करते हैं।"




**शिक्षक/ शिक्षिका  उदाहरण देते हैं:** मुंबई,चेन्नई, कोच्चि

**भाग 7 — द्वीप समूह**"चारों ओर पानी से घिरे भूभाग को द्वीप कहते हैं ।भारत के पास दो प्रमुख द्वीप समूह हैं — अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा लक्षद्वीप।"
लक्षद्वीप अरब सागर में स्थित है और अंडमान निकोबार द्वीप समूह बंगाल खाड़ी में स्थित है ।

## चरण 4 — समापन (5 मिनट)

### अधिगम उद्देश्य

कक्षा के अंत तक विद्यार्थी:

- भारत के राजनीतिक मानचित्र का अर्थ समझते हैं।
- भौतिक और राजनीतिक मानचित्र में अंतर पहचानते है ।

- कुछ प्रमुख राज्यों और उनकी राजधानियों को मानचित्र में अंकित करते है ।

## चरण 1 — भूमिका (5 मिनट)

**शिक्षक/ शिक्षिका कहते हैं**

"आज हम भारत के राजनीतिक मानचित्र के बारे में सीखेंगे। राजनीतिक मानचित्र हमें राज्यों, उनकी सीमाओं और राजधानियों की जानकारी देता है।"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न**

क्या सभी राज्यों की सीमाएँ अलग दिखाई देती हैं?
क्या सभी राज्यों का आकार समान है?
भारत में 28 राज्य व 8 केन्द्र शासित प्रदेश है। सभी राज्यों का आकर व सीमाएँ अलग-अलग हैं परिवहन के साधन सभी राज्यों को दूसरे से जोड़ते हैं। कुछ राज्यों का आकर बड़ा है और कुछ राज्यों का आकर छोटा है, किसी कि सीमाएँ लम्बी है किसी कि सीमा छोटी है।
"मानचित्र की सहायता से हम उनकी स्थिति और सीमाएँ समझते हैं।"


भारत
राजनैतिक मानचित्र/नक्शा
ताजिकिस्तान
अफगानिस्तान
पाकिस्तान
चीन
(तिब्बत)
नेपाल
भूटान
बांग्लादेश
म्यांमार
(बर्मा)
श्रीलंका
लद्दाख
लेह
श्रीनगर
जम्मू और कश्मीर
जम्मू
हिमाचल प्रदेश
शिमला
पंजाब
चंडीगढ़
देहरादून
उत्तराखण्ड
हरियाणा
दिल्ली
नई दिल्ली
उत्तर प्रदेश
लखनऊ
जयपुर
राजस्थान
सिक्किम
गंगटोक
अरुणाचल प्रदेश
इटानगर
दिसपुर
असम
नागालैण्ड
कोहिमा
मेघालय
शिलॉंग
मणिपुर
इम्फाल
बिहार
पटना
झारखंड
रांची
पश्चिम बंगाल
कोलकाता
अगरतला
त्रिपुरा
आइजोल
मिजोरम
गाँधीनगर
गुजरात
भोपाल
मध्य प्रदेश
छत्तीसगढ़
रायपुर
ओडिशा
भुबनेश्वर
दमन और दीव
दमन
सिलवासा
दादरा और नगर हवेली
मुम्बई
महाराष्ट्र
बंगाल की खाड़ी
तेलंगाना
हैदराबाद
यानम (पुदुच्चेरी)
अमरावती
अरब सागर
पणजी
गोवा
कर्नाटक
आंध्र प्रदेश
बेंगलुरु
चेन्नई
लक्षद्वीप (भारत)
माहे (पुदुच्चेरी)
कवरत्ती
पुदुच्चेरी
कराईकल (पुदुच्चेरी)
केरल
तमिलनाडु
तिरुवनंतपुरम
पाक जलसन्धि
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (भारत)
पोर्ट ब्लेयर
अंतरराष्ट्रीय सीमा
राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश की सीमा
देश की राजधानी
राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश की राजधानी
हिन्द महासागर
Map not to Scale
Copyright © 2020 www.mapsofindia.com

## चरण 2 — राजनीतिक मानचित्र क्या होता है? (5 मिनट)

"राजनीतिक मानचित्र में अलग-अलग राज्यों को अलग रंगों से दिखाया जाता है।इस मानचित्र की सहायता से हम यह समझते हैं कि कौन-सा राज्य कहाँ स्थित है।" "हर राज्य की एक राजधानी होती है जहाँ से उस राज्य का प्रशासनिक कार्य संचालित होता है।"

## चरण 3 — भारत के राज्य और केंद्र शासित प्रदेश (10 मिनट)

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न**

क्या सभी राज्यों की अपनी राजधानी होती है?

कोई दो राज्यों नाम बताइए जो उत्तर भारत में स्थित है?

कोई दो राज्य बताइए जो दक्षिण भारत में स्थित है?

**शिक्षक/ शिक्षिका समझाते हैं**

"सभी राज्यों की अपनी भाषा, भोजन और संस्कृति होती है,लेकिन फिर भी सभी राज्य भारत का हिस्सा हैं।"

## चरण 4 — सात बहन राज्य (5 मिनट)

"भारत के उत्तर-पूर्व भाग में स्थित सात राज्यों को 'सात बहन राज्य' कहा जाता है।"

## चरण 5 — क्षेत्रफल के अनुसार सबसे बड़ा और सबसे छोटा राज्य (5 मिनट)

"क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान भारत का सबसे बड़ा राज्य है और गोवा क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे छोटा राज्य है।"

## चरण 6 — दिल्ली और उसके पड़ोसी राज्य (7 मिनट)

"दिल्ली भारत की राष्ट्रीय राजधानी है। दिल्ली एक केंद्र शासित प्रदेश है।"

हरियाणा दिल्ली की किस दिशा में स्थित है?

उत्तर प्रदेश दिल्ली की किस दिशा में स्थित है?

"मानचित्र हमें राज्यों की दिशा और स्थिति को समझने में सहायता करता है।"

## चरण 7 — अंतिम मानचित्र गतिविधि (3 मिनट)

**गतिविधि निर्देश**

विद्यार्थी अपने मानचित्र में चिह्नित करें: दिल्ली, राजस्थान, गोवा, सात बहन राज्य हरियाणा, उत्तर प्रदेश

## चरण 8 — समापन (5 मिनट)

**मुख्य शब्द :**भौतिक मानचित्र,राजनीतिक मानचित्र,दिशा,सीमा ।

**दिवस 18**

# साप्ताहिक पुनरावृत्ति

1. अनेकता में एकता का अर्थ लिखिए।
2. किसी एक स्वतंत्रता सेनानी का नाम और योगदान लिखिए।
3. लोकतंत्र में मतदान क्यों आवश्यक है?
4. सिंधु घाटी सभ्यता की कोई एक विशेषता लिखिए।

**रचनात्मक कार्य**

'मेरा भारत महान' विषय पर पाँच वाक्य लिखिए।

**दिवस 19**

# नागरिकता, अधिकार और कर्तव्य

**अधिगम उद्देश्य**

कक्षा के अंत तक विद्यार्थी:

- समानता और स्वतंत्रता के अधिकार को दैनिक जीवन से जोड़ते हैं।
- समझते हैं कि सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार होना चाहिए।
- अधिकारों के साथ जिम्मेदारी के महत्व को पहचानते हैं।

## चरण 1 — भूमिका: मैं कौन हूँ? (5 मिनट)

"हम सभी किसी न किसी देश के सदस्य होते हैं।जो व्यक्ति किसी देश से जुड़ा होता है, उस देश के नियमों का पालन करता है और उस देश में रहने का अधिकार रखता है, उसे नागरिक कहते हैं।"नागरिकता किसी व्यक्ति और संप्रभु राज्य के बीच का संबंध है जो व्यक्ति को उस देश का पूर्ण सदस्य बनाता है।

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न**

- हम किस देश के नागरिक हैं?
- भारत के नागरिक होने हेतु आपके पास  कौन से अधिकार होने चाहिए?

"हर देश अपने नागरिकों को कुछ अधिकार देता है ताकि वे सुरक्षित और सम्मानपूर्ण जीवन जी सकें।"

## चरण 2 — अधिकार क्यों जरूरी हैं? (5 मिनट)

**शिक्षक/ शिक्षिका वास्तविक जीवन की स्थिति बताते हैं**

"कल्पना कीजिए कि किसी बच्चे को विद्यालय में बोलने न दिया जाए,या किसी को केवल उसके कपड़ों या भाषा के कारण खेलने न दिया जाए।क्या यह सही होगा?"

**शिक्षक/ शिक्षिका  प्रश्न**

सभी नागरिकों को समान अवसर  क्यों मिलने चाहिए?

अगर नागरिको को अधिकार न मिले तो क्या समस्या हो सकती है?

"लोगों की सुरक्षा, सम्मान और समान व्यवहार सुनिश्चित करने के लिए संविधान में अधिकार दिए गए हैं।"

**शिक्षक/ शिक्षिका जीवन से संबंध जोड़ते हैं**

"जैसे विद्यालय में सभी विद्यार्थियों को पढ़ने का अधिकार मिलता है, वैसे ही देश में सभी नागरिकों को कुछ महत्वपूर्ण अधिकार दिए जाते हैं।"

## चरण 3 — मौलिक अधिकार क्या हैं? (5 मिनट)

"मौलिक अधिकार ऐसे अधिकार हैं जो प्रत्येक नागरिक के सम्मानपूर्ण जीवन के लिए बहुत जरूरी होते हैं।"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न**

- सभी लोगों को समानता का अधिकार क्यों होना चाहिए?
- विद्यार्थियों को शिक्षा मिलना क्यों अनिवार्य होना चाहिए?

"भारत का संविधान सभी नागरिकों को कुछ महत्वपूर्ण अधिकार देता है ताकि सभी लोग सम्मान के साथ जीवन जी सकें।"

## चरण 4 — समानता का अधिकार

"भारत में धर्म, भाषा, जाति, लिंग या सम्पत्ति के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता।"

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण देते हैं**

- सभी विद्यार्थियों को विद्यालय में पढ़ने का अवसर मिलता है।
- सभी विद्यार्थियों को कक्षा में बैठने और सीखने का समान अधिकार मिलता है।

"समानता समाज में सम्मान और न्याय बनाए रखने में मदद करती है।"

## चरण 5 — स्वतंत्रता का अधिकार

"भारत के नागरिक अपनी राय व्यक्त कर सकते हैं और शांतिपूर्ण "स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं है कि हम दूसरों को परेशान करें।हमें अपनी स्वतंत्रता का उपयोग जिम्मेदारी और सम्मान के साथ करना चाहिए।"

## चरण 6 — समापन

## चरण 1 — पुनरावृत्ति चर्चा (5 मिनट)

## चरण 2 — शोषण के विरुद्ध अधिकार (5 मिनट)

**शोषण के विरुद्ध अधिकार**

किसी के साथ गलत व्यवहार न हो

शोषण के विरुद्ध अधिकार जो नागरिकों को मानव व्यापार, बेगार, जबरन श्रम और बाल श्रम से सुरक्षा प्रदान करता है।

**शिक्षक/ शिक्षिका समझाएँ**

"किसी से जबरदस्ती काम करवाना या विद्यार्थियों से असुरक्षित काम करवाना गलत है।""हर व्यक्ति को सुरक्षित और सम्मानपूर्ण जीवन जीने का अधिकार है।"

विद्यार्थियों से फैक्ट्री में काम करवाना गलत है।

किसी को डराकर काम करवाना गलत है।

## चरण 3 — धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार (5 मिनट)

"भारत में लोगों को अपने धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता हैं।""सभी धर्मों का सम्मान करना आवश्यक है। राज्य का कोई औपचारिक धर्म नहीं होता, भारत में सभी धर्म समान है और इसे धर्मनिरपेक्षता कहते हैं।

## चरण 4 — सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार

"भारत में अलग-अलग भाषाएँ और संस्कृतियाँ हैं।""लोगो को अपनी भाषा बोलने और अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाने का अधिकार हैं।"

**शिक्षा का अधिकार (5 मिनट)**

सभी अल्पसंख्यकों को अपनी पसंद का शैक्षिक संस्थान स्थापित करने और चलाने का अधिकार है।

## चरण 5— संवैधानिक उपचारों का अधिकार

**भारतीय संविधान के अंतर्गत नागरिकों को मिले इस अधिकार में कोई भी व्यक्ति अपने मौलिक अधिकारों के हनन की स्थिति में सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय की शरण ले सकता है।संवैधानिक उपचारों का अधिकार सभी मौलिक अधिकारों की रक्षा करता है।डा.भीमराव अम्बेडकर ने अनुच्छेद 32 (संवैधानिक उपचारों का अधिकार) को संविधान की आत्मा और हृदय कहा था, क्योंकि इसके बिना अन्य सभी अधिकार अर्थहीन है।**

## चरण 6 - मौलिक कर्तव्य

"अधिकारों के साथ कर्तव्य भी जरूरी हैं।"

"एक अच्छा नागरिक अपने अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों का भी पालन करता है।" मौलिक कर्तव्य 11 हैं-

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण दें**

- राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना
- विद्यालय और सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना
- पर्यावरण को स्वच्छ रखना

**शिक्षक/ शिक्षिका विद्यार्थियों से पूछें**

- अगर सभी केवल अधिकार माँगें और कर्तव्य न निभाएँ तो क्या होगा?

## चरण 7— अधिकार और कर्तव्य का संबंध (5 मिनट)

**अधिकार** + **कर्तव्य** -जिम्मेदार नागरिक

"अगर हमें अधिकार मिलते हैं, तो हमें दूसरों के अधिकारों का सम्मान भी करना चाहिए।"

"अधिकार और कर्तव्य दोनों मिलकर समाज को बेहतर बनाते हैं।"

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण दें**

"हमें बोलने की स्वतंत्रता है, लेकिन किसी का अपमान करना सही नहीं है।""हमें शिक्षा का अधिकार है, इसलिए हमें विद्यालय के नियमों का पालन भी करना चाहिए।"

## चरण 8— समापन (3 मिनट)

**मुख्य शब्द :**नागरिक,नागरिकता,संविधान,मौलिक अधिकार,मौलिक कर्तव्य, सम्मान धर्मनिरपेक्षता

**दिवस 20**

# भारतीय शासन

**अधिगम उद्देश्य**

कक्षा के अंत तक विद्यार्थी:

- संघवाद को समझते हैं।
- "भारत राज्यों का संघ है" इस विचार को समझते हैं।
- पंचायत और नगर निकायों की भूमिका समझते हैं।

## चरण 1 — भूमिका: क्या एक व्यक्ति सब कुछ संभाल सकता है? (5 मिनट)

"कल्पना कीजिए कि पूरे विद्यालय का काम केवल एक व्यक्ति को करना पड़े —
पढ़ाई करवाना,सफाई करवाना,खेल गतिविधियाँ संभालना,कार्यालय का काम करना,क्या यह आसान होगा?"

**शिक्षक/ शिक्षिका विद्यार्थियों से पूछें**

- क्या एक व्यक्ति अकेले सभी काम कर सकता है?
- क्या अलग-अलग लोगों को अलग जिम्मेदारियाँ देनी चाहिए?

"जिस प्रकार विद्यालय में अलग-अलग लोग अलग काम संभालते हैं, उसी प्रकार भारत जैसे बड़े देश को चलाने के लिए भी अलग-अलग स्तर की सरकार बनाई गई हैं।"

## चरण 2 — भारत राज्यों का संघ है (5 मिनट)

भारत का राजनीतिक मानचित्र दिखाएँ।
अलग-अलग राज्यों की ओर संकेत करें।

## चरण 3 — संघवाद क्या है? (8 मिनट)

**संघवाद:** शक्तियों का केंद्र और राज्यों में विभाजन

**शिक्षक/ शिक्षिका समझाएँ**

"जब शासन की शक्तियाँ केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच बाँटी जाती हैं, तो उसे संघवाद कहते हैं।" "इसका अर्थ है कि कुछ कार्य पूरे देश के लिए केंद्र सरकार करती है और कुछ कार्य राज्यों की सरकारें करती हैं।"

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण दें**

"जैसे विद्यालय में अलग-अलग शिक्षक/ शिक्षिका/ शिक्षिका अलग विषय पढ़ाते हैं, उसी प्रकार सरकार के अलग स्तर अलग कार्य संभालते हैं।"

**शिक्षक/ शिक्षिका विद्यार्थियों से पूछें**

काम बाँटने से काम आसान कैसे होता है?

राज्यों में कौन - कौन सी समस्याएं होती है ?

**शिक्षक/ शिक्षिका समझाएँ**

"राज्यों की आवश्यकताएँ अलग हो सकती हैं।

इसीलिए राज्यों को कुछ निर्णय लेने की शक्ति दी जाती है।"

## चरण 4 — केंद्र सरकार (10 मिनट)

"केंद्र सरकार पूरे भारत के लिए कार्य करती है।""जो कार्य पूरे देश से जुड़े होते हैं, उन्हें केंद्र सरकार संभालती है।"

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण दें :**देश की रक्षा,विदेशों से संबंध,रेल सेवा,मुद्रा और नोट"सेना पूरे देश की रक्षा करती है, इसलिए यह केंद्र सरकार का कार्य है।""रेल सेवा कई राज्यों को जोड़ती है, इसलिए इसे भी केंद्र सरकार संभालती है।"

**शिक्षक/ शिक्षिका विद्यार्थियों से पूछे**

क्या रेल सेवा कई राज्यों को जोड़ती है?

क्या पूरे देश में एक जैसी मुद्रा उपयोग होती है?"

जो कार्य पूरे भारत से जुड़े होते हैं, उन्हें केंद्र सरकार संभालती है।"

## चरण 5 — राज्य सरकार (7 मिनट)

- विद्यार्थियों से अपने राज्य या क्षेत्र की सुविधाओं के बारे में चर्चा करें।
- दिल्ली का उदाहरण देकर समझाएँ।

"हर राज्य की अपनी सरकार होती है।" "राज्य सरकार अपने राज्य की आवश्यकताओं के अनुसार कार्य करती है।"

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण दें :** विद्यालय,राज्य की सड़कें,पुलिस व्यवस्था।

## चरण 6 — समापन (2 मिनट)

## चरण 1 — भूमिका (5 मिनट)

"अगर किसी गली में कचरा जमा हो जाए,
तो क्या केंद्र सरकार तुरंत आकर उसे साफ करेगी?"

**शिक्षक/ शिक्षिका विद्यार्थियों से पूछें**

- आपके क्षेत्र की सफाई कौन करवाता है?
- सड़क की मरम्मत कौन करवाता है?

"स्थानीय समस्याओं को हल करने के लिए स्थानीय सरकार बनाई जाती है।"

## चरण 2 — स्थानीय सरकार क्या है? (5 मिनट)

"स्थानीय सरकार लोगों के सबसे करीब होती है।"यह हमारे आसपास की समस्याओं और सुविधाओं पर काम करती है।"

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण दें :** सफाई, पानी की व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, पार्कों की देखभाल

**शिक्षक/ शिक्षिका विद्यार्थियों से पूछें**

- क्या स्थानीय लोग अपने क्षेत्र की समस्याएँ बेहतर जानते हैं?
- क्या छोटी समस्याओं को जल्दी हल करना जरूरी है?

## चरण 3 — ग्रामीण स्थानीय सरकार: पंचायत (8 मिनट)

**शिक्षक/ शिक्षिका समझाएँ**

"गाँवों में स्थानीय समस्याओं को संभालने के लिए पंचायत होती है।"पंचायत गाँव के लोगों की आवश्यकताओं के अनुसार कार्य करती है।"

**शिक्षक/ शिक्षिका/ शिक्षिका उदाहरण दें :**पानी की व्यवस्था,गाँव की सड़कें,सफाई,सामुदायिक कार्य

**शिक्षक/ शिक्षिका विद्यार्थियों से पूछें**

गाँव की समस्याएँ कौन जल्दी समझ सकता है?

क्या स्थानीय लोग अपने क्षेत्र को बेहतर जानते हैं?

"पंचायत गाँव के विकास और सुविधाओं के लिए कार्य करती है।"

### चरण 4 — शहरी स्थानीय सरकार: नगर निगम और नगर परिषद (10 मिनट)

"शहरों में स्थानीय समस्याओं को संभालने के लिए नगर निगम या नगर परिषद होती है।"

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण दें :**सफाई व्यवस्था,स्ट्रीट लाइट,कचरा प्रबंधन ।

### चरण 5 — जमीनी लोकतंत्र (5 मिनट)

"जब लोग अपने आसपास के निर्णयों में भाग लेते हैं, तो उसे जमीनी लोकतंत्र कहते हैं।"

"स्थानीय सरकार लोगों की समस्याओं को समझकर समाधान करने का प्रयास करती है।"

## चरण 6 — तीन स्तर की सरकार (5 मिनट)

- तीनों स्तरों का चार्ट बनाकर समझाएँ।
- विद्यार्थियों से उदाहरण पूछें।

विद्यार्थियों से पूछें:

- रेल सेवा — कौन संभालता है?
- विद्यालय — कौन संभालता है?
- गली की सफाई — कौन संभालता है?

## चरण 7 — समापन (2 मिनट)

**मुख्य शब्द :-** संघवाद, राज्यों का संघ, केंद्र सरकार, राज्य सरकार, स्थानीय सरकार, पंचायत

**दिवस 21**

# भारतीय संविधान और समानता

**अधिगम उद्देश्य**

कक्षा के अंत तक विद्यार्थी:

- संविधान कब और कैसे बना, इसकी प्रारम्भिक जानकारी प्राप्त करते हैं।
- संविधान की प्रमुख विशेषताओं और भागों को पहचानते हैं।
- समानता का अर्थ समझते हैं।

## चरण 1 — भूमिका: देश को नियमों की आवश्यकता क्यों होती है? (5 मिनट)

"विद्यार्थियों, कल्पना कीजिए कि हमारे विद्यालय में कोई नियम न हो।

- कोई भी किसी भी समय कक्षा में आ जाए।
- कोई किसी की बात न माने।
- कोई भी कहीं भी बैठ जाए।

क्या ऐसी स्थिति में विद्यालय सुचारू रूप से चल पाएगा?"

"जिस प्रकार विद्यालय को सुचारू रूप से चलाने के लिए नियम आवश्यक होते हैं, उसी प्रकार किसी देश को चलाने के लिए भी नियमों की आवश्यकता होती है।देश के सबसे महत्वपूर्ण नियमों के समूह को 'संविधान' कहा जाता है।

## चरण 2 — भारतीय संविधान क्या है? (5 मिनट)

"भारतीय संविधान देश का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण कानून है।
यह बताता है:

- सरकार कैसे काम करेगी।
- नागरिकों को कौन-कौन से अधिकार मिलेंगे।
- नागरिकों के क्या कर्तव्य होंगे।"

"संविधान केवल नागरिकों के लिए नहीं है।
सरकार को भी संविधान के अनुसार काम करना पड़ता है।"

## चरण 3 — संविधान कैसे और कब बना? (10 मिनट)

"भारत को 1947 में स्वतंत्रता मिली।
स्वतंत्रता के बाद देश को चलाने के लिए नए नियम बनाने की आवश्यकता थी।इसी उद्देश्य से संविधान सभा बनाई गई थी। 2 वर्ष 11 महीने 18 दिन की अवधि में संविधान सभा ने संविधान बनाने का कार्य पूरा किया।

“संविधान सभा में देश के अलग-अलग क्षेत्रों और समाज के लोगों ने भाग लिया।
उन्होंने मिलकर संविधान तैयार किया।”
“डॉ. भीमराव अम्बेडकर संविधान निर्माण समिति के अध्यक्ष थे। इसी कारण उन्हें भारतीय संविधान का मुख्य शिल्पकार भी कहा जाता है।”

**शिक्षक/ शिक्षिका रोचक तथ्य बताएँ**

संविधान के बारे में रोचक तथ्य:

- भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है।
- इसे बनाने में लगभग 2 वर्ष 11 महीने 18 दिन लगे।
- संविधान में नागरिकों के अधिकारों और सरकार की व्यवस्था का वर्णन किया गया है।

## चरण 4 — संविधान के प्रमुख भाग (10 मिनट)

**भाग 1 — प्रस्तावना**

“प्रस्तावना संविधान का परिचय है।
यह हमें बताती है कि हमारा देश किन मूल्यों पर आधारित है।”

- लोकतंत्र — जनता की सरकार
- समानता — सभी के साथ समान व्यवहार
- न्याय — सही और निष्पक्ष व्यवहार

**भाग 2 — मौलिक अधिकार**

“संविधान नागरिकों को कुछ महत्वपूर्ण अधिकार देता है, ताकि वे सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें।”

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण दें**

- समानता का अधिकार
- स्वतंत्रता का अधिकार
- शोषण के विरुद्ध अधिकार
- धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार
- संस्कृति और शिक्षा संबंधी अधिकार
- संवैधानिक उपचारों का अधिकार

**भाग 3 — मौलिक कर्तव्य**

“संविधान केवल अधिकार ही नहीं देता,
बल्कि नागरिकों को कुछ जिम्मेदारियाँ भी बताता है।”

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण दें**

- राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना
- सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना
- पर्यावरण की सुरक्षा करना आदि।

**भाग 4 — सरकार की व्यवस्था**

"संविधान यह भी बताता है कि:
सरकार कैसे बनेगी। चुनाव कैसे होंगे।

## चरण 5 — संविधान और हमारा जीवन (5 मिनट)

**शिक्षक/ शिक्षिका वास्तविक जीवन के उदाहरण दें**

- विद्यालय में सभी विद्यार्थियों को समान अवसर मिलना।
- विद्यार्थियों को शिक्षा का अधिकार मिलना।
- मतदान करने का अधिकार।
- दो विद्यार्थियों के उत्तर पूरी कक्षा से साझा करवाएँ।

## चरण 6 — समापन (5 मिनट)

## समानता और संविधान

## चरण 1 — भूमिका: क्या सभी के साथ समान व्यवहार होना चाहिए? (5 मिनट)

"विद्यार्थियों, अब हम कुछ परिस्थितियों के बारे में सोचेंगे।ध्यान से सुनिए और बताइए कि क्या यह सही व्यवहार है।"

**परिस्थिति 1**

"अगर किसी बच्चे को केवल उसकी भाषा के कारण खेल में शामिल न किया जाए।"

**परिस्थिति 2**

"अगर किसी विद्यार्थी को बैठने के लिए अलग जगह दी जाए।"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- ऐसे व्यवहार से उस बच्चे को कैसा महसूस होगा?
- क्या सभी विद्यार्थियों को समान अवसर मिलने चाहिए?

**शिक्षक/ शिक्षिका समझाएँ**

"जब सभी लोगों के साथ समान व्यवहार किया जाता है, तो उसे समानता कहते हैं।समानता का अर्थ है कि किसी के साथ धर्म, भाषा, जाति, लिंग, धन या क्षेत्र के आधार पर गलत व्यवहार न किया जाए।"

## चरण 2 — समानता क्या है? (5 मिनट)

"भारत में सभी नागरिक कानून के समक्ष समान हैं।

इसका अर्थ है:

- सभी लोगों को समान सम्मान मिलना चाहिए।

**शिक्षक/ शिक्षिका वास्तविक जीवन से जोड़ें**

"विद्यालय में:

- सभी के लिए विद्यालय के नियम समान होते हैं।
- सभी को अपनी बात कहने का अवसर दिया जाता है।"

"अगर समाज में समानता होगी, तो लोग सम्मानित और सुरक्षित महसूस करेंगे।"

## चरण 3 — भेदभाव क्या है? (8 मिनट)

"जब किसी व्यक्ति के साथ धर्म, भाषा, जाति, लिंग, धन या किसी अन्य कारण से गलत व्यवहार किया जाता है, तो उसे भेदभाव कहते हैं।"

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण दें।**

- भाषा के कारण मजाक उड़ाना ।
- लड़का और लड़की में भेद करना ।
- किसी गरीब बच्चे को कमजोर समझना।

**शिक्षक/ शिक्षिका गतिविधि**

- विद्यार्थियों से पूछें कि क्या उन्होंने कभी किसी के साथ गलत व्यवहार होते देखा है?
- उन्हें बिना किसी का नाम लिए स्थिति बताने को कहें।

"भेदभाव से लोगों को दुख और अपमान महसूस होता है।
इससे समाज में झगड़े और असमानता बढ़ सकती है।"

## चरण 4 — समानता क्यों जरूरी है? (7 मिनट)

"जब सभी लोगों को समान अवसर और सम्मान मिलता है,
तो समाज बेहतर और शांतिपूर्ण बनता है।"

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण दें**

- सभी विद्यार्थियों को शिक्षा मिलनी चाहिए।
- सभी को प्रतियोगिता में भाग लेने का समान अवसर मिलना चाहिए।
- सभी को सार्वजनिक स्थानों का उपयोग करने की अनुमति होनी चाहिए।

**शिक्षक/ शिक्षिका वास्तविक जीवन से जोड़ें**

"अगर केवल कुछ विद्यार्थियों को पढ़ने दिया जाए और बाकी को नहीं, तो क्या समाज आगे बढ़ पाएगा?""समानता लोगों में विश्वास और भाईचारा बढ़ाती है। इसी कारण संविधान समानता को बहुत महत्व देता है।"

## चरण 5 — संविधान समानता की गारंटी कैसे देता है? (7 मिनट)

"भारतीय संविधान सभी नागरिकों को समानता का अधिकार देता है।

इसका अर्थ है:

- सभी नागरिक कानून की नजर में समान हैं।
- किसी के साथ धर्म, भाषा, जाति, लिंग या धन के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता।"

"कानून सभी के लिए समान है।

कोई व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं है।"

**शिक्षक/ शिक्षिका विद्यालय से उदाहरण दें**

"विद्यालय में सभी विद्यार्थियों के लिए समान नियम होते हैं।

यदि कोई नियम बनाया जाता है,

तो वह सभी पर लागू होता है।"

## चरण 6 — कक्षा गतिविधि (5 मिनट)

**गतिविधि — "समानता या भेदभाव?"**

**उदाहरण परिस्थितियाँ**

1. सभी विद्यार्थियों को पुस्तक देना।
2. किसी को धर्म के कारण अलग करना।
3. सभी को खेल में भाग लेने देना।
4. भाषा के कारण किसी का मजाक उड़ाना।
5. सभी विद्यार्थियों को समान सीट देना।

"जो व्यवहार सभी के साथ न्यायपूर्ण हो, वह समानता है।

जो व्यवहार किसी को अलग या कम समझे, वह भेदभाव है।"

## चरण 7 — समापन (3 मिनट)

**मुख्य शब्दः-** संविधान, संविधान सभा, प्रस्तावना, समानता, भेदभाव, अधिकार, न्याय, नागरिक, स्वतंत्रता, लोकतंत्र

**दिवस 22**

# मीडिया और डिजिटल दुनिया

### अधिगम उद्देश्य

कक्षा के अंत तक विद्यार्थी:

- मीडिया का अर्थ समझते हैं।
- मीडिया के विभिन्न प्रकारों की पहचान करते हैं।
- जनसंचार माध्यमों की भूमिका को समझते हैं।
- लोकतंत्र और जनमत में मीडिया के महत्व को समझते हैं।
- डिजिटल मीडिया के उपयोग और प्रभाव को पहचानते हैं।

### मीडिया, जनसंचार माध्यम और लोकतंत्र

## चरण 1 — भूमिका: हमें दुनिया की जानकारी कैसे मिलती है? (5 मिनट)

"जब हमें किसी घटना, समाचार या जानकारी के बारे में पता चलता है, तो वह किसी न किसी माध्यम से हमारे पास पहुँचती है।
आज लोग मोबाइल, टेलीविजन, रेडियो, समाचार पत्र और इंटरनेट के माध्यम से दुनिया की जानकारी प्राप्त करते हैं।"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- आपके घर में समाचार किस माध्यम से प्राप्त किए जाते हैं?
- यदि लोगों तक समाचार न पहुँचें तो क्या- क्या समस्याएं हो सकती है?
- लोगों के जीवन को, जानकारी किस प्रकार प्रभावित करती है?

"सूचना और समाचार लोगों तक पहुँचाने वाले सभी माध्यमों को मिलाकर मीडिया कहा जाता है।"

## चरण 2 — मीडिया क्या है? (5 मिनट)

"मीडिया लोगों तक जानकारी पहुँचाने का कार्य करता है।
इसके माध्यम से लोग देश-दुनिया की घटनाओं, खेल, मौसम, शिक्षा और सामाजिक समस्याओं के बारे में जानते हैं।"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- मीडिया लोगों की सोच को किस प्रकार प्रभावित करता है?
- मीडियापर ख़बर देखकर लोग अपनी राय कैसे बनाते हैं?
- क्या मीडिया केवल मनोरंजन का साधन है?

"जब किसी विषय पर लगातार समाचार दिखाए जाते हैं, तो लोग उस विषय के बारे में अधिक सोचने लगते हैं। इस प्रकार मीडिया समाज पर प्रभाव डालता है।"

## चरण 3 — मीडिया के प्रकार (10 मिनट)

**भाग 1 — मुद्रित मीडिया**

"जो माध्यम कागज पर छपकर लोगों तक पहुँचते हैं, उन्हें मुद्रित मीडिया कहते हैं।"

**उदाहरण:** समाचार ,पत्रपत्रिकाएँ ,पुस्तिकाएँ।

**भाग 2 — इलेक्ट्रॉनिक मीडिया**

"जो माध्यम बिजली या इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों द्वारा चलते हैं, उन्हें इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कहते हैं।"

**उदाहरण:** टेलीविजन , रेडियो

**भाग 3 — डिजिटल मीडिया**

"इंटरनेट के माध्यम से चलने वाले मीडिया को डिजिटल मीडिया कहते हैं।"

**उदाहरण-**

- सोशल मीडिया
- वेबसाइट
- ऑनलाइन समाचार
- वीडियो मंच

"आज बहुत से लोग मोबाइल के माध्यम से तुरंत समाचार प्राप्त कर लेते हैं। इसलिए डिजिटल मीडिया का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है।"

## चरण 4 — जनसंचार माध्यम क्या हैं? (5 मिनट)

"टेलीविजन, रेडियो, समाचार पत्र और इंटरनेट लाखों लोगों तक एक साथ जानकारी पहुँचाते हैं। इसलिए इन्हें जनसंचार माध्यम कहा जाता है।"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- यदि किसी प्राकृतिक आपदा की जानकारी लोगों तक न पहुँचे तो क्या होगा?
- जनसंचार माध्यम लोगों को जागरूक बनाने में किस प्रकार मदद करते हैं?

"जनसंचार माध्यम समाज को जोड़ने और लोगों तक महत्वपूर्ण जानकारी पहुँचाने का कार्य करते हैं।"

## चरण 5 — लोकतंत्र और जनमत में मीडिया की भूमिका (10 मिनट)

**भाग 1 — सूचना और जागरूकता**

"मीडिया लोगों को देश और दुनिया की घटनाओं से अवगत कराता है।
इसके माध्यम से लोग चुनाव, मौसम, खेल, शिक्षा और सामाजिक समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हैं।"

**भाग 2 — जनमत**

"जब बहुत से लोग किसी विषय पर सोचते और अपनी राय बनाते हैं, तो उसे जनमत कहा जाता है।"

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण दें**

"यदि किसी सामाजिक समस्या पर लगातार चर्चा हो, तो लोग उसके बारे में जागरूक होने लगते हैं।"

**भाग 3 — लोकतंत्र में मीडिया का महत्व**

**शिक्षक/ शिक्षिका समझाएँ**

"लोकतंत्र में लोगों को सही जानकारी मिलना बहुत जरूरी है।
मीडिया जनता और सरकार के बीच एक सेतु का कार्य करता है।"
"यदि मीडिया जिम्मेदारी से कार्य करे, तो समाज में जागरूकता और लोकतंत्र मजबूत होता हैं।"

## चरण 6 — गतिविधि (3 मिनट)

### गतिविधि

"समाचार पहचानो"

1. विद्यार्थियों से किसी हाल की खबर या सोशल मीडिया पोस्ट का उदाहरण साझा करने को कहे।
2. उनसे पूछे:
   यह जानकारी कहा से मिली ?
   इसका लोगो पर क्या प्रभाव पड़ सकता है?
   विद्यार्थियों को अपने विचार स्पष्ट रूप से बोलने के लिए प्रेरित करे ।

## चरण 7 — समापन (2 मिनट)

## डिजिटल दुनिया: महत्व, प्रभाव और सावधानियाँ

## चरण 1 — भूमिका: डिजिटल दुनिया हमारे जीवन में (5 मिनट)

"आज इंटरनेट और मोबाइल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण भाग बन चुके हैं।
हम पढ़ाई, बातचीत, मनोरंजन और जानकारी प्राप्त करने के लिए डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते हैं। इसे डिजिटल दुनिया कहा जाता है।"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- इंटरनेट और मोबाइल ने आपके जीवन में क्या-क्या बदलाव किए हैं?
- यदि इंटरनेट बंद हो जाए तो किन- किन कार्यों पर प्रभाव पड़ेगा?

## चरण 2 — डिजिटल मीडिया का महत्व (10 मिनट)

**भाग 1 — तीव्र सूचना**

"डिजिटल माध्यमों से कुछ ही सेकंड में दुनिया भर की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।"

**भाग 2 — ऑनलाइन शिक्षा**

"विद्यार्थी इंटरनेट के माध्यम से ऑनलाइन पढ़ाई कर सकते हैं, वीडियो देख सकते हैं और नई चीजें सीख सकते हैं।"

**भाग 3 — संचार**

"मोबाइल और इंटरनेट के माध्यम से लोग दूर रहकर भी तुरंत बातचीत कर सकते हैं।"

**भाग 4 — मनोरंजन**

"डिजिटल माध्यमों से लोग फिल्में, गाने और खेल आसानी से देख और सुन सकते हैं।"

## चरण 3 — डिजिटल मीडिया की चुनौतियाँ (5 मिनट)

"इंटरनेट उपयोगी है, लेकिन इसका गलत उपयोग कई समस्याएँ भी पैदा कर सकता है।"

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण दें**

- झूठी खबरें फैलाना
- किसी को ऑनलाइन परेशान करना
- फर्जी संदेश भेजना

## चरण 4 — डिजिटल सुरक्षा और सावधानियाँ (10 मिनट)

**भाग 1 — पासवर्ड सुरक्षा**

"मजबूत पासवर्ड हमारी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखते हैं।"

**भाग 2 — व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा**

"फोन नंबर, पता, पासवर्ड और बैंक संबंधी जानकारी किसी अपरिचित व्यक्ति के साथ सा **साइबर सुरक्षा**

"फर्जी संदेश, नकली लिंक और ऑनलाइन धोखाधड़ी से सावधान रहना जरूरी है।"

**भाग 4— स्क्रीन समय**

"अधिक समय तक मोबाइल देखने से आँखों और स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है।"

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें** डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए सबसे जरूरी सावधानी क्या है?

## चरण 5 — जिम्मेदार डिजिटल नागरिक (5 मिनट)

"डिजिटल दुनिया में भी उत्तरदायी व्यवहार करना बहुत जरूरी है।"

**शिक्षक/ शिक्षिका उदाहरण दें**

- गलत समाचार आगे न भेजना
- ऑनलाइन किसी का मजाक न उड़ाना
- सोच-समझकर संदेश साझा करना

**शिक्षक/ शिक्षिका प्रश्न पूछें**

- सोशल मीडिया पर उतरदायी व्यवहार क्यों जरूरी है?

## चरण 6 — समापन (5 मिनट)

**मुख्य शब्द :**मीडिया,जनसंचार माध्यम,जनमत,लोकतंत्र,डिजिटल मीडिया,इंटरने,सोशल मीडिया,साइबर सुरक्षा,डिजिटल नागरिक ।

# ब्रिज कोर्स के बाद विद्यार्थियों हेतु परियोजना कार्य - 1

## 1. परियोजना: संसाधनों का संरक्षण और 3 R's
## विषय: कम करना { Reduce}, पुनः उपयोग {Reuse}, पुनः चक्रण {Recycle}

**उद्देश्य**

- संसाधनों के महत्व को समझना ।
- पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना ।
- 3Rs का दैनिक जीवन में उपयोग समझना ।

**कार्य विवरण**

विद्यार्थी अपने घर और विद्यालय में उपयोग होने वाली वस्तुओं का अवलोकन करेंगे और पता लगाएंगे:

- कौन-सी वस्तुएँ बेकार होकर फेंक दी जाती हैं?
- किन वस्तुओं को दोबारा उपयोग किया जा सकता है?
- किन वस्तुओं को रिसायकल किया जा सकता है?

**प्रयोजन कार्य**

### भाग 1 — सर्वेक्षण {Survey}

एक तालिका बनाइए:

| वस्तु | Reduce | Reuse | Recycle |
|---|---|---|---|
| प्लास्टिक बोतल | ✓ | ✓ | ✓ |
| कागज |  | ✓ | ✓ |

### भाग 2 — जागरूकता पोस्टर

“Save Environment” या “Use 3Rs” विषय पर पोस्टर बनाइए।

### भाग 3 — चिन्तन

लिखिए:

- यदि लोग संसाधनों का संरक्षण न करें तो क्या होगा?
- आप अपने जीवन में 3 Rs का उपयोग कैसे करेंगे?

## 2. परियोजना: मेरा पड़ोस और मेरा निर्वाचन क्षेत्र

## विषय: स्थानीय समुदाय और प्रशासन

**उद्देश्य**

- विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र की जानकारी देना।
- स्थानीय शासन और सार्वजनिक सुविधाओं को समझना।
- नागरिक जागरूकता विकसित करना

**कार्य विवरण**

विद्यार्थी अपने पड़ोस (Neighbourhood) और विधानसभा/लोकसभा क्षेत्र (Constituency) के बारे में जानकारी एकत्र करेंगे।

**परियोजना कार्य**

### भाग 1 — क्षेत्र की जानकारी

निम्न जानकारी एकत्र करें:

- क्षेत्र का नाम
- प्रमुख सड़कें
- पार्क
- बाजार
- अस्पताल
- विद्यालय
- मेट्रो/रेलवे स्टेशन

### भाग 2 — सार्वजनिक सुविधाएँ

पता लगाइए:

- सफाई का कार्य कौन करता है?
- पानी और बिजली की व्यवस्था कौन करता है?
- क्षेत्र किस नगर निगम/परिषद के अंतर्गत आता है?

### भाग 3 — प्रतिनिधि

जानकारी एकत्र कीजिए।

- क्षेत्र के पार्षद (Councillor)
- विधायक (MLA)
- सांसद (MP)

### भाग 4 — Reflection

लिखिए:

- आपके क्षेत्र की सबसे अच्छी बात क्या है?
- क्षेत्र में कौन-सी समस्या सुधारने की आवश्यकता है?

## 3. परियोजना: विविधता में एकता — दिल्ली एक बहुसांस्कृतिक समाज
## विषय: विविधता में एकता

**उद्देश्य**

- भारत और दिल्ली की सांस्कृतिक विविधता को समझना ।
- विभिन्न समुदायों के प्रति सम्मान विकसित करना
- एकता और सह-अस्तित्व के महत्व को समझना

**कार्य विवरण**

विद्यार्थी अपने आसपास रहने वाले विभिन्न समुदायों, भाषाओं और संस्कृतियों के बारे में जानकारी एकत्र करेंगे।

**परियोजना कार्य**

### भाग 1 — Cultural Survey

अपने क्षेत्र में:

- बोली जाने वाली भाषाएँ
- प्रमुख त्यौहार
- विभिन्न भोजन
- पहनावे

की जानकारी एकत्र करें।

### भाग 2 — दिल्ली एक बहुसांस्कृतिक शहर

जानकारी दीजिए:

- दिल्ली में अलग-अलग राज्यों के लोग क्यों रहते हैं?
- दिल्ली को "Mini India" क्यों कहा जाता है?

### भाग 3 — साक्षात्कार गतिविधि

किसी पड़ोसी/मित्र/दुकानदार से पूछिए:

- वे मूल रूप से किस राज्य से हैं?
- वे कौन-सी भाषा बोलते हैं?
- दिल्ली में रहना उन्हें कैसा लगता है?

### भाग 4 —

लिखिए:

- विविधता समाज को कैसे सुंदर बनाती है?
- विभिन्न संस्कृतियों का सम्मान क्यों जरूरी है?

# ब्रिज कोर्स के बाद विद्यार्थियों हेतु परियोजना कार्य - 2

## 1. परियोजना: डिजिटल दुनिया और जिम्मेदार नागरिकता

### विषय: Media and Digital World

**उद्देश्य**

- डिजिटल मीडिया के उपयोग को समझना ।
- डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना ।
- जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार सीखना ।

**कार्य विवरण**

विद्यार्थी अपने डिजिटल उपयोग और आसपास के लोगों की डिजिटल आदतों का अध्ययन करेंगे।

## परियोजना कार्य

### भाग 1 — डिजिटल उपयोग सर्वेक्षण Digital Usage Survey

5 लोगों से पूछिए:

- वे इंटरनेट का उपयोग किस लिए करते हैं?
- प्रतिदिन कितना समय मोबाइल पर बिताते हैं?
- वे समाचार कहाँ से प्राप्त करते हैं?

### भाग 2 — लाभ और चुनौतियाँ

एक चार्ट बनाइए:

| डिजिटल दुनिया के लाभ | डिजिटल दुनिया की चुनौतियाँ |
|---|---|
| ऑनलाइन शिक्षा | गलत जानकारी |
| तेज संचार | साइबर बुलिंग |

### भाग 3 — सुरक्षा नियम पोस्टर

"Safe Internet Use" विषय पर पोस्टर बनाइए।

### भाग 4 - चिंतन

लिखिए:

- डिजिटल मीडिया ने जीवन को कैसे बदला है?
- इंटरनेट उपयोग करते समय सबसे महत्वपूर्ण सावधानी क्या है?

## 2. परियोजना: अर्थव्यवस्था के क्षेत्रक (Sectors of Economy)

## विषय: आर्थिक गतिविधियाँ और आजीविका

**उद्देश्य**

- अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को समझना ।
- लोगों के कार्य और आजीविका के साधनों की पहचान करना ।
- आर्थिक गतिविधियों को दैनिक जीवन से जोड़ना ।

**कार्य विवरण**

विद्यार्थी अपने आसपास काम करने वाले लोगों का अध्ययन करेंगे और उनके कार्य को अर्थव्यवस्था के क्षेत्रों से जोड़ेंगे।

## परियोजना कार्य

### भाग 1 — लोगों के कार्य की सूची

अपने आसपास के 10 लोगों के कार्य लिखिए।

उदाहरण: किसान, दुकानदार, शिक्षक/ शिक्षिका/ शिक्षिका, चालक, डॉक्टर

### भाग 2 — क्षेत्रों में वर्गीकरण

तालिका बनाइए:

| कार्य | क्षेत्र |
|---|---|
| किसान | प्राथमिक क्षेत्र |
| दुकानदार | तृतीयक क्षेत्र |
| फैक्ट्री कर्मचारी | द्वितीयक क्षेत्र |

### शिक्षक/ शिक्षिका निर्देश

### प्राथमिक क्षेत्र

प्राकृतिक संसाधनों से जुड़े कार्य (खेती, मछली पालन)

### द्वितीयक क्षेत्र

वस्तुओं का निर्माण (फैक्ट्री, उद्योग)

### तृतीयक क्षेत्र

सेवाएँ प्रदान करना (शिक्षक/ शिक्षिका/ शिक्षिका, डॉक्टर, बैंक)

## भाग 3 साक्षात्कार

**किसी एक व्यक्ति से पूछिए:**

- उनका कार्य क्या है?
- उनका कार्य समाज के लिए क्यों महत्वपूर्ण है?

## भाग 4 — चिंतन

**लिखिए:**

- समाज के सभी कार्य महत्वपूर्ण क्यों हैं?
- कौन-सा क्षेत्र लोगों के दैनिक जीवन से सबसे अधिक जुड़ा है और क्यों?

# मूल्यांकन

**समय: 1 घंटा** **कुल अंक: 50**

**सामान्य निर्देश**

- सभी प्रश्न ध्यानपूर्वक पढ़िए।
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- जहाँ आवश्यक हो, उदाहरण सहित उत्तर दीजिए।
- मानचित्र कार्य सावधानीपूर्वक कीजिए ।

## भाग क — वस्तुनिष्ठ प्रश्न (1 अंक × 10 = 10 अंक)

**प्र 1. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।** **(कोई 5) (1 × 5 = 5 अंक)**

1. भारत का संविधान __________ जनवरी 1950 को लागू हुआ।
2. सूचना पहुँचाने वाले माध्यम को __________ कहते हैं।
3. गाँव की स्थानीय सरकार को __________ कहते हैं।
4. सिंधु घाटी सभ्यता __________ नदी के किनारे विकसित हुई थी।
5. सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार को __________ कहते हैं।
6. रेल, सड़क और वायु सेवा __________ के साधन हैं।

**प्र 2. सही विकल्प का चयन कीजिए।** **(कोई 5) (1 × 5 = 5 अंक)**

1. भारत के संविधान का निर्माण किसने किया?

   a) संसद

   b) संविधान सभा

   c) न्यायालय

   d) सेना

2. इनमें से कौन-सा जनसंचार माध्यम है?

   a) टीवी

   b) रेडियो

   c) समाचार पत्र

   d) उपरोक्त सभी

3. सफाई और स्ट्रीट लाइट का कार्य मुख्यतः कौन करता है?

   a) केंद्र सरकार

b) राज्य सरकार

c) स्थानीय सरकार

d) सेना

4. सिंधु घाटी सभ्यता किस लिए प्रसिद्ध थी?

a) आधुनिक परिवहन

b) सुव्यवस्थित नगर

c) अंतरिक्ष यात्रा

d) लोकतंत्र

5. भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में "असहयोग आंदोलन" किसने शुरू किया?

a) भगत सिंह

b) महात्मा गांधी

c) सुभाष चंद्र बोस

d) जवाहरलाल नेहरू

6. इनमें से कौन-सा वायु परिवहन का उदाहरण है?

a) बस

b) मेट्रो

c) हवाई जहाज

d) जहाज

## भाग ख — मिलान कीजिए (1 अंक × 5 = 5 अंक)

| स्तंभ अ | स्तंभ ब |
|---|---|
| 1. पंचायत | a. ऑनलाइन समाचार |
| 2. डिजिटल मीडिया | b. ग्रामीण स्तर की सरकार |
| 3. संविधान | c. सुव्यवस्थित नगर |
| 4. सिंधु घाटी सभ्यता | d. देश के मूल नियम |
| 5. समानता | e. सभी के साथ समान व्यवहार |

## भाग ग — कारण सहित उत्तर दीजिए (2 अंक × 4 = 8 अंक)

1. लोकतंत्र में मीडिया क्यों महत्वपूर्ण है?
2. भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में लोगों की भागीदारी क्यों आवश्यक थी?
3. सुरक्षित परिवहन व्यवस्था समाज के लिए क्यों आवश्यक है?
4. अपने आस पास के पर्यावरण की कोई दो विशेषताएं लिखों।

## भाग घ— लघु उत्तरीय प्रश्न (3 अंक × 4 = 12 अंक)

1. केंद्र सरकार और राज्य सरकार में अंतर लिखिए।

2. स्थानीय सरकार के तीन कार्य लिखिए।

3.सिंधु घाटी सभ्यता की तीन प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

4.भारत के स्वतंत्रता संघर्ष के किन्हीं तीन प्रमुख आंदोलनों के नाम लिखिए और उनका महत्व बताइए।

## भाग च— दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (5 अंक × 2 = 10 अंक)

**निम्न में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए।**

1. भारतीय संविधान के निर्माण और उसकी प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
2. भारत के भौतिक स्वरूप को कितने भागों में बांटा जाता है वर्णन करें।

## भाग छ — मानचित्र कार्य (5 अंक)

**भारत के दिए गए मानचित्र में निम्न को चिन्हित कीजिए।** **(कोई 5)**

1. हिमालय पर्वत
2. थार मरुस्थल
3. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
4. राजस्थान (भारत का सबसे बड़ा राज्य)
5. किसी एक सात बहनें (Seven Sister )राज्य को चिन्हित कीजिए
6. अरब सागर
7. बंगाल की खाड़ी
8. दिल्ली